राजस्थान का भाषा-सर्वेक्षण

मूल : डा० जॉर्ज ए. ग्रियर्सन
अनु : डा० आत्माराम जाजोदिया

राजस्थान भासा-प्रचार सभा
जयपुर

भारत का भाषा-सर्वेक्षण

जिल्द नवीं

भारतीय आर्य-परिवार

केन्द्रीय समूह

भाग दूसरा

राजस्थानी और गुजराती के नमूने

[राजस्थानी]

जी० ए० ग्रियर्सन, के सी आइ ई., पीएच डी.
डी लिट्, आइ. सी. एस.

द्वारा
संकलित तथा संपादित

अनुवादक
डा० आत्माराम जाजोदिया

सपादक
रावत सारस्वत

प्रकाशन वर्ष १९[illegible]४ मूल्य २५ ०(

प्रकाशक
राजस्थान भासा-प्रचार सभा
डो-२८२, मीरां मार्ग, वनीपार्क,
जयपुर-६

श्री राधेश्याम शर्मा द्वारा श्री शङ्कर आर्ट प्रिण्टर, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर मे मुद्रित ।

विषय-सूचि

राजस्थानी

१. भूमिका:—सीमाये, पड़ोस की भाषाओ से सबंध, उपभाषाये या बोलियां, बोलने वालो की सख्यायें, साहित्य, अधिकृत सूत्र, लेखन-प्रणाली, व्याकरण, उच्चारण, लिंग, नामरूप, परसर्ग, विशेषण, सर्वनाम, क्रिया, वाक्यविन्यास, निष्कर्ष । ६–२७

२. मारवाड़ी:—व्यवहारक्षेत्र, जयपुरी से तुलना, बोलियां, बोलने वालों की सख्या, मारवाड़ी साहित्य, लिपि, व्याकरण, उच्चारण, नामरूप, विशेषण, सर्वनाम, क्रिया, क्रिया की रूप-रचना, शब्दावली । २८–५०

३. मध्यपूर्वी राजस्थानी:—उपभाषा का नाम, जहां बोली जाती है, भाषा-सीमायें, बोलिया, बोलने वालो की संख्याये, जयपुरी साहित्य, जयपुरी के विभिन्न नाम, लिपि । ५१-५५

४. पूर्वी राजस्थानी:—व्याकरण, उच्चारण, अवधारणवाचक निपात एवं प्रत्यय, सज्ञारूप, सर्वनाम, क्रियापद । ५६–६९

५. उत्तरपूर्वी राजस्थानी:— उपभाषाये, मेवाती–नामकरण, भाषा-सीमाये, बोलियां, बोलने वालों की संख्या, साहित्य अधिकृत सूत्र, व्याकरण, नामरूप, विशेषण, सर्वनाम, क्रियारूप । ७०–७७

६. अहीरवाटी·—साधारण विवरण, बोलने वालो की संख्या, साहित्य, अधिकृत सूत्र आदि, लेखन का माध्यम, व्याकरण । ७८–८१

७ मालवी:—भाषा-सीमाये, मारवाडी व जयपुरी से सबंध, बोलिया, भारत के अन्य भागो के मालवी-भाषी, साहित्य एवं अधिकृत सूत्र, लिपि, व्याकरण, उच्चारण-पद्धति, नामरूप, सर्वनाम, क्रियारूप, प्रत्यय । ८२–९२

८ नीमाडी.—सामान्य विवरण । ९३–९६

नमूने

१. मारवाडी:—केन्द्रीय वर्ग ६७–६८

२. पूर्वी मारवाड़ी—मारवाड़ी-ढूंढाडी, किशनगढ़ की मारवाडी–गोड़ावाटी–एवं अजमेर की मारवाडी, मेरवाडा की मारवाडी, मेवाडी, अजमेर की मेवाडी, किशनगढ़ की मेवाड़ी, मेरवाडी, मेवाड़ी (खैराडी)। ६९–१०७

३. दक्षिणी मारवाडी:—गोडवाड़ी, सिरोही, आबू लोक की बोली या राठी, साएठ की बोली, देवड़ावाटी, मारवाड़ी-गुजराती। १०८–११६

४. पश्चिमी मारवाडी:—सामान्य ढाचा, जैसलमेर की थळी, मिश्रित मारवाड़ी और सिंधी, ढाटकी। ११७–१२५

५. उत्तरी मारवाड़ी:—बीकानेरी-शेखावाटी, बागड़ी—व्यवहारक्षेत्र, बागड़ी और शेखावाटी बोलने वालो की संख्या, व्याकरण, नामरूप, विशेषण, सर्वनाम, क्रिया, शब्दावली, बीकानेर की बागड़ी, हिसार की बागडी। १२६–१४२

६. मध्यपूर्वी राजस्थानी:—जयपुरी, परिनिष्ठित जयपुरी, तोरावाटी, काठैड़ा, चौरासी, किशनगढ़ी, नागरचाल, राजावाटी अजमेरी। १४३–१५६

७. हाड़ौती:—सामान्य ढाचा, कोटा की हाडौती, सिपाडी। १५७–१६३

८. मेवाती:—जयपुर की, अहीरवाटी–गुडगांव की, रोहतक की। १६४–१६८

९. मालवी:—भोपाल राज्य की मालवी, भोपावाड की मालवी, पश्चिमी मालवा एजेंसी की मालवी, सोडवाड़ी, मध्यप्रांत की टूटीफूटी मालवी, होशंगाबाद की मालवी, बैतूल की ढोलेवाडी, छिंदवाड़ा की भोयारी, चांदा की पटवी। १६९–१९०

१०. नीमाड़ी:—नीमाड़ की, भोपावाड़ की। १९१–१९२

११. राजस्थानी मे बहुप्रचलित शब्दों और वाक्यो की सूचि। १९३–२१५

प्रस्तावनात्मक टिप्पणी

मैं इस अवसर पर उन अनेक मित्रो को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने इन पृष्ठो की संरचना में मुझे सहायता दी। विशेष रूप से मेरा सर्वाधिक कृतज्ञता-ज्ञापन जयपुर के रेव जी. मैकालिस्टर, एम. ए., तथा अहमदाबाद के रेव. जी. पी. टेलर, डी. डी. के प्रति है। श्री मैकालिस्टर से तो मैं ने जयपुर रियासत में बोली जाने वाली बोलियो के नमूनो की एक अत्यधिक सपूर्ण शृंखला ही नही ली है अपितु उनकी वह बहुमूल्य पुस्तक भी प्राप्त की है जो उन्होने जयपुर के महाराजा के निवेदन पर लिखी। स्थानाभाव से मै उन बहुसख्यक नमूनो को, जो उन्होने मुझे दिए, ज्यो का त्यो तो उपयोग में नही ला सका पर उन्हे भाषा-सर्वेक्षण के कागज-पत्रो के साथ 'इण्डिया ऑफिस' मे इस दृष्टि से सावधानीपूर्वक संभाल कर रख दिया गया है ताकि वे भविष्य मे शोधार्थियो के लिए उपलब्ध हो सके।

डा. टेलर के प्रति भी मेरी कृतज्ञता समान रूप से अधिक मात्रा में है। उन्होने भी गुजराती बोलियो के नमूने उपलब्ध कराने के साथ-साथ उक्त भाषा-विषयक संपूर्ण विकास-खण्ड के प्रूफ कृपापूर्वक देखे और समीक्षा तथा सुझावो द्वारा उसके मूल्य मे वास्तविक वृद्धि की। उनके इस सशोधन ने इस खण्ड पर अधिकृति की एक ऐसी छाप लगादी है जो मेरे कितने भी श्रम से सम्भव नही हो पाती।

जॉर्ज ए. ग्रियर्सन

कैम्बरले
२४ फरवरी, १९०८

हम राजस्थान के विद्वानो द्वारा किए गए विस्तृत अध्ययन तथा तुलनात्मक निष्कर्षों की प्रतीक्षा मे हैं और चाहते हैं कि समूचे राजस्थानी क्षेत्र का ऐसा कोई सांगोपांग अध्ययन पुनः विद्वानो के सामने प्रस्तुत हो सके। तब तक देशी-विदेशी विद्वानो द्वारा किए गए इन अध्ययनो को एक बार हिन्दी माध्यम से पुनः प्रकाशित किया जाना वांछनीय है। इसी शृंखला मे दूसरे अध्ययन भी यदि प्रस्तुत किये जा सकें तो बडा उपादेय कार्य होगा।

इस अनुवाद को प्रकाशित करने की अनुमति देकर डाक्टर जाजोदिया ने राजस्थानी विद्वत् समाज को बड़ा सहयोग दिया है। डाक्टर कन्हैयालाल सहल ने मरुभारती से अनुवाद के कुछ अंशों को पुनर्मुद्रित करने की सहमति प्रदान कर हमे अनुगृहीत किया है। भाषा विभाग, राजस्थान के अधिकारी श्री आत्माराम ने ग्रियर्सन के मुद्रित ग्रंथो की प्रतिया उपयोगार्थ सुलभ करवा कर बड़ी सहृदयता तथा आत्मीयता का परिचय दिया है। इन सभी के प्रति हम अपनी कृतज्ञता का ज्ञापन करते हैं।

यदि इस प्रकाशन से राजस्थानी भाषा के अध्ययन मे रुचि रखने वाले लोगो को तनिक भी सुविधा हुई तो हम अपना प्रयास सफल समझेंगे।

रावत सारस्वत

राजस्थानी

भूमिका

राजस्थानी का शाब्दिक अर्थ है राजपूतो के देश राजस्थान या राजवाड़ा की भाषा। एक भाषा का नामबोध कराने के लिए यह नाम इस दृष्टि से प्रकल्पित किया है, जिससे एक ओर पश्चिमी हिन्दी एवं दूसरी ओर गुजराती से इसकी भिन्नता स्पष्ट जाहिर हो जाय। बिहारी एवं अवध की पूर्वी हिन्दी के साथ-साथ इस समूह की विभिन्न बोलियों को भी अब तक यूरोपीय विद्वान् मोटे तौर पर 'हिंदी' नाम ही देते रहे हैं। इनको बोलने वाली जनता भी इन भाषाओं के लिए किसी एक नाम का उपयोग नही करती, बल्कि मारवाड़ी, जयपुरी, मालवी आदि बोलियों को उन-उन नामों से पुकार कर ही सन्तोष मान लेती है। राजस्थानी के बोलने वालों की संख्या लगभग डेढ़ करोड़ है एव वह लगभग एक लाख अस्सी हजार वर्गमील के क्षेत्र में बोली जाती है। ये आँकडे १८९१ ई० में की गई जन-गणना पर आधारित हैं। १९११ ई० की जनगणना के अनुसार यह संख्या १,०९, १७,७१२ है, जो १८९१ वाली संख्या से काफी कम है। इस फर्क का कारण यह है कि एक ओर तो पश्चिमी हिन्दी व दूसरी ओर सिंधी तथा राजस्थानी के बीच की विभाजन-रेखाएँ स्पष्ट नही हैं। १८९१ वाली गणना में पश्चिमी हिन्दी तथा सिंधी के भी बहुत से भाषी उन सख्याओं मे शामिल कर लिये गये थे, जिस पर राजस्थानी विषयक मौजूदा सर्वेक्षण के आँकड़े आधारित हैं। दूसरी ओर इस कमी का एक बड़ा कारण राजस्थानी प्रदेश में १९०१ मे पड़े हुए भयकर दुर्भिक्ष के फलस्वरूप हुई मौते भी हैं। इस दृष्टि से १९०१ वाले आँकड़े जिस समय लिये गये उसकी सही संख्या अवश्य बतलाते हैं, पर उनसे राजस्थानी-भाषी जनता की संभावित सख्या का वास्तविक अदाज नही लग सकता। लेखक की दृष्टि से यह सख्या एक करोड़ बीस लाख के आस-पास होनी चाहिए। परन्तु पूरा भाषा-सर्वेक्षण १८९१ वाले आँकड़ो पर आधारित होने के कारण आगे के पृष्ठों में भी लेखक ने बरबस उन्ही का उपयोग किया है। इनके अतिरिक्त आवश्यक विवरण वाले आँकड़े अन्यत्र कही मिलते भी नही। अतएव सभी यौगिक आँकडो का उपयोग पूर्ण विश्वास के साथ नहीं किया जा सकेगा। राजस्थानी प्रदेश के क्षेत्रफल व राजस्थानी-भाषियो की संख्या की तुलना स्पेन के क्षेत्रफल व वहां की जनसंख्या से की जा सकती है, हालाँकि स्पेन

कुछ बडा है और स्पेनिश-भाषी भी राजस्थानी-भाषियो से कुछ अधिक है।
(स्पेन की जनसंख्या—१,८६, ०७,५००; क्षेत्रफल—१,९६,००० वर्गमील)

सीमाएँ

राजस्थानी के पूर्व मे (उत्तर से दक्षिण तक) पश्चिमी हिन्दी-समूह की ब्रजभाषा एव बुन्देली बोलियाँ है। दक्षिण मे (पूर्व से पश्चिम तक) बुन्देली, मराठी, भीली खानदेशी तथा गुजराती है। राजस्थान के हार्द-स्थित विन्ध्य एव अरावली के दो पर्वतीय प्रदेशो मे भी भीली बोली जाती है।

पश्चिम मे (दक्षिण से उत्तर तक) सिन्धी एव लहदा, तथा उत्तर मे (पश्चिम से पूर्व तक) लहदा, पजाबी एव पश्चिमी हिन्दी की बाँगरू बोली है। इनमे मराठी, सिन्धी एव लहदा भारतीय-आर्य-भाषा-समूह के बाहरी वृत्त की भाषाएँ है।

पड़ोस की भाषाओं से सम्बन्ध

जैसा कि भारतीय-आर्य-भाषा-समूह के विवरण की भूमिका मे स्पष्ट किया जा चुका है, पजाबी, गुजराती, राजस्थानी आदि मध्य-समूह की भाषाओ के प्रदेश मे किसी जमाने मे बाह्य-समूह की भाषाएँ ही बोली जाती थी। उनके ऊपर मध्य-समूह की भाषाएँ जिनकी विशुद्ध प्रतिनिधि पश्चिमी हिन्दी है, धीरे-धीरे एक लहर की तरह फैलती हुई छा गयी। ज्यो-ज्यो यह लहर अपने मध्य-विन्दु से दूरतर होती गयी, त्यो-त्यो उसका प्रभाव भी कम होता चला गया। यही कारण है कि राजस्थानी मे, विशेष कर पश्चिमी राजस्थानी मे, अब भी राजपूताना एव मध्यभारत मे किसी जमाने मे बोली जाती बाह्य-समूह की भाषा के चिह्न विशेष रूप से दृष्टिगोचर होते है। उदाहरणार्थ—'आ' का 'आँ' की तरह उच्चारण—यथा Ball मे, 'ए' एव 'ऐ' का 'एँ' की तरह उच्चारण—यथा Hat मे, तथा 'औ' का 'ओ' की तरह उच्चारण—यथा Vote मे। उसी प्रकार 'छ' की जगह 'स' उच्चारण और जहाँ वास्तविक स' ध्वनि हो उसका ठीक से उच्चारण न करके उसकी जगह 'ह' उच्चारण करना है। इनके अतिरिक्त अधिकांश बाह्य-समूह-भाषाओ की तरह राजस्थानी मे भी सज्ञा का तिर्यक् रूप—'आ'कारान्त होता है, तथा बँगला के सदृश सबधकारक 'र' लगा कर बनाया जाता है। पूर्वी राजस्थानी मे बाह्य लहदा की भाँति 'स्' वाला भविष्य काल उपलब्ध है और पश्चिमी राजस्थानी में एक वास्तविक कर्मवाच्य दृष्टिगोचर होता है। ये रूप पश्चिमी हिन्दी मे नही मिलते और मिलते भी हो, तो नगण्य मात्रा मे।

राजपूताना एवं गुजरात की आज की आबादी किस तरह से बसी, इस बात का इतिहास भी उपरोक्त मत की पुष्टि करता है। महाभारत के युग मे पाचाल नाम से विख्यात प्रदेश चम्बल के तट से हिमालय के पादप्रदेश स्थित हरद्वार तक फैला हुआ था। उसका दक्षिणी भाग उत्तरी राजपूताना का प्रदेश कहा जा सकता है। पाचालो का भारत में प्रवेश करने वाली आर्य जातियो मे आदिम होना स्वीकृत है; अतएव बहुत सम्भव है कि उनकी भाषा भी भारतीय-आर्य-सस्कृत समूह के

बाह्य–वृत्त (Outer circle) की हो। यदि यह ठीक है तो वही बात दूरतर दक्षिण–राजपूताना के भी लागू पड सकती है। उक्त सिद्धात मे क्रमानुसार हमे यह भी मान लेना होगा कि भीतरी–वृत्त (Inner circle) की भाषाएँ बोलने वाले आर्यजन फैलते एव बलवत्तर होते चले गये व धीरे–धीरे दक्षिण स्थित बाह्य-वृत्त-भाषियो को हटाते-हटाते उन पर छा गये। गुजरात मे भीतरी-वृत्त जन बाह्य-वृत्त वालों को सीमा को लाँघते हुए सागरतट तक पहुँच गये। मध्य-समूह के निवासस्थान 'मध्यदेश' से आगतजनों की गुजरात मे बसाई हुई कई बस्तियो का परम्परागत उल्लेख मिलता है। इनमे सर्वप्रथम महाभारतयुग की द्वारका है। मध्यदेश से गुजरात आने का एकमात्र मार्ग राजपूताना होकर ही है। उससे भी सीधा रास्ता एक है। परन्तु वह बड़े रेगिस्तान की वजह से बन्द है। अपेक्षाकृत आधुनिक युग मे राजपूताना भी मध्यदेश से आये हुए आक्रामको के ही अधिकार मे था। राठौडो ने बारहवी शती के अन्तिम भाग मे दोआबा की कन्नौज बस्ती छोड कर मारवाड बसाया था। जयपुर के कछवाहा अपने को अवध से आया बताते है एव सोलकी पूर्व पजाब से। गुजरात मे यादवों का राज था और उन्ही के भाईबन्द उनके आदिम स्थान मथुरा मे भी विद्यमान थे। केवल मेवाड़ के गहलोत परम्परा के अनुसार बलभी के उजडने पर गुजरात से उठ कर चित्तौड के आस-पास आ बसे बताए जाते है। इस प्रकार यह स्पष्ट हो जाता है कि गागेय दोआब तथा गुजरात की तटवर्ती सीमा के बीच के सारे प्रदेश मे वे नवागन्तुक आर्य जातियाँ बसी हुई है जिन्होने वहा पहले बसे हुए बाह्य-वृत्त के आर्यों को या तो दूर तक दक्षिण की ओर खदेड़ दिया या आत्मसात् कर लिया।

उपभाषाएँ या बोलियाँ

राजस्थानी की पाँच उपशाखाएँ हैं—पश्चिमी, मध्य-पूर्वी, उत्तर-पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी के दो भेद। इनके अनेक उपभेद है, जिनका विवरण तत्सम्बन्धी परिच्छेदो मे आगे दिया है। यहाँ मुख्य बोलियो का सक्षेप मे विवरण दिया जाता है। बोलने वालो की सख्या एव विस्तार के क्षेत्रफल दोनो की दृष्टि से इसमे सबसे महत्त्वपूर्ण पश्चिमी उपभाषा है, जिसे साधारणतया 'मारवाडी' कहा जाता है। यह अपने विभिन्न रूपो मे मारवाड, मेवाड पूर्वी सिन्ध, जैसलमेर, बीकानेर, दक्षिण पजाब एव जयपुर स्टेट के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में बोली जाती है। अन्य सब राजस्थानी उपभाषाओ के क्षेत्रफलो को जोड़ देने पर भी अकेली मारवाडी का क्षेत्रफल उससे अधिक रहता है। मध्य-पूर्वी उपभाषा दो मुख्य नामो से विख्यात है—जयपुरी एव हाड़ौती; इनके अन्य विभेद भी है। हम जयपुर की भाषा को इनमे आदर्श मान सकते है। यद्यपि जयपुरी पूर्वी राजस्थान मे बोली जाती है, फिर भी उसका गुजराती से घनिष्ठतर सम्बन्ध है, जब कि मारवाडी मे उसकी

पश्चिम-स्थित सिन्धी से अधिक साम्य है। उत्तर-पूर्वी राजस्थानी में अलवर, भरतपुर तथा गुड़गाँवा की मेवाती तथा दिल्ली के दक्षिणी व दक्षिण-पश्चिमी अहीर-प्रदेश की अहीरवाटी शामिल है। राजस्थानी के इस रूप मे मध्य-समूह (Central Group) की शुद्धतम प्रतिनिधि पश्चिमी हिन्दी से अत्यधिक साम्य है, यहाँ तक कि कुछ लोगो की तो यह मान्यता है कि उत्तर-पूर्वी राजस्थानी कही जाने वाली भाषाएँ राजस्थानी की उपभाषाएँ न होकर पश्चिमी हिन्दी की उप-भाषाएँ ही कहे जाने योग्य है। वास्तव मे यह एक दोनों के बीच का समूह है। और इसका विवेचन विशेष महत्त्व नही रखता, तथापि लेखक के मतानुसार इसे राजस्थानी के अन्तर्गत रखना ही ठीक है। दक्षिण-पूर्व की मुख्य उपभाषा मालवी है; यह मालवा एव निकटवर्त्ती प्रदेश मे बोली जाती है। इसके पूर्व मे (पश्चिमी हिन्दी की एक बोली) बुन्देली तथा पश्चिम मे गुजराती है और वास्तव मे यह इन दोनो के बीच की बोली है। अतएव इस पर राजस्थानी की छाप उतनी स्पष्ट नही दीखती जितनी जयपुरी पर, बल्कि इसमे कुछ रूप तो ऐसे है जिनका सम्बन्ध स्पष्टतया पश्चिमी हिन्दी से है। दक्षिण-पूर्वी राजस्थानी की दूसरी बोली नीमाडी है। उद्गम की दृष्टि से यह मालवी का ही एक रूप है, परन्तु यह एक ऐसे पर्वतीय प्रदेश की कई अनार्य जातियो द्वारा भी बोली जाती है, जो मालवी के बाकी के क्षेत्र से अलग-सा पड जाता है। इस कारण नीमाडी पर पडोस की भीली एवं खानदेशी का यहाँ तक प्रभाव पड़ा है कि वह एक पृथक् बोली बन गयी है, जिसकी अपनी निजी विशिष्टताएँ है।

बोलने वालों की संख्याएँ

भाषा-सर्वेक्षण के लिए एकत्रित किये गये आकड़ों के अनुसार राजस्थानी की उप-भाषाओं को विभिन्न क्षेत्रो मे मातृ-भाषा के रूप मे बोलने वालो की संख्याएँ इस प्रकार हैं। पहले कहा जा चुका है कि इन सख्याओ के आँकड़े १९०१ की जनगणना पर आधारित नही है। १९०१ वाली संख्याएँ इनसे काफी कम है।

मारवाड़ी	६०,८८,३८९
मध्य-पूर्वी	२९,०७,२००
उत्तर-पूर्वी	१५,७०,०९९
मालवी	४३,५०,५०७
नीमाडी	४,७४,७७७
	१,५३,९० ९७२

[भाषा-सर्वेक्षण के अनुसार अनुमानित, राजस्थानी भाषियो की उस क्षेत्र की कुल सख्या, जहा वह मातृ-भाषा के रूप मे बोली जाती है।]

मारवाड़ी के अतिरिक्त राजस्थानी की अन्य उपभाषाओं के बोलने वाले भारत के अन्य प्रदेशो मे कितने हैं, इसकी संख्या उपलब्ध नही हो सकी। १८९१ ई० मे मारवाड के अतिरिक्त भारत के अन्य सभी भागों मे रहने वाले मारवाडी-भाषियो की सख्या ४,५१,११५ पायी गयी थी। साधारणतया 'मारवाडी' कहने से सारे राजपूताना के निवासी अथवा वहां की किसी भी उपभाषा के बोलने वालों का बोध होता देखा गया है। अतएव इस सख्या मे निश्चित रूप से ऐसे बहुत से इतर प्रांतवासी लोग शामिल होने चाहिए, जिनकी मातृभाषाएँ राजस्थानी की अन्य बोलियां रही हो। जो भी हो, हम यह कह सकते है कि १८९१ ई० मे सारे भारत मे राजस्थानी-भाषियों की सख्या कम से कम १,५८,४२,०८७ तो अवश्य थी।

साहित्य

राजस्थानी साहित्य के इतिहास की चर्चा विभिन्न उपभाषाओ से सम्बन्धित परिच्छेदो मे की गयी है। इनमे से एकमात्र मारवाडी मे काफी बड़े परिमाण में सर्वमान्य साहित्य उपलब्ध होता है। पुरानी मारवाड़ी या उसके काव्य-प्रयुक्त रूप 'डिंगल' मे काफी सख्या मे काव्य-रचना मिलती है, जिसमे से अधिकाश की गवेषणा या विवेचन अभी नही हुए है। इसके अतिरिक्त राजस्थानी के विभिन्न रूपों मे ग्रथित बहुत बडे परिमाण मे, ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अन्य साहित्य भी विद्यमान है, जिसके विषय मे अब तक नही के बराबर जानकारी प्राप्त हुई है। लेखक का इशारा टॉड कृत 'राजस्थान' मे वर्णित भाट-चारण-रचित इतिहास-सामग्री की ओर है। टॉड संभवत: एकमात्र यूरोपीय विद्वान् थे जिन्होंने इस सामग्री का कुछ महत्वपूर्ण अश सर्वप्रथम पढ़ा। इस अत्यन्त उज्ज्वल इतिहास के एक बहुत सूक्ष्म अंश चन्दबरदाई कृत पृथ्वीराजरासो का संपादन व अनुवाद अवश्य हुआ है, परन्तु बाकी बहुत बड़ी सामग्री ज्यो की त्यों पड़ी हुई है। यह एक ऐसी प्राचीन भाषा मे है जिसे आजकल बहुत कम लोग समझ सकते है। फिर भी यह सारी सामग्री इतिहास व भाषा के अभ्यासी के लिए एक अनावृत कोष या खान के सदृश है। इस सारे साहित्य को प्रकाश मे लाने का कार्य एकाध व्यक्ति की तो सामर्थ्य के बाहर की चीज है; और यदि विद्वज्जनों की कोई पूरी मडली या परिषद् इस कार्य को सुसंबद्ध योजना बनाकर सहयोगपूर्वक कार्य करना शीघ्र ही आरम्भ नही कर देती है, तो मुझे भय है कि आगामी अनेक वर्षो तक राजपूताना के इतिहास का शोध-अभ्यास केवल कागज के कीड़े व दीमके ही करती रहेगी। इस भाट-चारण साहित्य के अतिरिक्त राजस्थानी मे प्रचुर परिमाण में धार्मिक साहित्य भी मिलता है। केवल दादूपंथियो का साहित्य ही ले लिया जाय तो करीब ५ लाख दोहा-प्रमाण से अधिक मिलेगा। यह पूर्णतया स्पष्ट नहीं है कि उक्त साहित्य राजस्थानी की किस उपभाषा मे लिखा गया है। पृथ्वीराजरासो का

अद्यावधि प्रकाशित भाग तो राजस्थानी मे न होकर पश्चिमी हिन्दी के एक प्राचीन रूप मे ग्रथित है। दुर्भाग्य से, यद्यपि यह ग्रन्थ बहुत सुप्रसिद्ध एव ख्यातिपूर्ण है, फिर भी जिस रूप मे यह उपलब्ध है उसकी प्रामाणिकता के विषय मे गभीर सदेह को पूरा अवकाश है। सिरामपुर के पादरियो ने इजील का अनुवाद मारवाडी उदयपुरी (अर्थात् मेवाडी), बीकानेरी (मारवाडी का एक रूप), आदर्श जयपुरी, हाडौती (एक पूर्वी बोली) एव उज्जैनी (अर्थात् मालवी) मे प्रकाशित किया था।

अधिकृत सूत्र

राजस्थानी बोलियो का एक समूह के रूप मे विवेचन अब तक केवल इन पक्तियो के लेखक ने किया है। तत्सबधित निबंध रॉयल एशियाटिक सोसाइटी के जर्नल मे सन् १६०१ मे, पृष्ठ ७८७ व आगे पर 'राजस्थानी की मुख्य बोलियों का विवरण' शीर्षक से छपा है। प्रस्तुत सामग्री का अधिकाश भाग आगे के पृष्ठो मे समाविष्ट कर लिया गया है।

लेखन-प्रणाली

छपी हुई पुस्तको मे देवनागरी लिपि का व्यवहार हुआ है। हाथ की लिखावट के लिए देवनागरी के ही एक बिगडे रूप का प्रयोग किया जाता है जो मराठी मे प्रयुक्त 'मोडी' तथा उत्तर भारत मे प्रचलित 'महाजनी' से सबधित है। इसकी सबसे अधिक ध्यान देने योग्य विशिष्टता 'ड' और 'ड़' ध्वनियो को अलग-अलग व्यक्त करने के लिए बने हुए दो स्वतन्त्र अक्षर हैं।

व्याकरण

विभिन्न बोलियों का व्याकरण तत्सबधित परिच्छेदो मे दिया गया है। यहाँ, ऊपर निर्दिष्ट निबन्ध पर आश्रित, चार प्रमुख बोलियाँ—मारवाड़ी, जयपुरी, मेवाती एव मालवी के व्याकरणो का सक्षिप्त तुलनात्मक विवरण दिया जायगा। नीमाड़ी एक मिश्रित बोली होने के कारण उसके उदाहरण देना अनावश्यक सा है।

उच्चारण

स्वरो का उच्चारण, खास कर पश्चिमी राजस्थानी मे, प्राय: अव्यवस्थित-सा है। कई जगह 'आ' का उच्चारण Ball के a की तरह, 'ए', 'ऐ' का उच्चारण Hat के a की तरह तथा 'औ' का उच्चारण Hot के o की तरह किया जाता है। ह्रस्व 'ए' व 'ओ' (उदा० Promote का o) ध्वनियाँ है अवश्य, पर लेखन में यह फर्क कही भी व्यक्त नही होता। जहाँ मुझे निश्चयात्मक रूप से इनका बोध हुआ है, वहाँ मैंने यह फर्क अलग से लिपिबद्ध किया है, पर जहाँ 'ए' ध्वनि के ह्रस्व होने का पूर्ण निश्चय नही हो सका, वहाँ मैंने उन्हें दीर्घ ही छोड दिया है, हालाँकि इन मे से बहुत सी वास्तव मे ह्रस्व ही हैं।

खास कर पश्चिम एव दक्षिण मे उत्तरी गुजराती एवं भीली बोलियो की तरह 'स' का उच्चारण 'ह' किया जाता है। कुछ अचलो मे 'छ' का उच्चारण

साधारणतया 'स' किया जाता है। प्राय: 'ह' ध्वनि या महाप्राण ध्वनियों का 'ह्' छोड दिया जाता है। उदा० 'हाथ' शब्द 'आत' उच्चारित होता है।

यहाँ मैं 'व' ध्वनि के उच्चारण का कुछ स्पष्टीकरण कर देना चाहता हूँ। मैंने 'व' को कही W कही V रूप में लिपिबद्ध किया है। पचिश्मी हिन्दी तथा उससे आगे की पूर्वी भाषाओ मे यह ध्वनि प्राय: सर्वत्र 'ब' बन जाती है। उदा० वदन (=चेहरा) > बदन, विचार (सोचना) < बिचार इत्यादि। पश्चिम भारत में इस ध्वनि को लिखते समय उच्चारण के ठीक रूप मे व्यक्त किया जाता है। राजस्थानी में सर्वप्रथम यह प्रवृत्ति लक्षित होती है। सर्वेक्षण के मराठी विषयक भाग मे सर्वत्र इस ध्वनि का V रूप मे ही लेखन किया गया है, परन्तु इससे उसके वास्तविक उच्चारण का सही-सही बोध नही होता। अँगरेजी मे V की ध्वनि ऊपर के दाँतो को निचले ओठ पर दबाने से उत्पन्न होती है। इस प्रकार यह एक दन्तोष्ठ्य ध्वनि है। लेखक की जानकारी में यह ध्वनि किसी भारतीय आर्य भाषा मे नही पाई जाती। भारत मे 'व' विशुद्ध ओष्ठ्य ध्वनि मानी गयी है और इसकी उत्पत्ति दांतों को ओठ पर दबा कर नही, बल्कि दोनों ओठों के बीच से श्वास के निकलने से होती है। इन क्रियाओ का प्रयोग कर देखने से सही ध्वनि तुरन्त स्पष्ट हो जाती है। यह अँगरेजी के W तथा अँगरेजी के V इन दोनो के बीच की एक ध्वनि है। स्वभावत: इस ध्वनि मे उसके पश्चात् आने वाले स्वर के अनुसार परिवर्तन हो जाता है। ह्रस्व या दीर्घ अ, उ, ओ, ऐ एवं औ के पहले यह ध्वनि W के नजदीक रहती है, तथा ह्रस्व या दीर्घ इ या ए के पहले यह V के नजदीक लगती है। जब तक W या V व्यञ्जन विशुद्ध ओष्ठ्य या दंतोष्ठ्य ध्वनि है, तब तक उसके उच्चारण पर उसके पश्चात् आने वाले स्वर का प्रभाव अवश्य पडेगा। राजस्थानी ध्वनियों के लेखन में मैंने जहाँ W ध्वनि पाई वहाँ W से उसका लेखन किया है, एव जहाँ V ध्वनि पाई वहाँ V से। पर स्मरण रहे कि इससे अँगरेजी V ध्वनि का कोई सम्बन्ध नही है। उदा० मैंने Marwari लिखा है न कि Marvarı कारण यहाँ W ध्वनि के बाद आ स्वर है, परन्तु Malvi लिखा न कि Malwı क्योकि यहा V ध्वनि के बाद 'ई' स्वर आता है।

गुजराती एवं सिन्धी की भाँति राजस्थानी मे भी मूर्धन्य ध्वनियो की बहुतायत पाई जाती है। पश्चिमी हिन्दी मे शायद ही कभी दृष्टिगोचर होने वाले 'ळ' तथा 'ण' यहा खूब प्रचलित है। प्राकृत की प्रत्येक 'ल' तथा 'न' ध्वनि का, यदि उसका प्राकृत मे द्वित्व न होगया हो, राजस्थानी मे मूर्धन्यीकरण हो जाता है। पर प्राकृत 'ल्ल' तथा 'न्न' का राजस्थानी मे अनुक्रम से 'ल' तथा 'न' ही होता है। यह प्रक्रिया विभिन्न बोलियो के विवरण मे उदाहरणों के साथ विस्तार से समझाई गई है। हाँ, आरंभ-स्थानीय 'ल' तथा 'न' का मूर्धन्यीकरण नही होता।

नीचे दी हुई तालिकाओं मे राजस्थानी रूपो के साथ-साथ तुलना की सुविधा के लिए व्रजभाषा, बुन्देली एव गुजराती के रूप भी दिये गये है ।

लिंग

लिंग के विषय मे राजस्थानी मे साधारणतया पश्चिमी हिन्दी का ही क्रम पाया जाता है । केवल दो ही लिंग दृष्टिगोचर होते है : पु'ल्लिग व स्त्रीलिंग । पश्चिमी हिन्दी की दो-एक बोलियो मे कही-कही नपु'सक लिंग के उदाहरण भी देखे गये है । राजस्थानी मे जैसे-जैसे हम पश्चिम एवं दक्षिण की ओर बढते जाते है, वैसे-वैसे नपु सक लिंग के रूप अधिकतर सख्या मे मिलते जाते है; और गुजराती तक पहुँचते-पहुँचते हमे नपु सक लिंग पूर्णरूप से विद्यमान नजर आता है ।

नामरूप

नीचे दी हुई तालिकाओ मे राजस्थानी की चार प्रमुख उपभाषाओ के नामरूपो के उदाहरण दिये जाते है :—

अ—नामरूप

(क) सबल पु'ल्लिग तद्भव संज्ञा शब्द 'घोडो'

	व्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाडी	
एक वचन							
प्रथमा	घोडा	घ्वाडो	घोडो	घोडो	घोडो	घोडो	घोडो
तृतीया	—	—	घोडॅ	घोडे	घोडॅ	घोडॅ	घोडे या घोडाए
तिर्यक् रूप	घोडे	घ्वाडे	घोडा	घोडा	घोडा	घोडा	घोडा
बहुवचन							
प्रथमा	घोडे	घ्वाडे	घोडा	घोडा	घोडा	घोडा	घोडा(–ओ)
तृतीया	—	—	घोडाँ	घोडाँ	घोडाँ	घोडाँ	घोडा(–ओ)-ए
तिर्यक् रूप	घोडउँ या घोड़नि	घ्वाडन	घोडाँ	घोडाँ	घोडाँ	घोडाँ	घोडा(–ओ)

(ख) सबल स्त्रीलिंग तद्भव संज्ञा शब्द 'घोडी'

	व्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाडी	
एक वचन							
प्रथमा	घोडी	घ्वाड़ी	घोडी	घोडी	घोड़ी	घोडी	घोडी
तृतीया	—	—	घोडी	घोडी	घोडी	घोडी	घोडीए
तिर्यक्	घोड़ी	घ्वाडी	घोडी	घोडी	घोडी	घोडी	घोडी
बहुवचन							
प्रथमा	घोडियाँ	घ्वाडियाँ	घोड़्याँ	घोड्याँ	घोड्याँ	घोड्याँ	घोडी(–ओ)
तृतीया	—	—	घोड़्याँ	घोड्याँ	घोड्याँ	घोड्याँ	घोडी(–ओ,)-ए
तिर्यक् रूप	घोडियौ	घ्वाडिन	घोड्याँ	घोड्याँ	घोड्याँ	घोड्या	घोडी(–ओ)

(ग) निर्बल पुंल्लिग तद्भव संज्ञा—'घर'

	ब्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाड़ी	
एकवचन							
प्रथमा	घर	घर	घर	घर	घर	घर	घर
तृतीया	—	—	घर	घर	घर	घर	घरे
तिर्यक् रूप	घर	घर	घर	घर	घर	घर	घर
बहुवचन							
प्रथमा	घर	घर	घर	घर	घर	घर	घर् (–ओ)
तृतीया	—	—	घराँ	घराँ	घराँ	घराँ	घर् (–ओ,)-ए
तिर्यक् रूप	घरौ या घरनि	घरन	घराँ	घराँ	घराँ	घराँ	घर् (–ओ,)-ए

ऊपर के विवरण मे राजस्थानी एव गुजराती का विशिष्ट–आकारान्त (–एकारान्त की जगह) एकवचन तिर्यक् रूप द्रष्टव्य है। राजस्थानी मे इस–आ– का बहुवचन–आँ होता है। एक और महत्व की बात यह है कि राजस्थानी की सभी उपभाषाओ मे (तिर्यक् रूप मैं–'ने' परसर्ग लगाकर बनाने के बदले) तृतीया का सर्वत्र एक विशिष्ट रूप पाया जाता है। मेवाती एव मालवी मे भी, जो कि पश्चिमी हिन्दी के निकटतम है, –ने या –नइ का उपयोग वैकल्पिक रूप से ही होता है।

मालवी मे होर लगा कर एक और बहुवचन बनाया जाता है जो हमे कन्नौजी ह्वार तथा खस (नैपाली) हरु की याद दिलाता है।

इन सब सज्ञा-शब्दो का एक प्रत्ययसाधित सप्तमी रूप भी होता है जो –ए या –ऐ लगाकर बनाया जाता है। उदा० घरे (=घर मे)।

ब—परसर्ग

	ब्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाड़ी	
तृतीया	ने	नें	नै	ने	—	—	—
षष्ठी	कौ,के, को	को,के, की	को,का, की	रो,रा री, को,का,की	को,का, की	रो,रा, री	नो,ना, नी
चतुर्थी	कौं	खों	नै	ने,के	नै,कै	नैं	ने
पचमी	सों,नें	सों,सें	सैं,तैं	ऊँ,से,सूँ	सूँ,सैं	सूँ, ऊँ	थी

ऊपर के विवरण मे द्रष्टव्य यह है कि षष्ठी का तिर्यक् रूप गुजराती की भाँति-आ-कारान्त है, न कि-ए-कारान्त, जैसा कि ब्रज एव बुन्देली मे पाया जाता

है। —र से आरम्भ होने वाले रूप भी राजस्थानी की अपनी अलग विशिष्टता है। चतुर्थी के–न से आरम्भ होने वाले रूप राजस्थानी–गुजराती के अपने है। तृतीया के––ए या ऐ वाले रूपो के विषय मे भी यही बात है। केवल मेवाती तथा मालवी बोलियाँ ही ऐसी है जिनमे तृतीया का परसर्ग द्वारा साधन वैकल्पित रूप से होता है।

चतुर्थी हमेशा तत्तद् षष्ठी के परसर्ग की सप्तमी करके बनायी जाती है। उदा०-कै-को की सप्तमी है तथा––नै गुजराती– नो की सप्तमी है।

विशेषण

विशेषणो के रूप षष्ठी के परसर्गो के अनुसार चलते है। उदा० आछो (=अच्छा) : स्त्री० आछी; पुं० तिर्यक् आछा। इसके अतिरिक्त विशेषणो का (जिनमे षष्ठी भी शामिल है) एक और रूप होता है। जब सज्ञा शब्द तृतीया या सप्तमी मे होता है, तब विशेषण को भी तिर्यक् रूप में न रखकर, उसी रूप मे चलाया जाता है। उदा० काळे घोडे लात मारी, राजा–के घरे, इत्यादि। कहने का तात्पर्य यह है विशेषणो के रूप विशेष्य सज्ञा शब्दो के अनुसार चलते हैं। संज्ञा शब्द तिर्यक् रूप मे होने पर विशेषण का भी तिर्यक् रूप हो जाता है, एव तृतीया या सप्तमी मे होने पर विशेषण भी उन्ही रूपो मे रख दिया जाता है। उदा० गुजराती मे : बीजे दहाडे (=दूसरे दिन)।

सर्वनाम

अ—व्यक्तिवाचक सर्वनाम

प्रथम पुरुष

	ब्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाडी	
एकवचन							
प्रथमा	मैं,हौं	मे,मैं	मैं	मूं,हूँ	मैं	हूँ,म्हूँ	हुँ
तिर्यक्	मोहि,मो, मुज	मो, मोय	मूं,मुज	म,म्ह, म्हा	म,मूं,मैं	म्ह,मैं	म,मारा
षष्ठी	मेरौ	मो-को, मे-रो,मो-नो	मेरो	मारो, म्हारो	म्हारो	म्हार,मारो	मारो
बहुवचन							
प्रथमा	हम	हम	हम, हमा	म्हें, आपाँ	म्हे, आपाँ	म्हे,मे आपाँ	अमे,आपणे
तिर्यक्	हमौं,हमनि	हम	हम	म्हाँ,आपाँ	म्हाँ,आपाँ	म्हाँ,माँ, आपाँ	अम,अमारा, आपण,आपणा
षष्ठी	हमारउ	हम-को, हमारो, हमाओ	म्हारो	म्हाँणो आपणो	म्हाँ-को आपणू	म्हारो माँरो आपाँरो	अमारो, आपणो

द्वितीय पुरुष

	ब्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाड़ी	
एक वचन							
प्रथमा	तै, तू	तैं, तूं	तू	तूं	तू	तूं, थूं	तुं
तिर्यक्	तोहि,तो, तुज	तो, तोय	तूं,तुज	त,थ,था	त,तू,तैं	थ, तैं	त, तारा
षष्ठी	तेरौ	तो–को, तेरो, तो-नो	तेरो	थारो	थारो	थारो	तारो
बहुवचन							
प्रथमा	तुम	तुम	तुम, तम, थम	थे	थे	थे, तमे	तमे
तिर्यक्	तुम्हौ, तुम	तुम	तम	थाँ	थाँ	थाँ, तमाँ	तम, तमारा
षष्ठी	तुम्हारौ, तिहारौ	तुम-को, तुमारो, तुमाग्रो	थारो	थाँणो	थाँ-को	थाँरो, तमाँरो	तमारो

ऊपर दिए हुए दो सर्वनामो के विवरण मे राजस्थानी की विशिष्टताएँ प्रथम दृष्टि मे ही सामने आये बिना नही रहतीं। ब्रज एव बुन्देली के रूपाख्यान का अग मो–, मुज–, या मे–, तो–, तुज–या ते–दिखाई पडता है। राजस्थानी एवं गुजराती मे यही म– या मूं–; त– या तूं मिलता है। बहुवचन मे हम और तुम की जगह म्हां– और थां– मिलते हैं। राजस्थानी मे एकवचन रूपो में पहले व्यंजन को ह– युक्त कहने की प्रवृत्ति लक्षित होती है, यथा– म्हा– था–। केवल मेवाती मे षष्ठी रूप उसकी पडोसी ब्रज के सदृश पाया जाता है; पर बहुवचन मे उसका थम तुम से अलग पड कर गुजराती के तम के नजदीक होता है। मालवी में षष्ठी बहुवचन का प्रत्यय–णो गुजराती सज्ञा-शब्दो के साथ प्रयुक्त –नो से मिलता है; यह –नो आप– की षष्ठी के साथ सभी भारतीय भाषाओ मे मिलता है। राजस्थानी के ह–कार युक्त बहुवचन रूप भी द्रष्टव्य हैं। साथ ही गुजराती के सदृश 'हम' के अर्थ मे 'आप' का प्रयोग जिसमे श्रोता भी शामिल रहता है। यह प्रयोग सम्भवत. मुण्डा या द्राविड़ी भाषाओ से आया हुआ मुहावरा हो सकता है।

दूसरी ओर राजस्थानी मे 'आप' का प्रयोग 'निजका-' के अर्थ में भी होता है जो पश्चिमी हिन्दी के सदृश है। परन्तु यह प्रयोग बहुत अस्थिर सा मिलता है, साधारणतया इसकी जगह सर्वनाम शब्दों की षष्ठी का ही प्रयोग होता है।

निर्देशक सर्वनाम

यह

	ब्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाडी	
एकवचन							
प्रथमा	यह	जो	यो, या (स्त्री.)	यो, या (स्त्री.)	यो, या (स्त्री.)	ओ,यो, आ,या (स्त्री.)	आ
तिर्यक्	याहि, या	जा	ऍ	इणी, अणी	ई	इण,इणी, अणी	आ
बहुवचन							
प्रथमा	ये	जे	यै	ये	ये	ए,ऐ	आ
तिर्यक्	इन्हौ, इनि	इन	इन	इणाँ, अणाँ	याँ	इणाँ,अणाँ, याँ,आँ	आ

वह

	ब्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाडी	
एकवचन							
प्रथमा	वो,वह	ऊ,बो	वो,वोह, वा (स्त्री.)	वो, वा (स्त्री)	वो, वा (स्त्री.)	ऊ, वा (स्त्री.)	ए
तिर्यक्	वाहि वा	ऊ,वा	वै	उणी, वणी	ऊ	उण, उणी, वणी	ए
बहुवचन							
प्रथमा	वे, वै	वे	बै	वी	वै	वै	ए
तिर्यक्	उन्हौ, उनि	उन	उन	वणाँ	वाँ	उणाँ, वणाँ, वाँ	ए

अन्य सर्वनाम

	ब्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाड़ी	
संबंधवाचक	जो,जौं	जो	जो	जो	जो,ज्यो, जा, (स्त्री.)	जो,जिको, जिका(स्त्री.)	जे
तिर्यक्	जाहि,जा	जा	झइं	जणी	जीं	जिण,जण, जणी	जे
नित्यसंबंधी	सो	सो	—	—	सो	सो, तिको, तिका(स्त्री.)	ते
तिर्यक्	ताहि,ता	ता	—	—	तीं	तिण,तिणि	ते
प्रश्नवाचक							
पुं०-स्त्री०	को, कौ,	को	कौण	कूंण	कुण	कुण,कण	कोण
तिर्यक्	काहि,का	का	कैंह	कणी	कुण	कुण,कण	कोण, को
नपुंसक	कहा,का	का	के	काँई	काँई	काँई	—
अनिश्चय-वाचक							
पुं०-स्त्री०	कोऊ,कोई	कोऊ	कोई	कोई	कोई	कोई	कोई
नपुंसक	कुछ	कछू	किमइं	काँई	क्यों	काँई	काई कई

राजस्थानी में सम्बन्धवाची सर्वनाम का निर्देशक या निश्चयात्मक सर्वनाम के रूप में उपयोग विशेष द्रष्टव्य है।

ऊपर वर्णित सर्वनामरूपों में राजस्थानी एवं ब्रज-बुंदेली समूह के बीच कोई खास अन्तर नजर नहीं आता, फिर भी (प्रथमा एकवचन स्त्री.लिंग के साथ-साथ) अनेक रूप राजस्थानी के अपने अलग दिखाई पड़ते हैं।

क्रिया

पश्चिमी राजस्थानी क्रिया की एक खास विशिष्टता है वास्तविक कर्मणि वाच्य का पाया जाना। कहीं एकाध उदाहरण को छोड़कर पश्चिमी हिन्दी में यह दुर्लभ है। कर्मणि वाच्य साधने के लिए-इज प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है, उदा० मारणो, मारीजणो (=मारा जाना)। सिन्धी एवं लहदा, जो बाह्य-

समूह की भाषाएँ है, दोनों मे एतादृश रूप मिलते हैं। गुजराती में भी कर्मणि वाच्य विद्यमान है, परन्तु वहाँ वह पश्चिमी हिन्दी की ही भाँति आ लगाकर बनाया जाता है, उदा० दिखाना (=दिखलाई पड़ना)।

अ—सहायक क्रियापद

धातुएँ लगभग वही मिलती है जिनका व्यवहार भारत के अन्य भागो में भी होता है। मेवाती का सूँ जयपुरी के छूँ का ध्वन्यात्मक परिवर्तन मात्र है। अधिकाश क्रियारूप अन्य भारतीय-आर्य भाषाओ के सदृश ही है। राजस्थानी की द्रष्टव्य विशिष्टताएँ केवल ये हैं :

प्रथम पुरुष बहुवचन अनुनासिकान्त होता है। मेवाती के अतिरिक्त तृतीत पुरुष बहुवचन का रूप कही अनुनासिकान्त नही पाया जाता। भूतकाल बहुवचन रूप के अन्त मे साधारणतया विशेषण की भाति-आ-आता है।

सहायक क्रिया

	ब्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाड़ी	
वर्तमान एकवचन							
१—	हौं	हों,आँव	हूँ,सूँ	हूँ	छूँ	हूँ	छूं
२—	है	है,आय	है,सा,सै	हे	छै	है	छे
३—	है	है,आय	है,सै	हे	छै	है	छे
बहुवचन							
१—	हैं	हैं,आँव	हाँ,साँ	हाँ	छाँ	हाँ	छी, ए
२—	हौ	हो,आव	होँ, सो	हो	छो	हो	छो
३—	हैं	हैं,आँय	हैं,सैं	है	छै	है	छे
भूतकाल एकवचन							
पुंल्लिग	हौ,हुतो	हतो,तो	हो,थो,सो	थो	छो	हो	हतो
बहुवचन							
पुंल्लिग	हे,हुते	हते,ते	हा,था,सा	था	छा	हा	हता

ब–मुख्य क्रिया

दो अपवादों को छोड़ कर राजस्थानी के क्रिया-रूप पंजाबी एवं पश्चिमी हिन्दी (ब्रज व बुन्देली जिसकी बोलियाँ हैं) के क्रियारूपों के अनुसार ही चलते है। एक अपवाद तो निश्चित वर्तमान का है, इस विषय मे राजस्थानी पश्चिमी हिन्दी के मार्ग को छोड़कर गुजराती का अनुसरण करती है। दूसरा अपवाद अपूर्ण भूत का है; इसका साधन क्रियार्थक संज्ञा की सप्तमी के साथ सहायक क्रिया जोड कर किया जाता है। ये दोनों अपवाद ऊपरी गागेय दोआब प्रदेश की पश्चिमी हिन्दी मे भी मिलते हैं। पर वास्तव मे ये राजस्थानी की खास विशिष्टता है। यहाँ उदाहरणार्थ अकर्मक क्रिया 'चाल' (=जाना) के कुछ मुख्य–मुख्य कालरूप देना पर्याप्त होगा। सकर्मक क्रियाएँ भूत-कृदन्त–साधित कालरूपो के लिए कर्मणि प्रयोग काम मे लाती है।

(अ) परातन वर्त्तमान :—अन्य समजात भाषाओ की भाँति राजस्थानी मे भी इस काल का प्रयोग प्रायः वर्तमान संभावनार्थ का सा होता है। परन्तु अधिकतर इससे अपने वास्तविक वर्तमान निश्चयार्थ का ही बोध होता है। इसके क्रियारूप लगभग सभी भारतीय आर्य-भाषाओ मे एक सदृश चलते है। राजस्थानी मे केवल एक बात विशेष द्रष्टव्य है; मुख्य क्रिया, साधारण भविष्यत् तथा प्रथम पुरुष बहुवचन के रूप के अन्त मे -आँ मिलता है, एव मेवाती के अतिरिक्त, जो इस विषय में अपनी पड़ोस की ब्रज से ज्यादा मिलती है, अन्य सब बोलियो मे तृतीय पुरुष बहुवचनरूप सानुनासिक नही होता।

	ब्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाड़ी	
एकवचन							
१	चलौं	चलूं	चलूँ	चलूं	चलूँ	चलूं	चालूं
२	चलै	चले	चल़ै	चल़े	चल़ै	चलै	चाले
३	चलै	चले	चलै	चल़े	चल़ै	चलै	चाले
बहुवचन							
१	चलैं	चलें	चल़ाँ	चल़ॉ	चलाँ	चलाँ	चालीए
२	चलौ	चलो	चलो	चल़ो	चल़ो	चलो	चालो
३	चलैं	चलें	चलै	चल़े	चल़ै	चल़ै	चाले

(ब) आज्ञार्थ—यह क्रियारूप लगभग सभी भारतीय-आर्य-भाषाओं मे एक सदृश है।

	ब्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाड़ी	
एकवचन							
२	चल	चल	चल्	चल	चल्	चल्	चाल
बहुवचन							
२	चलौ	चलो	चलो	चलो	चलो	चलो	चालो

(ब) भविष्यत्—इस काल के दो रूप मिलते हैं, जिन्हें हम 'साधारण' तथा 'आनुप्रयोगिक' भविष्यत् कह सकते हैं। साधारण भविष्यत् प्राकृत के 'चलिस्सामि' या 'चलिहामि' से सीधा व्युत्पन्न है, उदा० चालस्यूँ या चालहूँ। आनुप्रयोगिक भविष्यत् वर्तमान संभावनार्थ रूप मे एक विशेषण, प्रायः कृदंत जोड कर बनाया जाता है, यथा हिन्दी 'चलूँगा' (=अंगरेजी मे I am gone) (गा) That I may go (चलूँ)। कुछ बोलियो मे इनमे से एक रूप है, कुछ मे दूसरा एव कुछ में दोनों मिलते हैं।

साधारण भविष्यत्

	ब्रज	बुन्देली	राजस्थानी				गुजराती
			मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाड़ी	
एकवचन							
१	चलिहौं	चलिहौं	—	—	चलस्यूँ	चलहूँ	चालीस
२	चलिहै	चलिहे	—	—	चलसी	चलही	चालसे
३	चलिहै	चलिहे	—	—	चलसी	चलही	चालसे
बहुवचन							
१	चलिहैं	चलिहें	—	—	चलस्याँ	चलहाँ	चालीशुँ, चालशुँ
२	चलिहौ	चलिहो	—	—	चलस्यो	चलहो	चालशो
३	चलिहैं	चलिहें	—	—	चलसी	चलही	चालशे

आनुप्रयोगिक भविष्यत्

	ब्रज	बुन्देली	मेवाती	मालवी	जयपुरी	मारवाड़ी
एक० पुं०–१	चलौंगौ	चलूंगो	चलूँगो	चलूँगा	चलूँलो	चलूँला या–गो
बहु० पुं०–२	चलैंगे	चलाँगा	चलाँगा	चलाँला	चलाँला	चलाँला या–गा

मालवी एव मारवाड़ी में एकवचन के प्रत्यय अनुक्रम से–गा एवं–ला विशेष द्रष्टव्य हैं। साधारणतया इनकी जगह–गो एवं–लो होने का अनुमान होता

है, जो वास्तव मे नहीं पाया जाता। मेवाती एवं मारवाड़ी के–गो तथा जयपुरी के–लो से, भिन्न–गा एवं-ला के रूप अपरिवर्तित रहते है। ये लिंग वचन के साथ-साथ बदलते नही। ये विशेषण नही है, परिनिष्ठित (स्टैण्डर्ड) हिन्दी के–गा मे और इनमे वह स्पष्ट भेद है।

द–आनुयोगिक वर्तमान—यह वही साधारण वर्तमान है जिससे हिन्दुस्तानी मे हम भलीभाँति परिचित है। ब्रज एव बुन्देली के सदृश हिन्दुस्तानी में भी यह काल मुख्य क्रिया के वर्तमान काल के साथ वर्तमान कृदत जोड कर बनाया जाता है। उदा० मैं चलता हूँ। राजस्थानी में उक्त वर्तमान कृदन्त की जगह मुख्य क्रिया के साथ साधारण वर्तमान का रूप चलाया जाता है। गुजराती का भी यही मुहावरा है। उदा० जयपुरी के रूप ले लीजिए :—

एक वचन

१ मै चालूँ छूँ	= मैं चल रहा हूँ
२ तू चालै छै	= तू चल रहा है
३ वो चालै छै	= वह चल रहा है

बहुवचन

१ म्हे चालाँ छाँ	= हम चल रहे है
२ थे चालो छो	= तुम चल रहे हो
३ वै चालै छै	= वे चल रहे है

इस काल के प्रथम पुरुष एक वचन के विभिन्न भाषाओ के रूप इस प्रकार है। ब्रज एव बुन्देली के केवल पुलिंग रूप दिए गए है—

ब्रज—चलतु हौं।
बुन्देली—चलत हो या चलत आँव।
मेवाती—चलूँ हूँ। मालवी–चलूँ हूँ
जयपुरी—चलूँ छूँ।
मारवाडी—चलूँ हूँ।
गुजराती—चालुँ छुँ।

(क) अपूर्ण भूत—राजस्थानी मे साधारणतया यह काल मुख्य क्रिया के भूत के साथ क्रियार्थक सज्ञा के एक–ऐ अन्तिक तिर्यक् रूप को जोड़ कर बनाया जाता है। उदा० जयपुरी मे—मैं चालै छो (=I was on-going या पुरानी अगरेजी का I was a going तुलनीय है।) ऊपरी गांगेय दोआब मे भी ऐसा ही एक मुहावरा प्रचलित है, जो संभवत. राजस्थानी से लिया हुआ है। राजस्थानी से जिस मार्ग हो कर यह उत्तर गया वह स्पष्ट है। केवल मालवी मे इसका प्रयोग नही होता; मालवी पश्चिमी हिन्दी एव गुजराती की भाँति वर्तमान कृदन्त का व्यवहार करती है। वैकल्पिक रूप से वर्तमान कृदन्त का उपयोग मारवाड़ी मे भी होता है। विभिन्न बोलियों के अपूर्ण भूत रूप इस प्रकार है—

ब्रज—हौं चलतु हो।

बुन्देली—मैं चलत तो।

मेवाती—मैं चलै हो।

मालवी—हूँ चलतो थो।

जयपुरी—मैं चलूं छो।

मारवाड़ी—हूँ चलतो हो, हूँ चलूँ हो।

गुजराती—हूँ चालतो हतो।

ख—कृदन्त एव क्रियार्थक सज्ञा—नीचे राजस्थानी की विभिन्न बोलियो मे साधारणतः प्रयुक्त रूप दिए जाते है.—

	वर्तमान कृदन्त	भूत कृदत	क्रियार्थकसंज्ञाएँ	
ब्रज	चलतु	चल्यौ	चलनौं	चलिवौं
बुन्देली	चलत	चलो	चलन	चलवो
मेवाती	चलतो	चल्यो	चलणू	चलवो
मालवी	चलतो	चल्यो	चलणो	चलवो
जयपुरी	चलतो	चल्यो	चलणो	चलबो
मारवाड़ी	चलतो	चल्यो	चलणो चलणूँ	चलबो
गुजराती	चालतो	चाल्यो	—	चालवुँ

ऊपर के रूपो मे अन्तर बहुत थोड़ा है, पर जहाँ भी वह लक्षित होता है, वहाँ राजस्थानी बोलियो मे आपस में तथा उनसे गुजराती से साम्य द्रष्टव्य है। दूसरी ओर ब्रज एव बुन्देली के रूप भिन्न मिलते हैं।

वाक्य-विन्यास

पश्चिमी हिन्दी मे वक्ता क्रिया के पश्चात् श्रोता पचमी मे रखा जाता है, परन्तु राजस्थानी में इस जगह चतुर्थी प्रयुक्त होती है। यहाँ भी राजस्थानी एवं गुजराती के मुहावरे मे साम्य दिखाई पड़ता है।

पश्चिमी हिन्दी मे सकर्मक क्रिया का भूतकाल मे पुरुषरहित प्रयोग करते समय क्रिया हमेशा पु लिंग मे रखी जाती है, कर्म का लिंग चाहे जो हो। उदा० उसने स्त्री-को मारा (न कि मारी) = शब्दशः अगरेजी मे by him, with reference to the woman, a beating was done इसके प्रतिकूल, गुजराती मे क्रिया का लिंग कर्म के पीछे-पीछे चलता है। उदा० तेणे स्त्री-ने मारी (न कि मार्‍यो) = शब्दशः by him with reference to the woman, she was struck. राजस्थानी मे ऊपर के प्रयोगों मे से कभी पहले एवं कभी दूसरे का

व्यवहार पाया जाता है, जिससे यह जाहिर हो जाता है कि इस विषय में राज-स्थानी पश्चिमी हिन्दी एवं गुजराती के बीच की भाषा है।

राजस्थानी में स्वार्थे या अंगविस्तारक प्रत्ययों का बाहुल्य मिलता है। ये किसी शब्द के साथ उसके अर्थ में परिवर्तन न करते हुए जोड़ दिए जाते हैं। उदा० कतरो या कतरो-क (=कितना)। खाँ-गयो या खाँ-गयो-म (=वह कहाँ गया)। रो-एवं-ड़ो का प्रयोग भी साथ-साथ पाया जाता है, वास्तव में ये ह्स्वार्थे प्रत्यय है, किन्तु प्राय: इनके व्यवहार से अर्थ परिवर्तन बिल्कुल नहीं होता। इन स्वार्थे प्रत्ययों का बहुल प्रयोग राजस्थानी भाषा की एक खास विशिष्टता है।

निष्कर्ष

उपरोक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि राजस्थानी बोलियों का एक अलग समूह है जो एक ओर पश्चिमी हिन्दी से तथा दूसरी ओर गुजराती से भिन्नतर दृष्टिगोचर होता है। इसकी अपनी अलग सत्ता है, और इसे एक स्वतन्त्र भाषा-समूह गिनने के पर्याप्त कारण हैं। उदाहरणार्थ यह समूह पश्चिमी हिन्दी से पंजाबी की अपेक्षा भी काफी भिन्नतर नजर आता है और इसे पश्चिमी हिन्दी समूह की उपभाषाओं में रखना बिल्कुल गलत होगा। यदि इन्हें अद्यावधि मान्य किसी भाषा समूह के अन्तर्गत गिनना ही आवश्यक समझा जाय तो इन्हें गुजराती समूह के अन्तर्गत मानना पड़ेगा, न कि पश्चिमी हिन्दी समूह के।

नामरूपो मे राजस्थानी का गुजराती से साम्य है एवं पश्चिमी हिन्दी से भेद है। नामरूप बनाने के लिए प्रयुक्त परसर्ग भी या तो राजस्थानी के अपने स्वतन्त्र हैं या गुजराती से मिलते-जुलते। पश्चिमी हिन्दी से उनका सम्बन्ध नहीं है।

दो व्यक्तिवाचक सर्वनामों का विकास राजस्थानी का अपना निराला है। कहीं-कहीं इनका साम्य दृष्टिगोचर होता भी है तो गुजराती से ही। संकेतार्थ सर्वनामों के रूप गुजराती तथा पश्चिमी हिन्दी दोनों के बीच की सी स्थिति में पाए जाते हैं।

राजस्थानी के क्रियारूप उपरोक्त अन्य भाषाओं से बहुत भिन्न नहीं हैं, पर यहाँ भी प्रथम एव तृतीय पुरुष बहुवचन तथा अपूर्ण भूत के रूपों का राजस्थानी में स्वतन्त्र विकास दृष्टिगोचर होता है। निश्चयार्थ वर्तमान के सदृश महत्वपूर्ण रूप के विकास मे राजस्थानी एवं गुजराती बिल्कुल एकमत हैं। यह रूप पश्चिमी हिन्दी वाले रूप से तुलना मे सर्वथा भिन्न हैं।

जहाँ तक अलग-अलग उपभाषाओं का प्रश्न है, मेवाती का साम्य पश्चिमी हिन्दी से सर्वाधिक है। मालवी में यत्र-तत्र बुन्देली से साम्य दिखाई पड़ जाता है तथा जयपुरी एवं मारवाड़ी का गुजराती से बहुत घना सादृश्य पाया जाता है।

आगे प्रत्येक उपभाषा का विस्तृत विवेचन दिया गया है।

मारवाड़ी

व्यवहार-क्षेत्र

परिनिष्ठित (स्टैण्डर्ड) मारवाड़ी राजपूताना के मारवाड-मालानी स्टेट मे बोली जाती है। अपने थोड़े-बहुत मिश्रित रूप में यह पड़ोस के अजमेर-मेरवाड़ा, किशनगढ तथा मेवाड राज्यों मे बोली जाती है। दक्षिण मे सिरोही एव पालणपुर मे, पश्चिम मे जैसलमेर राज्य एव सिन्ध के थर एव पारकर जिलो मे; उत्तर मे बीकानेर, जयपुर के शेखावाटी विभाग तथा पजाब के दक्षिण मे मारवाडी बोली जाती है। उपर्युक्त सारे प्रदेश मे इसके बोलने वालो की सख्या लगभग ६० लाख है।

सीमाएँ—मारवाडी के पूर्व मे राजस्थानी की पूर्वीय बोलियाँ है जिनमे जयपुरी को हमने परिनिष्ठित माना है। दक्षिण मे मालवी एव कुछ भीली बोलियाँ हैं; दक्षिण-पश्चिम मे गुजराती का क्षेत्र है, पश्चिम मे दक्षिण की ओर सिन्ध एव खैरपुर मे सिन्धी तथा उत्तर मे बहावलपुर राज्य की लहंदा बोली जाती है। उत्तर-पश्चिम मे पंजाबी है। भटियाणी नाम की एक बोली से होते हुए, जिसका राजस्थानी से कोई सबध नही है, यह लहदा-पजाबी मे परिवर्तित हो जाती है। उत्तर-पश्चिम मे इसका पजाबी तथा बागडी से होते हुए पश्चिमी हिन्दी की बागड़ू बोली मे लोप हो जाता है। ठीक उत्तर-पूर्व मे उत्तर की ओर मेवाती बोली जाती है।

जयपुरी से तुलना

परिनिष्ठित मारवाड़ी एवं जयपुरी मे संबध-परसर्ग-को है जब कि मारवाड़ी मे यह–रो है। जयपुरी मे मुख्य क्रिया छूँ (=हूँ), छो (=था) है, जब कि मारवाड़ी में हूँ (=हूँ), हो (=था) है। जयपुरी मे भविष्यत् के दो रूप होते हैं। एक का विशिष्ट मध्य-विन्यस्त प्रत्यय -स् है; उदा० मारस्यूँ (=मैं मारूँगा) दूसरे मे-लो प्रत्यय का व्यवहार होता है। इसका रूप लिग-वचन के अनुसार बदल जाता है; उदा० मारूँ-लो (=मैं मारूँगा)। मारवाड़ी मे भविष्यत् के तीन रूप पाये जाते है। एक मे -ह का प्रयोग होता है, यथा मार-हूँ (=मैं मारूँगा), दूसरे मे-ला-का प्रयोग होता है, पर इसका रूप लिग-वचन के साथ नही बदलता; यथा मारूँ-ला (=मैं मारूँगा); तीसरे मे हिन्दी-गा के सदृश-गो का उपयोग होता है, यथा मारूँ-गो।

बोलियाँ

परिनिष्ठित (स्टैण्डर्ड) मारवाड़ी मारवाड़ राज्य के मध्य मे बोली जाती है । मारवाड़ के उत्तर-पूर्व मे किशनगढ़, अजमेर एवं पश्चिमी मेरवाड़ा में मारवाड़ी के साथ कुछ-कुछ जयपुरी का मिश्रण हो जाता है । दक्षिण-पूर्व में मारवाड़ी का एक सुप्रसिद्ध रूप प्रचलित है जिसे प्रदेशानुसार मेवाड़ी या मेरवाडी कहा जाता है । दक्षिण मे सिरोही राज्य तथा गुजरात के पालणपुर राज्य के उत्तर में मारवाड़ी पर गुजराती का प्रभाव पडता है, एव फलस्वरूप एक दक्षिणी बोली बनती है । पश्चिम मारवाड़, जैसलमेर तथा सिन्ध के थर-पारकर जिलो की मारवाड़ी पर सिन्धी का प्रभाव स्पष्ट लक्षित होता है । इस तरफ कई छोटी-मोटी बोलियाँ प्रचलित हैं जिनमें थली तथा ढटकी मुख्य हैं; इन्हे पश्चिमी मारवाड़ी के अन्तर्गत माना गया है । उत्तर मे बीकानेर तथा बहावलपुर के पड़ोस के भाग मे एक प्रकार की उत्तरी मारवाड़ी मिलती है; एक ओर जयपुर की शेखावाटी है जिसमे मारवाड़ी धीरे-धीरे जयपुरी मे अन्तर्हित हो जाती है, एव दूसरी ओर उत्तर-पूर्व बीकानेर तथा दक्षिण पजाब की बागड़ी है जो पंजाब में पंजाबी तथा बांगड़ू में अन्तर्हित हो जाती है । एक बात साफ द्रष्टव्य है : मारवाड़ी-भाषी प्रदेश के बिल्कुल मध्य मे मारवाड़ एवं मेवाड़ के बीच स्थित अरावली पर्वतमाला के निवासी विभिन्न भील बोलियाँ बोलते हैं ।

बोलने वालों की संख्या

नीचे के चक्र मे उस प्रदेश के मारवाड़ी-भाषियो की सख्याएँ दी गई है, जहाँ मारवाड़ी घर की बोली है ।

परिनिष्ठित (स्टैण्डर्ड) मारवाड़ी

मारवाड़		१५,९१,१६०

पूर्वी मारवाड़ी—

मारवाडी-ढूंढाड़ी (मारवाड़)	४९,३००	
गोड़ावाटी (किशनगढ़)	१५,०००	
मारवाड़ी (अजमेर की)	२,०८,७००	
मारवाड़ी (मेवाड़ की)	१७,०००	
मेवाड़ी (मेरवाड़ी सहित)	१६,८४,८६४	
		१९,७४,८६४

दक्षिणी मारवाड़ी—

गोडवाडी (मारवाड़) १,४७,०००

सिरोही–

(सिरोही) १ ६९,३००

(मारवाड)	१०,०००		
		१,७६,३००	
देवडावाटी (मारवाड़)		८६,०००	
मारवाडी-गुजराती—			
(मारवाड)	३०,२७०		
(पालणपुर)	३५,०००		
		६५,२७०	
			४,१७,५७०
पश्चिमी मारवाडी—			
थळी—			
(मारवाड़)	३,८०,९००		
(जैसलमेर)	१,००,०००		
		४,८०,९००	
मिश्रित बोलियाँ		२,०४,७४९	
			६,८५,६४९
उत्तरी मारवाड़ी—			
बीकानेरी—			
(बीकानेर)	५,३३,०००		
(बहावलपुर)	१०,७७०	५,४३,७७०	
शेखावाटी		४,८८,१७०	
वागड़ी		३,२७,३५९	
			१३,५९,१४६
मारवाड़ी प्रदेश के मारवाड़ी-भाषियो की कुल सख्या :			६०,८८,३८९

मारवाड़ी भारत के सफल व्यवसायी हैं। भारत के कोने-कोने मे शायद ही कोई ऐसी जगह मिलेगी जहाँ थोडे-बहुत मारवाडी साहूकारी धन्धा न करते पाये जाँय। मारवाड़ियो की घर से दूर इतर प्रातो मे कितनी सख्या है, इसे उपलब्ध करने के लिए आँकडे सुलभ नही है। नीचे दिए हुए अपूर्ण आँकडे १८९१ ई० की जनगणना पर आधारित है। इनमे बहुत से प्रान्तो के आँकडे शामिल है और जहाँ आँकडे दिये गये है, वे भी शकास्पद है, क्योकि नि.सन्देह जयपुरी आदि अन्य उपभाषाओ के बोलने वालो को भी, मारवाडी मे सम्मिलित कर लिया गया है।

राजपूताना तथा अजमेर-मेरवाड़ा के अतिरिक्त बाकी भारत के मारवाड़ी-भाषी—

आसाम	५,४७५	
बंगाल	६,५६१	
बरार	३६,६१४	
देशी राज्यो सहित बम्बई	२,४१,०६४	(प्रांतीय संख्या २,७६,०६ है, जिसमे पालणपुर के ३५,००० कम किये गये हैं)
ब्रह्मा	—	
मध्य-प्रदेश (देशी राज्यो समेत)	२२,५६६	
मद्रास (,, ,,)	१,१०८	
युक्त प्रान्त (,, ,,)	२,२२८	
पंजाब (,, ,,)	१,३०,०००	(अन्दाजन—पृथक् आँकड़े अनुपलब्ध)
निजाम का राज्य	—	(आँकड़े अनुपलब्ध)
बड़ौदा	४,८५६	
मैसूर	५७६	
राजपूताना	—	(आँकड़े अनुपलब्ध)
मध्य भारत	—	,,
कुर्ग	१	
काश्मीर	—	(आँकड़े अनुपलब्ध)
	कुल ४,५१,११५	

ऊपर दी हुई संख्या के अतिरिक्त भारत के कई भागो में यत्र-तत्र कई ऐसी जातियाँ बिखरी मिलेंगी, जो मारवाड़ी का एक या दूसरा रूप बोलती है। उदा० सिन्ध-पंजाब के ओड। इनमे से कुछ एक प्रकार की विकृत-सी मारवाड़ी बोलते है और कुछ अन्य भाषाएँ। अतएव उन्हे मारवाडी में न गिन कर यायावर जातियो के समूह मे लेना ही अधिक उपयुक्त जान पड़ता है। इनसे अधिक निश्चित रूप से मारवाडी से सम्बन्धित बोलियाँ महेश्री तथा ओसवाळी हैं, ये मध्य-प्रान्त के चांदा जिले में बोली जाती हैं। ये दोनो मारवाड़ी-भाषी व्यापारी जातियों की

वोलियाँ है। अतएव मध्य-प्रान्त के आँकड़ो मे इनकी संख्या शामिल करली गई है। मध्य-प्रान्त के नरसिंहपुर जिले मे वसे हुए कीर भी इसी प्रकार है। ये जयपुर से आये वताये जाते है और खरवूजो की खेती करते है। अनुमान से तो इनकी भाषा मे पूर्वी राजस्थानी के उपादान मिलने चाहिए, पर उनकी भाषा के जो उदाहरण लेखक को मिले है, वे निश्चित रूप से मारवाडी एव मालवी का एक मिश्रित रूप हैं। मध्य-प्रदेश की एक और वोली भोयारी है, जिसे मारवाडी के अन्तर्गत गिना जाता है। दरअसल यह विकृत वुन्देली के अतिरिक्त कुछ नही है। युक्त-प्रात के फर्रुखावाद के आँकडो मे चूरूवाली नाम से एक वोली का उल्लेख मिलता है। यह वास्तव मे वीकानेर-स्थित चूरू से आये हुए व्यापारी वर्ग चूरूवालो की वोली है। यह एक प्रकार की विकृत वीकानेरी ही है और इसके आँकडे भी मारवाडी मे शामिल कर लिये गये है। इस प्रकार मारवाडी-भाषियो की कुल सख्या नीचे दिये हुये आँकड़ो के अनुसार हो जाती है—

घर मे	६०,८८,३८९
घर से वाहर	४,५१,११५
योग	६५,३९,५०४

अनुपलव्ध आँकड़ो का घ्यान रखते हुए, भारत मे मारवाडी वोलने वालो की कुल सख्या कम से कम ६५,५०,००० मानने मे कोई गलती नही होगी।

मारवाड़ी-साहित्य

मारवाड़ी मे विशाल प्राचीन मारवाडी-साहित्य की रचना हुई है, जिसके वारे मे वहुत कम जानकारी उपलव्व है। लेखकगण कभी मारवाड़ी मे साहित्य-रचना करते थे और कभी व्रज-भाषा मे। मारवाडी रचनाओ की भाषा डिंगल एव व्रज की पिंगल कही जाती थी। डिंगल का कुछ भी साहित्य अब तक प्रकाश मे नही आया है। लेखक ने इस भाषा के कुछ छन्द-ग्रन्थ देखे है, और यह निश्चित रूप से विदित है कि इसमे वहुत सा महत्वपूर्ण भाट-चारण साहित्य उपलब्ध है। श्री रॉब्सन ने मारवाड़ी की कुछ नाट्य-रचनाओ का सग्रह प्रकाशित किया है जिसका नीचे उल्लेख किया गया है। प्रसिद्ध कवयित्री मीरावाई मेवाड़ की राजरानी थी, परन्तु उनकी जो रचनाये अवतक लेखक के देखने मे आई, वे व्रज-भाषा मे है।

अधिकृत सूत्र—

मारवाड़ी विषयक ग्रन्थ वहुत कम है। लेखक को जितने ज्ञात है वे है—

Robson, Rev. J.—A Selection of Khyals or Marwari Plays, with an Introduction and Glossary. Beawar Mission Press, 1866.

Kellogg, Rev. S.H.—A Grammar of the Hindi Language, in which are treated the High Hindi............also the Colloquial of .... Rajputana .. .... with Copious Philological notes. First Edn. Allahabad and Calcutta 1876. Second Edn. London, 1893.

Fallon, S.W.—A Dictionary of Hindustani Proverbs, including many Marwari, Panjabi, Maggah, Bhojpuri and Tirbuti Proverbs, Sayings Emblems, Aphorisms, Maxims and Similies, by the late S. W. F., edited and revised by Capt. R. E. Temple, assisted by Lala Faquir Chand Vaish of Delhi. Benares and London, 1886.

Pandit Ram Karn Sharma—Marwari Vyakarana. एक मारवाड़ी में लिखित मारवाड़ी व्याकरण। प्रकाशन-तिथि एवं जगह नही दी हुई है। संभवत: जोधपुर ? लगभग १९०१ ई०।

लिपि

छपी हुई पुस्तकों आदि मे देवनागरी का व्यवहार होता है। पत्र-व्यवहार तथा वहीखातो मे उसी के एक विगड़े हुये स्वरूप का उपयोग होता है, जो उत्तरी भारत की 'महाजनी' एवं मराठी की 'मोडी' से मिलता-जुलता है। * इसके कुछ अक्षर विचित्र से है तथा अक्षर-जोड़नी में बड़ी ढिलाई रहती है। अधिकांशत: स्वरो को छोड़ दिया जाता है, जिससे लेखन बड़ा दुर्बोध हो जाता है। इस लिपि के टाइप ढले नहीं हैं। आगे के पृष्ठो मे इसमे लिखे गए कुछ उदाहरणो के हुबहू चित्रांकन दिये गए है।

---

* महाजनी लिपि वास्तव मे यही मारवाड़ी लिपि है, जो व्यापारियो के साथ-साथ सारे भारत मे फैल गई है। स्वरो की अनुपस्थिति से, इसकी दुर्बोधता के विषय मे कई कहानियाँ चल पडी हैं। इनमे से सर्वाधिक प्रचलित दिल्ली जाने वाले मारवाडी सेठ की है। उसके मुनीम ने पत्र मे लिखा—'बाबू अजमेर गयो, बडी वही भेज दीजे।' बिना स्वरो के यह पढ़ा गया—'बाबू आज मर गयो, बड़ी बहू भेज दीजे' क्रियाकर्म करने के लिए।

व्याकरण

आगे दिया हुआ व्याकरण एकत्रित उदाहरणो एवं पडित रामकर्ण शर्मा रचित 'मारवाड़ी व्याकरण' पर आधारित है। एक बात खास द्रष्टव्य है कि मारवाडी मे क्रिया का एक अगोद्भूत कर्मणि रूप मिलता है। यद्यपि मारवाडी का व्याकरण हम अन्य उपभाषाओ के पहले दे रहे है, तथापि उसका विवेचन इतना सम्पूर्ण नही दिया जा सका जितना मध्य-पूर्वी राजस्थानी का। लेखक ने मध्य-पूर्वी राजस्थानी को राजस्थानी का प्रतिनिधि रूप इसलिए मान लिया है कि उसकी सामग्री व उसका विवेचन हमे अन्य उपभाषाओ की अपेक्षा अधिक परिमाण मे उपलब्ध है। पाठक या विद्यार्थी से भी यह अनुरोध है कि वह पहले मध्य-पूर्वी राजस्थानी की व्याकरण देख जाय क्योकि उसमे मारवाडी के विषय मे कई स्थानो पर तुलनीय उल्लेख है।

उच्चारण

सज्ञाओ के तिर्यक् बहुवचन की विभक्तिओ मे -आ का उच्चारण मोटे तौर पर अग्रेजी all -आ की तरह विवृत होता है। सयुक्त स्वरो ऐ और औ की दो-दो ध्वनियाँ होती है। तत्सम शब्दो मे इनका उच्चारण संस्कृत-ध्वनि की तरह होता है। तद्भव शब्दो मे उच्चारण अधिक ह्रस्व होता है; ऐ का उच्चारण लगभग Hat के a की तरह, तथा औ का उच्चारण लगभग Hot के o की तरह किया जाता है। अतएव इन विवृत उच्चारणो को अलग दिखाने के लिए 'ए॑, ओ॑' इन चिह्नो का उपयोग किया गया है। प्राय: ए तथा ए॑ एव ओ तथा ओ॑ ध्वनियो के बीच अधिक अन्तर नही होता।

पूर्वी राजस्थानी की भाँति इ तथा अ स्वर एक दूसरे की जगह आ सकते हैं, उदा० जर्णॅ-रॅ की जगह जिर्णॅ-रॅ (=एक व्यक्ति को)। च, छ का उच्चारण साधारणतया स किया जाता है। उदा० चक्की > सक्की; छाछ > सास। यह उच्चारण सर्वत्र निरपवाद रूप से नही मिलता, इसलिए लेखक ने लिपिकरण मे इसे प्रतिनिधित्व नही दिया।

मूर्द्धन्य ल साधारणतया सर्वत्र मिलता है। यह प्राकृत के 'ल' का वशज है। उदा० प्राकृत चलिओ (=गया) मारवाड़ी मे चळिओ हो जाता है। दंत्य ल प्राकृत के ल्ल से आया हुआ है। उदा० प्राकृत चल्लिओ का मारवाडी मे चालियो हो जाता है। प्राय: लेखन मे ḶL 'ल़' लिखा जाता है न कि 'ळ'।

मारवाडी लिपि मे ड और ड़ के लिए अलग अलग चिह्न हैं। हिन्दी मे ḍ के लिए ड तथा ṛ के लिए उसी के नीचे बिन्दी लगा कर ड़ बना लिया जाता

है, मारवाडी मे ऐसा नही है। मारवाड़ी मे इन दोनो ध्वनियो के लिए स्वतत्र चिह्न हैं, ड के लिए 'ड' तथा ड़ के लिए 'ड़'। छपाई में जब ड का टाइप कम पड़ जाता है तब उसकी जगह नागरी के 'म' का उपयोग किया जाता है जिससे बडी गडबडी एवं असुविधा होती है। उदा० 'बमो' को 'बनो' पढा जाय या 'बडो' इसका अनुमान संदर्भ से ही लगाना पडता है। मारवाड़ी उदाहरणो को देवनागरी मे छपते समय लेखक ने ḍ तथा ṛ ध्वनियो के लिए क्रमश: ड तथा ड का ही व्यवहार किया है : ह-कार तथा महाप्राणत्व प्राय: लेखन मे नही दिखाया जाता। उदा० पढणो की जगह पडणो (=पढना), पहिलो की जगह पइलो (=पहला), कहणो की जगह कॅणो (=कहना) इत्यादि।

स का उच्चारण प्राय. अंग्रेजी sh की तरह किया जाता है। यह नियम लगभग सभी बोलियो के लागू होता है।

नामरूप

नामरूप नीचे दिये जाते हैं। यह बात द्रष्टव्य है कि तृतीय रूप के साथ कभी 'ने' परसर्ग नही आता। उसका सप्तमी की तरह अपना एक अलग रूप चलता है।

ओकारान्त तद्भव पुंलिग 'घोडो'

	एक०	बहु०
प्रथ०	घोडो	घोडा
तृ०	घोडे, घोडॅ	घोडाँ
सप्त०	घोडे घोडॅ	घोडाँ
तिर्यक्	घोडा	घोडाँ

व्यंजनांत तद्भव पुंलिग 'घर'

	एक०	बहु०
प्रथ०	घर	घर
तृ०	घर	घराँ
सप्त०	घरे, घरॅ, घरा, घराँ	घराँ
तिर्यक्	घर	घराँ

ईकारान्त स्त्रीलिंग तद्भव 'घोडी'

प्रथ०	घोडी	घोडियाँ, घोड्याँ
तृ०	घोडी	घोडियाँ, घोड्याँ
सप्त०	—	घोडियाँ, घोड्याँ
तिर्यक्	घोडी	घोडियाँ, घोड्याँ

व्यंजनांत स्त्रीलिंग तद्भव 'वात' (=शब्द)

प्र०	वात	वाताँ
तृ०	वात	वाताँ
सप्त०	—	बाताँ
तिर्यक्	बात	बाताँ

कभी-कभी आँ वाला स्त्रीलिंग सप्तमी का रूप भी मिल जाता है, उदा० उण विरियाँ (=उस समय)

अन्य सज्ञा शब्द

	एक०		बहु०	
	प्र०	तिर्यक्	प्र०	तिर्यक्
पुं०	राजा	राजा	राजा	राजावाँ
	मुनि	मुनि	मुनि	मुनियाँ
	तेली	तेली	तेली	तेलियाँ
	साधु	साधु	साधु	साधुवाँ
	बाबू	बाबू	बाबू	बाबुवाँ
स्त्री.	मा	मा	मावाँ	मावाँ
	मूर्ति	मूर्ति	मूर्तियाँ	मूर्तियाँ
	तमाखू	तमाखू	तमाखुवाँ	तमाखुवाँ
	बहू	बहू	बहुवाँ	बहुवाँ
	गउ	गउ	गउवाँ	गउवाँ

मुख्य-मुख्य परसर्ग ये हैं:—

द्वि० च०	नँ॰	नँ	कनँ	रँ
तृ० पं०	सूँ	ऊँ	—	—
ष०	रो	को	तणो	हंदो
स०	मे	मँ	माहेँ	माई, माँय

इन मे कुछ बातें द्रष्टव्य है : चतुर्थी (एवं द्वितीया) के परसर्ग नँ (या नँ॰) क्रमश: नो एवं रो के सप्तमी रूप है : कनइ कँ-नँ का संक्षिप्त रूप है और कँ-नँ स्वयं को-नो का सप्तमी रूप है। को, नो, रो आदि सब षष्ठी के परसर्ग है। को तथा रो मारवाड़ी मे एव नो पड़ोस की भाषा गुजराती मे मिलते है। रँ के विषय मे और अधिक विवेचन आगे किया जायगा।

साधारणतया षष्ठी का परसर्ग रो ही पाया जाता है। तणो एवं हन्दो पुराने हो चुके हैं एवं अब केवल कविता मे पाये जाते है। षष्ठी परसर्ग के रूप मे को का व्यवहार मारवाडी के उन सीमास्थित प्रदेशो मे मिलता है जहाँ आगे मेवाड़ी या मालवी बोली जाती है।

सूक्ष्म भाषातात्त्विक दृष्टि से देखा जाय तो रो, रॅ एव नॅ को जैसा गुजराती मे किया जाता है, संज्ञा शब्द के साथ बिना संयोजक चिह्न (–) लगाये ही लिखना उपयुक्त होगा, जब कि को, तणो एव हन्दो के पहले संयोजक–चिह्न लगाना आवश्यक प्रतीत होता है। उदा० घोडानो, घोडारॅ, घोडानॅ, एवं घोडा-को, घोडा-तणो, घोडा-हन्दो। इसके व्युत्पत्तिमूलक कारण का विवेचन गुजराती भाषा के विवेचन मे दिया गया है। राजस्थानी मे संयोजक चिह्न लगाने व न लगाने, दोनों के उदाहरण है, अतएव इस नियम का अनुसरण करने से पाठक के सामने गड़बड़ी उत्पन्न हो सकती है। इस कारण लेखक ने राजस्थानी मे भी, भाषातात्त्विक शुद्धि को छोड़ कर, सर्वत्र सयोजकचिह्न का व्यवहार किया है, उदा० घोडा-रो, घोडा-रॅ, घोडा-नॅ।

पूर्वी राजस्थान मे षष्ठी के इन परसर्गो मे परिवर्तन दृष्टिगोचर होता है। रो (को, तणो, हन्दो) मे इस प्रकार परिवर्तन हो जाता है:—

पु लिंग संज्ञा के तिर्यक् एकवचन या बहुवचन के पहले—रा (का, तणा, हन्दा)।

किसी भी स्त्रीलिंग सज्ञा के पहले–री (की, तणी, हन्दी), किसी भी पु लिंग संज्ञा शब्द के तृतीया रूप के पहले–रे, रॅ (या कभी-कभी रा)।

×आगॅ, पछॅ आदि परसर्ग वास्तव मे संज्ञा शब्दों के सप्त० रूप है, अतएव वाक्य मे इनसे संबधित संज्ञा शब्द षष्ठी में रखे जाते है। रॅ या रे स्वय भी सप्त० रूप हैं जिनका शाब्दिक अर्थ 'मे का' (in of) होता है।

उदा०—

खेत-रो धान; राजा-रा घोडा-सूँ;

खेत-री काकडियाँ; घर-री पछॅ;

थाँ-रॅ बाप-रॅ घर मॅं; आप-रॅ खेतॉ-मॅं;

इण-रॅ हात-मॅं; खेतॉ-रॅ पाळी; उण देस-रॅ;

थॉ-रॅ बाबो-सा गोठ कीवी;

उण-रॅ बाप दीठो।

× अपेक्षित चिह्न के अभाव मे प्रेस द्वारा ॅ चिह्न का प्रयोग किया गया है।

चतुर्थी के सभी परसर्ग व्युत्पत्ति की दृष्टि से षष्ठी के परसर्गो के सप्तमी रूप है, (नँ या नँ स्वयं, गुजराती षष्ठी परसर्ग नो का सप्त० रूप है)। अतएव प्राय: रँ का प्रयोग भी चतुर्थी व्यक्त करने के लिए होता है, परन्तु ऐसे स्थलो पर यह परसर्ग तिर्यक् रूप के न लगाया जा कर सप्तमी रूप के लगाया जाता है। उदा० म्हँ उण-रँ बेटॅ-रँ घणा चाबकियाँ-री दीवी हँ (=मैंने उनके लडके के बहुत चाबुके मारी है), एक जणॅ-रँ दोय डावड़ा हा (=एक आदमी के दो लड़के थे), उण-रँ गोठ (=उनके लिए दावत)। पहले उदाहरण मे यह द्रष्टव्य है कि उण-रँ मे रँ का रूप बेटॅ के अनुसार सप्तमी में रखा गया है। इसी प्रकार जब एक षष्ठी रूप का चतुर्थी से संबद्ध प्रयोग होता है, तब रा की जगह रँ का प्रयोग होता है (ऐसी स्थिति में प्राय: चतुर्थी वाले शब्द का परसर्ग स्वय सप्तमी मे व्यवहृत होता पाया जाता है)। उदा० आप-रँ बाप-नँ कयो (=अपने बाप-से कहा) आप-रँ हुकम-नँ लोपियो नही (=आपके हुक्म को तोड़ा नही)।

जब सज्ञा शब्द स्वय मँ परसर्ग के साथ सप्तमी मे ही होता है, तब मँ तिर्यक् रूप के साथ न लगाया जा कर—एँ-अन्तवाले सप्तमी रूप के साथ लगाया जाता है, उदा० कूफँडॅ-मँ, न कि कुफँडा-मँ (=व्यभिचार में)।

ऊपर दिये गये विवरण के अनुसार घोडा शब्द के सब कारक-रूप इस प्रकार है:—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	घोडो	घोडा
तृ०	घोडे, घोडॅ	घोडाँ
द्वि०	घोडो, घोडा–नँ	घोडा, घोडाँ–नँ
करण	घोडा–सूँ, घोडा–ऊँ	घोडाँ–सूँ, घोडा–ऊँ
चतु०	घोडा–नँ	घोडाँ–नँ
पं०	घोडाँ–सूँ,–ऊँ	घोडाँ–सूँ, घोडाँ–ऊँ
ष०	घोडा–रो (को,–तणो,–हन्दो)	घोडाँ–रो (को,–तणो,–हन्दो)
स०	घोडे, घोडॅ, घोडा–मे	घोडाँ, घोडाँ–मे
अष्ट०	हे घोडा	हे घोडाँ

विशेषण

विशेषण प्राय. हिन्दोस्तानी के नियमो के अनुसार ही चलते हैं। ओकारान्त तद्भव विशेषणो का पुंलिंग तिर्यक् रूप—आकारान्त हो जाता है तथा स्त्रीलिंग ईकारान्त। उदा०

काळो घोडो हवा—रा जिउँ जाय—है ।

(काला घोड़ा हवा की तरह जाता है ।)

काळा घोडा—नैं दोडावो ।

(काले घोड़े को दौड़ाओ) ।

काळी घोडी वडी सैतान है ।

(काली घोड़ी बड़ी शैतान है) ।

काळी घोडीं—नैं दोडावो ।

(काली घोड़ी को दौडाओ) ।

संज्ञा शब्द तृतीया मे होने पर विशेषण को तृतीया मे ही रखा जाता है। उदा० काळे घोडे लात मारी (=काले घोडे ने लात मारी); नॅनक्यॅ डावड़ॅ गयो (=छोटा लड़का गया) अगरेजी मे शब्दश: By the youngest son it was gone. इसी प्रकार सज्ञा सप्तमी में होने पर विशेषण भी सप्तमी मे रखा जाता है, उदा० छोटॅ घर मॅ (=छोटे घर मे) ।

तुलना करते समय पंचमी का उपयोग किया जाता है, या (गुजराती की तरह) 'करताँ' का 'की अपेक्षा' अर्थ मे व्यवहार किया जाता है । उदा० उच्चारण में मूल स्वराँ करताँ लम्बा बोलीजॅ (=उच्चारण मे वे मूल स्वरों की अपेक्षा दीर्घ बोले जाते हैं ।)

संख्यावाचक विशेषण

संख्यावाची शब्द शब्दावली मे दिए गए है। दोय (=दो) का तिर्यक् एव तृतीया रूप दोयाँ होता है; इसी प्रकार तीन का तीनाँ होता है ।

क्रम संख्यावाचकों के कुछ उदाहरण ये हैं—पॅलो (=पहला); दूजो (=दूसरा); तीजो (=तीसरा); चोथो (=चौथा); पाँचवो (पाँचवाँ); छट्ठो (=छठा); सातवो (=सातवाँ); आठवो (=आठवाँ); नवमो (=नौवाँ); दसवों (दसवाँ) इत्यादि। पाँचवों का तृतीया पाँचवें तथा तिर्यक् रूप पाँचवाँ होता है। ओं अन्तवाले अन्य क्रम संख्यावाचकों के रूप एक प्रकार से निरपवाद चलते हैं। (गुजराती की तरह) 'अन्तिम' के लिए 'छेलो' पाया जाता है।

सर्वनाम

साधारणतया द्वि सर्वनामो के द्वि०—च० एवं ष० के विशेष रूप होते हैं ।

प्रथम पुरुष सर्वनाम के रूप इसी प्रकार होते हैं। इसके दो प्रकार के बहुवचन होते हैं। एक 'आपाँ' जिसमें सम्बोधित व्यक्ति शामिल रहता है, दूसरे 'म्हे' जिसमें सम्बोधित व्यक्ति शामिल नहीं भी हो सकता है। 'म्हे' का अर्थ होता है 'हम' और 'आपाँ का 'आपके साथ हम ।

	एकवचन	बहुवचन	
		संबोधित व्यक्ति शामिल	संबोधित व्यक्ति शामिल नही
प्र०	हूँ, म्हूँ	आपाँ	म्हे, मे
तृ०	म्हँ, मँ	आपाँ	म्हाँ, माँ
द्वि०-च०	म्ह-नँ, म-नँ	आपाँ-नँ	म्हाँ-नँ, माँ-नँ
ष०	म्हारो, मारो	आपाँ-रो	म्हाँ-रो, माँरो
तिर्यक्	म्हँ, मँ, म्हारा, मारा म्हारँ, मारँ	आपाँ	म्हाँ, माँ, म्हाँरा, माँरा म्हाँरँ, माँरँ

द्वितीय पुरुष

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	तूँ, थूँ	थे, तमे
तृ०	थँ, तँ	थाँ, तमाँ
द्वि०-च०	थ-नँ, त-नँ	थाँ-नँ, तमाँ-नँ
ष०	थारो	थाँरो, तमाँ-रो
तिर्यक्	थँ, तँ, थारा, थारँ	थाँ, थाँरा, थारँ, तमाँ

द्वितीय पुरुष सर्वनाम का आदर-रूप 'आप' है। इसके भी बराबर रूप चलते है। उदा० आप-नँ (=आपको), आप-रो (=आपका)। दूसरा आदरार्थे सर्वनाम 'राज' है जिसके भी बराबर रूप चलते है। आदर व्यक्त करने के लिए किसी संज्ञा शब्द मे 'जी' 'जी-सा', या 'साब' भी जोड़ दिए जाते है, उदा० रावजी-सा, ठाकुर-सा, सेठ-साब—ये सब उपाधियाँ है, बाबो-सा या बाबो-जी (=हे पिताजी)।

निजवाचक सर्वनाम भी 'आप' है, उदा० आप-रो (=अपना)।

तृतीय पुरुष के रूप की जगह निर्देशक सर्वनाम 'ओ' (=यह) तथा 'वो' (=वह) का प्रयोग होता है। इनके स्त्रीलिंग रूप केवल प्रथम एकवचन मे ही मिलते है। रूप-तालिका इस प्रकार होगी—

	यह		वह	
	एक०	बहु०	एक०	बहु०
प्र०	ओ, यो	एँ, ए	वो, ओ, उवो	वँ, वे, उवँ, उवे
द्वि०	(स्त्री०) आ या		(स्त्री०) वा, उवा	—
तृ०	इण	एँ, आँ, याँ, इणाँ	उण	वँ, वाँ, उवाँ, उणाँ वणाँ
द्वि०-च०	ईं-नँ इण-नँ, अणी-नँ	—	उँ-नँ, उण-नँ, वणी-नँ	—
ष०	इण-रो	—	उण-रो	—
ति०	ईं, इण, अणी	एँ, आँ, याँ, इणाँ	ऊँ, उण, वणी	वँ, वाँ, उवाँ, उणाँ वणाँ

सम्बन्धवाचक सर्वनाम का प्रयोग प्रायः निर्देशक सर्वनाम के रूप में भी पाया जाता है।

सबन्धवाचक एव नित्यसम्बन्धी सर्वनाम 'जो' या 'जिको' तथा 'सो' या 'तिको' है। इनका प्रथमा मे एक-एक स्त्रीलिंग रूप भी होता है। इनकी रूप-तालिका नीचे दी जाती है—

	सबंधवाचक	नित्यसंबधी
	एकवचन	
प्र०	जो, ज्यो, जिको, जको (स्त्री०) जिका, जका	सो, तिको (स्त्री०) तिका
तृ०	जिण, जण, जणी, जिणी जीं, जिकण, जिकँ	तिण, तिणी
ति०	जिण, जण, जणी, जीं, जिकण	तिण, तिणी
	बहुवचन	
प्र०	जो, ज्यो, जिका, जिकँ, जकँ	सो, तिका, तिकँ
तृ०	जँ, जाँ, ज्याँ, जिणाँ, जणाँ, जिकाँ	तिणाँ, तिकाँ
ति०	जँ, जाँ, ज्याँ, जिणाँ, जणाँ, जिकाँ	तिणाँ, तिकाँ

सम्बन्धवाचक रूप का निर्देशक सर्वनाम के रूप मे प्रयोग लगभग सर्वत्र मिलता है। पूर्वी राजस्थानी मे भी यही स्थिति है। इसके बहुत से उदाहरण आगे दिए हुए भाषा के नमूनो मे मिलेंगे।

प्रश्नवाचक सर्वनाम 'कुण'=कौन (पु०-स्त्री०) काँई =क्या (नपुं०) है। इनके रूप नीचे दिए जाते है:—

	पु०-स्त्री०		नपु०
		एकवचन	
प्र०	कुण, कण		काँई, कँ, कऊँ
तृ०	कुण, कण, कुणी		कुणी
ति०	कणी, किण, कीं		—
		बहुवचन	
प्र०	कुण, कण	—	—
तृ०	कुणाँ, कणाँ, किणाँ	—	—

अनिश्चयवाचक सर्वनामो मे 'कोई, काँई, कँ, या कीं' मिलते है। 'कोई' के तृतीया-तिर्यक् रूप 'किणि, कुणी, कों' मिलते है। कीं के प्रयोग मे परसर्ग के साथ ई अनिवार्य रूप से जोडा जाता है, उदा० कीं-रो-ई (=किसी का भी) काँई, कँ, कीं के रूप नही चलते।

क्रिया की रूप-रचना—

सहायक क्रिया और मुख्य क्रिया वर्तमान काल 'मै हूँ' इत्यादि

	एक०	बहु०
प्र०	हूँ	हाँ
द्वि०	है	हो
तृ०	है	है

भूतकाल मे पुरुष के अनुसार भेद नही होते।

पु० एकवचन—हो, पुं० बहुवचन—हा

स्त्री० ,, ही तथा बहुवचन—ही

'होना' क्रिया के मुख्य-मुख्य भाग ये है:—

धातु—हो (=होना)

वर्तमान कृदन्त— होतो, हूतो, ह्वेतो
(पु० बहु०—ता; स्त्री०—ती)

भूत कृदन्त— हुवो, हुयो, ह्वियो,
ह्वीओ (स्त्री० हुई)

विशेषणात्मक भूत-कृदन्त—	हुवोड़ो, हुयोड़ो
संभावनार्थ कृदन्त—	हूयर, हूय-नें, होकर, हो, ह्वेतो-कर्नें, ह्वेर
क्रियार्थक संज्ञा—	होवरा, होवरो, होराो, हूँणो ह्वॅणो, हैरा्ँ, ह्वॅवो
करण संज्ञा—	होरा-वाळो

साधारण वर्तमान—

(मैं हूँ या मैं हो जाऊँ इत्यादि)

	एक०	बहु०
प्र०	हुऊँ, होऊँ ह्वेऊँ	हुवाँ, हँआँ, हँहाँ
द्वि०	हुवॅ, ह्वॅ	हुवो, हँओ, ह्वॅहो
तृ०	हुवॅ, ह्वॅ	हुवॅ, ह्वॅ

निश्चयात्मक वर्तमान

(मैं हो रहा हूँ)

हुऊँ-हूं या ह्वेऊँ हूँ इत्यादि

अपूर्ण भूत

(मैं मार रहा था)

हिन्दी की तरह—ह्वेतो-हो

पूर्वी राजस्थानी की तरह-हॅ-हो

भविष्यत

(मैं होऊँगा)

प्रथम रूप—

	एक०	बहु०
प्र०	ह्वे हूँ	ह्वेहाँ
द्वि०	ह्वेही	ह्वेहो
तृ०	ह्वेही	ह्वेही

द्वितीय रूप—

हुऊँ-ला, ह्वेऊँ-ला इत्यादि

तृतीय रूप—

हुऊँ-गो, ह्वेऊँ-गो इत्यादि

आज्ञार्थ

(हो)

एकवचन—ह्वँ बहुवचन—होवो

अन्य कालो के रूप ऊपर दिए गए उपादानो को लेकर बना लिए जाते है।

मुख्य क्रिया

धातु—मार

वर्तमान कृदन्त—मारतो

भूत कृदन्त—मारियो, मार्‌यो (स्त्री० मारी)

विशेषणात्मक भूत कृदन्त—मारियोडो, मारियो हुवो

सभावनार्थ कृदन्त—मार, मार-कर, मारर, मार-नैं (या-नै), मारू-नैं (या-नै), मारतो-कनैं

क्रियार्थक सज्ञा—मारण, मारणो, मारणूँ, मारवो

कारण-सज्ञा—मारणावाळो, मारबावाळो

हिन्दी 'मारा-हुआ' की तरह मारवाडी विशेषणात्मक भूत कृदन्त भी विशेषण की तरह ही प्रयुक्त होता है। जब कृदन्त 'की' क्रियाविशेषण के रूप मे प्रयोग होता है, तब उसमे आँ जोड़ दिया जाता है। उदा० मुल्क-में लियाँ फिरूँ (=देश मे लिए-लिए फिरूँ); म्हारो माल मगावताँ घड़ी न करसी जेज (=मेरा माल मँगाते घडी भर भी देर नही करेगा); आवताँ आवताँ घर नेड़ो आयो (=आते-आते घर नजदीक आया)।

साधारण वर्तमान

(मैं मारता हूँ, मै मार सकता हूँ, मै मारूँगा इत्यादि)

	एक०	बहु०
प्र०	मारूँ	माराँ
द्वि०	मारँ	मारो
तृ०	मारँ	मारँ

इस कालरूप का व्यवहार प्राय: वर्तमान संभावनार्थ या भविष्यत् की तरह भी होता है।

वर्तमान निश्चयार्थ

(मैं मार रहा हूँ, इत्यादि)

यह कालरूप मुख्य क्रिया के साधारण वर्तमान के साथ-साथ सहायक क्रिया के वर्तमान रूप को जोड़ कर बनाया जाता है।

	एक०	बहु०
प्र०	मारूँ–हूँ	मारॉ–हॉ
द्वि०	मारॅ–हॅ	मारो–हो
तृ०	मारॅ–हॅ	मारॅ–हॅ

अपूर्ण भूत

(मैं मार रहा था, इत्यादि)

इसके दो भेद होते है। एक तो हिन्दी की तरह वर्तमान कृदन्त के साथ सहायक क्रिया के भूत रूप को जोड कर बनाया जाता है, दूसरा किसी क्रियात्मक संज्ञा के साथ सहायक क्रिया के भूतरूप को लगा कर बनता हैं। उदा०
पहला रूप—

	एक०		बहु०	
	पु०	स्त्री०	पु०	स्त्री०
१	मारतो–हो	मारती–ही	मारता–हा	मारती–ही
२	मारतो–हो	मारती–ही	मारता–हा	मारती–ही
३	मारतो–हो	मारती–ही	मारता–हा	मारती–ही

दूसरा रूप—

१	मारॅ–हो	मारॅ–ही	मारॅ–हा	मारॅ–ही
२	मारॅ–हो	मारॅ–ही	मारॅ–हा	मारॅ–ही
३	मारॅ–हो	मारॅ–ही	मारॅ–हा	मारॅ–ही

भविष्यत्

(मैं मारूँगा)

भविष्यत् के तीन प्रकार होते है।

पहला—यह रूप धातु से सीधा बनाया जाता है—

	एक०	बहु०
१	मारहूँ, मारसूँ, मारूँ	मारहाँ, माराँ
२	मारही, मारसी, मारी	मारहो, मारो
३	मारही, मारसी, मारी	मारही, मारी

स वाला रूप पूर्वी राजस्थानी का है। मारवाडी मे इसका प्रयोग केवल एकवचन मे होता है।

दूसरा—यह रूप साधारण वर्तमान मे-ला लगा कर बनाया जाता है। -ला पूर्वी राजस्थानी के -लो के समान ही है, अन्तर इतना ही है कि -लो का रूप लिंग-वचन के अनुसार बदल जाता है जबकि -ला का नही बदलता।

	एक०	बहु०
	(पु० तथा स्त्री०)	(पु० तथा स्त्री०)
१	मारूँ-ला	माराँ-ला
२	मारॅ-ला	मारो-ला
३	मारॅ-ला	मारॅ-ला

तीसरा—यह साधारण वर्तमान मे -गो लगा कर बनाया जाता है। इस -गो का रूप लिंग एव वचन के अनुसार बदलता रहता है। वास्तव मे यह रूप पूर्वी राजस्थानी का है।

	एक०		बहु०	
	पुं०	स्त्री०	पुं०	स्त्री०
१	मारूँ-गो	मारूँ-गी	माराँ-गा	माराँ-गी
२	मारॅ-गो	मारॅ-गी	मारो-गा	मारो-गी
३	मारॅ-गो	मारॅ-गी	मारॅ-गा	मारॅ-गी

आज्ञार्थ

(तू मार, इत्यादि)

द्वि० एक०—	मार
द्वि० बहु०—	मारो
आदरवाचक रूप—	मारजै, मारीजै, मारज्यो, मारीज्यो

भूतकाल

हिन्दी की तरह भूतकाल के रूप भूत कृदन्तो से ही बनाए जाते हैं। सकर्मक क्रियाओ के लिए कर्मणि या पुरुषहीन रूप का तथा अकर्मक क्रियाओ के लिए कर्तरि या पुरुषहीन रूप का व्यवहार होता है। विभिन्न कालरूप नीचे दिए गए हैं। विशेष रूप से द्रष्टव्य एक बात यह है कि पुरुषहीन वाच्य मे तृतीया मे रखा हुआ कर्त्ता अकर्मक एव सकर्मक दोनो क्रियाओं के साथ प्रयुक्त हो सकता है। उदा० नॅनक्यॅ डावड़ॅ गयो (अँगरेजी—by the younger son it was gone, अर्थात् the younger son went.)

नीचे दिए हुए अतिरिक्त कालरूप भी वर्तमान कृदन्त से बनाए जाते हैः—

हूँ मारतो—	(=(यदि) मै मारता)
हूँ मारतो-हुऊँ—	(=(शायद) मै मारता होऊँ)
हूँ मारतो-हुउँ-ला—	(=(शायद) मै मारता होऊँ या होऊँगा)
हूँ मारतो-होतो—	(=(यदि) मै मारता होता)

नीचे दिए हुए रूप भूत कृदन्त से बनते है :—

म्हैं मारियो	= मैने (उसको) मारा
हूँ सूतो	= मै सोया
म्हैं मारियो-हैं	= मैने (उसको) मारा है
हूँ सूतो-हूँ	= मै सोया हूँ
म्हैं मारियो-हो	= मैने (उसको) मारा था
हूँ सूतो-हो	= मै सोया था
म्हैं मारियो-हुवैं	= मैने (उसको) मारा हो सकता है
हूँ सूतो-हुऊँ	= मै सोया होऊँ
म्हैं मारियो-हुऊँ-ला	= मैने मारा होगा
हूँ सूतो-हुऊँ-ला	= मै सोया हूँगा
म्हैं मारियो-होतो	= (यदि) मैने मारा होता
हूँ सूतो-होतो	= (यदि) मै सोया होता

ऊपर दिए गए रूपो मे 'सूतो', सोवणो' अकर्मक क्रिया का एक अनियमित (irregular) भूत कृदन्त है । सीधा रूप 'सोयो' का भी प्रयोग होता है ।

अनियमित क्रियाएँ

करणो (=करना) भूत कृदन्त—कीयो (स्त्री० की या कीवी) या करियो

लेवणो (=लेना) भूत कृदन्त—लीयो (स्त्री० ली या लीवी)

देवणो (देना) भूत कृदन्त—दीयो (स्त्री० दी या दीवी)

पीवणो (=पीना) भूत कृदन्त—पीयो (स्त्री० पी या पीवी)

जावणो (=जाना) भूत कृदन्त—गयो (स्त्री० गई)

कहणो, कॅणो या कॅवणो (=कहना)—तृ० वर्त० कवॅ, भूत कृ० कयो (स्त्री० कही या कई), संभावनार्थ कृदन्त—कॅयर

रहणो (=रहना) एव वहणो (=बहना) के रूप कहणो की तरह ही चलते है ।

करणो, देवणो एवं लेवणो के भूत कृदन्त कभी-कभी अनुक्रम से कीनो, कीधो या कीदो; दीनो, दीधो या दीदो; लीनो, लीधो या लीदो भी मिलते है ।

उसी तरह खावणो (=खाना) का खाधो, मरणो (=मरना) का मरियो या मुयो और देखणो (=देखना) का दीठो रूप पाए जाते है।

कुछ अन्य क्रियाओ के भूत कृदन्त 'ओ' लगा कर बनाए जाते हैं, उदा० कसालो भुगतण लागो (=कमी भुगतने लगा)।

प्रेरणार्थक क्रियाएँ

ये क्रियाएँ साधारणतया हिन्दी की तरह ही बनाई जाती है, केवल -आ प्रत्यय की जगह -आव लगाया जाता है और प्रेरणा का द्विन्व दिखाने के लिए -वा की जगह -वाव प्रत्यय का उपयोग होता है। उदा० उडणो=उड़ना, प्रे० उडावणो, द्वि० प्रे० उडवावणो। धातु के स्वर हिन्दी की तरह ही ह्रस्व हो जाते है, यथा—आ का अ, ई, ए एवं एँ का इ, उ, ओ एव आँ का उ।

मारणो (मरणो=मरना से), खोलणो (खुलणो=खुलना से) आदि प्रेरणार्थक रूप हिन्दी के सदृश ही होते है।

-ह् कारान्त धातुओ का ह् प्रेरणार्थक रूप बनाते समय लुप्त हो जाता है। उदा० बहणो (=बहना)—प्रे० बवावणो, कहणो (=कहना)—प्रे० कवावणो।

नीचे दिए रूप हिन्दी नियमो का अनुसरण नही करते :—

देवणो=देना, प्रे० दिरावणो, द्वि० प्रे० दिरवावणो
लेवणो=लेना, प्रे० लिरावणो, द्वि० प्रे० लिरवावणो
सीवणो=सीना, प्रे० सिँवावणो
खावणो=खाना, प्रे० खवावणो
पीवणो=पीना, प्रे० पिवावणो

निषेधसूचक वाच्य

वर्तमान कृदन्त के साथ 'रहणो'=रहना क्रिया लगा कर एक प्रकार का निषेधसूचक वाच्य बनाया जाता है; उदाहरण गाताँ रहणो=न गाना; न कि हिन्दी वाला अर्थ—गाते रहना। डॉ० केलॉग इस मुहावरे का यह उदाहरण देते है—किवाड़ जड़-दो कँ मनख माहँ आता रहँ=किवाड़ बन्द कर दो ताकि लोग अन्दर न आएँ।

कर्मणि वाच्य

मारवाड़ी मे एक नियमित धातु-विकसित (inflected) कर्मणि वाच्य पाया जाता है, जो मूल धातु के इज लगा कर बनाया जाता है; उदाहरण मारणो=मारना—मरीजणो=मारा जाना। मूल धातु मे वे ही परिवर्तन होते हैं जो प्रेरणार्थक रूप मे हो जाते है। कुछ और उदाहरण ये है :—

कर्तरि	कर्मणि
करणो = करना	करीजणो
खावणो = खाना	खवीजणो
लेवणो = लेना	लिरीजणो
देवणो = देना	दिर्र.जणो

नपुंसक क्रियाओ का भी यह कर्मणि रूप बन सकता है; ऐसे समय उनका रूप अपुरुषवाची (impersonal) हो जाता है। उदाहरण-आवणो = आना से—अवीजणो=आया जाना, म्हँ-सूँ अवीजँ नहीँ=by me it is not come=मुझ से आया नही जाता (तुल० लैटिन luditur a me). अन्य उदाहरण ये है—म्हूँ मरीज्यो=मै मारा गया। थँ-सूँ नही खवीजँ ला= तुमसे नही खाया जायगा=तुम इसे खा नही सकोगे। यह बात द्रष्टव्य है कि इन कर्मणि रूपो से एक प्रकार की वैसी ही विध्यर्थ ध्वनि निकलती है जैसी–आ लगा कर बनाये गये हिन्दी समूह की भाषाओ के विध्यर्थ कर्मणि रूप मे पाई जाती है।

संयुक्त क्रियाएँ

ये साधारणतया हिन्दी के अनुरूप ही होती हैं। अन्तर केवल इतना ही है कि मारवाडी मे इनका प्रयोग एक परिपुष्ट (intensive) रूप बनाने मे भी होता है; यह रूप रो, परो, वरो आदि को क्रिया के पहले लगाकर बनता है। रो, परो, वरो आदि विशेषण है। इनके लिग सकर्मक क्रियाओ से सम्बन्धित होने पर किसी भी काल मे उनके कर्म के अनुसार, एव क्रिया अकर्मक होने पर उनके कर्त्ता के अनुसार, बदलते रहते है। वरो का उपयोग निज-वाचक कार्य के साथ होता है; इससे एक प्रकार के भावे प्रयोग का निर्माण होता है। उदा० वरो लेवणो=अपने स्वय के लिए लेना।

अन्य उदाहरण—

वरो मारणो = मार डालना
वरो जावणो = चला जाना
परो उठणो = उठ जाना
थूँ वरो जा = तू (पुं०) चला जाना
थूँ वरी जा = तू (स्त्री०) चली जा
ऊ पोथी वरी लेवँ = वह अपनी पुस्तक अपने आप ले ले
हूँ पोथी वरी लेउँ हूँ = मै पुस्तक अपने आप ले लेता हूँ
ऊ पोथी परी देही = वह पुस्तक दे डालेगा
म्हँ चाबकियाँ री दीवी है = मैने (अमुक को) चाबुको से मारा है।

आवृत्तिदर्शक क्रियाएँ (Frequentative Verbs)

ये क्रियार्थक संज्ञा (infinitive) में -वो लगा कर बनाई जाती हैं न कि नागरी हिन्दी की तरह। उदा० जावो करणो = जाते रहना

आरम्भदर्शक क्रियाएँ (Inceptive Verbs)

ये क्रियार्थक संज्ञा मे -ण लगा कर बनाई जाती है। उदा० उवो कसालो भुगतण लागो = वह कमी भुगतने लगा।

शब्दावली

मारवाड़ी शब्दावली हिन्दी की अपेक्षा गुजराती के बहुत अधिक निकट है। इसलिए मारवाड़ी का अभ्यास करने के लिए एक गुजराती शब्द-कोष बहुत उपयोगी सिद्ध होता है। गुजराती का परसर्ग -ने या -नॅ तथा भारदर्शक प्रत्यय (Emphatic Particle) -ईज या -हीज उसके निज के है (जो राजस्थानी के अन्यत्र नही मिलते)। -ईज या -हीज शौरसेनी प्राकृत के -ज्जेव से व्युत्पन्न गिना जा सकता है। उदा० इण-सूँ-हीज = इन-से ही; मारवाड़ी भाखा-री उन्नति होवण-सूँ मारवाड़-रो तो फायदो हुवॅ-ईज = मारवाड़ी भाषा की उन्नति होने से मारवाड़ का तो लाभ होगा ही। कभी-कभी इसका द्वित्व हो कर -जेज रूप बन जाता है; उदा० करसी-जेज = (वह) करेगा-ही।

जैसा कि हम देख चुके है, -ड़ो प्रत्यय भूत-कृदन्तों के लगाया जाता है। यह किसी भी संज्ञा, विशेषण तथा सर्वनाम शब्द के भी स्वार्थ रूप मे या अग-विस्तारक रूप मे (Pleonastically) लगाया जा सकता है। उदा० वडो-ड़ो डावड़ो = वड़-का लड़का; जको-ड़ी गावड़ी कचेड़ी-माँ ऊबोड़ी हॅ = जो गाय कचहरी मे खड़ी हुई है। जको एवं ऊबो का -ओ ड़ो लगने पर स्त्रीलिंग के साथ अपना रूप नही बदलता, यह बात द्रष्टव्य है।

मध्यपूर्वी राजस्थानी

उपभाषा का नाम

मध्य-पूर्वी राजस्थानी की चार बोलियाँ हैं। इन्हे मातृभाषा के रूप मे बोलने वाले बिल्कुल स्वतंत्र अलग-अलग बोलियाँ मानते हैं। इनके नाम जयपुरी, अजमेरी, किशनगढ़ी एव हाड़ौती है। इनका आपस का भेद बहुत पुराने समय से सर्वमान्य गिना जाता रहा है, यहाँ तक कि १८ वी शती मे सिरामपुर के पादरियो ने भी इंजील के जयपुरी एव हाड़ौती मे दो अलग-अलग अनुवाद किये थे। फिर भी इन चारों बोलियो मे फर्क इतना कम है कि वास्तव मे इन्हे पूर्वी राजस्थानी के नाम से ही उपभाषा मानना ही ठीक जँचता है। अपने विस्तार के सारे प्रदेश मे (जो नक्शे मे स्पष्टतया दिखाया गया है) एक जगह से दूसरी जगह जाने मे बोली-भेद थोड़ा-बहुत नजर अवश्य आता है; यह भेद भारत के मैदानी प्रदेश मे सर्वत्र मिलता है, परन्तु ये स्थानीय भेद इतने महत्त्वपूर्ण नही है कि वर्गीकरण में इन्हें अलग बोली माना जा सके। उपर्युक्त चारो बोलियो में जयपुरी सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है और वह इन सबकी प्रतिनिधि स्वरूप मानी जा सकती है।

जहाँ बोली जाती है

पूर्वी राजस्थानी इन जगहो में बोली जाती है—जयपुर स्टेट के मध्य एवं दक्षिण मे, लावा ठकुरात मे, जयपुर से लगे हुए टोंक रियासत के अधिकाश भाग मे, किशनगढ़ रियासत के अधिकांश भाग मे, अजमेर जिले मे, बूंदी एवं कोटा की हाडा रियासतो मे (जिससे हाडौती नाम आया है) तथा उनसे लगे हुए ग्वालियर, टोंक (छाबडा परगना) एव झालावाड़ के प्रदेशो मे।

भाषा-सीमाएँ

पूर्वी राजस्थानी के उत्तर-पूर्व मे उसी की बोली मेवाती है। पूरब मे उत्तर से दक्षिण आते अनुक्रम से पहले पूर्वी जयपुर मे बोले जाते ब्रजभाषा के डाँग विभेद आते हैं; उनके बाद मध्य में बुन्देली एवं तत्पश्चात् दक्षिण मे ग्वालियर राज्य की मालवी एव मारवाड़ी का एक विभेद मेवाड़ी है। पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर मे मारवाड़ी मिलती है। स्पष्ट है कि पूर्वी सीमा के थोड़े से भाग को छोड़कर, पूर्वी राजस्थानी चारो ओर से राजस्थानी की अन्य बोलियो से ही घिरी हुई है।

बोलियाँ

हमने जयपुरी को पूर्वी राजस्थानी की प्रतिनिधि बोली माना है। सन् १८९८ मे जयपुर महाराजा ने अपने राज्य का एक विशेष भाषा-सर्वेक्षण प्रकाशित करवाया था, जो रेव. जी मेकेलिस्टर एम. ए ने तैयार किया था। इससे मालूम पड़ता है कि जयपुर राज्य मे तेरह अलग-अलग बोलियाँ व्यवहार मे लाई जाती है। इनमे से छह जयपुरी के ही विभिन्न रूप है। वे ये है–रियासत के उत्तर स्थित तोमरो के प्रदेश की तोरावाटी; मध्य मे बोली जाती स्टैण्डर्ड जयपुरी, दक्षिण-पश्चिम की काठैडा एवं चौरासी तथा दक्षिण-पूर्व की नागरचाल व राजावाटी। किशनगढी लगभग सारी किशनगढ़ रियासत एव अजमेर के उत्तर थोडे से टुकडे मे बोली जाती है। अजमेरी अजमेर जिले के मध्य-पूर्व मे बोली जाती है। हाडौती बूंदी एव कोटा के साथ-साथ उनसे सटे हुए झालावाड, टोक एवं ग्वालियर रियासतो के प्रदेशो मे भी बोली जाती है। ग्वालियर राज्य मे सिपाडी या शिवपुरी नाम की हाडौती की ही एक उपबोली के बोलने वालो की संख्या लगभग ४८,००० है।

बोलने वालों की संख्याएँ

पूर्वी राजस्थानी की बोलियो के बोलने वालो की सख्याएँ इस प्रकार है:—

जयपुरी—

स्टैण्डर्ड	....	७,९०,२३१
तोरावाटी	....	३,४२,५५४
काठैडा	....	१,२७,९५७
चौरासी	....	१,८२,१३३
नागरचाल	....	७१,५७५
राजावाटी	....	१,७३,४४९
	कुल:—	१६,८७,८९९
किशनगढी	....	१,१६,७००
अजमेरी	....	१,११,५००
		१९,१६,०९९

हाड़ौती—

स्टैण्डर्ड	....	६,४३,१०१
सिपाडी	....	४८,०००
	कुल——	६,९१,१०१

पूर्वी राजस्थानी की कुल सख्या : २६,०७,२००

मातृभाषा के तौर पर जिस क्षेत्र मे बोली जाती है उसके बाहर के प्रदेश मे पूर्वी राजस्थानी-भाषियो की सख्या विश्वस्त रूप से नही मिलती। यह सख्या राजस्थानी की उपभाषाओ मे से केवल मारवाड़ी की ही मिलती है। बहुत सभव है कि मारवाडी की इस सख्या मे जयपुरी एव तत्संबधित बोलियो के बोलने वाले भी सम्मिलित हो।

जयपुरी साहित्य

जयपुरी साहित्य परिमाण मे विस्तृत है, पर वह लगभग सारा का सारा हस्तलिखित रूप में है, और उसके विषय मे जानकारी बहुत कम मिलती है। उसका सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भाग प्रसिद्ध समाज-सुधारक सत दादूजी तथा उनके अनुयायियो की वाणियो के सग्रह है। उनके विषय मे सन् १८४४ मे लिखते हुए रेव. जॉन ट्रेल (Rev. John Traill) इस प्रकार उल्लेख करते है:—

"भाषा का मेरा सर्वप्रथम परिचय कोई बारह वर्ष हुए, दादू नाम के धार्मिक लेखक के अध्ययन से हुआ। दादू का जन्म सन् १५५४ ई मे अहमदाबाद मे हुआ था, परन्तु उनके जीवन का अधिकाश भाग जयपुर मे बीता। विशेषतया उन्होने जयपुर मे ही मत का प्रचार किया एवं अब भी वही उनके बहुत से अनुयायी पाये जाते है। जयपुर राज की नागा पलटन के सिपाही इन्ही मे से है।

मैने दादू की 'वाणी' का अगरेजी मे अनुवाद किया है। मेरे पास 'वाणी' की हस्तलिखित प्रति है जो २३४ वर्ष पहले लिखी गई थी। 'वाणी' मे २०,००० पंक्तियाँ है एव जनगोपाल-कृत दादू की जीवनी ३००० पक्तियो मे लिखी गई है। दादू के बावन शिष्य थे जो सारे देश मे उनके मत का प्रचार करते फिरते थे। इन सबने अपनी-अपनी 'वाणियो' की पुस्तके लिखी है, जो उनके स्थापित दादू-द्वारो मे सुरक्षित मानी जाती है। दादू के शिष्यो मे से कुछ के नाम उनकी प्रच-लित रचना-संख्या के साथ दिये जाते है:—

गरीबदास	३२,०००	पक्तियाँ
जैसा	१,२४,०००	,,
प्रयागदास	४८,०००	,,
रजबजी	७२ ०००	,,
बखनाजी	२०,०००	,,
शंकरदास	४,४००	,,
बाबा बनवारीदास	१२,०००	,,
सुन्दरदास	१,२०,०००	,,
माधोदास	६८,०००	,,

इसी प्रकार परम्परा ५२ शिष्यो तक चलती है। इनमे से प्रत्येक ने थोड़ा-बहुत लिखा बताते है। मैं 'बताते है'–इसलिए कहता हूँ, कारण अब तक किसी यूरोपीय व्यक्ति ने इन रचनाओ को सगृहीत नही किया, यद्यपि साधारण जनता मे ये खूब प्रचलित हैं। जनसाधारण मे ऐसा एकाध व्यक्ति भी शायद ही मिलेगा जिसे इनमें से कुछ पद या गीत कण्ठस्थ न हो। मेरा ख्याल है कि इनमे से अधिकांश पुस्तके अब भी खरीदने पर या नकल करने के लिए माँगने पर मिल सकती है। इन्हे खरीदने के लिए मेरे सदृश व्यक्ति के पास पर्याप्त धन होना सभव नही, अन्यथा ये सब मुझे मिल सकती थी। ऊपर दिए गए व्यक्ति दादूजी के अपने शिष्य थे। इन शिष्यो के शिष्यो ने भी लिखा है, और उनकी परम्परा मे आज तक ऐसे लेखक मौजूद है जो अब भी लिखते है। इससे पता चलता है कि इस पथ के ३४० वर्ष लम्बे इतिहास मे रचनाओ की परम्परा अबाध गति से जारी रही है।"

दादूपथी लोग वास्तव मे सत कबीर के चलाए मत की एक शाखा ही हैं। वे राम की उपासना करते है, पर मन्दिर व मूर्ति को नही मानते। दादू के अधिकाश शिष्यो ने अपनी मातृभाषा जयपुरी मे ही लिखा होगा, पर दादू के स्वय अपने जो भी ग्रन्थ मेरे देखने मे आये है, वे सब पश्चिमी हिन्दी के एक पुराने रूप में ग्रथित हैं।

जयपुरी के विभिन्न नाम

पूर्वी राजस्थानी की मुख्य प्रतिनिधि भाषा के लिए 'जयपुरी' नाम का प्रयोग यूरोपीयों ने आरम्भ किया। यह जयपुर रियासत की राजधानी जयपुर नगर पर से गढ लिया गया था। इसके बोलने वाले प्राय: ढूँढ़ाडी कहते है जिसका मतलब है ढूंढ़ाड़ देश की भाषा। यह प्रदेश शेखावाटी एव खास जयपुर के बीच स्थित पर्वतमाला के दक्षिण का प्रदेश है। इसका नाम प्रदेश की पश्चिमी सीमा पर स्थित, किसी जमाने मे पूजित, यज्ञ के टीले (ढूढ) पर से आया हुआ है। अन्य प्रचलित नाम झाड़शाही व कॉई-कूँई की बोली है। झाड़शाही का मतलब जगली प्रदेश की बोली होता है तथा कॉई-कूँई की बोली यह नाम घृणा दिखाते हुए उस भाषा के लिए प्रयुक्त है जिसमे 'कॉई' शब्द आता हो। जयपुरी मे कॉई का अर्थ 'क्या' होता है। शेखावाटी की भाषा मे माळै=(पर) शब्द नही मिलता। अतएव वहां के निवासी मजाक मे जयपुरी-भाषी को 'माळै-हाळो'=माळै वाला भी कहते हैं।

जयपुरी एव दादूपथियो से संबधित जितने साहित्य से लेखक परिचित है उसका विवरण नीचे दिया जाता है।

अधिकृत सूत्र —

Wilson, H. H.–A sketch of the Religious sects of the Hindus —Asiatick Researches. Vol. XVI (1828). A sketch of the Dadu-Panthis on PP. 79 and ff Reprinted on PP. 103 and ff. of Vol. 1 of Essays and Lectures on the Religion of the Hindus. London, 1861.

Siddons, Lieut. G. R.–(Text and) Translation of one of the Granthas or sacred books, of the Dadu–Panthi sect. Journal of the Asiatic society of Bengal, vi (1837) PP. 480 and ff, 750 and ff

Traill, Rev. John—Memo on Bhasha literature. Jaipur, 1884.

Adelung. johann christoph.—Mithridates oder allgemeine sprachenkunde, etc. Vol. iv. Berlin, 1817. Brief notices of Jaipuri on PP. 488 and 491.

Kellogg, Rev. S. H.—A grammar of Hindi Language in which are treated the high Hindi,...... ....also the colloquial Dialects of Rajputana ....with copious philological notes. Second Edition, London, 1893

राजपूताना की चर्चित बोलियो मे जयपुरी भी है, जिसे कभी–कभी लेखक ने 'पूर्वी राजपूताना की एक एक बोली' एवं कभी–कभी (गलती से) मेवाड़ी कहा है।

Macalister, Rev G.—Specimens of the Dialects spoken in the state of Jeypore. Allahabad, 1898.

(इसमे बोलियों के उदाहरण, शब्द–कोष तथा व्याकरण दिए हुए है।)

उल्लिखित पुस्तको मे भी श्री मेकेलिस्टर की पुस्तक मे जयपुर राज्य में प्रचलित अनेक बोलियो का बडा मार्मिक विस्तृत एव महत्वपूर्ण विवरण मिलता है। वास्तव मे यह पुस्तक पूरे जयपुर स्टेट का भाषा–सर्वेक्षण है।

लिपि

पुस्तको व अन्य छपी हुई वस्तुओ मे देवनागरी का ही व्यवहार होता है। हाथ से लिखने मे वही लिपि प्रचलित है जो मारवाड मे मिलती है। •

पूर्वी राजस्थानी

व्याकरण

जयपुरी को पूर्वी राजस्थान की स्टैण्डर्ड प्रतिनिधि मानना बिल्कुल उपयुक्त है। इसकी सामग्री व विवेचन भी प्रचुर व सुन्दर मिलते हैं, अतएव जयपुरी की विशिष्टताओं का लगभग सम्पूर्ण विवेचन दिया जा सका है। यह विवेचन मुख्यतया रेव० जी० मेकेलिस्टर की सुन्दर पुस्तक पर आधारित है। कहीं-कहीं ऐसी सामग्री जोड़ दी गई है जो लेखक ने स्वय पढकर एकत्रित की थी।

उच्चारण

उच्चार मे प्राय: अ का इ या इ का आ हो जाता है। उदाहरण—पडित=पिंडत; हिन्दी=सड गया=सिड गयो, मानुख=मिनख, दिन=दन। ओ स्वर-कभी-कभी ऊ हो जाता है, उदाहरण—दीनो की जगह दीनू, क्यो की जगह क्यूं। ए की जगह संयुक्त स्वर ऐ प्राय. मिलता है, उदाहरण मैं—(=मे)। फारसी से आये हुए ऐसे शब्दो मे जिनके अन्त मे ह्+व्यञ्जन होता है, उनके बीच मे एक इकार डाला दिया जाता है, उदाहरण—भह्र=भैर, शह्र=सैर।

व्यञ्जनो का महाप्राणत्व प्राय: लुप्त हो जाता है। उदाहरण—बी व भी (=भी) दोनों मिलते हैं; उसी प्रकार—कुसी (=खुसी>फारसी खुशी); आदो (=आधा); सीकवो (=सीखना); काडवो= (काढ़ना); लादवो (लाधवो की जगह); दे (=देह) साय (=सहाय) फड़वो (=पढवो) तथा छड़वो (चढ़वो) मे महाप्राणत्व दूसरे वर्ण के वदले पहले मे आ गया है; वैसे ही भैर (=जहर) भगत, वखत (> वख़्त) मे भी।

सहाय का साय उच्चारण करते समय मध्यग हकार के लोप का उदाहरण हम देख चुके है। यही नियम रहवो=रहना; कहवो=कहना आदि क्रियाओं के भी लागू पड़ता है; इन्हे प्राय. रैवो, कैवो—इस प्रकार लिखा जाता है। परन्तु, अधिकतर कहवो की जगह खैवो लिखा जाता है, जिसमे महाप्राणत्व पहले व्यंजन मे आ जाता है। उदाहरण खूँ-छूँ=कहता हूँ, खै-छै=कहता है; खै=कहा जाता है; खाणी=कहानी; म्हाराज=महाराज, मैतो=वहतो, म्हारो=(महारो)=हमारा; थारो (तहारो)=तेरा।

न एवं ल के अनुक्रम से ण एव ल हो जाते हैं। यह एक बहुत प्राचीन प्रक्रिया का अवशेष है। (पजाबी, गुजराती एव मराठी की तरह) यह नियम है कि प्राकृत के न्न एव ल्ल का तद्भव शब्द मे दन्त्य न एव ल होता है तथा न एव ल का अनुक्रम से मूर्धन्य ण एव ल हो जाता है। कुछ उदाहरण ये है—

प्राकृत	राजस्थानी
दिन्नु=दिया	दीनू
घल्लइ=डालता है	घालइ
वोल्लिअउ=बोला	बोल्यो
चल्लिअउ=चला	चाल्यो
परन्तु, जणउ=जन	जणो
वालु=बच्चा	वाल
चलिअउ=गया	चल्यो
कालु=समय	तुल०—काल=दुर्भिक्ष

अवधारणवाचक निपात (enclitic) **एवं प्रत्यय**

कुछ एकाक्षरी शब्द अवधारणवाचक निपात हैं, और अपने पूर्वज शब्द के साथ मिलाकर लिखे जाते है। ऐसी स्थिति मे निपात 'अ' से शुरू होने पर एवं शब्द का अन्त किसी स्वर से होने पर, निपात वाले 'अ' का साधारणतया लोप हो जाता है। यह लोप अनिवार्य रूप से हमेशा नही होता। अवधारणवाचक निपातो के उदाहरण ये है :—

अर=और; अक=कि; क (कै की जगह) = या; अस=वह, उसके द्वारा (स्त्री० पु०)।

अक अधिकतर क में परिवर्तित हो जाने के कारण कभी-कभी गलती से क (=या) समझ लिया जाता है। अस (=वह) शब्द श्री मेकेलिस्टर की व्याकरण में नही मिलता; परन्तु उसके अस्तित्व के बारे मे शंका को स्थान नही हो सकता। यह एक तृतीय पुरुषवाची सर्वनाम है जो अवधारणवाचक निपात के रूप मे बहुत सी भारतीय भाषाओं मे देखने मे आता है। उदाहरणार्थ, बुन्देली एव पूर्वी हिन्दी मे भी इसका प्रयोग पाया जाता है।

अर (=और) एव सभावनार्थ कृदन्त विभक्ति र को एक की जगह दूसरी समझने की गलती हो सकती है। उदा० कर-र=करके; कर्यो-र=किया और।

अवधारणवाचक निपातो के उदाहरण:—अर=और :

छोटक्यो बेटो चल्यो गयो अर आपको धन उडा दीनू=छुटका बेटा चला गया और अपना धन उडा दिया।

ऊँ-नै दूर-सूँ आतो देख्यो-र वाप-नै दया आ गई=उसे दूर से आते देखा और वाप-को दया आगई। अक=कि .

जो थे पूछो-क 'म्हे काँई कराँ ?' तो मैं या खूँ-छूँ-क औराँ की साय करवा-नै सदा त्यार रहो-क जीँ सूँ थे काम-का मिनख व्है-जावो। =अगर तुम पूछो कि 'हम क्या करे ?' तो मै यह कहता हूँ कि औरो की सहायता करने के लिए सदा तैयार रहो, ताकि तुम काम के आदमी वन जाओ।

क=या :

काँई थे जास्योक कोनै=तुम जाओगे या नही ?

वो रोटी खाई छै-क दूध पियो है ? =उसने रोटी खाई है या दूध पिया है ?

अस, असी—तृतीय पुरुषवाची सर्वनाम विभक्ति .

आप विचारी—अस ऐँडे रैवा—को धर्म कोनै=(उसने (स्त्री०) सोचा कि अव यहाँ रहना ठीक नही है। यहाँ आरम्भिक अ का लोप नही हुआ।

राणी पूछी-स 'वा काँई वात छै' ?=रानी ने पूछा कि 'वह बात क्या है !'

मा-नै-स खै कोनै=मा को तो वह कहता नही।

असी—

ई नदी-मै हीरा मोती है-सी=इस नदी मे हीरे मोती है। तुल० कनै-सी-क =(उसके) नजदीक।

जिद ऊँडै सासरै-स गँवार-ई-गँवार छा-ई=तव (उसकी) ससुराल मे तो गँवार ही गँवार थे ही।

खाँ गयो-स=(वह) कहाँ गया ?

वो क्यो आयो नै-स=(वह) क्यो नही आया ?

मै-स तो ऐँडे-ई छो=मै (खुद) तो यहीँ था। यहाँ अस केवल भारदर्शक अर्थ मे प्रयुक्त हुआ है।

एक और निपात क है जो परिमाणवाचक एवम् गुणवाचक (of kind) विशेषणो के साथ प्रयुक्त होता है। इसके लगने से अर्थ मे कोई फेर नही पडता; परन्तु काश्मीरी, बिहारी आदि सगोत्र भाषाओ मे उपलब्ध उदाहरणो से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि मूलतः इसका अर्थ 'उसका' 'उनका' आदि होता रहा होगा। उदा० कतरो या कतरो-क स्त्री० कतरी या कतरी-क=कितनी-क ?

कस्यो या कस्यो-क, स्त्री० कस्यी या कस्यी-क। कतरी क का शाब्दिक अर्थ सभवत: 'उसमे का कितना' होता है।

संज्ञा-रूप

साधारणतया दो लिंग मिलते हैं। पुलिग एव स्त्रीलिंग। कभी-कभी नपुंसक लिंग के रूप भी मिल जाते है, उदा० सुण्यूं=सुना गया। इसका पुं० सुण्यो व स्त्री० सुणी होगे।

नामरूपो के विषय मे हिन्दुस्तानी मे प्रचलित पद्धति एव जयपुरी के रूपों मे बडा अन्तर पाया जाता है।

हिन्दुस्तानी मे तद्भव शब्द—आकारान्त होते है, उदा० घोडा, किन्तु जयपुरी मे ये—ओकारान्त होते है, उदा० घोडो। तिर्यक् एकवचन तथा प्रथमा बहुवचन रूप क्रमश: घोडा-को एव घोडा होते है। तिर्यक् बहुवचन—आँकारान्त होता है, उदा० घोडाँ। इन सज्ञाओ का एक और तिर्यक् एक० रूप होता है जो—ऐकारान्त होता है, उदा० घोड़ै। इसका सप्तमी के रूप मे व्यवहार होता है एव तृतीया के रूप मे भी। अ० उदा० घोड़ै=(क्रमश:) घोडे में, घोडे के द्वारा। दूसरी ओर तृतीया रूप का उपयोग प्रथमा की जगह भी होता है। उदा० पोतो खई या पोतै खई=पोता बोला या पोते के द्वारा बोला गया। इस प्रकार के शब्दो की नामरूपावली नीचे दी गई है। पोता=पोता शब्द के रूप श्री मेकेलिस्टर के अनुसार ही दिये गये है।

	एक०	बहु०
प्र०	पोतो	पोता
तृ०	पोतो, पोतै	पोता, पोताँ
सप्त०	पोतै	पोताँ
तिर्यक्०	पोता	पोताँ
सम्बो०	पोता	पोतो, पोतावो

तृतीया के साथ हिन्दुस्तानी की तरह-ने या-नै परसर्ग नही लगता, यह बात विशेष द्रष्टव्य है।

कारको के परसर्ग इस प्रकार है:—

द्वि०	नै	कै
चतु०	नै	कनै
प०	सूं	सैं
ष०	को	
सप्त०	मैं (=में), ऊपर या माल्है (=पर)	

एवं नै व्युत्पत्ति की दृष्टि से षष्ठी परसर्ग को एवं नो के सप्तमी (पोतै की भाँति) रूप है। को जयपुरी मे व्यवहृत है तथा नो नजदीक की सम्बन्धित गुजराती मे मिलता है। कनै कै नै का संक्षिप्त रूप है। साधारणतया इससे 'नजदीक, पास' का अर्थबोध होता है; अतएव गतिसूचक क्रियाओं के पश्चात् इससे 'की ओर, को' का अर्थ निकलता है।

ष० परसर्ग को का एक तिर्यक् रूप का (पु०) एव की (स्त्री०) होता है। उदा० पोता-को घोडो=पोते का घोडा; पोता का घोडा-मालै=पोते के घोड़े-पर; पोता की बात=पोते की बात। को का एक सप्त० रूप कै भी होता है जिसका व्यवहार हमेशा तो नही, पर कभी-कभी सप्तमी मे आने वाले नाम-रूप के साथ होता है। उदा० आप-कै सासरै लुगाई कनै गयो=वह अपने ससुराल मे अपनी पत्नी के पास गया। पहले कहा जा चुका है कि नै एव मालै दोनो परसर्ग सप्तमी रूप है; अतएव जब कोई सम्बन्धवाची शब्द इनमे युक्त सज्ञा के साथ आता है तब उसका भी सप्तमी रूप हो जाता है। उदा० क-नै=कै-नै (दे० ऊपर), आपको माँथो अर नाक पाँणी-कै बारॉ-नै राखै-छै=वह अपना सिर और नाक पानी के बाहर रखता है; सैत-कै मालै=शहद के ऊपर। इसी प्रकार आगै=आगे तथा पाछै=पीछे भी वास्तव मे सप्तमी रूप ही है जिनका अर्थ क्रमश: अगले भाग मे तथा पिछले भाग मे होता है। उदा० थाँकै पाछै=तुम्हारे पीछे की ओर। जब कभी षष्ठी का परसर्ग लुप्त रहता है तब तत्सम्बन्धित सज्ञा शब्द अपने साधारण तिर्यक् रूप मे ही रहता है, उदा० मूँडा-कै आगै=मुँह के सामने की जगह, मूँडा आगै।

सप्तमी परसर्ग माळै का प्रयोग कभी-कभी षष्ठी के सप्तमी रूप के साथ होता है, उदा० सैत-कै माळै। कभी-कभी माळै सीधा तिर्यक् रूप के लगा दिया जाता है, उदा० पोता–माळै=पोते के ऊपर।

—ऐ-अन्तिक सप्तमी के कुछ अन्य उदाहरण ये है.—

अक्कल ठिकाणै आई=अकल ठिकाने आई;

जो वाँटो म्हारै वाँटै आवै=जो भाग मेरे भाग मे आवे;

बहुवचन—कुगैला=बुरी लतो मे।

लेखक को केवल ओ-कारान्त तद्भव शब्दो के–ऐ-अन्तिक सप्तमी परसर्गो का प्रयोग विशेष द्रष्टव्य मालूम पड़ा। वैसे अन्य सज्ञा शब्दों के साथ भी आँ–अन्तिक सप्तमी एकवचन रूप कही–कही मिल जाते है। उदा० बागाँ चालाँ= बाग मे चले; बजाराँ चालाँ=बाजार मे चले; दुकानाँ-मै रह्यो=दूकान मे रहा, पाछाँ (पाछै भी) पीछे की ओर। इनमें पाछाँ के अतिरिक्त अन्य सब उदाहरण

व्यञ्जनांत पुलिग संज्ञाओ के प्रथमा रूप के हैं। ईकारान्त स्त्रीलिग सज्ञाओं के उदाहरण ये है:—गोद्याँ=गोद मे, गो-डाळ्याँ=घुटनो के बल; गोदपोठ्याँ=पीठ पर, धरत्याँ=धरती पर, बेळ्याँ=जल्दी (समय पर), मैयाँ=जमीन पर, हतेळ्याँ=हथेली पर, मर्याँ पाछै=मरने के बाद (मर्याँ एक अप्रचलित क्रियात्मक संज्ञा मरी का तिर्यक् रूप है।)

—आँ-अन्तिक सप्तमी रूप सभी सज्ञाओ का नही मिलता। इसे छोड कर ओकारान्त तद्भव सज्ञा शब्दो के विभिन्न कारक रूप इस प्रकार मिलते है—

	एक०	बहु०	एक०	बहु०
प्र०	राजा	राजा	बाप=पिता	बाप
तृ०	राजा	राजाँ, राजाँ	बाप	बाप,बापाँ
ति०	राजा	राजा	बाप	बापाँ
		(स्त्री०) छोरी=लडकी		(स्त्री०) बात
प्र०	छोरी	छोर्याँ	बात	बाताँ
तृ०	छोरी	छोर्याँ	बात	बाताँ
ति०	छोरी	छोर्याँ	बाताँ	बाताँ

विशेषण

नीचे के उदाहरणो से विशेषणो का प्रयोग स्पष्ट होता है—

एक चोखो मिनख=एक अच्छा आदमी।

एक चोखा मिनख को=एक अच्छे आदमी का

चोखा मिनख=अच्छे आदमी।

चोखा मिनखाँ को=अच्छे आदमियो का।

हिन्दुस्तानी की तरह तुलना करते समय पचमी का व्यवहार होता है। उदा० ऊँ-को भाई ऊँ-की भैण-सूँ लम्बो छै=उसका भाई उसकी बहिन से लम्बा है। कभी-कभी बीच का व्यवहार किया जाता है, उदा० वो मर्यो कीड़ो ऊँ बीच बड़ो अर भार्यो छो=वह मरा हुआ कीड़ा उससे बडा और भारी था।

सर्वनाम

प्रथम पुरुष का एक वचन सर्वनाम 'मैं' है। इसके दो बहुवचन रूप होते है, आपाँ (सबोधित व्यक्ति शामिल) तथा म्हे (सबोधित व्यक्ति रहित)। उदा० आप रसोइये से कहे 'हम आज रात को आठ बजे भोजन करेगे।' यदि आप 'आपाँ' का व्यवहार करे तो भोजन मे वह भी शामिल होगा, यदि 'म्हे' का तो नही। मुख्य-मुख्य सर्वनाम रूप ये है—

	एक०	बहु० (सबोधित शामिल)	बहु० (संबो. रहित)
प्र०	मैं	म्हे	आपाँ
तृ०	मैं	म्हे	आपाँ
द्वि–च०	मूँ–नै, म–नै, म्हारै	म्हाँ–नै, म्हाँ–कै	आपाँ–नै, आपणै
ष०	म्हारो (–रा,–री,–रै), म्हाँवलो	म्हाँ–को	आपणू
ति०	मूँ, म, मैं	म्हाँ	आपाँ

ऊपर रूपो मे म्हारो का व्यवहार को–साधित अन्य षष्ठी रूपो की तरह ही होता है। वैसे आप का भी—तिर्यक् पु॰ रूप–आपणा, सप्त० आपणै, स्त्री० आपणी : एक बात द्रष्टव्य है : आपणू का अर्थ होता है हमारा (our) (तुम्हारा और मेरा) न कि अपना (own) (मेरा निज का)। श्री मेकेन्स्टिर ने इसके प्रयोग के निम्नलिखित उदाहरण दिये हैं—

आपणू घोडो गयो=हमारा (our) घोडा गया।

आपणा छोरा यो काम कर्‌यो छै=हमारे (our) लडको ने यह काम किया है।

वो आपणा घोडा–माळै वैठ्यो=वह हमारे (our) घोडे पर बैठा।

वो आपणा छोराँ–नै फडावै छै=वह हमारे (our) लड़कों को पढ़ाता है।

द्वितीय पुरुष के मुख्य–मुख्य रूप ये है—

	एक०	बहु०
प्र०	तू	थे
तृ०	तृ	थे
द्वि०–च०	तू–नै, त–नै, थारै	थाँ–नै, थाँ–कै
ष०	थारो (–रा,–री,–रै)	थाँ–को
ति०	तू, त, तैं	थाँ

षष्ठी रूप थारो का व्यवहार ठीक एक को–साधित षष्ठी रूप की तरह ही होता है।

पहले कहा जा चुका है कि द्वि०–च० परसर्ग नै एव कै वास्तव मे षष्ठी परसर्गो के सप्तमी रूप है। यहाँ यह बात पुन: द्रष्टव्य है कि द्वि०–च० रूप म्हारै एव थारै भी क्रमश: षष्ठी रूप म्हारो एव थारो के सप्तमी रूप ही है।

निजवाचक सर्वनाम आप है। इसके वारवर रूप चलते है, उदा० षष्ठी–आपको। परन्तु जव आपको का प्रयोग वाक्य के कर्ता का निर्देश करने के लिए

है, तब जयपुरी मे उनका व्यवहार वैकल्पिक होता है। उदा० छोटक्यो आपका बाप-नै खई=छोटे ने अपने बाप से कहा। इसके साथ वैकल्पिक प्रयोग यह भी मलता है, यथा-मैं उठस्यूँ अर म्हारा (न कि आपका) बाप-कनै जास्यूँ=मैं उठ कर अपने बाप के पास जाऊँगा। गुजराती मे यह 'आपको' का प्रयोग सर्वथा लुप्त हो चुका है।

निर्देशक सर्वनाम

तृतीय पुरुष के सर्वनामो को गिनकर निर्देशक सर्वनाम कुल ये हैं : यो=यह; वो या जो=वह (He, it, that)। जो के रूप ठीक सम्बन्धवाची जो की भाँति ही चलते हैं, जिसका उल्लेख उपयुक्त स्थल पर किया गया है। निर्देशक सर्वनाम के रूप मे इसका उदाहरण : छोरा छोर्‌याँ अर बड़ा आदम्याँ-कै चीरो जीं सूँ लगावै छै=लडके-लडकियो और बड़े आदमियो के टीका जिससे (गाय से) लगाया जाता है। यह प्रयोग पश्चिमी हिन्दी मे भी सर्वसाधारण है। उसी तरह सार्वनामिक क्रियाविशेषण जिद का भी 'तब' और 'जब' दोनो अर्थो मे व्यवहार होता है : जिद नाई रोवा लागग्यो जिद राणी खई=जब नाई रोने लगा तब रानी ने कहा।

इन सब निर्देशको के अपने-अपने स्त्रीलिंग रूप होते हैं। उदा० क्रम से-या, वा एवं जा, केवल प्रथमा एकवचन मे। अन्य एकवचन रूप तथा सभी बहुवचन रूपो का पुंलिंग स्त्रीलिंग, दोनो के लिए प्रयोग होता है।

यो एवं वो के मुख्य रूप ये हैं—

	यो		वो	
	एक०	बहु०	एक०	बहु०
प्र०	यो, या (स्त्री)	ये	वो, वा (स्त्री.)	वै
तृ०	यो, या ,,	ये या याँ	वो, वा ,,	वै या वाँ
द्वि० चतु०	ईं-नै,-कै	याँ-नै,-कै	ऊँ-नै,-कै	वाँ-नै,-कै
ष०	ईं-को	याँ-को	ऊँ-को	वाँ-को
सि०	ईं	याँ	ऊँ	वाँ

सम्बन्धवाचक सर्वनाम

सं० सर्व० जो मिलता है। इस रूप मे उसका व्यवहार निर्देशक सर्व० के रूप मे भी होता है। जो के विभिन्न रूप ये है—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	जो या ज्यो, (स्त्री) जा	जो या ज्यो
तृ०	जो या ज्यो (,,) जा	जो, ज्यो, जाँ, ज्याँ

द्वि० च० जीं–नै,–कै	जाँ–नै,–कै, ज्याँ–नै,–कै
एक वचन	बहुवचन
ष० जीं–को	जाँ–को, ज्याँ–को
ति० जीं	जाँ, ज्याँ

प्रश्नार्थक सर्वनाम

प्र० सर्व० ये है—

कुण=कौन, काँई=क्या। इन दोनों के रूप नही बदलते। उदा० कुण-को!=किसका, काँई-को? = किस (वस्तु) का। काँई जयपुरी का अपना विशिष्ट शब्द है, जिसके कारण जयपुरी को कभी-कभी काँई-कुँई की बोली भी कहा जाता है।

क्रियापद

(सहायक क्रियाएँ तथा मुख्य क्रियाएँ)–मुख्य क्रियाओ के रूप इस प्रकार है—

वर्तमान

मै हूँ, इत्यादि

	एक०	बहु०
प्र०	छूँ	छाँ
द्वि०	छै	छो
तृ०	छै	छैं

भूतकाल

मै था, इत्यादि

एक वचन पुं० छो	बहु० पुं० छा
,, स्त्री० छी	,, स्त्री० छी

ये रूप पुरुष के अनुसार नही बदलते। ह्वैबो क्रिया अपवाद है। उसके मुख्य-मुख्य रूप ये है—

क्रियार्थक संज्ञा—ह्वैबो, होवो, ह्वैणू या होणू=होना।
वर्तमान कृदन्त—ह्वैतो, होतो=होता हुआ।
भूत कृदन्त—हुयो=हुआ।
सभावनार्थ कृदन्त—ह्वैर, होर=होकर
क्रियाविशेषणात्मक कृदन्त—ह्वैताँई, होताँई=होते ही।
कर्तृवाचक नाम—ह्वैत, होत, होवाहाळो, होवाळो, होणहार, होवाको, होतिब, या होतब=होने वाला।

साधारण वर्तमान

मैं हूँ, मैं होऊँ, इत्यादि

	एक०	बहु०
प्र०	होऊँ या हूँ	ह्वाँ
द्वि०	होय, ह्वै	हो
तृ०	होय, ह्वै	ह्वै

भविष्यत्

इसके दो प्रकार होते है

(१)

	एक वचन	बहु०
प्र०	होऊँ-ला, होऊँ-लो, हूँ ला या हूँ-लो	ह्वाँ-ला
द्वि०	होय-लो, हो-लो, ह्वै-लो	हो-ला
तृ०	होय-लो, हो-लो, ह्वै-लो	ह्वै-ला, हो-ला

(२)

प्र०	होस्यूँ	होस्याँ
द्वि०	होसी	होस्यो
तृ०	होसी	होसी

आज्ञार्थ

द्वि० एक—ह्वै, बहु०—हो,
आदरार्थ—ह्वीजो, ह्वैजो, या होजो।
अन्य कालरूप इन उपादानो से बना लिए जाते हैं।

मुख्य क्रिया

मुख्य क्रिया के क्रियारूप हिन्दुस्तानी क्रियारूपो से बहुत भिन्न हैं। सहायक क्रियाएँ तो भिन्न हैं ही, मूलकाल (radical tenses) एवं कृदन्तीकाल भी बिल्कुल भिन्न हैं।

हिन्दुस्तानी मे पुराना साधारण वर्त्तमान अब अपने असली अर्थ मे प्रयुक्त न होकर वर्त्तमान सभावनार्थ का अर्थ व्यक्त करता है। जयपुरी मे वह वर्त्तमान सभावनार्थ के साथ-साथ साधारण सामान्यार्थ वर्तमान का अर्थ भी व्यक्त करता है।

वर्तमान निश्चयार्थ, वर्तमान कृदत की सहायता से बनाये जाने के बदले सामान्यार्थ वर्तमान के साथ सहायक क्रिया लगाकर बनाया जाता है। उदाहरण-मारूँ-हूँ, न कि मारतो-हूँ।

अपूर्णभूत क्रियात्मक सज्ञा के एक ऐ-अन्तिक तिर्यक् रूप के साथ सहायक क्रिया लगाकर बनाया जाता है। उदा० मैं मारै-छो, न कि मै मारतो-छो=मै मार रहा था। अँगरेजी मे शब्दश: I was on striking तुलनीय-अँगरेजी I was a-striking.

भविष्यत् के दो प्रकार होते है। एक रूप तो हिन्दुस्तानी के अनुरूप–गा की जगह –ला या लो लगाकर बनाया जाता है। उदा० मै मारूँ-ला या मारूँ-लो= मैं मारूँगा। बहुवचन मे केवल-ला का व्यवहार होता है।

भविष्यत् का दूसरा प्रकार स्य या सि प्रत्यय लगाकर बनाया जाता है। यह रूप पुराने शौरसेनी प्राकृत भविष्यत् रूप का सीधा वशज है।

क्रियार्थक सज्ञा के अन्त मे -बो या णू रहता है। उदा० मारबो या मारणू।

सभावनार्थ कृदन्त के अन्त मे साधारणतया -अर लगता है; स्वर के बाद केवल -र लगता है। उदा० मारर=मारकर, देर=देकर।

इस - अर विभक्ति एव अवधारण-वाचक निपात (enclitic particle) अर या 'र=और का भेद स्पष्टतया समझ लेना चाहिये। इन दोनो मे कोई सम्बन्ध नही है। यह विभक्ति कर से क का लोप होकर बनी है; बाकी का भाग धातु के साथ जुड एक शब्द बन जाता है। इस प्रकार यह एक वास्तविक विभक्ति है न कि प्रत्यय।

सकर्मक क्रियाओ का भूतकाल हिन्दुस्तानी की ही भाँति कर्मणि वाच्य मे होता है, पर जयपुरी मे एक अन्तर नजर आता है . जयपुरी मे तृतीया के बदले द्वितीया के साथ – नै विभक्ति लगाई जाती है। उदा० हिन्दुस्तानी– उस-ने घोडे-को मारा।

जयपुरी – वो घोडा-नै मार्‍यो
अँगरेजी – by-him to – the – horse it – was – struck.

ऊपर निर्दिष्ट विशिष्टताओ को ध्यान मे रखते हुए मारबो = मारना क्रिया के विभिन्न रूप नीचे दिए जाते है:—

क्रियार्थक सज्ञा – मारबो (तिर्यक् मारबा) या मारणू (तिर्यक्–मारण) =मारना

वर्तमान कृदन्त—मारतो=मारता हुआ
भूत कृदन्त—मार्‍यो (तिर्यक् एक एव प्रथ० बहु० पु० मार्‍या, स्त्री० मारी)=मारा
सभावनार्थ कृदन्त–मारर=मार कर
क्रियाविशेषणात्मक कृदन्त–मारताँ–ईं=मारते ही

कर्त्ता—मारबाहाळो, मारबाळो, माराॅरो, या मारा को = मारने वाला

सामान्य वर्तमान या संभावित वर्तमान मैं मारूं

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	मारूँ	माराँ
द्वि०	मारै	मारो
तृ०	मारै	मारै[1]

(१ तृतीय पुरुष बहु० रूप का सानुस्वार न होना द्रष्टव्य है ।)

भविष्यत् – मारूंगा

		एक०	बहु०
(१)	प्र०	मारूँ–ला या – लो	माराँ – ला
	द्वि०	मारै – लो	मारो – ला
	तृ०	मारै – ला	मारै – ला

(स्त्री० मारूँ–ली, बहु० माराँ – ली इत्यादि)

		एक०	बहु०
(२)	प्र०	मारस्यूँ	मारस्याँ
	द्वि०	मारसी	मारस्यो
	तृ०	मारसी	मारसी

(इस प्रकार मे स्त्री – पु० दोनो के रूप एक सदृश ही होते है ।)

निश्चयार्थ वर्तमान मारता हूँ

	एक०	बहु०
प्र०	मारूँ – छूँ	माराँ – छाँ
द्वि०	मारै – छै	मारो – छो
तृ०	मारै – छै	मारै – छै

अपूर्ण भूत – मार रहा था

	एक०	बहु०
प्र०	मै मारै – छो	म्हे मारै – छा
द्वि०	तू मारै – छो	थे मारै – छा
तृ०	वो मारै – छो	वै मारै – छा

(स्त्री० एक० एव बहु० मारै – छी)

भूत – मारा

	एक०	बहु०
प्र०	मै मार्‍यो	म्हे मार्‍यो
द्वि०	तू मार्‍यो	थे मार्‍यो
तृ०	वो मार्‍यो	वै मार्‍यो

अन्य रूप ये है :—

पूर्ण भूत – मैं मार्यो छै = मैने मारा है

परोक्ष भूत—मैं मार्यो छो = मैने मारा था

सदिग्ध भूत - जै मैं मारतो = यदि मै मारता

इनके अतिरिक्त हिन्दुस्तानी के अनुरूप ये रूप भी है—

मैं मारतो–हूँ = मैं मारता होऊँ

मैं मारतो-हूँ-लो = मैं मारता होऊँगा

जै मैं मारतो-ह्वै तो = यदि मै मारता - होता

मैं मार्यो ह्वै = मैंने मारा हो

मैं मार्यो ह्वै-लो = मै ने मारा होगा

जै मैं मार्यो – ह्वै तो – यदि मै ने मारा होता

कुछ अपवादरूप उदाहरण लेखक की नजर मे आये है :—

भूत-कृदन्त के अन्त मे यो रहता है। एक - दो उदाहरणो मे यह लुप्त देखा गया है। उदा० लाग्गो, साथ ही साथ लाग्यो=लग गया।

श्री मेकेलिस्टर द्वारा दिये गये उदाहरणो मे "खैछै" शब्द बार-बार आया है। इसका अर्थ 'उसने कहा' जान पडता है। यह "कहै छै" का विकृत रूप-सा मालूम पडता है जो ऐतिहासिक वर्तमान (historical present) का काम देता है। यह बात विशेष द्रष्टव्य है कि नीमाडी मे निरपवाद रूप से सहायक क्रिया का महाप्राणत्व लुप्त हो जाता है। (उदाहरणो के लिए आगे देखिये)।

देबो = देना से एक आज्ञार्थ रूप द्यो एवं भूत कृदन्त दीनू या दीयो मिलते हैं। उसी प्रकार लेबो = लेना से क्रमशः ल्यो, लीनू या लीयो उपलब्ध हैं। करबो से नियमानुसार भूतकृदन्त कर्यो मिलता है। पर जाबो=जाना से भूतकृदन्त गियो, ग्यो या गो मिलते है।

कहना व पूछना क्रियाओ मे सम्बोधित व्यक्ति पंचमी मे न रक्खे जाकर चतुर्थी मे रक्खे जाते है। उदा० बाप नै खई = बाप - से कहा : ऊँ-नै पूछी= उससे पूछा। भूतकृदन्त का स्त्री० रूप 'वात' (अव्यक्त) के अनुरूप होना द्रष्टव्य है।

सयुक्त क्रियाएँ लगभग हिन्दुस्तानी के सदृश ही है। नाँखबो का प्रयोग हिन्दी डालना की तरह ही किया जाता है। उदा० छोराँ – नै मार-नाँख=बच्चो को मार-डाल।

आवृत्तिसूचक रूप क्रियार्थक सज्ञाओं के साथ बनते हैं। उदा० करबो करजे=हिन्दी किया कीजिए। आरम्भदर्शक रूप (Inceptive) क्रियार्थक सज्ञा के तिर्यक् रूप से बनाए जाते है, उदा० रैंवा लाग्यो=रहने लगा।

आबो=आना क्रिया से प्राय: अन्य क्रियाओं के साथ सयुक्त रूप बनाए जाते हैं। उनके बीच मे य जोड दिया जाता है। उदा० ल्यावो=ले आओ, जीयायो=जी आया, लाद्यायो=पाया गया।

प्रेरणार्थक रूप हिन्दुस्तानी की तरह बनते हैं। पिटवो का प्रेर० रूप पीटवो विशेष द्रष्टव्य है।

निषेधसूचक रूप साधारणतया कोनै है। उदा० कोनै=(मैं) नही हूँ। कोनै रोऊँ=मैं नही रोता। साधारणतया को क्रिया के पहले आता है एव नै पश्चात् उदा० कोई--आदमी को-देतो-नै=कोई भी आदमी नहीं देता था। अकेले 'को' का प्रयोग हकारात्मक वाक्यो मे स्वार्थे (pleonastically) भी होता है। उदा० श्री मेकेलिस्टर के उद्धरणो मे पृ० ४८-४९ पर नाई को बोल्यो=नाई-ने कहा, नाई-दुकान मैं उतरग्यो=नाई दूकान मे उतर गया। अन्य बोलियो से तुलना करने पर, को, कोई से सम्बन्धित नजर आता है, और अर्थसाम्य मे अँगरेजी (at all) से तुलनीय है।

उत्तर-पूर्वी राजस्थानी

उपभाषाएँ

जयपुरी धीरे-धीरे पश्चिमी हिन्दी मे अन्तर्हित होने के पहले उत्तर-पूर्वी राजस्थानी का स्वरूप लेती है। इसकी दो उपभाषाएँ है। एक तो मेवाती, जिसके मार्फत होती हुई जयपुरी, व्रजभाषा मे अन्तर्हित हो जाती है, दूसरी अहीरवाटी जिससे मेवाती के मार्फत होकर जयपुरी बाँगरू मे अन्तर्हित हो जाती है।

इनके बोलने वालो की सख्याएँ इस प्रकार बताई जाती है:—

मेवाती	११, २१, १५४
अहीरवाटी	४, ४८, ६४५
कुल	१५, ७०, ०९९

मेवाती का मुख्य केन्द्र राजपूताना का अलवर स्टेट कहा जा सकता है और अहीरवाटी का पजाब मे गुडगाँव जिले मे स्थित रेवाडी। दोनो उपभाषाएँ मिश्रित से प्रकार की है। आगे उनका अलग-अलग विवरण दिया जाता है।

मेवाती-नामकरण

वास्तव मे मेवाती मेवो के प्रदेश मेवात की भाषा का नाम है, पर प्रसार में वह इस प्रदेश के बाहर तक फैली हुई है। मेवात अलवर स्टेट का केवल एक हिस्सा है, पर मेवाती सारे अलवर मे बोली जाती है। मेवाती भरतपुर स्टेट के उत्तर-पश्चिम तथा पजाबी के गुडगॉव जिले के दक्षिण-पूर्व मे भी बोली जाती है। ये दोनो क्षेत्र मेवात के अन्तर्गत ही है। अलवर रियासत के उत्तर-पश्चिम मे जयपुर स्टेट की निजामत कोटकासिम तथा नाभा स्टेट की निजामत बावल स्थित है। यहाँ भी मेवाती बोली जाती है। जयपुर एव नाभा रियासतो के निवासी अपनी मेवाती को 'बीघोता की बोली' कहते है, इसका ठीक-ठीक तात्पर्य मै पता नही लगा सका।

वास्तविक मेवात प्रदेश की परिभाषा 'अलवर गजेटियर' (पृ० १६७-८) मे इस प्रकार दी गई है:—

"प्राचीन मेवात देश मोटे तौर पर एक ऐसी रेखा के अन्तर्गत आ जाता है जो उत्तर मे कुछ टेडे-मेढ़े रास्ते से भरतपुर स्थित डीग से आरंभ होकर रेवाड़ी के अक्षांश के कुछ ऊपर तक जाती है। वहाँ से पश्चिम मे रेवाडी के नीचे की ओर मुडकर अलवर शहर से ६ मील पश्चिम की ओर के देशान्तर तक होती हुई अलवर राज्य-स्थित बाडा नदी के दक्षिण तक चली जाती है। फिर यह रेखा पूर्व की ओर घूम कर पुन. डीग से मिल जाती है, और मेवाती प्रदेश की दक्षिणी सीमा बन जाती है।"

भाषा-सीमाएँ

मेवाती के पूर्व मे भरतपुर एवं पूर्वी गुडगाँव की ब्रज, तथा दक्षिण मे जयपुर रियासत की डाँग बोलियाँ हैं। उत्तर मे पश्चिमी गुड़गाँव की अहीरवाटी है। दक्षिण-पश्चिम मे जयपुरी की तोरावाटी बोली तथा उत्तर-पश्चिम मे पटियाला की नारनौल निजामत की मिश्रित बोली मिलती है। इस मिश्रित बोली के आगे शेखावाटी बोली का क्षेत्र आ जाता है। नारनौल की बोली की चर्चा अहीरवाटी के अन्तर्गत की जाएगी।

बोलियाँ

मेवाती स्वय एक सीमास्थित उपभाषा है। वास्तव मे वह हिन्दी की उपभाषा ब्रज मे अन्तर्हित होती हुई राजस्थानी का एक रूप है। भिन्न-भिन्न अचलो मे इसके रूप मे थोड़ा-बहुत अन्तर पाया जाता है। अलवर मे इसके चार विभेद बतलाए जाते है, स्टैण्डर्ड (परिनिष्ठित) मेवाती, राठी मेवाती, नहेड़ा मेवाती तथा कठेर मेवाती। कठेर मेवाती ही भरतपुर की मेवाती भी है। कठेर प्रदेश के अन्तर्गत भरतपुर का पश्चिमोत्तर प्रदेश तथा उससे सटा अलवर के दक्षिण-पूर्व का कुछ हिस्सा आ जाता है। कठेर मेवाती मे ब्रजभाषा का मिश्रण है, यह अनुमान उसकी स्थिति से सहज ही लग सकता है। गुड़गाँव की मेवाती का भी वही स्वरूप है। नहेड़ा अलवर रियासत के दक्षिण-पश्चिमी भाग मे स्थित थानागाजी तहसील के पश्चिमी हिस्से का नाम है। राठ (बर्बर) प्रदेश चौहान राजपूतों का निवास-स्थान है और पश्चिोत्तर सीमा पर स्थित है। राठी मेवाती, जयपुर के कोटकासिम की एवं नाभा के बावल की मेवाती मे अहीर-वाटी का मिश्रण पाया जाता है। अलवर रियासत के बाकी के हिस्से मे परिनिष्ठित (स्टैण्डर्ड) मेवाती बोली जाती है। अलवर रियासत के सरकारी सूत्रो से मेवाती की विभिन्न विभाषाओ के बोलने वालों के निम्नलिखित आँकड़े मिलते हैं:—

स्टैण्डर्ड मेवाती	२,५३,८००
राठी मेवाती	२,२२,२००

नहेड़ा मेवाती	१,६६,३००
कठेर मेवाती	१,१३,३००
कुल	७,५८,६००

भरतपुर मे कठेर मेवाती-भाषियों की संख्या ८०,००० है। ये नगर, गोपालगढ, पहाडी एव कामा हिस्सो मे बसे हुए हैं। इस प्रकार कठेर मेवाती की कुल सख्या १,९३,३०० मानी जा सकती है। आगे इन बोलियो का और कही उल्लेख नही होगा। ये सब मिश्रित बोलियाँ हैं जिनका कोई महत्त्व नही है।

बोलने वालों की संख्या

मेवाती बोलने वालो की प्रदेशवार संख्याएँ नीचे दी जाती हैं। नाभा रियासत वाले बावल की मेवाती के अलग आँकड़े नही दे सके, उन्होने उसे अहीरवाटी के आँकडों मे ही शामिल कर लिया है। लेखक के अनुसार इनकी संख्या अनुमानत. २०,००० के लगभग गिन ली गई है।

राजपूताना—		
अलवर	७,५८,६००	
भरतपुर	८०,०००	
जयपुर स्थित कोटकासिम	१७,०५४	८,५५,६५४
पंजाब—		
गुड़गाँव	२,४५,५००	
नाभा-स्थित बावल	२०,०००	२,६५,५००
	कुल :	११,२१,१५४

परदेश-स्थित मेवाती-भाषियो की संख्याएँ उपलब्ध नही हैं। कहा जाता है कि दिल्ली जिले में १८,६९४ मेवाती-भाषी हैं, जो संभवत: अहीरवाटी बोलने वाले हो सकते हैं, और युक्तप्रान्त स्थित जालौन मे उनकी संख्या लगभग ८०० है।

साहित्य

मेवाती मे रचित कोई साहित्य अब तक मेरी जानकारी में नही आया।

अधिकृत सूत्र

रेव० मेकेलिस्टर ने अपनी सुन्दर पुस्तक 'जयपुर रियासत की बोलियो के नमूने' में बीघोता की बोली, अर्थात् बावल एवं कोटकासिम की मेवाती के कई

नमूने तथा उनकी सक्षिप्त व्याकरण दी है। मध्य-पूर्वी राजस्थानी के विवेचन मे सर्वत्र इस पुस्तक से अनेक उद्धरण लिए गये है। केवल एक जगह और मेवाती का उल्लेख मिलता है। गुड़गाँव गजेटियर के भाषा-विभाग मे कुछ पक्तियाँ मेवाती पर भी देखने मे आई।

व्याकरण

मेवाती की व्याकरण का निम्नलिखित विवेचन कुछ तो श्री मेकेलिस्टर की दी हुई व्याकरण और कुछ नमूनो पर आधारित है। विवेचन बहुत ही सक्षेप मे है। मुख्यत: उनमे जयपुरी और मेवाती का अन्तर दिखाने वाले मुद्दो की ही चर्चा की गई है।

नामरूप

सज्ञा-नामरूप लगभग जयपुरी रूपो का ही अनुसरण करते है। अन्तर केवल इतना ही है. तृतीया मे लगाने के साथ-साथ नै परसर्ग द्वितीया-चतुर्थी मे भी लग सकता है, और पचमी परसर्ग सूँ के बदले प्राय· तैँ मिलता है।

उदाहरणस्वरूप 'घोडो' शब्द की नामरूपावली दी जाती है।

	एक वचन	बहुवचन
प्र०	घोडो	घोडा
तृ०	घोडो, घोडैं, घोडा-नै	घोड़ा, घोडाँ, घोडाँ-नै
द्वि०	घोडा-नै, -कै	घोडाँ-नै,-कै
च०	घोडा-नै	घोडाँ-नै
पं०	घोडा-तैँ	घोडाँ-तैँ
ष०	घोडा-को (का, कै, की)	घोडाँ-को, इत्यादि
स०	घोडै, घोडा-मैँ	घोडा-मैँ
स०	घोडा	घोडो

अन्य उदाहरण देना अनावश्यक है। जयपुरी व्याकरण मे सभी आवश्यक बाते मिल जाती है।

षष्ठी के परसर्ग को, का, कै एव की बिलकुल जयपुरी के सदृश ही है।

विशेषण

हिन्दी मे विशेषण-आ-कारान्त होते है एव जयपुरी मे -ओकारान्त। मेवाती मे वे यो-कारान्त होते है। उदा० आछ्यो=अच्छा; भार्यो=भारी। कही-कही नपुंसक लिंग के कुछ अवशेष भी मिल जाते है, उदा० सुण्यूँ=सुना गया।

सर्वनाम

प्रथम एव द्वितीय पुरुष के व्यक्तिवाचक सर्वनाम रूप इस प्रकार हैं.—

		मैं	तू
एक०	प्र०	मैं	तू
	तृ०	मैं	तैं, तू
	ति०	मुज, मूँ, मेरै	तुज, तूँ, तेरै
	ष०	मेरी	तेरो
बहु०	प्र०	हम, हमा	तम, तुम, थम
	ति०	हम, म्हारै	तम, थारै
	प०	म्हारो	थारो

संबोधित व्यक्ति शामिल वाले 'हम' के अर्थ मे प्रयुक्त 'आप' का प्रयोग मेवाती मे दृष्टिगोचर नहीं हुआ ।

'अपना' के अर्थ मे आपणू एव तिर्यक् रूप आपणा मिलते है ।

निर्देशक सर्वनाम यो=यह एव वो=वह (He, it, that) है । जयपुरी की ही भाँति प्र० एक० का एक स्त्रीलिंगी रूप भी होता है; उदा० या अथवा आ=यह; वा=वह । रूपावली इस प्रकार हैं:—

एकवचन	यह	वह
प्र०	यो, (स्त्री० या, आ)	वो, बो, वोह, (स्त्री० वा)
तृ०	यो, (स्त्री० या, आ) ई, ऐं	वो, बो (स्त्री० वा) बीं, वैं
ति०	ऐं	वैं, वैंह
प०	ऐं -को	वैं -को, वैंह-को
बहुवचन		
प्र०	ये, यै	वे, वै, वैह
ति०	इन	उन
प०	इन-को	उन-को

सम्बन्धवाची एवं प्रश्नार्थक सर्वनामो की रूपावली यो है —

		जो	कौन
एक०	प्र०	जो, ज्यो	कौण
	ति०	झैं. जैह	कैंह (प० किन-तैं)
बहु०	प्र०	जो, ज्यो	कौण
	ति०	जिन	किन

राजस्थानी की अन्य बोलियों की तरह मेवाती मे भी सबधवाचक सर्वनामो से निर्देशक की सी ध्वनि निकलती है ।

नपुं० प्रश्नार्थक सर्वनाम–के=क्या है। इसका तिर्यक् एक० क्याँआँ है।

अनिश्चयवाचक सर्वनाम कोई-कोई भी है। उसका तिर्यक् रूप कह या कहीं है। 'कुछ भी' का द्योतक 'किमइँ' है।

ऊपर के रूपों से स्पष्ट है कि मेवाती के सर्वनाम रूपों का पश्चिमी हिन्दी बहुत साम्य है।

क्रिया रूप

सहायक एव मुख्य क्रियाएँ

वर्तमान—मैं हूँ, इत्यादि

	एक०	बहु०
प्र०	हूँ	हाँ
द्वि०	है, हा	हो
तृ०	है	है

भूतकाल–मैं था, इत्यादि

	एक०		बहु०	
	पु०	स्त्री०	पु०	स्त्री०
प्र०	हो	ही	हा	ही
द्वि०	या	या	या	या
तृ०	हो या थो	थी	था	थी

'होना' क्रिया के मुख्य रूप ये है:—

क्रियार्थक संज्ञा—ह्वै बो, होबो, ह्वैणू=होना
वर्तमान कृदत– होतो, ह्वैतो=होता
भूत कृदत-हुयो=हुआ
पूर्वकालिक कृदत—हो-कर, होर=होकर
कर्त्ता—ह्वैतू, ह्वैणहार

साधारण वर्तमान–मैं होऊँ, इत्यादि

	एक०	बहु०
प्र०	होऊँ, हूँ	ह्वाँ
द्वि०	ह्वै, ह्वा	हो
तृ०	ह्वै, ह्वा	

तृतीय पुरुष बहु० का सानुस्वार होना विशेष द्रष्टव्य है। यह जयपुरी से भिन्नता एव पश्चिमी हिन्दी से साम्य दिखाता है।

निश्चयार्थक वर्तमान —हूँ-हूँ=होता हूँ
अपूर्णभूत— हवै—हो=होता था
भविष्यत्— हूँ—गो=होऊँगा या हूँगा

मुख्य क्रिया

मुख्य-मुख्य रूप ये है —

क्रियार्थक सज्ञा—मारबो, मारणू=मारना

वर्तमान कृदत—मारतो=मारता

भूत कृदन्त—मारयो=मारा

पूर्वकालिक कृदन्त—मार-कर, मार'र, मार-करहाणी=मार कर

कर्त्ता— मारण—वाळो

साधारण वर्तमान-मै मारूँ, इत्यादि

	एक०	बहु०
प्र०	मारूँ	माराँ
द्वि०	मारै, मारा	मारो
तृ०	मारै, मारा	मारै

निश्चयार्थक वर्तमान-मै मारता हूँ, इत्यादि

प्र०	मारूँ—हूँ	माराँ—हाँ
द्वि०	मारा—है	मारो-हो
तृ०	मारै-है	मारैं—हैं

अपूर्व भूत-मै मारता था, इत्यादि

यह कालरूप, हमेशा की तरह, मुख्य क्रिया के भूत काल रूप के साथ क्रियार्थक सज्ञा का-ऐ-अन्तिक रूप लगाकर बनाया जाता है। यह रूप सभी पुरुषो मे लागू होता है।

	एक०		बहु०	
	पु०	स्त्री०	पु०	स्त्री०
१,२,३,	मारै-हो	मारै-ही	मारैं-हा	मारै ही

भविष्यत्

गो लगाकर बनाया जाता है जो उत्तरी जयपुरी के अनुरूप है। यह गो हिन्दी के गा से तुलनीय है।

	एक०		बहु०	
	पु०	स्त्री०	पु०	स्त्री०
१	मारूँ-गो	मारूँ-गी	मारॉ-गा	मारॉं-गी
२	मारूँ-गो	मारॉ-गी	मारो-गा	मारो-गी
३	मार-गो	मारै-गी	मारैं-गा	मारैं-गी

भूतकाल

भूत०—मारचो, स्त्री० मारी, बहु० मारचा, स्त्री० मारी, साधारण नियमानुसार।

संदिग्ध भूतकाल

मारतो=(यदि मैं) मारता, इत्यादि

अन्य काल रूप ऊपर दिये गये उपादानों से जयपुरी के सदृश ही बनते हैं।

प्रायः अन्य सभी बातो मे मेवाती का जयपुरी से बहुत साम्य है।

अहीरवाटी : साधारण विवरण

अहीरवाटी, हीरवाटी तथा अहीरवाल (अहीर प्रदेश की भाषा) के नाम से भी प्रचलित है। यह गुडगाँव जिले के पश्चिम मे (मय पटौदी रियासत के), बोली जाती है। यह दिल्ली जिले मे नजफगढ के आसपास डावर प्रदेश मे भी बोली जाती है जहाँ इसे (सही रूप से) मेवाती कहा जाता है। उसी दिशा मे यह रोहतक के दक्षिण स्थित झज्जर तहसील तक बोली जाती है। और आगे उत्तर मे पश्चिमी हिन्दी की बाँगरू बोली पाई जाती है। दिल्ली तथा रोहतक की अहीरवाटी मे बहुत अशो मे बाँगरू का मिश्रण है।

अहीरवाटी के पूर्व मे, गुडगाँव के मध्य भाग तथा गुडगाँव के दक्षिण-स्थित अलवर रियासत मे मेवाती बोली जाती है, जिसका अहीरवाटी एक प्रकार मात्र है। अहीरवाटी का केन्द्र पश्चिम गुडगाँव स्थित रेवाडी माना जा सकता है।

गुडगाँव जिले के पश्चिम मे नाभा रियासत का दक्षिणी भाग स्थित है। यहाँ भी अहीरवाटी बोली जाती है; केवल उसके उत्तर के प्रदेश मे बाँगरू मिलती है। दक्षिणी नाभा के पश्चिम तथा दक्षिण मे पश्चिमी अलवर से सटी हुई पटियाला की नारनौल निजामत है। नारनौल के उत्तर मे जिन्द की दादरी निजामत तथा पश्चिम मे जयपुर रियासत का शेखावाटी प्रदेश है। उसके दक्षिण मे जयपुर का तोरावाटी प्रदेश स्थित है। जिन्द-शासित दादरी मे मुख्यतया बागडी बोली जाती है। शेखावाटी मे मारवाडी का एक रूप बोला जाता है; तोरावाटी मे जयपुरी का एक रूप है, और अलवर मे मेवाती और दक्षिणी नाभा मे अहीर-वाटी। पटियाला-शासित नारनौल की भाषा भी अहीरवाटी है, स्वभावतः ही उसमे चारो ओर की बोलियो का काफी परिमाण मे मिश्रण है।

स्पष्ट है कि अहीरवाटी मेवाती एव तीन अन्य बोलियो—बाँगरू, बागडी व शेखावाटी के बीच की संयोजन–कडी है। फिर भी उसकी एक विशिष्टता खास द्रष्टव्य है, जो जहाँ भी वह बोली जाती है, बराबर पाई जाती है; यह है उसकी मुख्य क्रिया का रूप। अन्य बातो मे, प्रदेशानुसार, पडोस की बोलियो के प्रभाव से उसके कई भिन्न-भिन्न स्थानीय रूप हुए मिलते है। फिर भी उसका हार्द सर्वत्र मेवाती ही है और उसे राजस्थानी की उपभाषा मेवाती का एक प्रकार मानना ही ठीक होगा।

आधुनिक काल मे अहीर या हीर कही जाती आभीर जाति एक समय मे पश्चिमी भारत की एक बडी महत्त्वपूर्ण जाति थी। इलाहाबाद स्थित समुद्रगुप्त (४ थी शती ई०) के प्रसिद्ध प्रस्तर-स्तम्भ पर उत्कीर्ण विजित राष्ट्रो की नामावली मे इनका भी उल्लेख मिलता है। ८ वी शती मे जब काठी लोग गुजरात मे आये तब उन्होने वहाँ अहीरो का आधिपत्य पाया।

अहीर खानदेश और नीमाड के भी स्वामी थे और कहा जाता है कि आसा नाम के एक गडरिये मुखिया ने मुसलमानो के हमले के समय नीमाड मे आसीरगढ़ नाम का किला बनाया था। टोलेमी (Ptolamy) उनका ABıpca नाम से उल्लेख करता है और ईसा की प्रारम्भिक शताब्दी मे पूर्व की ओर नेपाल तक अहीर राजाओ का राज्य था। इस प्रकार की स्थिति मे पश्चिमी भारत के कई भागो मे आभीरो पर आश्रित नाम वाली बोलियो का पाया जाना कोई आश्चर्य की बात नही है। गुजरात के कई भागो मे आज भी एक अहीर बोली बोलने वाले जन बसे हुए है। मालवा मे बोली जाती राजस्थानी की उपभाषा (पजाबी की मालवाई बोली से भिन्न) मालवी कही जाती है, पर उसका दूसरा नाम अहीरी भी है। इसके अतिरिक्त साधारणतया खानदेशी के नाम से प्रचलित अर्द्ध-भीली-सा, गुजराती का एक विचित्र रूप भी अहीराणी कहा जाता है। यही नही, खानदेश एव गुडगाँव के अहीरवाटी प्रदेश के बीच जगली पर्वतीय प्रदेश मे रहने वाले भीलो की भाषा भी बहुत अ शो मे खानदेश की भाषा के कुल की ही जान पड़ती है। ध्वनिशास्त्र के ज्ञात नियमो के अनुसार भिल्ल या भील शब्द को प्राचीन आभीर शब्द से एक पुराना बिगडा हुआ रूप मानना भी नितान्त असभव प्रतीत नही होता। अपनी स्वतन्त्र भाषा रखने वाले अहीरो की पूर्वचर्चित सब बस्तिया अनेक शताब्दियो से एक दूसरे से इतनी दूर होती चली गई है कि आधुनिक काल मे उनका एक ही भाषा बोलते रहने की आशा रखना ठीक नही होगा। वास्तव मे ऐसा है भी नही। फिर भी अहीरवाटी एव खानदेशी मे कुछ ऐसी महत्वपूर्ण समस्याएँ दृष्टिगोचर होती है, जो बरबस हमारा ध्यान आकर्षित करती है। इनमे सबसे महत्वपूर्ण 'सूँ'=मै हूँ का प्रयोग है जो अहीर-वाटी एव तत्सबधित बोलियो की खास विशिष्टता होने के साथ-साथ खानदेशी मे भी पाया जाता है।

बोलने वालों की संख्या

अहीरवाटी बोलने वालो की सख्याएँ निम्नलिखित बतलाई जाती है:—

गुडगाँव	१,५६,६००
पाटौदी	१६,०००
दिल्ली (मेवाती नाम से दर्ज)	१८,६६४
रोहतक (झज्जर)	७१,४७०

दक्षिण नाभा	४३,८८१[1]
पटियाला शासित नारनौल	१,३६,०००
(वागडी मेवाती नाम से दर्ज)	
	कुल ४,४८,६४५

साहित्य अधिकृत सूत्र आदि

अहीरवाटी मे रचित कोई ग्रन्थ मेरी जानकारी मे नही है, और न अबसे पहले इस भाषा की चर्चा ही कही मिलती है।

लेखन का माध्यम

अहीरवाटी तीन लिपियो मे लिखी मिलती है· देवनागरी, गुरमुखी एव फारसी। लिपि लिखने वाले के अनुसार बदलती है, उदा० पंजाब की सिक्ख रियासत नाभा के नमूने गुरमुखी मे लिखे मिले है, व्रज–बहुल गुडगाँव के नमूने देवनागरी मे मिले है, और रोहतक के नमूने फारसी लिपि मे आबद्ध है। हमने अहीरवाटी के नमूने देवनागरी एव फारसी लिपि मे दिये है। गुरमुखी वाले नमूने छापने की आवश्यकता प्रतीत नही हुई।

व्याकरण

अहीरवाटी और मेवाती के व्याकरणो मे नही–सा अन्तर है। अहीरवाटी, मेवाती तथा दिल्ली, रोहतक, पूर्व हिसार करनाल में बोली जाती पश्चिमी हिन्दी की बोली बाँगरू के बीच की कडी है। जैसा कि कहा जा चुका है, दक्षिण रोहतक एव दिल्ली के डाबर प्रदेश की बोली वास्तविक अहीरवाटी है। अतएव कुछ अंशो मे उसका बाँगरू से साम्य होना स्वाभाविक है। उदा० खासकर मेवाती हूँ=मै हूँ की जगह सूँ का प्रयोग। हमने गुडगाँव की अहीरवाटी को परिनिष्ठित (स्टैण्डर्ड) माना है।

अकारान्त सबल (Strong) सज्ञाशब्दो के प्रथमा एकवचन रूप के अत मे –ओ आता है, तथा एक तिर्यक् एकवचन रूप के अन्त मे –आ। यह मेवाती के अनुरूप है, क्योंकि बाँगरू मे ये रूप क्रमश –आ ए तथा –ए–अन्तिक पाए जाते है। यही नियम विशेषणो तथा षष्ठी–प्रत्ययो के विषय मे लागू पडता है। हाँ, यह मान लिया जाता है कि जब उनका व्यवहार सप्तमी रूप सज्ञाओ के साथ होता है, तब राजस्थानी के साधारण नियमानुसार वे -ए अन्तिक होते हैं, न कि -आ -अन्तिक; उदा० म्हारे घरी (न कि म्हारा) =हमारे घर मे। इस प्रकार के संज्ञाशब्दो का सप्तमी एकवचन–ए या ऐ-साधित होता है, उदा० घोडे या घोडै =घोडे मे। व्यञ्जनान्त पुंलिग सज्ञाओ का सप्तमी ई–साधित होता है,

[1] नाभा के आँकडे ६३,८८१ बताए गये थे, जिसमे से २०,००० मेवाती के अन्तर्गत गिने गये हैं।

उदा० घरी=घर मे। चतुर्थी का साधारण प्रत्यय नैं या ने है। इसी का व्यवहार तृतीया व्यक्त करने के लिए भी होता है। षष्ठी का प्रत्यय मेवाती की ही तरह 'को' होता है। भविष्यत् कर्मणि कृदन्त के पहले तृतीया काम मे लाई जाती है। इस कृदन्त का रूप क्रियार्थक संज्ञा के सदृश होता है, उदा० तूँ -नैं करणो थो=तुझे करना था। षष्ठीरूप के सप्तमी का चतुर्थी के लिए व्यवहार विशेष रूप से द्रष्टव्य है, उदा० मेरैं=मुझे।

कही कही एकाध नपुंसक लिंग के उदाहरण भी मिलते है, उदा० दीणूँ= जो देना है।

पुरुषवाचक सर्वनाम मेवाती के सदृश ही है। म-नें तथा मूँ-नें=मुझमे दोनो का व्यवहार मिलता है। सर्वनामो की तृतीया बनाने के लिए नें का यह उपयोग द्रष्टव्य है। तुम्हारो का अर्थ तुम्हारा तथा अपणू या अपणो का अर्थ अपना होता है, जिनका पु० तिर्यक् रूप अपणा होता है।

निर्देशक सर्वनाम यो या योह (स्त्री० या)=यह होते है। इनके तिर्यक् एकवचन ऐंह या अंह तथा बहुवचन इन होते है। इन प्राय: एकवचन के अर्थ मे भी प्रयुक्त होता है। दूर निर्देशक वो या वोह (स्त्री० वा)=वह है। इनका तिर्यक् एकवचन वैह, वँह या ऊँ, तिर्यक् बहुवचन उन हैं। उन प्राय: एकवचन के अर्थ मे भी प्रयुक्त होता है। सम्बन्धवाची सर्वनाम का प्राय. निर्देशक के अर्थ मे व्यवहार यहाँ भी मिलता है। उदा० जब=तब और जबकि दोनो अर्थो मे प्रयुक्त होता है।

अन्य विषयो मे सर्वनाम मेवाती के ही अनुरूप मिलते है। जो एव कौण के तिर्यक् एकवचन सभवत क्रमश· जैह, या जँह तथा कैह या कँह होगे, पर इनके उदाहरण मुझे नही मिले।

क्रिया-प्रकरण मे केवल मुख्य क्रियारूप द्रष्टव्य हैं। वर्तमान रूप यो हैं:—

	एक०	बहु०
१	सूँ	माँ
२	सा, सै	सो या सैं
३	सैं	सैं

भूतरूप थो=था, स्त्री० थी०, पुं० बहु० था होते है। नाभा स्थित बावल तथा जयपुर स्थित कोटकासम के आसपास के प्रदेश मे थो के साथ-साथ सो (सी, सा) का प्रयोग भी पाया जाता है।

द्वितीय पुरुष बहु० का सै बागड़ी से लिया हुआ है। गो प्रत्यय का पजाबी की तरह वर्तमान रूप के साथ प्रयोग भी कहीं-कही मिलता है। उदा० सैं-गो= वह है=पजाबी-है-गा। अन्य विषयो में क्रियारूप मेवाती के से ही हैं।

मालवी

वास्तव मे मालवी का अर्थ है मालवा की भाषा। जिस प्रदेश मे यह घर की बोली है वह प्रदेश लगभग सारा मालवा प्रदेश के अन्तर्गत ही आ जाता है। इस प्रदेश के अन्तर्गत इन्दौर, भोपाल, भोपावाड तथा मध्यभारत की पश्चिम मालवा एजेन्सियो के सस्थान आ जाते है। अपने पूर्व मे मालवी ग्वालियर रियासत के दक्षिण-पश्चिम तथा पडोस-स्थित राजपूताना की कोटा रियासत (जिसकी मुख्य भाषा हाडौती है), तथा टोक के छाबडा परगना तक फैली हुई है। यह मेवाड की पूर्वी सीमा पर स्थित टोकशासित निम्बाहेडा परगना मे भी बोली जाती है। मेवाड की पूर्वी सीमा भौगोलिक दृष्टि से पश्चिमी मालवा का ही भाग है। मालवी नर्बदा को पार करके आगे तक भी फैल गई है और अपने एक टूटे–फूटे रूप मे मध्यप्रदेश के होशगाबाद जिले के पश्चिमी भाग मे, बैतूल जिले के उत्तरी भाग मे तथा छिन्दवाडा एव चाँदा जिलो मे कुछ जातियो द्वारा बोली जाती है।

भाषा–सीमाएँ

मालवी के उत्तर मे राजस्थानी की मध्य-पूर्वी भाषा का क्षेत्र है, जिसका परिनिष्ठित अथवा मानक (स्टैण्डर्ड) रूप हमने जयपुरी को माना है। पूर्व मे पश्चिमी हिन्दी की उपभाषा बुन्देली का वह रूप है जो ग्वालियर एव सागर मे बोला जाता है। दक्षिण मे पूर्व से पश्चिम की ओर जाते हुए क्रमश: नरसिंह-पुर एव पूर्वी व मध्य होशगाबाद की बुन्देली, बरार की मराठी, तथा उत्तरी नीमाड़ व भोपावाड़ मे बोली जाती राजस्थानी की उपभाषा नीमाड़ी है। उत्तर-पश्चिम मे मारवाडी का मेवाड़ी रूप, तथा दक्षिण–पश्चिम मे गुजराती एव खानदेशी है। इस सीमाकन मे वे अनेक भील व गोंड बोलियाँ नही ली गई है, जो मालवी के पर्वतीय क्षेत्र मे बोली जाती है। ये सब यथास्थान नक्शे मे दिखाई गई है।

मारवाड़ी व जयपुरी से सम्बन्ध

मालवी स्पष्ट रूप से राजस्थानी की ही उपभाषा है जिसका मारवाड़ी व जयपुरी दोनो से सम्बन्ध है। मालवी का पष्ठी रूप जयपुरी की तरह को लगा कर बनाया जाता है, पर उसकी मुख्य क्रिया का वर्तमान छू ँ न लगाकर, मारवाड़ी की तरह हू ँ लगाकर बनाया जाता है। मुख्य क्रिया का भूतकाल इन दोनो से

भिन्न वो लगाकर बनाया जाता है; इस विषय मे मालवी पश्चिमी हिन्दी का अनुसरण करती है। मुख्य क्रिया का भविष्यत् रूप सामान्य वर्तमान मे 'गा' लगाकर बनाया जाता है, इसका रूप (मारवाडी के ला की तरह) लिंग-वचन के साथ नही बदलता। राजस्थानी बोलियो मे अपूर्णभूत मुख्य क्रिया के भूतरूप को-ए या-ऐ-साधित क्रियार्थक सज्ञा के साथ जोड कर बनाया जाता है। मालवी मे ऐसा होकर, अपूर्णभूत, भूतरूप को (हिन्दोस्तानी की तरह) वर्तमान कृदन्त के साथ जोड कर बनाया जाता है।

बोलियाँ

मालवी-भाषी सारे प्रदेश मे उसके स्वरूप की एकसदृशता आश्चर्यजनक है। पूर्व मे पड़ोस की बुन्देली का कुछ-कुछ प्रभाव लक्षित होता है, और उसे पूर्वी मालवी कहा जा सकता है पर उसे अलग बोली मानने का कोई चिन्ह नही मिलता। सोडिया नाम की जगली जाति द्वारा बोली जाती सोंडवाडी अवश्य मालवी की अलग उप-बोली मानी जाती है। सोडिया पश्चिमी मालवा एजेन्सी के उत्तर-पूर्वी भाग मे, उसके पड़ोस-स्थित झालावाड के चौमहला परगने मे तथा उससे सटे हुए भोपाल रियासत के थोडे से भाग मे बसे हुए है। मध्यप्रान्त की मालवी बिगड़ी हुई अवश्य है, पर उसे अलग उप-बोली मानना सही नही है। मालवा के राजपूत मालवी का एक और रूप बोलते है जिसे रॉगडी कहा जाता है। मारवाडी रूपो की बहुलता इसकी विशिष्टता है।

बोलने वालो की संख्या

मालवी के क्षेत्र मे घर की बोली के रूप मे उसे बोलने वालो की सख्याएँ इस प्रकार है—

इन्दौर				१,८३,७५०
पूर्वी मालवी—				
कोटा	८०,९७८			
टोक (छाबड़ा)	२०,०००			
ग्वालियर	३, ५,०००			४,९५,९७८
भोपाल				१८,००,०००
भोपावाड़				१,४७,०००
पश्चिमी मालवा	१२,४१,५००			
टोक (निम्बाहेड़ा)	४,०००	१२,४५,५००		
सोडवाड़ी—				
पश्चिमी मालवा		१,१५,०००		
झालावाड (चौमहला)		८६,५५६		
भोपाल		२,०००	२,०३,५५६	
				१४,४९,०५६

मध्य-प्रदेश की बिगड़ी मालवी–

होशगाबाद	१,२६,५२३	
बैतूल	१,१६,०००	
छिन्दवाडा की भोयारी	११,०००	
,, ,, कटियाई	१८,०००	
चाँदा की पटवी	२००	
	———	२,७४,७२३
		———
		कुल=४३,५०,५०७
		———

भारत के अन्य भागो के मालवी-भाषी

भारत के अन्य भागो मे मालवी-भाषी कितने है, यह सख्या उपलब्ध नही है। कुछ जिलो मे लोगो ने अपनी भाषा रॉगडी अवश्य बताई है, परन्तु इनकी सख्या देना भ्रमोत्पादक सिद्ध होगा। बहुत सम्भव है कि अनेक मालवी-भाषियो ने अपनी भाषा मारवाडी बतलाई हो। मध्य-भारत की मुख्य भाषा होने के कारण मालवी का हैदराबाद एव मद्रास की दकनी हिन्दोस्तानी पर काफी प्रभाव पडा है।

साहित्य एव अधिकृत सूत्र

लेखक ने मालवी का विवरण अन्यत्र कही नही देखा और न उसके किसी साहित्य ग्रन्थ का ही पता चला है।

लिपि

देवनागरी का एक बिगडा रूप जो मारवाडी लिपि के बहुत नजदीक है, मालवी के लिखने के काम मे आता है।

व्याकरण

जिस प्रकार मेवाती, राजस्थानी तथा ब्रज एव पजाबी के बीच की बोली है, उसी प्रकार मालवी राजस्थानी तथा बुन्देली एव गुजराती के बीच की बोली है। मध्य-भारत की इन्दौर एजेन्सी की भाषा को स्टैण्डर्ड (परिनिष्ठित) मालवी माना जा सकता है। आगे इस भाषा के जो नमूने व उन पर आधारित व्याकरण दिये गये है, वे इन्दौर-स्थित देवास रियासत (छोटी पाती) से लिये गये है।

जैसा कि हम कह चुके है, मालवी के मालवाप्रदेश मे दो रूप मिलते है। एक तो रांगडी या राजवाडी, जिसे राजपूत बोलते है, और दूसरी मालवी,

जिसे अन्य सब लोग बोलते है, और जिसे कभी-कभी अहीरी भी कहा जाता है। भाषा के इन दोनों प्रकारों में बहुत कम भेद है। जब कभी फर्क मिलता है तब रॉगड़ी मे मध्य राजपूताना की बोलियो–मेवाड़ी तथा जयपुरी–से साम्य मिलता है।

यद्यपि मालवी कही कही बुन्देली या गुजराती का सा रूप लेती दृष्टिगोचर होती है, फिर भी यह निश्चित रूप से राजस्थानी की ही उपभाषा है। जहाँ तक अहीरी नामकरण का सम्बन्ध है, हम अहीरवाटी के विवेचन मे यह स्पष्ट कर चुके हैं कि अहीरो के नाम से भारत के कई प्रदेशो की बोलियो का नामकरण हुआ है, जहाँ-जहाँ वे बसे है।

नीचे दी हुई सक्षिप्त व्याकरण इन्दौर एजेन्सी से प्राप्त नमूनो पर आधारित है। इनकी भाषा जयपुरी एव मारवाडी के बहुत नजदीक है, जिनका विस्तृत विवेचन पहले किया जा चुका है। इसलिए प्रस्तुत विवरण मे केवल मुख्य-मुख्य बाते दी गई है। यह विवरण रॉगडी तथा खास मालवी दोनो के लागू पडता है; कही भी अन्तर होने पर उल्लेख किया गया है।

उच्चारण-पद्धति

ऐ को ए तथा औ को ओ उच्चरित करने का साधारण राजस्थानी नियम मालवी मे भी मिलता है। उदा० है-हे=है, चैन-चेन=आनन्द, और-ओर। उसी तरह इ तथा उ का अ हो जाना भी मिलता है। उदा० दन-दिन, मट्टो-मिट्टो=चुबन, ठाकर-ठाकुर। महाप्राणत्व के लोप के भी अनेक उदाहरण मिलते है। उदा० काडो-काढो=निकालो, बी-भी, अडाई-अढाई, दूद-दूध, लीदो-लीधो=लिया (गुजराती), कीदो-कीधो=किया (गुजराती से) मनक-मनुख=मनुष्य मट्टी-मिट्ठी=चुंबन। इसी समूह में हकारान्त धातुओ के सकोच की सर्वसाधारण राजस्थानी प्रक्रिया भी आ जाती है, उदा० रहे-है→रे-है=रहता है, कहणो→के-णो=कहना, रह्यो→रियो या रह्यो=रहा।

अन्यत्र ब मे आरम्भ होने वाले शब्दो के ब का मालवी मे व हो जाता है, जो गुजराती के अनुरूप है। उदा० वात-बात।

नमूनो के अवलोकन से एक बात स्पष्ट हो जाती है, ड़ की जगह सर्वत्र ड मिलता है। वास्तविक उच्चारण कभी एक, कभी दूसरा पाया जाता है, अतएव ड को केवल लेखन का ही अन्तर मानना चाहिए।

रॉगडी की तुलना मे मालवी मे तालव्य की जगह दन्त्य ध्वनियो का बाहुल्य होने की निश्चित प्रवृत्ति लक्षित होती है, पर वह निर्विवाद नही है। उदा० मालवी मे अपनो=अपना, मारनो=मारना, पर रॉगड़ी मे अपणो तथा मारणो।

सज्ञा शब्दो के अन्त का स्वर दीर्घ होने पर स्वेच्छानुसार सानुस्वार कर दिया जाता है। उसी प्रकार किसी शब्द के अन्त मे अनुस्वार आने पर उसका स्वेच्छानुसार लोप हो जाता है। उदा० तिर्यक् बहुवचन के अन्त मे बहुत सी जगह–आ, और बहुत सी जगह-आँ मिलता है। उसी प्रकार सप्तमी परसर्ग के लिए में व मे दोनो मिलते है।

नाम रूप–लिंग

नपुसक लिंग के उदाहरण नही मिले।

वचन एव कारक

बहुवचन एव तिर्यक् रूप बनाने के साधारण राजस्थानी नियमो का अनुसरण यहाँ भी होता है। उदाहरण—

	एकवचन	बहुवचन	
प्रथमा	तिर्यक्	प्रथमा	तिर्यक्
घोडो	घोडा	घोडा	घोडाँ
टेगडो=कुत्ता	टेगडा	टेगडा	टेगडाँ
बाप	बाप	बाप	बापाँ
लडकी	लडकी	लडक्याँ	लडक्याँ
बात	बात	बाताँ	बाताँ

बहुवचन मे प्राय: अनुस्वार का लोप भी मिलता है।

मालवी मे बहुवचन होर, होरो या होनो प्रत्यय लगाकर भी बनाया जाता है; यह राँगडी मे नही मिलता। विशेष रूप से हमारा ध्यान इस प्रत्यय की ओर इसलिए आकर्षित होता है कि नेपाल की खस भाषा मे भी हरु या हेरु प्रत्यय मिलता है। इसके अलावा १९वी शती के आरभ मे प्रकाशित कैरी (Carey) कृत इंजील के पुरानी कन्नौजी अनुवाद मे भी एक बहुवचन प्रत्यय ह्वार मिलता है। (तुल० हम–ह्वार–लूका, (१५–२३) । मालवी मे इस रूप के कुछ उदाहरण ये है=बाप–होर, बेटी–होरो, आदमी–होन–से (न कि आदम्याँ–होन से)=आदमियो से, घोडा–होनो=घोडे। इन मे मे कोई सा भी प्रत्यय किसी भी कारक रूप का बहुवचन बनाने के लिए प्रयुक्त हो सकता है।

प्रचलित–ए–साधित सप्तमी रूप मालवी मे भी है, उदा० घरे=घर मे।

राँगडी मे तृतीया– ए या–एँ लग कर बनती है। उदा० बापे या बापें=बाप के द्वारा। यह कभी बापे और कभी बापए लिखा जाता है। एक और उदाहरण है—छोटा लडकाएँ चक्यो गयो=छोटे लड़के के द्वारा चला गया। इससे स्पष्ट है कि–एँ (गुजराती की तरह) तिर्यक् रूप मे भी लगाया जा सकता है। इसके

अलावा, जैसा कि हम कई वार राजस्थानी एव पश्चिमी हिन्दी बोलियों के विवरण मे देख चुके है, तृतीया का प्रयोग कभी-कभी नपुंसक क्रियाओं के भूत रूप के पहले भी होता है। पर-एक का व्यवहार हमेशा ही नही होता। उदा० वी० सरदार (न कि सरदारे) आरो करी=उस सरदार ने स्वीकार किया।

राजस्थानी उपभाषाओ मे केवल मालवी मे -ने का प्रयोग बिल्कुल पश्चिमी हिन्दी के अनुरूप मिलता है। उदाहरण छोटा छोरा-ने बाप-से कियो=छोटे लडके-ने बाप-से कहा।

प्रचलित परसर्ग (तृतीया छोडकर) ये है—

द्वि-च०	ने,	के
प-तृ०	सूँ	से, ऊँ
ष०	को,	रो
स०	में,	मे

इनमे से-ने का द्वि-च० के लिए व्यवहार मालवी मे शायद ही कही होता है। हम ऊपर देख चुके है कि मालवी मे-ने का प्रयोग तृतीया के लिए होता है। प० परसर्ग-रो वास्तव मे मेवाड़ी से लिया हुआ है। राँगड़ी मे यह बहुतायत से मिलता है। पर मालवी मे -को ही प्रचलित है। इन दोनो के परसर्गो के रूप अन्य राजस्थानी बोलियो की तरह ही चलते है—स्त्री० की, री, तिर्यक् पुं० का, रा। तृतीया व सप्तमी रूप के साथ लगाये जाने पर मालवी मे साधारणतया एव राँगड़ी मे केवल तृतीया के साथ इनका रूप अनुक्रम से के, रे हो जाता है। उदा० पिता-रे घरे=पिता के घर मे।

सर्वनाम

राँगडी मे पुरुषवाची सर्वनाम ये है —

एक वचन	मैं	तू
प्र०	हूँ	तूँ
तृ०	म्हैं	थैं
ति०	म्ह, म्हा, म	थ, था, त
प०	म्हारो, मारो	थारो
बहुवचन		
प्र०	म्हैं, मैं	थैं, दैं
ति०	म्हाँ	थाँ
प०	म्हाँ-को, म्हा-णो	थाँ-को, था-णो

ऊपर दिये गये सभी रूपो मे अनुस्वार प्राय: वैकल्पिक रूप से लुप्त हो जाता है। मालवी के रूप थोड़े भिन्न है:—

मैं=हूँ या मूं
हमारा=हमारो (न कि म्हाँ को)
तुम्हारा=तमारो (न कि थाँ-को)
तुम=तम (न कि थें)

इन रूपो के अतिरिक्त राजस्थानी की अन्य उपभाषाओ की तरह प्रथम पुरुष बहुवचन का एक रूप और मिलता है जिसमे सबोधित व्यक्ति भी शामिल रहता है। उदा० ये रूप मिले है—(राँगडी) आपा ने—हम को, (मालवी—अपन=हम, अपन-ने=हम से (द्वारा) ।

आदरार्थ द्वितीय पुरुष सबोधन आप है, जिसके षष्ठी आप-को या आप-रो है। सा एव जी आदरार्थ प्रत्यय है, उदा० भाभा-सा=पिताजी। अँगरेजी Self के अर्थ मे आप का व्यवहार होता है, इसके षष्ठी रूप (राँगडी) अपणो, (मालवी अपनो है) । राजस्थानी का प्रचलित आपणो मालवी मे प्राय· व्यवहृत नही होता, उसकी जगह साधारण षष्ठी सर्वनाम रूपो का उपयोग होता है। उद० एक जगह यह वाक्य मिलता है—ओ-ने अपना माल-ताल-को बाँटो कर दियो=उसने अपनी सम्पत्ति का बँटवारा कर दिया। पर इस वाक्य के थोडा-सा पहले ही यह उदाहरण मिलता है—छोटा छोरा-ने ओ-का बाप-से कियो=छोटे लडके-ने उसके (अपने) बाप से कहा।

राँगडी के तृतीय पुरुष के सर्वनाम मालवी से भिन्न है। तुलनात्मक तालिका यो है—

		राँगड़ी	मालवी
एकवचन			
	प्र०	वो (पु० न०) वा (स्त्री०), ऊ (पुं० स्त्री० न०)	ऊ
	ति०	वणी, वणा, उणी, उणा, वी, ऊँ, वा	ओ, उना, उस
बहुवचन			
	प्र०	वी	वी
	ति०	वणाँ	उन

अन्य जगहो की तरह यहाँ भी अनुस्वारो का उपयोग वैकल्पिक मिलता है। राँगडी मे तृतीया ऊँ है, यथा—ऊँ राजपूत करी=उस राजपूत ने किया। भारदर्शक प्रत्यय के रूप मे प्राय·—ज का उपयोग किया जाता है।

उदा० ऊँ-ज वखत=उसी समय।

निर्देशक सर्वनाम यो है। उसकी रूपावली यो है:—

		राँगडी	मालवी
एक०	प्र०	यो, या, (स्त्री०)	यो, या (स्त्री०)
	ति०	अणी, इणी, ईं, या	ए, अना, इना, इस
बहु०	प्र०	ये	ये
	ति०	अणाँ, इणाँ	इन

सम्बन्धवाची सर्वनाम

एक०	प्र०	जो	जो
	ति०	जणि जीं	जे, जिस
बहु०	प्र०	जे	जे
	ति०	जणाँ	जिस

प्रश्नार्थक सर्वनाम

कुण=कौन। ति० एक० - (राँगडी) कणी इत्यादि (मालवी) के इत्यादि। काईं, काइँ, काँई=क्या। कोई=कोई भी, विशेषण की तरह प्रयुक्त होने पर मालवी मे इसका रूप नही बदलता, उदा० कोई-ने। पर राँगडी मे यह उदाहरण मिलता है—कणी-एँ नहिँ दिया=किसी ने नही दिया।

विशेषणात्मक सर्वनामो के अन्त मे प्राय स्वार्थे प्रत्यय-क लगता है, जो जयपुरी मे बहुत प्रचलित है। उदा० कितरो-क=कितना ?, कितरा-क=कितने ?

राजस्थानी की अन्य उपभाषाओ की तरह मालवी मे भी सम्बन्धवाचक सर्वनाम बार-बार निर्देशक सर्वनामों का अर्थ व्यक्त करते मिलते है। उदा० जद=(जब then and when), जठे=जहाँ (there and where)।

बहुत से सार्वनामिक क्रियाविशेषण वास्तव मे केवल सप्तमी रूप मात्र है, जैसा कि इन उदाहरणो से स्पष्ट है—

अठो=यहां जगह, अठा-से=यह से, अठे=यहाँ।
वठो=वह जगह, वठा-से=वहाँ से, वठे=वहाँ।
उठो=वह जगह, उठा-से=वहाँ से, उठे=वहाँ।
जठो=जो जगह, जठा-से=जहाँ से, जठे=जहाँ।
कठो=कौन जगह, कठा-से=कहाँ से, कठे=कहाँ।

क्रिया-रूप—सहायक एवं मुख्य क्रियाएँ-वर्तमान—मैं हूँ

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	हूँ	हाँ
द्वि०	हे, है	हो
तृ०	हे, है	हे, है

राजस्थानी के साधारण नियमानुसार तृ० पुरुष बहुवचन रूपो मे अनुस्वार का न होना द्रष्टव्य है।

भूतकाल—मै था

पुं०	एक०	थो,	बहु०	था
स्त्री०	,,	थी,	,,	थी

अन्य कालो की तरह यहाँ रूप पुरुष के साथ नही बदलते। रॉगड़ी मे एक रूप थको=था भी मिलता है।

	रॉगडी	मालवी
क्रियार्थक सज्ञा	व्हेणो, वेणो	होणो
वर्त० कृदन्त	व्हेतो वेतो	होतो
भूत ,,	व्हयो	हुओ
सम्भावनार्थ कृदन्त	व्हे-ने, वई-वे	हुई-ने
आज्ञार्थ	व्हो	हो
भविष्यत्	वऊँगा, वूँगा	होऊँगा

मुख्य क्रिया—खास-खास रूप

कियार्थक सज्ञा	मारणो, मारवो	मारनो
वर्त० कृदन्त	मारतो	मारतो
भूत ,,	मारचो	मारचो
सभाव० ,,	मारी-ने, मार-ने	मारी-ने, मार-ने
कर्त्ता	मारवा-वाळो	मारवा-वाळो

साधारण वर्तमान

इसके रूप राजस्थानी की अन्य उपभाषाओ की तरह ही मिलते है। साधारण वर्तमान का व्यवहार, साधारण वर्तमान, सभावनार्थ (मैं मार सकता हूँ) तथा एक-भविष्यत् (मै मारूँगा) की तरह होता है।

	एकवचन	बहुवचन
१	मारूँ	मारॉ
२	मारे	मारो
३	मारे	मारे

इसके रूप भी राजस्थानी की अन्य उपभाषाओ के अनुरूप ही है—

	एकवचन	बहुवचन
१	मारूँ—हूँ	मारॉ—हॉ
२	मारे—हे	मारो—हो
३	मारे—हे	मारे—हे

अपूर्णभूत-मै मार रहा था

यह काल राजस्थानी की अन्य बोलियो की भाँति–एकारान्त क्रियार्थक सज्ञा के तिर्यक् रूप के सहारे नही बनाया जाता, बल्कि गुजराती एवं बुन्देली की तरह वर्तमान कृदन्त के सहारे बनाया जाता है। उदा० हूँ मारतो—थो।

भविष्यत्

यह कालरूप साधारण वर्तमान मे–गा लगा कर बनाया जाता है। इसका रूप लिंग–वचन के अनुसार नही बदलता, इस दृष्टि से यह मारवाडी—ला के सदृश है।

	१	२	३
एक वचन	मारूँगा	मारेगा	मारेगा
बहुवचन	माराँगा	मारौगा	मारेगा

मालवी मे कही-कही इस–गा की जगह बुन्देली–गो का प्रयोग भी होता है। इस–गो का रूप लिग–वचन के अनुमार बदलता है। उदा० हूँ मारूँगो=(पु०) मै मारूँगा, हूँ मारूँगी (स्त्री०), हम माराँगा (पुं०), हम माराँगो (स्त्री०)। सकार या उसकी जगह हकार वाला भविष्यत् रूप यहाँ दृष्टिगोचर नही होता।

भूत–कृदन्त–साधित कालरूप राजस्थानी की अन्य बोलियो की तरह ही मिलते है। सकर्मक क्रियाओ वाले रूपो का गठन कर्मणि हो जाता है। उदा०

रॉगडी	मालवी
मै मारचो	म्ह–ने मारचो=मैने मारा
हूँ चल्यो	हूँ चल्यो = मै चला
मै मारचो है	म्ह–ने मारचो है = मैंने मारा है
हूँ चलयो है	हूँ चलयो है = मैने चला है
मै मारचो–थो	म्ह–ने मारचो थो = मैने मारा था
हूँ चल्यो–थो	हू चलयो–थो = मै चला था

कभी–कभी तृतीया कर्त्ता के साथ की नपुसक क्रिया का गठन भावे वाच्य का सा हो जाता है। उदा० लडकाए गयो=लडका गया।

अन्य बोलियो वाले अपवाद रूप भूतकृदन्त यहाँ भी मिलते है। इनमे से तीन विशेष द्रष्टव्य है.—

करणो=करना भू० कृ०—कर्‌यो, कीधो, कीदो

लेणो=लेना ,, —लियो, लीधो, लीदो

देणो=देना ,, —दियो, दीधो, दीदो

कीधो, लीधो, दीधो गुजराती मे भी लिखते है। जाणो=जाना का भू० कृ० गयो, गियो है।

हम देख चुके है कि सभावनार्थ कृदन्त के अन्त मे ई–ने आता है। जब धातु–आकारान्त होती है तब यह राँगड़ी मे आय–ने एव मालवी मे अइ–ने हो जाता है। उदा० पाय–ने=पाकर, जाय–ने=जाकर, बुलइ ने=बुलाकर, अइ–ने=आकर।

प्रेरणार्थक रूप कुछ-कुछ मारवाडी की तरह ही बनाए जाते हैं। प्रेरणार्थक प्रत्यय—आ के बाद यहाँ ड लगाया जाता है, उदा० जिमाडो=(तुम) भोजन कराओ। मारवाडी मे—र लगता है।

अन्य बोलियो की तरह यहाँ भी विध्यर्थ कर्मणि रूप आ लगा कर बनाया जाता है। उदा० (राँगडी) सुणणो=सुनना, सुणाणो=सुना जाना। उत्तरी गुजराती को भाँति इन विध्यर्थ कर्मणि रूपो का भूतकाल धातु मे णो (मालवी मे नो) लगाकर बनाया जाता है, यह खास द्रष्टव्य है। उदा० (राँगडी) सुणाणो=सुना गया, (मालवी) बतानो—बताया गया। अवधी मे आकारन्त सभी धातुओ का भूतकाल इसी तरह बनाया जाता है, यह बात भी द्रष्टव्य है।

सयुक्त क्रियाएँ भी अन्य बोलियो की तरह ही बनती है। तीव्रताबोधक (intensive) सयुक्त क्रिया रूप का एक असाधारण रूप मालवी का दइ–लाखनो=दे डालना है। अन्य सयुक्त क्रियाओ के उदाहरण ये है:—भेज्या करे√भेजा करता है, पडवा लागी=पडने लगी। एक जगह मालवी मे बुंदेली का केने—लग्यो=कहने लगा मिलता है।

प्रत्यय – ज (गुजराती मे भी) बहुत प्रचलित है। यह शब्द के अर्थ मे तीव्रता लाता है। उदा०—थोडा ज दनाँ—मे=थोडे ही दिनो मे, ऊपर–ज=ऊपर ही।

राजस्थानी का—डो बहुत प्रचलित है। यह ह्रस्वार्थक या घृणार्थक है। उदा०—बालु–डा=बच्चे, मिनक–डी=बिलैया, टेग–डो=कुत्ता। लो का भी इसी अर्थ मे प्रयोग होता है। उदा० कूकडला=मुर्गा रे।

०

नीमाड़ी

नीमावाड प्रदेश मे जो राजस्थानी की उपभाषा बोली जाती है, उसे नीमाडी कहते है। नोमावाड प्रदेश मे (बुरहानपुर तहमील जो कि नर्बदा की घाटी मे नही, ताप्ती की घाटी मे स्थित है एवं भौगोलिक दृष्टि से खानदेश के मैदान का भाग है) मध्य-प्रान्त का नीमाड जिला एव उसके पडोस की मध्य-भारत की भोपावाड रियासत का भाग शामिल है। नीमावाड मे केवल नीमाडी ही नही बोली जाती। बहुत-सी जनसख्या भीली बोलती है। भोपावाड के नीमाडी-भाषियो के चारो ओर भीली बोलने वाले इस प्रकार बसे हुए है कि वे नीमाड़ जिले के नीमाडी-भाषियो से बिल्कुल पृथक् हो गये है। इस प्रकार नीमाडी बोलने वाले दो बिल्कुल अलग-अलग हल्के बन गये है, पर दोनो जगह भाषा लगभग एक ही सी है।

नीमाडी भाषा का विवरण इत.पूर्व नही किया गया और न उसमे कोई साहित्य ही उपलब्ध है। उसके बोलने वालो की सख्या का अनुमान इस प्रकार है .—

नीमाड मे	१,८१,२७७
भोपावाड़ मे	२,९३,५००
	कुल—४,७४,७७७

नीमाडी वास्तव मे राजस्थानी की उपभाषा मालवी की एक बोली ही है; पर उसकी कुछ विशेषताएँ इतनी भिन्न है कि उसका अलग विवेचन करना ही युक्तिसगत जॅचता है। नीमाडी पर पडोस की गुजराती व भीली बोलियो के साथ-साथ उसके दक्षिण-स्थित खानदेशी का भी प्रभाव पडा है। गुजरात के निकटतर होने से भोपावाड की बोली पर नीमाड की बोली की अपेक्षा गुजरात का प्रभाव अधिक लक्षित होता है।

उच्चारण की विशिष्टताओ मे नीमाडी मे राजस्थानी के अ का ए हो जाना सर्वप्रथम स्थान रखता है। यह प्रक्रिया लगभग सार्वजनीन है और नीमाड़ी की पूरी व्याकरण मे स्पष्टतया लक्षित होती है। उदा०

तृतीया की विभक्ति ने—न हो जाती है;

सप्तमी „ मे—म „

आगे का आग तथा रहेछ का रहछ हो जाता है (कभी-कभी रहेछ लिख कर भी उच्चारण रहछ ही किया जाता है)।

अनुस्वारों की ओर नीमाड़ी का झुकाव कम है, प्रायः इस ध्वनि का लोप पाया जाता है। उदा० दाँत→दात; मँ (में से)→म। मालवी एवं खानदेशी की तरह महाप्राणत्व का भी प्रायः लोप हो जाता है। उदा० हाथ→हात; भूखो →भूको।

न एवं ल ध्वनियों का परस्पर स्थानांतर हो सकता है। उदा० नीम—लीम।

पड़ोस की भील बोलियों में ज एवं च ध्वनियों का उच्चारण साधारणतया स होता है। नीमाड़ी में, जान पड़ता है, च ध्वनि तो ठीक से उच्चरित होती है, पर ज का च हो जाता है। उदा० नीमाड़ी मे जवच एवं जवज दोनों 'वह जाता है' के अर्थ मे व्यवहृत होते हैं। पर भोपावाड से आये हुए नमूनों मे सर्वत्र ज वाला रूप ही मिलता है। झ का उच्चारण बराड़ की मराठी तथा खानदेशी की कुछ बोलियों की तरह झ (z) होता है।

नामरूपों मे राजस्थानी का तृतीया एवं सप्तमी के लिए व्यवहृत-एकारान्त रूप—अकारान्त हो जाता है। उदाहरण घर=घर मे।

—ओकारान्त सबल तद्भवों का तिर्यक् रूप मालवी की तरह—आकारान्त होता है। उदा० घोडो→घोडा—को। बहुवचन बनाने के लिए तिर्यक् एकवचन रूप के-ना प्रत्यय लगा दिया जाता है। उदा० घोडाना—घोडे; घोडाना—को= घोडों का; बाप, बापना (बहु०); बेटी, बेटी ना (बहु०)। कहीं-कहीं गलतफहमी की सभावना न रहने पर यह—ना नहीं भी लगाया जाता।

कारकों के परसर्ग इस प्रकार हैं। यह द्रष्टव्य है कि अधिकाश रूप मालवी से केवल एकार का अकार होने से ही भिन्न हैं।

तृतीया	—न
द्वि०—चतुर्थी	—क
तृ०—पंचमी	—सी, —सू
षष्ठी	—को (—का,—की)
सप्तमी	—म

कहीं-कहीं द्वि-च० का राजस्थानी परसर्ग —का तथा बुन्देली का —खे (—ख बनकर) भी दृष्टिगोचर होते हैं। बुन्देली नीमाड़ के पूर्व मे थोड़ी ही दूर पर बोली जाती है।

षष्ठी परसर्ग को का व्यवहार पुंलिंग एकवचन मूलरूप (Direct form) के साथ होता है, और का पुलिंग तिर्यक् रूप के साथ। की का उपयोग स्त्रीलिंग के साथ होता है। अपवादरूप का के स्त्रीलिंग के साथ प्रयोग के दो उदाहरण लेखक को मिले। वे ये है: म्हारा काका-का एक छोरा-की ओ-का बहन सी सादी हुईच=

मेरे काका के एक लड़के की उसकी वहन से शादी हुई है; ओ–को भाई ओ–का बहेन–सी ऊचो छे=उसका भाई उसकी बहन से ऊँचा है।

मुख्य–मुख्य सर्वनामरूप ये है—

हउँ=मै। म-क=मैने। म्ह-क या म–क=मुझको। म्हारो=मेरा। हम=हम। हमारो=हमारा। अपण=हम (सम्बोधित व्यक्ति शामिल) अपणो=हमारा (सबोधित व्यक्ति शामिल) अपण-न=हमने।

तू=तू। तू-न=तू-ने। थारो=तेरा। तुम=तुम। तुम्हारो=तुम्हारा।

ये=यह। तिर्यक्–इन या ए।

वी=वह (पुं० न०) तिर्यक्–उन, वो, ओ, वा। बहु० वो। तिर्यक्–उन।

जो=जो (एक०, बहु०); जे-को=जिसका। तिर्यक् एक०-जे।

कुण या कुन=कौन। कुण-को=किसका।

कॉइ=क्या? कोई=कोई। कँई=कुछ भी।

नीमाडी क्रियारूपो पर भील बोलियो एव खानदेशी का प्रभाव बहुत स्पष्ट लक्षित होता है। मुख्य क्रिया का वतमान रूप छे है, जो (खानदेशी से की तरह) वचन या पुरुष के साथ नही बदलता।

मुख्य क्रिया का भूत रूप मालवी के अनुरूप थो (था, थी) है। सहायक क्रिया के रूप मे प्रयुक्त होने पर छे का ए तथा महाप्राणत्व लुप्त हो जाते है और च रूप रह जाता है; इस च का भी (खास कर भोपावाड मे) ज हो जाता है। इस प्रकार मारणू–मारना क्रिया के नीचे लिखे रूप मिलते है—

वर्तमान—मै मारता हूँ

	एक वचन	बहुवचन
१.	मारुँच या मारुँज।	मारॉच, मारॉज
२.	मारेच, मारच, मारेज, मारज।	मारोच, मारोज
३	मारेच, मारच, मारेज, मारज।	मारेच, मारच, मारेज, मारज

इसी प्रकार पूर्णभूत रूप मारचोच=(उसने) मारा है, होगा। एक नमूने मे कई जगह इस च की जगह खानदेशी रूप से मिलता है। स्वय खानदेशी मे वर्तमान रूप के लिए से का प्रयोग न होकर केवल स मिलता है। पारधी भील बोली मे नीमाडी की तरह च मिलता है।

भविष्यत् का विशिष्ट चिन्ह (गुजराती की तरह) स ही मिलता है। रूपावली इस प्रकार है—

एक वचन	बहुवचन
१—मारीस	मारसा
२—मारसे	मारसो
३—मारसे	मारसे

कहीं-कहीं मालवी का अपरिवर्ति-गा वाला रूप भी देखने मे आता है ।

क्रियार्थक सज्ञा णू-अन्तिक होती है, उदाहरण-मारणू=मारना । भविष्यत् कृदन्त के रूप मे प्रयुक्त होने पर इसका कर्ता तृतीया रूप मे रक्खा जाता है, उदाहरण—अपण-न अनद मनावणू नी ग्वुसी होणू=हम-को आनंद मनाना और खुशी होना (चाहिए) । यह द्रष्टव्य है कि कृदन्त के पु लिंग होने पर भी उसका विशेषण स्त्रीलिंग मे है । क्रियार्थक सज्ञा का तिर्यक् रूप-णा-अन्तिक होता है, उदाहरण—मारण-को=मारने का ।

मारवाड़ी

मारवाड़ी का निम्नलिखित नमूना मारवाड से ही लिया गया है। यह एक नीति-कथा का रूपांतर और मारवाडी का उत्कृष्ट उदाहरण है। मैं यह दरसाने के लिए कि देवनागरी लिपि पश्चिमी राजपूताना मे क्या रूप ग्रहण कर लेती है, उसकी अनुकृति[1] दे रहा हूँ। इसमे ड तथा ड़ के लिए भिन्न रूप द्रष्टव्य हैं। ल तथा ल़ अक्षरो का भेद लिपि मे नही किया गया है, किन्तु मैंने इसे अपने भाषांतर (रोमन) मे दरसाया है। भाषांतर तथा अनुवाद (अंग्रेजी) की सहायता से इसे पढने में कोई कठिनाई नही होनी चाहिए।

संख्या १

मारवाड़ी भारोपीय परिवार राजस्थानी

मारवाड़ राज्य केन्द्रीय वर्ग

एक जीणै रै दोय डावड़ा हा। उवा मांयसूं नैनकियै आपरै बापनै कयो कै बावोसा म्हारी पाती रो माल आवै जीको मनै दिरावो। जरै उण आपरी घर विकरी उणाने बाट दिवी। थोड़ा दिहाड़ा पचै नैनकियै डावड़ै आपरी सारी पूंजी भेली कर परखडां गयौ नै उठै आपरी सारी मता कुफैड़ै मैं उडाय दिवी। सैंग खूटियां पचै उण देस में जबरौ काल पडियो तो उवो कसालो भुगतण लागो। नै पचै उण देशरै एक रैवासी कनै रयो तो उण आपरै खेतां मैं सूरांरी डार चरावण ने भेलीयो तो उण सूरारै चरण रौ खाखलौ हो जिणसूं आपरो पेट भरण रो मतो कियो परत खाखलो ही किणी उणनै दीनो नही। सावचेत हुवो जरै विचारी कै मारै पिता कनै कितरा दैनगीया हा जीणने घपाऊ बाटी मिलती ही उण उपरन्त की उगेलो भी उवारै रैतो हो। नै हूं भूकां मरूं हूं। सू हमैं हू पगांबाल होय म्हारै बाप कनै जाऊ ने उणने कैऊं कै बावोसा मं परमेमर सूं बेमुख हुवौ नै आपनू कुपातरपणो कियो। सूं हमैं आपरो छोरू कवाऊं जैड़ो तो रयौ नही सू हमै आप मनै दैनगीया सरसतै राखौ। फेर उठनै

---

१ उपर्युक्त गद्य भाग मूल हस्तलिपि का शुद्ध नागरी रूप है। हस्तलिपि के कुछ अश की हूबहू अनुकृति नमूने के रूप मे पृथक् पत्र पर दे दी गई है।

—सपादक

बाप कनै गयो। तो आगा सू आवता ने उणरै बाप उणनै दीठौ तो दया आई सू दौडने छाती लगाय वालो लीयो। तरै डावडै कई कै बाबोजी हूँ परमेसर रौ नै आपरो चोर हूँ नै आपरो पूत कवाऊ जैडो रयो नहीं। जरै बाप चाकरा ने कई कै अमामा गाबा लाओ वै इणनै पैराओ नै इणरे हात मैं मूंदड़ी पैराओ नैं पगां मैं पगरखीयां पैराओ नैं आओ बटीया चीकदा नै ततकार लगावा कारण ओ डावडो मर नवो जमारो पायो हे गमीयोडो लावो है। तरै सारा ही राजी हुआ।

उण बिरिया उणरो बडोडो डावड़ो खेत मे हो नै आवता आवतां घर नैडो आयो जद उण हागडा थाट सुणिया। जरै एक चाकर नै तेड बूजीओ कै ओ डोल काईं है। जद उण कई के थारो भाई आय गयो है नैं थारे बाबोसा उणरै ठोर ठोरां पाछो आवण री गोठ किवी है। जीण उपर उवो रीसा बलियो नै मांय गयो नही जरै उणरो बाप वारै आयो नै उण सू सिसटाचारी किवी। जद उण कई कै इतरा बरस हूँ आपरी चाकरी करी नै कदेई आपरै हुकम ने लोपियो नहीं तोई आप मने कदेई एक खाजरू मारै साथिया ने गोठ देवण सारू दिरायो नहीं। नै हमै ओ आपरो डावडो आयो जिण सैंग घर बिकरी रुलियार राडा नै खवाय दिवी जीणरे सारूं आप इती खुसी किवी है। तो उण कैयो कै भाबा तूं नित मारै साथ रैवैनै मारै गोडै है जिको सैंग थारो ईज है। आ खुसी करण जोग ही किउं कै थारो भाई मरनै दुजो जनम लियो है नै गमियोडो लावो है। •

पूर्वी मारवाड़ी

मारवाड प्रदेश के पूर्वी हिस्से की भाषा स्टैण्डर्ड मारवाड़ी से थोड़ी भिन्न है।

मारवाड़ के पूर्व में अनुक्रम से उत्तर से दक्षिण की ओर जयपुर, किशनगढ़, एवं अजमेर–मेरवाड़ा स्थित हैं। अजमेर-मेरवाड़ा के लगभग मध्य में उत्तर से दक्षिण की ओर फैली हुई अडावली पर्वतमाला को अजमेर में मारवाड़ी और जयपुरी, जिसमें अजमेरी भी शामिल है—की विभाजन-रेखा मान सकते हैं। मेरवाडा जिले का दक्षिणी भाग अधिकांशतः पर्वतीय प्रदेश है। इसमें रहने वाले बहुसंख्यक भीलों की भाषा को प्रादेशिक लोग 'मगरा की बोली' कहते हैं। भील भाषा में मगरो पर्वत को कहते हैं। मेरवाडा के उत्तर में पर्वतमाला दो भागों में बंट जाती है और ब्यावर का परगना उनके बीच में आ जाता है। मेरवाड़ा के इस उत्तरी हिस्से में दो बोलियाँ प्रचलित हैं। पूर्व की ओर मेरवाडी जो निकटस्थ मेवाड की मेवाड़ी-सी ही है, और पश्चिम की ओर मारवाडी। इन दोनों में नहीं का-सा अन्तर है। जैसा कि आगे के विवेचन से स्पष्टतर हो जायगा, मेवाडी—जिसमें मेरवाडी शामिल है—जयपुरी से किंचित् प्रभावित मारवाडी का ही एक पूर्वी रूप है। उसी प्रकार ब्यावर के पश्चिम की बोली पड़ोस की भील बोलियों की शब्दावली से कहीं-कहीं प्रभावित पूर्वी मारवाडी ही है। मारवाड एवं मेरवाडा के बीच की सीमा प्रदेश-स्थित पहाडियों में भील लोगों की आबादी है। इनकी बोली को मारवाड में 'गिरासिया की बोली' या 'ग्वार की बोली' कहा जाता है। मेरवाडा मारवाड एवं मेवाड के बीच का प्रदेश है। इसकी मुख्य मुख्य बोलियाँ व उनके बोलने वालों की संख्याएँ इस प्रकार हैं।

उत्तर-पश्चिमी मारवाडी	१७,०००
उत्तर-पूर्वी मेरवाडी अर्थात् मेवाड़ी	५४,५००
मगरा की बोली—भील भाषा	४४,५००
अन्य बोलियाँ	३,९९९
कुल	१,१९,९९९

मेरवाड़ा की पहाडियों की ऊँचाई ज्यों-ज्यों मारवाड़ की ओर जाते हैं, बढ़ती जाती है, एवं ज्यों-ज्यों दक्षिण की ओर जाते हैं, ढलती जाती है। ढलते-ढलते अन्त में ये विन्ध्य पर्वतमाला से जाकर मिल जाती हैं। यह मिलन-

स्थान सिरोही स्थित आबू का शिखर है जिसके आस-पास कोई अन्य शिखर नही है ।

अजमेर की विभिन्न बोलियो के क्षेत्रो की पारस्परिक स्थिति का विवेचन आगे किया जायेगा । मुख्य-मुख्य बोलियाँ इस प्रकार है—अजमेरी, जयपुरी का एक मिश्र रूप, पूर्व-मध्य एवं उत्तर-पूर्व मे मारवाडी—मारवाड की सीमा स्थित अड़ावली पर्वतमाला के पश्चिम की ओर, मेवाडी—दक्षिण मे मेवाड से सटे हुए प्रदेश में । उक्त मारवाड़ी पूर्वी मारवाड की मारवाडी के सदृश ही है ।

जयपुर के उस हिस्से मे, जो सांभर झील के पास मारवाड़ से सटा हुआ है, सीमाप्रदेश तक जयपुरी ही बोली जाती है । पर उसी के दक्षिण मे किशनगढ़ में सीमाप्रदेश से थोड़ी ही दूर पर मारवाड़ी बोली जाती है ।

स्वय मारवाड़ मे जैसा कि हम कह चुके हैं, पूर्वी भाग की भाषा स्टैन्डर्ड मारवाड़ी से थोडी भिन्न है । इससे हम यही निष्कर्ष निकालते है कि उत्तर-पूर्व से जैसे-जैसे हम पूर्व की ओर बढते चले जाते है, वैसे-वैसे बोली जयपुर के निकटतर होती जाती है । जहाँ-तहाँ मारवाडी सम्बन्ध परसर्ग-रो की जगह जयपुरी-को, मारवाडी मुख्य क्रिया हू की जगह जयपुरी छू तथा मारवाड़ी, लाअन्तिक-भविष्यत् की जगह जयपुरी का-स-साधित भविष्यत् रूप मिलते है । मारवाड़ी-जयपुरी के इन न्यूनाधिक मिश्रणो को विभिन्न अचलो मे अलग-अलग नाम दिये हुए है । उदाहरणार्थ मारवाड के जयपुर से सटे हुए प्रदेश मे बोली ढूढाडी-जयपुरी की एक बोली—कहलाती है, क्योंकि इस पर जयपुरी का प्रभाव बहुत अधिक है । यह मिश्रित भाषा जयपुर की सीमा के पास संभवत· मारवाडी की अपेक्षा जयपुरी के ही ज्यादा नजदीक है । किशनगढ़ मे स्थानीय मारवाडी को गोडावाटी कहते है । वह नामकरण सभवत· मारवाड़ के दक्षिण-पूर्व की गोड़वाडी पर आश्रित है । और आगे दक्षिण में अजमेर की मारवाडी एव मेरवाड़ी की मारवाड़ी को ऐसे कोई विशिष्ट नाम दिये नही जान पडते ।

मेरवाडा के पूर्व मे मेवाड़ का महत्वपूर्ण प्रदेश स्थित है । मेवाड़ एव निकटस्थ अचलो की भाषा को मेवाडी कहा जाता है । यह पूर्वी मारवाडी का ही एक रूप है । इसके ऐतिहासिक महत्व के कारण हम इसका विस्तृत विवेचन अलग से करेंगे । उसी के साथ सब संख्या-आंकड़े भी दिये जायेंगे ।

मारवाड़ी की विभिन्न बोलियो के आंकडे इस प्रकार है—

पूर्वी मारवाड़ी	–	ढूंढाडी–मारवाड़ मे	–	४९,३००
गोड़ावाटी	–	किशनगढ़ मे	–	१५,०००
मारवाड़ी	–	अजमेर की	–	२,०८,७००

नमूना संख्या १ मारवाड़ी

अेक जणै रै दोय बेटा हा. वां मांय सूं नैनै
कियै आपरै बाप नै कयो कै बाबोसा म्हारी पांती
रो माल आवै जीको म्हनै दिरावो. जरै विण वां
परी घर री बिगरी विणां नै बांट दिवी. थोड़ा दिनां
पछै नैनकियै बेटै आपरी सारी पूंजी भेली क
र परदेस गयो नै उठै आपरी सारी मता कुरै
कामां में उडाय दिवी. सैंग खूटियां पछै विण देस में
जबरो काल पडियो तो वो कंगालो भुगतण
लागो. नै पछै विण देस रै अेक रैवासी कनै र
यो तो विण आपरै खेतां में सूरां री चार चरावण

मारवाड़ी	–	मेरवाड़ा की	– १७,०००
मेवाड़ी	–	मेरवाड़ी समेत	– १६,८४,८६४
		कुल—	१६,७४,८६४

विवेचन सबसे उत्तरी बोली मारवाडी-ढूंडाडी के विस्तृत विवरण से आरम्भ होता है। इसके बाद क्रमानुसार एक के बाद एक दक्षिण की ओर आती हुई बोली का विवरण दिया जायगा।

मारवाड़ी-ढूंढाड़ी

जोधपुर राज्य के सुदूर उत्तर-पूर्व में जहाँ उसकी सीमा जयपुर राज्य से मिलती है, स्थानीय बोली मारवाडी एवं जयपुरी का एक भिन्न रूप है जिसे वहाँ के निवासी ढूंढाड़ी कहते हैं। यह मिश्रण स्थान की स्थिति के अनुसार बदलता है। जयपुर की सीमा पर यह लगभग शुद्ध जयपुरी है, परन्तु ज्यो-ज्यो मारवाड की सीमा के भीतर जाते है मारवाडी का अनुपात बढता चला जाता है। स्थानीय जन इन्हे अलग-अलग बोलियाँ गिनता है। उनसे एकत्रित किए हुए अलग-अलग आँकडे इस प्रकार है।

ढूंडाडी	....	....	२८,५००
मिश्रित बोली	...	....	२०,८००
		कुल—	४६,३००

इनके उपलब्ध नमूनो से स्पष्ट जाहिर होता है कि इनमे और स्टैन्डर्ड मारवाडी मे नाम-मात्र का ही अन्तर है। कुछ अशो मे अतर की वह कमी उन अचलो की विशिष्टता भी मानी जा सकती है, जहाँ से सयोगवश नमूने लिये गये हैं। मारवाडी से थोडा-थोडा परिवर्तन होते-होते जयपुरी बन जाना निश्चित रूप से लक्षित होता है। इस मिश्र बोली के उदाहरण के तौर पर दी गई कथा की कुछ पक्तियो से यह बात स्पष्ट हो जायगी।

—ऐ ध्वनि के ह्स्व रूप की जगह यहाँ –ए मिलता है। कुछ जयपुरी रूप भी लक्षित होते है, यथा—बी–उसने, छो—था, —को—का। पर भाषा मुख्यतया मारवाड़ी ही है।

ख्या २

मारवाड़ी–ढूंढ़ाड़ी — जोधपुर राज्य

एक जणा कै दो टाबर हा। बाँ-में-सूँ छोटक्ये आप-का बाप-नें कयो कें बाबा-जी मारें पाँती में आवें जको माल म-नें द्यो। जद्याँ वीं आप-की घर-

विकरी वाँनै वाँट-दीनी । थोडा-सा दिनाँ पछैं छोटक्यो डावडो आप-की सगळी पूँजी भेळी कर परदेस गयो । वठैं आप-की सारी पूँजी कुफण्डा-में उडा-दी । सगळो निविडयाँ पछैं वीं देस-मे जवरो काळ पडियो । तो वो कसालो भुगतवा लाग्यो । पछैं वीं देस-का रैंवा वाला कनैं रयो । वीं आप-का खेताँ मे सूराँ की डार चरावा मेल्यो । तो वीं सूराँ-के चरावा को खाखलो छो जीं-सूं आप-को पेट भरवा-को मतो कर्यो । पण खाखलो-ही कोई इन्नें दियो कोनी ।

किशनगढ़ की मारवाड़ी–गोड़वाटी एवं अजमेर की मारवाड़ी

इन दोनो वोलियो का विवेचन साथ मे किया जा सकता है । पहले दिये हुए नमूने की अपेक्षा इनमे जयपुरी उपादान की मात्रा वहुत कम है । यहाँ दिया हुआ नमूना अजमेर का एक छोटा सा लोक-गीत है । मद्यनिषेध के सिद्धान्तो से तो यह कोसो दूर है, परन्तु भाषा की दृष्टि से पूर्वी मारवाडी का एक आदर्श नमूना है । –नी, –जी, –डो स्त्री० –डी आदि अंगविस्तारक प्रत्ययो का वहुत प्रयोग द्रष्टव्य है । –डो का विवेचन मारवाडी व्याकरण के साथ किया जा चुका है । जयपुरी मे भी इसका प्रयोग मिलता है, परन्तु हीनता-सूचक अर्थ मे । यहाँ का प्रयोग हीनता की जगह विशेषत. प्यार का द्योतक है । तदनुसार 'दारूडी' का अर्थ 'थोड़ीसी प्यारी शराव' होगा । प्रथम पुरुष एकवचन की जगह वहुवचन का प्रयोग भी विशेष द्रष्टव्य है ।

संख्या ३

मारवाड़ी (पूर्वी) जिला अजमेर

अमलाँ-मैं आछा लागो म्हाराज । पीवो-नी दारू-डी ॥
सूरज थानैं पुजम्याँ जी भर मोत्याँ को थाल ।
घड़ेक मोड़ा उगजो जी पिया-जी म्हारे पास ।
पीवो-नी दारू-ड़ी । अमलाँ मैं आछा लागो म्हाराज । पीवो-नी दारू-ड़ी ॥
जा एँ दासी वाग-मैं ओर सुण राजन री वात ।
कदेक महल पधारसी तो मतवाळो वणराज ।

पीवो-नी-दारू-ड़ी । अमलाँ मैं आछा लागो म्हारा राज । पीवो-नी दारू-डी ॥
थारी ओळूँ म्हे कराँ म्हारी करे न कोय । थारी ओळूँ म्हे कराँ करता करैं जो होय ।
पीवो-नी दारूड़ी । अमलाँ-मैं आछा लागो म्हाराज । पीवो नी दारू-ड़ी ॥

मेरवाड़ा की मारवाड़ी

मेरवाडा की पूर्वी मारवाड़ी मे ओर स्टैण्डर्ड पूर्वी मारवाडी मे भी नहीं सा फरक है । गीगो, (लड़का) आजूका (संस्कृत आजीविका) आदि कतिपय नये

शब्दों के अलावा और कोई अंतर देखने में नहीं आता। नमूने के तौर कथा का कुछ अंश आगे दिया गया है। मारवाड़ी का ह्रस्व-ऐ यहाँ अक्षर-ए लिखा है। उणां की जगह हुणां केवल लेखनभेद का द्योतक है। सूरड़ो में -ड़ो का हीनार्थक प्रयोग द्रष्टव्य है। बांठ में ट का ठ हो गया है।

संख्या ४

मारवाड़ी (पूर्वी) जिला मेरवाड़ा

किणी आदमी-रे दोय बेटा हा। बुणाँ-माँ-हूँ नानक्ये बा-हूँ कहवियो कै ओ बा आवूका-माँ-हूँ जको म्हाँरो बाँटो होय ओ म्ह-ने द्यो। तरें बीं बुँणीने आप री आवूका बाँठ-दीवी। थणाँ दिवस नीं बीतिया-हा कै नानक्यो बेटो सोंग समेटर अलग देसां हाल्यो ग्यो अर बुठी खोटा चाळाँ-माँ दिताब्दो-हुवो आप-री आवूका बिताय दीवी। जराँ बिण साँग बिताय दीवी तराँ बिण देस-माँ बडो काळान्तर पड़ियो अर बु नागो हो-ग्यो। अर हालर बिण देस-रा रहवण-बाळाँ-माँ-हूँ येक-रै अठै रहवण लागियो। जिणी बिण-नै आप-रा खावाँ माँ सूरड़ा चरावण खातर भेजियो। अर बु बिणी छीँतराँ-माँ-हूँ जिण-नै सूरड़ा खावता-हा आप-रो पेट भरणू चावियो-हो। अर बिणी-ने कुणी नीं देवा हा॥

मेवाड़ी

आगे पूर्व की ओर बढ़ने, मेवाड़ी का वास्तविक घर मेवाड़ आता है। केवल दक्षिण-पश्चिम एवं दक्षिण के पर्वतीय प्रदेश को छोड़कर, जहाँ के निवासी भीलों की अपनी अलग बोली है, सारे मेवाड़ राज्य में मेवाड़ी बोली जाती है। मेवाड़ी के उत्तर-पूर्व में बूँदी की हाड़ौती तथा दक्षिण-पूर्व में मध्य-भारत के मालवा प्रदेश की मालवी बोली जाती है।

सरकारी तौर पर मेवाड़ या उदयपुर राज्य के नाम से विख्यात प्रदेश के अतिरिक्त मेवाड़ी उसके बाहर भी दो अंचलों में बोली जाती है। ये हैं ग्वालियर के नीमच जिले का गंगापुर परगना एवं टोंक का निम्बाहेड़ा परगना। इनके अतिरिक्त मेवाड़ी मेवाड़ के कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में भी बोली जाती है जो इस प्रकार हैं—उत्तर मेरवाड़ा के उत्तर-पूर्व में परतापगढ़ राज्य, जहाँ यह मेरवाड़ी कहलाती है, अजमेर में किशनगढ़ के दक्षिण में, जहाँ इसे सरवाडी कहा जाता है, तथा खैराड़ के पर्वतीय प्रदेश में जहाँ इसे खैराडी कहते हैं। मेवाड़, जयपुर एवं बूँदी राज्यों की सीमाएँ जहाँ मिलती हैं उस क्षेत्र को खैराड़ नाम से पुकारते हैं। मेवाड़ी के इन विभिन्न प्रकारों का सविस्तार विवेचन आगे किया जायगा। इनके बोलने वालों की अनुमित संख्याएँ इस प्रकार हैं—

मेवाड, ग्वालियर के गगापुर परगना समेत	....	१३,००,०००
टोक (निम्बाहेड़ा)	....	५८,०००
परतावगढ़	....	५,०००
अजमेर	....	२४,१००
मेरवाड़ा (मेरवाडी)	....	५४,५००
किशनगढ (सरवाडी)	....	१५,०००
खैराड़ी—मेवाड	.... १,४५,०००	
जयपुर	.... ५६,२६४	
बूँदी	.... २४,०००	
		२,२८,२६४
		१६,८४,८६४

उदयपुर की मेवाड़ी में पूर्वी मारवाड़ी की सभी बोलियो के खास खास लक्षरण विद्यमान है। वास्तव मे वह मारवाडी एवं जयपुरी का मिश्रण है। जयपुरी के विशिष्ट छूं–मैं हूँ, एवं छो–था, की जगह मारवाडी के हूँ तथा हो मिलते है। परन्तु मारवाडी के सम्बन्ध परसर्ग –रो की जगह जयपुरी का –को मिलता है। –रो केवल म्हारो के सदृश सार्वनामिक रूपो मे दिखलाई पडता है। अन्य परसर्गो मे द्वितीया-चतुर्थी के –ने या –कै, पचमी का –हूँ : मारवाडी –ऊँ तथा सप्तमी का –माँ आदि है। सर्वनामो के रूप साधारणतया मारवाडी के ही हैं, पर कही-कही –ऊँ : वह का तिर्यक् –वी के सदृश जयपुरी रूप भी मिलते हैं। क्रियापदो मे स्टैण्डर्ड मारवाड़ी से कही-कही थोडा फरक लक्षित होता है। यथा—सकर्मक क्रिया के भूत-रूप के पहले तृतीया की जगह प्रथमा का प्रयोग, उदा० ल्होड़क्यो कह्यो : छोटा बोला। एक जगह सबधक कृदत कर-अर : करर की जगह कर-हर—करके मिलता है। करर एव करहर दोनो की व्युत्पत्ति वैसे करकर से है। दूसरे –कर का –क लुप्त हो जाने से कर अर हुआ, जिससे करर एव करहर दोनो रूप विकसित हुए। करहर का ह् केवल ध्वनिपूरक के रूप मे डाल दिया गया है।

आवृत्तिदर्शक भूत से असंपन्न भूत का सा अर्थ साधा गया है, उदा० खावा-हा : वे खा रहे थे, चावो हो : वह चाहता था।

देणो क्रिया का भूत रूप दीदो : उसने दिया, होता है। वैसा ही रूप कीदो : किया है। और के अर्थ मे जयपुरी अर या हर का ही प्रयोग मिलता है। भाषा के रूप का अन्दाज देने के लिए आगे दिया हुआ कथा के अश का नमूना पर्याप्त होगा।

संख्या ५

मेवाड़ी उदयपुर राज्य

कुणी मनख-के दोय बेटा हा। वाँ-माँ हूँ ल्होड़क्यो आप-का बाप -ने कह्यो हे बाप पूँजी माँ -हूँ जो म्हारी पाँती होवै म्ह -ने द्यो। जद वाँ वाँ-ने आप -की पूँजी बाँट दीदी। थोड़ा दन नही हुया हा कै ल्होड़क्यो बेटो सगळो धन भेळो करहर परदेस परो -गयो अर उटै लुच्चापरा -माँ दन गमावताँ हुवाँ आपको सगळो धन उडाय दीदो। जद ऊ सगळो घन उडा चुक्यो तद वी देस -माँ भारी काळ पड्यो हर ऊ टोटायलो हो -गयो। हर ऊ जाय नै वा देस -का रहवावाळाँ -माँ हूँ एक -कै नखै रहवा लाग्यो। वाँ वाँ -ने आप -का खेत -माँ सूर चरावा -ने मेल्यो। हर ऊ वाँ छूँतरा -हूँ ज्याँ -ने सूर खावा -हा आप -को पेट भरबो चावो -हो। हर वा -ने कोई भी काँई नही देतो -हो। जद वाँ -ने चेत हुयो हर वी कह्यो कै म्हारा बाप -के कतराही दानक्याँ -ने खावा -हूँ बदती रोटी मिळै -है हर हूँ भखाँ मरूँ। हूँ ऊठर बाप नखै जाऊँलो हर वा -ने कहूँलो कै है बाप बैकुंठ हूँ- उलटो हर आप -के देखताँ पाप कीदो -है। हूँ फेरूँ आप -को बेटो कुहावा जोगो नहीँ हूँ। म्ह -ने आप -का दानक्याँ -माँ -हूँ एक के सरीखो कर-द्यो।

अजमेर की मेवाड़ी

अजमेर के दक्षिण मे उदयपुर की सीमा से लगे हुए प्रदेश में अनुमान है, करीब २४,१०० की सख्या मेवाडी बोलती है। इसमे और साधारण मेवाड़ी मे कोई विशेष फरक नही है; प्रादेशिक विभिन्नताएँ यत्र-तत्र थोडी-बहुत दृष्टिगोचर होती हैं, पर वे उल्लेखनीय नही लगती। केवल एक चीज—सम्बन्ध-परसर्ग -को की जगह-रो का उपयोग द्रष्टव्य है। यह प्रयोग स्वाभाविक है, क्योकि अजमेर का यह भाग मारवाडी-भाषी प्रदेश से सटा हुआ है। नमूने के बतौर उदयपुर के राणाजी के सम्मान में गाया जाता एक छोटा-सा लोकगीत आगे दिया गया है।

सख्या ६

मेवाड़ी जिला अजमेर

रस्यो राणे -राव हिंदुपत रस्यो राणे -राव।
म्हारे वस्यो हिवडा माँय। बिळालो रस्यो राणे-राव॥
जोख करै जगमद्र पधारै। नोख विराजै भाव।
सोळा उमरावाँ साथ हिंदुपत। रस्यो राणे -राव॥
म्हारै वस्यो हिवड़ा माँय। बिळालो रस्यो राणे -राव॥

निछरावळ प्रथीनाथ –री । क्रोड मोहर कुरवान ।।
आया –रा करूँ ओछावणा । पळ-पळ वारूँ प्राण ।
बिळालो रस्यो राणे –राव हिंदुपत । रस्यो राणे –राव ।।
म्हारै बस्यो हिवड़ा मांय । बिळालो रस्यो राणे –राव ।

किशनगढ़ की मेवाड़ी

किशनगढ राज्य के मेवाड –सीमावर्ती प्रदेश मे सरवाड एव फतेहपुर परगनो के आधे भाग मे लगभग १५,००० मेवाडी-भाषी होने का अनुमान है । तन्निकटस्थ अजमेर के अचल की भाषा की तरह यह भी स्टैण्डर्ड मेवाडी से जरा भी भिन्न नही है; अतएव इसके नमूने देने की आवश्यकता प्रतीत नही हुई । सरवाड़ मे बोले जाने की वजह से स्थानीय जन इसे सरवाड़ी कहते है ।

मेरवाड़ी

मेवाड राज्य की उत्तर-पूर्वी सीमा से लग कर मेरवाडा का पहाडी जिला स्थित है । मेरवाडा के दक्षिणी भाग की भाषा मगरा की बोली कहलाती है, जिसे बहुसख्यक भील बोलियो मे गिना गया है ।

जिले के उत्तर-पश्चिमी भाग मे उत्तर की ओर ब्यावर तक मारवाडी का क्षेत्र गिना जाता है । बाकी के उत्तर-पूर्वी हिस्से मे लगभग ५४,५०० की जनसख्या मेवाडी-भाषी मानी जाती है, परन्तु स्थानीय जन इसे जिले के नाम पर मेरवाडी कहते है । नाम भिन्न होते हुए भी इसमे और साधारण मेवाडी मे कोई अ तर नही है, अतएव अलग नमूने उद्धृत करना अनावश्यक समझा गया ।

मेवाड़ी (खैराड़ी)

खैराड़ उस पर्वतीय प्रदेश का नाम है जहाँ जयपुर, बूँदी एव मेवाड़ राज्यो की सीमाएँ मिलती हैं । यहाँ मुख्यत: मीणा लोगो की बस्ती है, जिनकी बोली मेवाड़ी का ही एक विस्तृत रूप है । खैराड का विस्तार उक्त तीनो राज्यो मे है; अतएव खैराडी भाषियो के अनुमित आँकडे इस प्रकार दिए जा सकते है—

मेवाड मे	१,४५,०००
जयपुर मे	५६,२६४
बूँदी मे	२४,०००
कुल	२,२५,२६४

जयपुर की मुख्य भाषा जयपुरी एवं बूँदी की हाडौती है । ये दोनो राजस्थानी की पूर्वी शाखा की बोलियाँ हैं । मेवाड की मुख्य भाषा मेवाडी है जो राजस्थानी की पश्चिमी शाखा के अन्तर्गत आती है । फलत: खैराडी मे दोनो

शाखाओं का मिश्रण पाया जाता है। उदा० 'मैं हूँ' के अर्थ मे यहाँ पूर्वी का छूँ और पश्चिमी का हूँ दोनों मिलते है। वास्तव मे खैराडी एक मिश्र बोली है।

खैराडी का विस्तृत विवेचन श्री मेकेलिस्टर की जयपुर की बोलियों विषयक पुस्तक मे मिलेगा। उक्त पुस्तक के पृ० १२६ से खैराडी बोली के नमूनों के रूप मे उद्धृत की हुई अनेक लोक-कथाएँ मिलेगी, एव पृ० ५२ से तथा पुस्तक के दूसरे खण्ड मे उसकी व्याकरण का खाका देखा जा सकता है।

हम यहाँ मेकेलिस्टर महोदय द्वारा उद्धृत बाइबल की कथा का कुछ अश देना पर्याप्त समझते है। इस छोटे से उद्धरण मे भी मुख्य क्रिया के पूर्वी एवं पश्चिमी दोनो रूप मिलते है।

संख्या ७

मेवाड़ी (खैराड़ी) **जयपुर राज्य**

कोई आदमी-कै दो बेटा हा। वाँ–मै–सूँ छोटो ऊँ–का बाप–नै कीयो बाप धन–मैं–सूँ जो म्हारी पाँती आवै जो म–नै दे। ऊ आप–को घन वाँ-नै बाँट–दीयो। थोडा दना पाछै छोटो बेटो सब धन लेर पर–देस–मैं ऊठ–ग्यो अर उडै खोटै गेळै लागर आप–को सब धन उडा-दीयो। ऊ सब धन उडा–दीया जद्याँ ऊँ देस–मैं वडो काळ पड्यो अर ऊ कँगाळ हो-ग्यो। ऊ गियो अर ऊँ देस-का रैबाहाळाँ-मैं-सूँ एक-कँ रै-ग्यो। अर ऊ ऊँ-नै आप-का खेताँ-मैं सूर चराबा खनायो। जो पातड़्याँ सूर खावै-छा जाँ-सूँ ऊ आप-को पेट भरवा-सूँ राजी छो।

दक्षिणी मारवाड़ी

मारवाड़ राज्य के दक्षिण-पूर्वी भाग मे एक और परिवर्तनकारी कारण मिलता है। यह है अडावली पर्वतमाला की भील बोलियाँ। इनमे और गुजराती मे बहुत नजदीक का सम्बन्ध है। यत्रतत्र मालवी का असर भी दृष्टिगोचर होता है। फलत. दक्षिण-पूर्व मारवाड की बोली एव सिरोही की बोली मे बहुत से रूप लगभग शुद्ध गुजराती के और कुछ मालवी के भी मिलते हैं। मारवाड की दक्षिणी सीमा के सहारे-सहारे जब हम पाल्हणपुर तक पहुचते है, तब गुजराती का असर और भी अधिक पाते है। यह असर भीली के मारफत न आकर गुजराती से सीधा आया हुआ है। इस भाग में भाषा का स्वरूप इतना मिश्रित है कि मारवाड के लोग इसे गुजराती कहते है और गुजराती मातृभाषा वाले पाल्हणपुर के निवासी इसे मारवाडी कहते हैं। उपयुक्त नाम के अभाव मे हमने इसे मारवाड़ी-गुजराती की सज्ञा दी है। यह पाल्हणपुर राज्य मे कुछ दूर तक फैली हुई है।

दक्षिणी मारवाडी मे चार बोलियो का समावेश हो सकता है। वे इस प्रकार हैं—

१—गोडवाड़ी, पहले उल्लिखित न्यार की बोली के पश्चिम मे।

२—सिरोही, सिरोही राज्य एवं तन्निकटस्थ मारवाड़ के हिस्से मे बोली जाती है।

३— देवड़ावाटी, सिरोही के पश्चिम के अचल मे बोली जाती है।

४—मारवाड़ी-गुजराती।

इनकी सख्याएँ इस प्रकार है—

गोडवाड़ी		१,४७,०००	मारवाडी-गुजराती—	
सिरोही–			मारवाड	३०,२७०
सिरोही	१,६ ,३००		पाल्हणपुर	३५,०००
मारवाड	१०,०००			——
	——	१,७९,३००		६५,२७०
देवडावाटी		८६,०००		——
			कुल—	४,७७,५७०

गोडवाड़ी

अड़ावली पर्वतमाला जहाँ मारवाड़-सिरोही को मेरवाडा-मेवाड से अलग करती है, वहाँ न्यार की बोली नामक एक भील बोली प्रचलित है। यह कुछ दूर तक सिरोही राज्य मे और कुछ दूर तक मेवाड राज्य मे भी बोली जाती है। सिरोही राज्य से सम्बन्धित विवेचन आगे किया जायगा। मारवाड राज्य मे न्यार की बोली के पश्चिम वाले प्रदेश मे सोजत, बाली एव देसूरी परगनो का पूर्वी हिस्सा आता है। इस अचल को गोडवाड कहते है, तदनुसार यहाँ की बोली गोडवाडी कहलाती है।

हम आगे कह चुके है कि यह एक ऐसी मिश्रित बोली है, जिसमे गुजराती –भीली– के बहुत से एव मालवी के कुछ रूप मिलते है।

इस बोली मे ए का उच्चारण लम्बा होता है। च ध्वनि बदल कर स हो जाती है, उदा० चरावो की जगह सरावो। स ध्वनि बदलकर ह हो जाती है। उदा० सुखदेव की जगह हुखदेव; सारो की जगह हारो।

इस बोली के उदाहरण-स्वरूप बाइबल के कथाश का कुछ भाग देना पर्याप्त समझा जाता है। गुजराती से ली हुई विशिष्टताओ मे ये द्रष्टव्य है– बे : दो; डीकरो : बेटा; ती –गुजराती थी : से; हतो : वह था; करे –ने गुजराती करी –ने : करके। था के अर्थ मे थो, स्त्री –थी, का प्रयोग मालवी से लिया गया है।

भविष्यत् का रूप स्टैण्डर्ड मारवाड़ी का ही है; उदा० जाऊँ : मै जाऊंगा; के आं : मैं कहूँगा। सकर्मक क्रिया के भूतकालिक रूप के साथ कर्ता तृतीया

के बदले प्रथमा मे भी रह सकता है, उदा० लोरो डीकरो कियो : छोटे लड़के ने कहा। पूर्वी राजस्थानी मे करण प्रथमा के रूप मे भी रह सकता है।

संख्या ८

मारवाड़ी (गोडवाड़ी) जोधपुर राज्य

एक जणा-रे बे डीकरा हता। वणाँ-में-ती लोरो डीकरो आप-रा बाप-ने कियो भावा-जी मारी पाँती-रो माल आवे जको मने वँटवार करेने द्यो। जरे वणे आप-री घर वकरी वणाँ-ने वाँटेने दे-दी। थोरा दारां केरे लोरकियो डीकरो वण-री पाँती आई जको भेळी करेने परदेस गो ने वठे वण-री पजी थी सो अफण्डा-में गमाय-दीदी। हारी खुटियाँ केरे वण देस-म मोटो काळ पड़ियो। तरे वो भूक-तिर भुगतवा लागो। अठा केरे वण देस-रा एक रेवासी पाये रियो। ने उण वण-ने भड्डराँ-ने सरावा-ने खेत-में मेलियो। तो वण भड्डराँ-रे सरवा-रो खाकळो हतो ताण-ती आप-रो पेट भरवा-रो मतो कीदो। पण वण-ने खाखो-ही कणेई दीदो नी।

सिरोही

सिरोही बोली सिरोही राज्य मे एव उससे लगे हुए मारवाड़ के जालोर परगने के कुछ भाग मे बोली जाती है।

आबू पर्वत सिरोही राज्य मे ही है। इस पर रहने वाले जन आबू लोक कहलाते है। ये सिरोही का ही एक रूप बोलते है जिसे मैदान के राजपूत राठी कहते है। यह साधारण सिरोही से बहुत भिन्न नही है। फिर भी सिरोही की उपबोलियो का विवरण समाप्त करने के बाद हम इसका भी अलग सक्षिप्त विवेचन करेगे। सिरोही राज्य के दक्षिण-पश्चिम मे सिरोही की एक और बोली मिलती है, जिसे साएठ की बोली कहते है। इसका भी विवेचन अलग से किया जायगा। राठी एवं साएठ की बोली समेत सिराही बोली के भाषियो की सख्या इस प्रकार है—

	सिरोही	राठी	साएठ की बोली	
सिरोही मे—	१,६१.३००	२,०००	६,०००	१,६६,३००
मारवाड़ मे—		१०,०००		
			कुल :	१ ७६ ३००

सिरोही बोली मे गुजराती का प्रभाव बहुत अधिक है। नामरूप साधारणतया मारवाड़ी के अनुसार चलते है एवं सहायक क्रिया भी अशत : मारवाडी की ही मिलती है। परन्तु मुख्य क्रिया के रूप विशुद्ध गुजराती के ही है। इसका

एकमात्र अपवाद भविष्यत्काल है, जिसके रूप मारवाड़ी के पाये जाते है। गुजराती का नपुंसक लिंग निरपवाद रूप से पाया जाता है और गुजराती की ही भांति एकवचन मे -उँ अन्तिक तथा बहुवचन मे -आँ अन्तिक होता है। सिरोही बोली मे गुजराती प्रभाव का विस्तृत विवेचन हम नही करेंगे। आगे दिये हुए नमूनो मे वह इतना स्पष्ट झलकता है कि उसे दिखाने का प्रयत्न अनावश्यक होगा। परन्तु मारवाडी के दृष्टिकोण से सिरोही की निम्नांकित विशेषताएँ द्रष्टव्य हैं। अग्रस्थित व का प्राय: लोप हो जाता है, उदा० वण या अण: उसको मे; परन्तु उसका आगम भी उतनी ही बार पाया जाता है, यथा -हुओ: हुआ, की जगह वुओ।

च, छ, श, ष की जगह बराबर स उच्चारण किया जाता है एव लेखन मे भी स ही लिखा जाता है। उदा० चरावो : चरना की जगह सरावो; चन्दणपुर की जगह सन्दणपुर; शह्र की जगह सेर; दुष्ट की जगह दुसट। पर असमस्त ष का उच्चारण ख या क मिलता है, यथा -मनुश की जगह मिनक।

महाप्राणत्व का बराबर लोप पाया जाता है, यथा -देहरूं: मन्दिर- -देरू; घर: गर, घणा · बहुत से ०गणाँ; झाड: वृक्ष -जाड।

मूर्द्धन्य ण का मारवाडी की भांति मूर्द्धन्य उच्चारण होने के बदले दन्त्य की तरह किया जाता है।

श और स दोनो का उच्चारण स ही किया जाता है, और अग्रस्थित स का उच्चारण व लेखन ह होता है। उदा० हारूँ: सारा; हूर: सुअर। अन्तिम होने पर इसका उच्चारण नही किया जाता, यथा— दस— द।

ऊपर कहे अनुसार नपुंसक लिंग बराबर पाया जाता है। नपुं० सम्बन्ध परसर्ग -रूँ बहु० -रा है, जिसके पु० -रो, बहु० -रा, स्त्री० री मिलते हैं। नपुं० का एक अच्छा उदाहरण यह है: महादेव-रुँ देरूँ देखिउँ: महादेव का मंदिर देखा। पंचमी का परसर्ग-ती है। सर्वनामो मे गुजराती का पोतो: स्वय द्रष्टव्य है।

सहायक क्रिया तो के भूतकाल रूप इस प्रकार हैं—

	पु०	स्त्री०	नपुं०
एकवचन	तो	ती	तुं
बहुवचन	ता	ती	तां

यह-तो सभवत: गुजराती हतो के सकुचित रूप अतो से आया है, या इसे थो का महाप्राणहीन रूप कहा जा सकता है। तो दूर पर बोली जाती पश्चिमी हिन्दी की उपभाषा बुंदेली मे तथा उत्तरी गुजराती मे भी मिलता है।

संयुक्त क्रियारूप बनाते समय मारवाडी व्याकरण के अनुरूप परो और वरो–यहा लिखित रूप अरो—का प्रयोग भी द्रष्टव्य है ।

सिरोही बोली के उदाहरणस्वरूप बाइबल के कुछ कथांश का अनुवाद तथा एक लोक-कथा दिये गये हैं । सर्वेक्षण के लिए इन्हे सिरोही राज के महाराज के प्राइवेट सेक्रेटरी बाबू शरत्चन्द्र रायचौधरी ने तैयार करवाया है ।

संख्या ९ नमूना १

मारवाड़ी (सिरोही) सिरोही राज्य

कोई मिनक-रे बे दिकरा ता । वण-माय-ती नॉनके दिकरे भावा-ने कियु के ओ भावा-जी ऑपणे अण धन-माय-ती जो मारे पाँती आवे जितरू म–ने दिओ । जरिं वणे पोता-रो धन वॉटीने दे दीदी । गणा दाडा नीं वुआ जरिं नॉनको दिकरो हारूंई धन भेळो करीने अलगो देसावर गो । जरिं वटे लुचाई-में दाडा गमायने पोता-रो धन गमाओ । तरिं पसे वण देस-मे मोटो काळ पडिओ । जरिं वो कगीर वुओ । जरिं वो जायने वण देस-रा रेवासिऑ-माय-ती एक-रे पागती रेवा-लागो । जरिं वणे वण आदमी-ने पोता-रा खेतर-म हूर सरावा हारू मेलिओ । जरिं वो खाखलुं हूर खातॉ-तॉ वण-माय-ती वण-री पेट भरवा-री मरजी वुई । पण कोई मिनक वण-ने कांइं नीं देता-ता ।।

सख्या १० नमूना २

मारवाड़ी (सिरोही) सिरोही राज्य

एक सन्दरणपूर नॉम सेर तुं । वण मे एक धनवाळो हाउकार तो । वणे-री वु हाई ती । वण वु ने होनार केवा लागो के थे दुरमोती पेरिऑ नीं जको दुरमोती मँगावेने पेर । होनार तो अतरूं के-ने परो-गो । जरिं पसे हाउकार गरे आयो । जरिं हाउकार-रे वुए कींउ के म-ने दुरमोती पेरावो । जरिं वणे हाउकारे कींउ के मुं परदेस-मे लेवा जाउं-हूँ ने लावेने पेरावूं । तरिं वो हाउकार अतरूं के-ने देसावर गो । जातॉ जातॉ अलगो दरिआ कनारे गो । जायने वणे दरिआ ऊपर तीन धरणॉ कीदॉ । तरिं वण-ने सोइणुं आयुं के अठे दुरमोती नीं हे । जरिं वो उटेने वीर-वुगो ने पासो आवतो तो । जतरे मारग-में एक महादेव-रूं देरूं देखिउं । जरिं वो हाउकार वण देरा-में जायने वेटो । जतरा-मे महादेवजी-रो पूजारी एक बॉमण आयो ने वणे बॉमणे पूसियुं के थुं कुण है । जरिं वो केवा लागो के मुं हाउकार हूँ । तरिं बामणे कीयुं के थुं क्युं आयो । जरिं वो हाउकार बोलियो के दुरमोती लेवा हारू आयो हूँ । तरिं बॉमणे कीउं के थुं माहादेव-जी ऊपर धरणुं दे । जको थ-ने माहादेव-जी दुरमोती देई । जरिं वणे हाउकारे माहादेव-जी ऊपर धरणॉ दीदॉ । तरिं माहादेव-जी रात-रा बॉमण-रे

सोइगो जायने कीउँ के ए वाँमग थुँ अग अँदारा वेरा-में उतरैने दुरमोती लावेने अग-ने दे। जरिं वो वाँमग अँदारा वेरा-में उत्तरेने दुरमोती लावेने हाउकार-ने दीदाँ। जरिं वो हाउकार दुरमोती ले-ने गरे आवताँ तकाँ मारग-में एक ठग मिळिओ। जरिं हाउकारे ठग-ने देखीने मन-में विचारियुँ के मोती ठग अरॉ-लेई। जरिं हाउकारे पोता-री हातळ फाडेने दुरमोती परॉ-गालिआँ। पसे वो हाउकार ठगा-रे गरे गो। जरिं वाटी-वीजी खायने रात-रा हूतो। जतरे ठग-री बेटी आई। जरिं हाउकारे पूसिउँ के थुँ कुग हे। जरिं वा ठग-री बेटी केवा लागी के मुँ थ-ने ठगवा आई हूँ। जरिं हाउकारे कीउँ के भलॉई ठग। पण मारूँ एक वेग हाम्वळ। जरिं कीउ के का के-हे। जरिं वगे कीउँ के थुँ पाप करे जग में पाप-रा भागीदार गर-राँ कोई वेहे के नीं। जरिं वा नीसे आवेने गरवाळाँ-ने पूसिउँ के मुँ पाप करूँ जग-में थे पाप-रा भागीदार हो के नी। तरिं गरवाळाँ वोलिआँ के मे था-रा पाप-रा भागीदार नीं हाँ। जरिं वा ठग-री वेटी पासी हाउकार पागती जायने वोली के हे हाउकार मुँ थ ने ठगुँ नीं। ने थुँ म-ने था-रे साते ले-ने जा। तरिं हाउकार ने ठग-री बेटी वेई जगाँ रात-रा उँटे माते वे-ने हाउकार-रे गरे गिआँ ने-वे जो दुरमोती लाआँ-थाँ जको हाउकार-री वु ने पेराविया। ने पसे मजा करवा लागाँ।

आबू लोक-की बोली या राठी

आबू के शिखर पर बसे हुए गाँवो के जन एक मिश्र जाति के है, जो इसी अचल मे मिलते है। ये अपने को लोक यानी आबू के जन कहते है। इनके उद्गम के विषय मे निश्चित रूप से कुछ कहा नही जा सकता। ये अपने को राजपूत कहते हैं। स्थानीय परम्परा के अनुसार ये उन राजपूतों के वंशज माने जाते हैं, जो १३वी शती मे वृषभदेव के प्रसिद्ध मन्दिर का निर्माण होने के पश्चात् यहाँ वस गये थे। इन्होने स्थानीय आदिवासी स्त्रियो से विवाह-सम्बन्ध किए। मैदान के राजपूत इन्हे राठी अर्थात् मिश्र या सकर कहते हैं, जो इन्हे पसन्द नही है।

इनकी वोली लगभग सिरोही के सदृश ही है। उसके मिश्र स्वरूप का अदाज आगे दिए नमूने से मिल सकता है। उसमे-था के अर्थ मे मारवाडी का-हो तथा सिरोही गुजराती का-तो दोनो मिलेगे।

नमूने के रूप मे उनके रीति-रिवाजो के वर्णन का कुछ अश दिया गया है। इस प्रसंग मे यह वता देना ठीक होगा कि अभी हाल तक इस जाति के नवयुवक को दुलहन छल-कपट से ही लानी पडती थी। अपने पास एक साडी छिपा कर वह घर से निकल पड़ता और मौका पाकर अपनी पसन्द की किसी युवती पर साडी को डाल देता। बस फिर युवती की इच्छा उसे वरने की हो या न हो, वह

उसकी पत्नी बन जाती थी। इस पद्धति के फलस्वरूप कबीलों की दुश्मनी खड़ी हो जाती थी, जिसमे अक्सर लड़की के सम्बन्धी कपटी युवक के घर पर धावा मारकर उसके ढोर-पशु और सामान सब उठा ले जाते। बाद मे, अक्सर राज्य के अफसर बीचबचाव करके उनकी पंचायत के मारफत बिना किसी खूनखराबी के, झगडे का निपटारा करवा देते। अपराध के दण्डस्वरूप राज्य को कुछ अनाज और घी मिलता और बिरादरी को दावत के बाद 'अमलपानी' पिलाने पर पुनः राजी-रजामदी मान ली जाती।

उद्धृत नमूने मे स्वर के आगम-लोप के विषय की अस्थिरता स्पष्ट दिखाई पड़ती है। डण्ड की जगह डुण्ड, और गुनो की जगह गनो मिलता है। भाव-वाच्य में सयुक्त क्रियारूप बनाने के लिए प्रयुक्त वरो का ओरो हो जाता है। नपुं० सबध रूप ए-रूँ : इसका प्रयोग 'इस तरह का' के अर्थ मे होता है। गुजराती जोइये : चाहिए की जगह जोजे का प्रयोग द्रष्टव्य है। इस छोटे से नमूने मे भी कई भील शब्द मिलते हैं, यथा—खोलरू : झोपड़ी, डालूं : डाली या शाखा, पूठे : पीछे।

महाप्राणत्व के लोप के अनेक उदाहरण नमूने मे मिलते हैं, यथा छगरो : झगड़ा; गर : घर। चोरी की जगह सोरी, तथा सवासो की जगह सवाहो, एव सरीखो की जगह हरको द्रष्टव्य है।

संख्या ११

मारवाड़ी (सिरोही-राठी) सिरोही राज्य

एक भाई सोरी–पेटो गर–मे वीरोत गाली–ई। भावी गर–मे गाली–हे। जण–रे माते डुण्ड–मुण्ड राज–ती कीदो। तरे जगरो भागिओ हवाहो रुपिया दीदा। आगे ए–रुँ तुँ सात पांसेरो अमोल डुण्डे–रे वास्ते तोलिओ। वीरोते–रे माते सात वरां कजीओ कीदो। खोलरां पाडिआं। न्यात–मे ओ घणी जोजे नही। डाळुँ–कवाडुँ कजिआवारे लीदुँ–ओरुँ। तरी आंहो पीया हरको भाटो उणे–रे गर–मे राखिओ कोइनीं। इए–रे गर–मे खोलरां पाडेने उण–रो गनो थापिओ। जण–रे माते पुठेवारुँ खणावावारो मळिओ नीं। ओठे आगे ए–रुँ तुँ के राजा–रुँ डुण्ड–मुण्ड नीं तुँ। खून हाँभलिओ तो वे वारो डुण्ड पडे जगरो सोटवतो–तो के ओजमतो–तो॥

साएठ की बोली

सिरोही राज्य के सुदूर दक्षिण-पश्चिम छोर पर जहा पाल्हणपुर राज्य की सीमा आ जाती है, साएठ या साठ प्रदेश बसा हुआ है। यहां दक्षिणी मारवाडी का सिरोही रूप गुजराती से इतना मिश्रित हो गया है कि उसे मारवाड़ी या गुजराती किसी के भी अन्तर्गत माना जा सकता है। यह मिश्रण बिल्कुल

निर्जीव रूप से चलता है। एक भाषा के रूप दूसरी भाषा के साथ फेंके हुए से मिलते है। उत्तरी गुजराती की तरह च की जगह स उच्चारण मिलता है। उदा० चवरी : विवाह मंडप की जगह सवरी, एव पछे : पीछे की जगह पसे मिलते हैं। इस बोली की सख्या ६००० बताई जाती है। नमने के तौर पर सिरोही राज्य से उपलब्ध एक मनोरजक लोककथा दी गई है।

सख्या १२

मारवाड़ी (साएठ की बोली) सिरोही राज्य

एक राजा उजेणी नगरी-रो धणी थो। वो राजा रात-रा बजार-मे गीओ ने वदाएत आवती-थी। वणने राजाए पुचीयु के थु कुण हे। अवणारे कीयु के मु वदाएत हु। एक भरॉमण-रे ऑट लखवा-रे वास्ते जाउ चु। राजाए पुचीउ के सु ऑट लखीओ। ते वदाएत कीयु के जेवा ऑट लखीस तेवा वलतॉ केही जाउ। वदाएताए वो ऑट लीखीओ के ए भरॉमण-रे नवमे मेहीने एक दीकरो आवे। दीकरो जनमतो शॉवरे तो बाप मर-जाए। वो दीकरो परणवा-रे वास्ते जाए तो चवरीऑ-मे वाग मारे। एवु केहीने वदाएत राजा पागती-थी गरे गई।।

पचे राजाए भरॉमणीने धरम-बेन कीधी। पचे दीकरो जनमतॉ दीकरा-रो बाप परो-मुओ ने दीकरो मोटो हुओ। जरे राजाए दीकरा-रे शगाई कीधी। ने जॉन-री त्यारी कीधी ने परणवा शारू वुआ। पसे दीकरा-रे शाव-रे जाए ने नही मारवा-रो पको बदोबस्त कर दीकरा-ने सवरीऑ-मे बीआडीओ ने परणावीने सवरीऑ थी उतरीने वीद वीदरणीने एक लोडारी कोठी-मे गाली ने बन्द करीऑ के वाग दीकराने न मारे। पसे जॉन रवॉनी हुई। तरे दीकराने बोहु केवा लागी के ऑपॉ वेईऑने लोडारी कोठी-मे काण वास्ते गालीऑ। दीकरे कीयु के एवो वदाएताए-रो ऑट लखीओ के मने सवरीऑ-मे वाग मारवारो लखीओ। जण-थी मे राजाने धरम-भाई कीदो। जरे राजाए ऑपॉने लोडारी कोठी-मे गालीऑ। जरे दीकरीए कीउ के वाग केवो वे-हे। तरे वणे दीकरे लोडारी कोठी-मे वेटॉतकॉ वाग-रो चेरो काडीओ। जरे उणे चेरा-रो वाग वणे-ने दीकराने परो-मारीओ। पसे जरे आवीने राजाए लोडारी कोठी उगाडी तो भरॉमण-रे दीकराने मुओ देखीओ ने वाग बारे नीकलीओ। तरे राजाए मने-मे जॉणीयु के वदाएता-रा ऑट लखीआ वे-हे सो खरा हे।।

देवड़ावाटी

सिरोही बोली की पूर्वी सीमा पर मारवाड राज्य मे देवडावाटी नामक बोली का क्षेत्र है। इसके बोलने वालो की सख्या ८६,००० के लगभग बताई जाती है।

इस बोली मे गुजराती का मिश्रण सिरोही से भी अधिक पाया जाता है। गुजराती प्रश्नार्थक शूँ भी यहाँ मिलता है जिसका रूप हूँ हो जाता है। 'हूँ' के अर्थ मे गुजराती का छूँ एवं मारवाड़ी का हूँ दोनों लगभग बराबर परिमाण में पाये जाते है। यह सब होते हुए भी संबंध-परसर्ग सर्वत्र मार ाडी का रो ही मिलता है। गुजराती का नो कही भी नही पाया जाता।

इस मिश्रित बोली का नमूना देना बिल्कुल अनावश्यक है।

मारवाड़ी-गुजराती

मारवाड राज्य के दक्षिण मे पाल्हणपुर रियासत स्थित है, जिसे शासकीय दृष्टि से बम्बई प्रान्त मे गिना जाता है। यहाँ की मुख्य भाषा गुजराती है। मारवाड-पाल्हणपुर के सीमा-स्थित प्रदेश मे एक प्रकार की मिश्रित बोली बोली जाती है, जिसे मारवाड़ वाले गुजराती एव पाल्हणपुर वाले मारवाडी कहते हैं। इस द्विमुखी नाम से ही इसके मिश्रित रूप का आभास मिलता है। इसके स्वरूप मे विभिन्न अचलो तथा बोलने वालो की जातियो के अनुरूप कमोवेश फरक पाया जाता है।

पाल्हणपुर राज्य एव उसके आस-पास मे हिन्दोस्तानी मातृभाषा वाले मुसलमान काफी बडी सख्या मे बसे हुए हैं। अतएव इस सीमा प्रदेश की बोली मे हिन्दोस्तानी का मिश्रण भी काफी मात्रा मे पाया जाता है।

उद्धृत नमूना पाल्हणपुर राज्य मे प्राप्त हुआ है। विषय एक छोटी सी लोककथा है। नमूने मे मारवाडी एवं हिन्दोस्तानी को, और साथ ही साथ गुजराती की भी छूट से खिचडी बनाई हुई मिलेगी। इस बोली की अपनी विशिष्टता कुछ दीर्घ स्वर हैं, जो ईण, जीण आदि सार्वनामिक तिर्यक् रूपों में पाये जाते हैं। यह लेखनकार की गलती नही है, बल्कि किसी उच्चारण विशेष को लेखन मे ठीक-ठीक उतारने का प्रयत्न मालूम पडता है। मारवाडी–गुजराती के बोलने वालो के आँकडे इस प्रकार हैं—

मारवाड राज्य मे	३०,२७०
पाल्हणपुर रियासत मे	३५,०००
कुल	६५,२७०

संख्या १३

मारवाड़ी (गुजराती से मिश्रित) पालनपुर राज्य

एक सेठ–रा कने ईण–रा चार मुलाजिम दीवाळी–रा दाहाडे बक्सीस लेणे–कुँ आये। सेठ–जी–ने ईण–रा आगे टेबल–पर एक गीता–जी धर–दीनी ओर

उणाँ-री बाजू-मे पाँच पाँच रुपियाँ-री चार ढगली-ओ कीनी । फेर सेठ-जी-ए एक नोकर-कुँ पुँसिया के थाँ-रे ओ गीता-जी चाहीजे-हे के पाँच रुपिया चाहीजे-हे । साहेब हूँ पढी सकूँ नही । जीण-सूँ मोरे-तो पाँच रुपिया लेणा हे । बाद सेठ-जी-ने दुसरे-कुँ पुँसिया के थाँ-रे काँई पसँद हे । ओ गीता-जी के पाँच रुपिया । साहेब मे पढिया-तो हूँ, मगर मोरे-तो रुपिया री गरज हे । जीण-सूँ रुपिया लेता-हूँ । तीसरे ने भी रुपिया लीना । चोथा सकस जो चवद बरस-री उमर-रो थो । जीण-सूँ सेठजी-ने पुँसिया के थाँ-रे भी रुपिया चाहीजे हे । लडके-ने जबाब दिया के साहेब मोरे-तो गीता-जी चाहीजे-हे । मे अपणी बूढी मा-के आगे पढूँगा । ये कहे-कर उस-ने गीता-जी उपाड लीनी । ईण-माँहे-सूँ एक सोना मोहर निकळ आई । वे देख-कर तीनूँ सकस सरम-सूँ नीचे भाळणे लगे ।।

पश्चिमी मारवाड़ी

मारवाड़ राज्य में जो जोधपुर के उत्तर एवं पश्चिम की ओर एक बहुत बड़ा रेतीला मैदान है, इसे थल् कहते हैं: थळ का अर्थ होता है रेतीली मरुभूमि। इसका प्रसार उत्तर में बीकानेर, दक्षिण में मालाणी तथा पश्चिम में जैसलमेर एवं सिन्ध की सीमाओं के अन्दर तक चला गया है। बीकानेर के थळ की बोली का विवेचन आगे किया जायगा। उसे छोड़ बाकी के थळ की बोली को पश्चिमी मारवाड़ी का नाम दे सकते हैं। मारवाड़ की पश्चिमी सीमा से ही सिन्धी का प्रवेश शुरु हो जाता है, अतएव पश्चिमी मारवाड़ी में जहाँ-तहाँ सिन्धी का न्यूनाधिक परिमाण में मिश्रण पाया जाता है। उपादानों की दृष्टि से सर्वत्र भाषा में मारवाड़ी की ही प्रधानता पाई जाती है। जहाँ सिन्धी उपादान अधिकतर परिमाण में मिलते हैं, वहाँ भी उनका स्थान प्रधान न होकर गौण ही बना रहता है। पश्चिमी मारवाड़ी के दो विभाग हो सकते हैं: खास थळी, एवं अन्य मिश्रित बोलियाँ।

खास थळी उत्तर-पश्चिमी मारवाड़ तथा पूर्वी जैसलमेर में बोली जाती है। पश्चिमी जैसलमेर में सिन्धी की एक बोली बोली जाती है, एवं उसके दक्षिणी हिस्से के मध्य भाग में एक मिश्रित बोली ढटकी के बोलने वाले कुछ लोग पाये जाते हैं। थरेली सिन्धी एवं थळी के बीच की विभाजन-रेखा जैसलमेर शहर से दस मील पश्चिम की ओर मानी जा सकती है।

जैसलमेर के उत्तर में बहावलपुर रियासत है जहाँ की मुख्य भाषा लहँदा मानी जाती है।

पश्चिमी मारवाडी बोलने वालो के आँकड़े इस प्रकार है—

खास थळी—

मारवाड़ में	....	....	३,८०,९००	
जैसलमेर में	....	....	१,००,०००	
			————	४,८०,९००
अन्य मिश्रित बोलियाँ	....	....	....	२,०४,३४६
			कुल	६,८५,३४६

मिश्रित बोलियो का विवेचन बाद मे किया जायगा। इनमे से मुख्य थर, पारकर एव जैसलमेर की ढटकी है। थळी अधिकांशत. स्टैन्डर्ड मारवाड़ी ही है, उसमे केवल थोड़ा-सा सिन्धी का और सुदूर दक्षिण की ओर गुजराती का मिश्रण है। आगे इस बोली के दो नमूने दिए गए है। दोनो जैसलमेर से मिले है। एक तो बाइबिल का कथाश है, और दूसरा एक प्रचलित जनगीत। मारवाड की थळी भी एतादृश ही है। नमूनो मे बोली की निम्नलिखित विशिष्टताएँ दृष्टिगोचर होती है—

सिन्धीप्रभाव के चिन्ह : छोटे शब्दो के अतिम भारी अ का दीर्घ स्वर की तरह बलपूर्ण उच्चारण; यथा तीन्–तीनअ, सत्त्–सत्तअ, अट्ठ–अट्ठअ, गाय्–गायअ; परन्तु कान् नाक् आदि के उच्चारण ज्यो के त्यो बने रहते है क्योकि इनके अन्तिम वर्ण भारी नही है। उसी प्रकार सिन्धी के अनुरूप कुछ शब्दो मे ऐसे ह्रस्व स्वर पाये जाते है, जो अन्य भारतीय भाषाओ मे दीर्घ होते है, जैसे नाक–नक, हाथ–हथ, आख–अख; स्वार्थ प्रत्यय-डो एव-डो वैसे तो पूर्वी-पश्चिमी राजस्थानी दोनो मे मिलते है, पर थळी एव सिन्धी मे वे और भी बहुतायत से पाये जाते है। उदा० छोटो-डो : छुटका। 'एक' के अर्थ मे हेके का प्रयोग मिलता है, जो सिन्धी हिकअ या हिकिडो से तुलनीय है। मा-जो एवं ता-जो मे सिन्धी का सम्बन्ध परसर्ग-जो द्रष्टव्य है।

दूसरी ओर गुजराती के असर के ये उदाहरण मिलते है : वे-दो, डीकरो-बेटा, सहित भविष्यत् रूप जैसे, जाईस-उच्चारण जाईश-मैं जाऊँगा।

नामरूप—घोडो आदि -ओकारान्त शब्दो का तिर्यक् एकवचन -आ अन्तिक न होकर -ए अन्तिक होता है। कर्ता बहु० स्टैण्डर्ड मारवाडी की तरह -आ अन्तिक एवं तिर्यक् बहु० -आं अन्तिक ही होता है। उदा० हुक्को : हुक्क, सबधरूप हुक्के-रो; भलो माणस : भला आदमी, सबधरूप भले माणस-रो, भला माणस : अच्छे आदमियो-का; था-रे बाप-रे घर-मे : तुम्हारे बापके घरमे; मां-जे काके-रे डिकरे-रो बिया : मेरे चाचा के बेटे का विवाह। द्वि०–च० का परसर्ग-ना है। अन्य बातो मे नामरूपावली स्टैण्डर्ड मारवाडी की ही पाई जाती है।

सर्वनाम—व्यक्तिवाचक सर्वनामो के रूप कुछ असाधारण मिलते है। 'मेरे' एव 'तेरे' के समानार्थी शब्दो के केवल एक० रूपो मे मारवाड़ी सम्बन्ध-परसर्ग-रो की जगह सिन्धी का-जो मिलता है। उदा० मा-जो : मेरा, ता-जो : तेरा, परन्तु म्हांरो : हमारा, थारो : आपका। एक और विशिष्ट षष्ठीरूप मिलता है : मयालो : मेरा, तयालो या तेआलो : तेरा प्र० पुरुप के रूप : हूँ : मै, तिर्यक् एक० मा, द्वि० एक० मे, प्र० बहु० म्हे, ति० एव द्वि० बहु० म्हा। द्वि० पुरुप : तू, तू, ति० ए० ता, द्वि० ए० तें, प्र० बहु० थे, ति० एव द्वि० बहु० था।

निर्देशक सर्वनाम : ए : यह; ओ : वह उनके रूप—

	एकवचन		बहुवचन	
	प्रथमा	द्वि०—तिर्यक्	प्रथमा	द्वि—ति०
ए : यह		इये	ए	इयां
ओ : वह		उवे	ओ	उवा

अन्य रूप—

जिको : जो कि, कुण : कौन, के-रो : किसका, की : क्या, की : कुछ, क्या : क्यो।

क्रियारूप

सहायक क्रिया एव अस्तिसूचक क्रियाएँ—अस्ति-सूचक क्रिया का वर्तमान रूप आई है। यह वचन-पुरुष के साथ नही बदलता और हूँ, है, हैं सबके अर्थ में प्रयुक्त होता है। कहीं-कहीं इसका रूप ए या ई मिलता है, सहायक क्रिया के रूप मे ई का व्यवहार बराबर मिलता है। भूतकालिक रूप ये हैं :

	पुंलिग	स्त्रीलिग
एक०	हतो या तो	हंती
बहु०	हता	हंतो

मुख्य क्रिया

वर्तमान निश्चयार्थ साधारण वर्तमान रूप मे सहायक ई लगाकर बनाया जाता है। उदा०

	एकवचन	बहुवचन
१	मारा-इ	मारा-ई
२	मारे-ई	मारो-ई
३	मारे-ई	मारे-ई

अनद्यतन भूतकाल हतो या तो लगाकर बनाया जाता है। उदा० मारतो-हतो या मारतो तो।

भविष्यत् के रूप गुजराती के अनुरूप ही चलते हैं। यथा—

१	मारीश	मारशा
२	मारीश	मारशो
३	मारशे	मारशे

इनमे प्र०एक० एवं द्वि० एक० के रूप एक ही हैं, उत्तर गुजरात की बोलियों मे भी यही समानता मिलती है। दक्षिण गुजरात की बोलियो मे तृ० एक० एव द्वि० एक० के रूप एक होते है।

अन्य सभी वस्तुओ मे क्रिया रूप स्टैण्डर्ड मारवाड़ी से भिन्न नही मिलते।

मारवाडी की ही तरह कई सकुचित रूप भी मिलते है—क्यों : कहा, रयो : रहा, रे-ई : रहेगा, पयो : पड़ा, मो : मरा।

समुच्चयबोधक–अर प्राय: शब्द के साथ न लिखा जाकर अलग लिखा जाता है, उदा० उठर की जगह–उठ–अर : उठ कर।

निषेधार्थको में राजस्थानी का को-नी या कोय्-नी ही प्रचलित मिलता है। उदा० कोय् देवतो कोय्–नी : कोई भी दिया न करता; था को-दियो-नी : तूने नही दिया।

आगे थळी के दो नमूने दिए गए हैं। ये दोनो जैसलमेर से मिले है। एक तो बाइबल के कथांश का अनुवाद है, और दूसरा एक प्रचलित लोकगीत।

संख्या १४

मारवाड़ी (थळी) नमूना संख्या १ जैसलमेर राज्य

हेके मनख–रे बे दिकरा हुँता। उवाँ–माँय–सूँ छोटोडे बाप–नाँ कयो अरे बाप माँ-जी पत्ती-रो धन होवे जिको म-नाँ दो। तारणो उवे आप-रो धन उवाँ-नाँ बेच दियो। जिके–सूँ पछे बेगो–ईज छोटोडो दिकरो आप–रो सोय धन भेळो ले परदेश उवो ग्यो। अर उथे लुचाई-मेँ दिन कढते आप-रो धन खोय-दियो। जारणो ओ सारी ओथी-पोथी खोय-रयो तारणो उवे देश-मे भारी काळ पयो अर उवे-नाँ तग–चाई होवरण लगी। पछे उवे देस-रे हेके कने जाय रवरण लगो। जिके उवे-नाँ सूअर चरावरण नाँ आप-रे खेताँ-मे मेलियो। अर ओ सूअराँ-रे खावरण-रे छीलुराँ-सूँ आप-रो पेट भरणो चावतो-तो। अर कोय उवे-नाँ कीँ देवतो कोय-नी। तारणो उवे-री अकल ठा आई अर कवरण लगो के माँजे बाप-रे किता-ई मजूरोँ-नाँ पेट भरण-सूँ वत्ती रोटियाँ मळे-ई अर हूँ भूख मराँ-ई पयो। हूँ उठ-अर आप-रे बाप कने जाईश अर उवे-नाँ कईश बापजी मेँ भगवान-रो अर थाँ-रो पाप कियो-ई। हूँ वळे थाँ-रो दिकरो कुवावरण-रे लायक कोय-नी। मन्नाँ आप-रे मजूराँ-मेँ घतो। पछे ओ उठ-अर आप-रे बाप कने गयो। परण ओ अघो-ईज हुँतो का इती-मेँ उव-रे बाप उवे-नाँ देख-अर दया की अर दौड़-अर गळवाँणी घती। अर उवे-रो वको लियो। दिकरे उवे-नाँ कयो बाप-जी मे भगवान-रो अर थाँ-रो पाप कियो-ई। हूँ वळे थाँ-रो दिकरो कुवावरण-रे लायक कोय-नी। परण बाप आप-रे चाकराँ-नाँ कयो के असल कपडा कढ-अर इये-नाँ पेरावो उवे-रे हथ-मे वीँटी अर पगाँ-मे पगरखी पेरावो। अर आपाँ हरख अर गोठ करजे। क्योँके ए माँजो दिकरो मो तो वळे जीवियो ई। गुँईजियो तो वळे लधोई। पछे ओ हरख करण लगा।

उवे वखत उवे-रो बडो दिकरो खेत-में हँतो। अर-जाणे ओ घर कने आवो ताणे उवे बाजे अर नाच-रो खडको सुणियो। अर उवे चाकराँ-माँय सूँ हेके-नाँ आप-रे कने तेड-अर पुछियो के ए की ए। उवे उवे नाँ कयो के ता-जो भाई आयो-ई अर ता-जे बाप उवे-रे राजी खुशी आवरण-री गोठ की-ए। पण उवे-नाँ रीस आई अर माँय नी जावण लगो। ताणे उवे रो बाप बार आय-अर उवे-नाँ मनावण लगो। उवे बाप-नाँ जवाब दीयो के देखो हूँ इताँ बरसाँ-सूँ थाँ-री चाकरी पयो कराँ-ई। अर कदे थाँ-रे हुकम-नाँ आलँघियो काय-नी। पण ए दिकरो जिको थाँ-रो घन पातरियाँ भेळो उडाय आयो-ई जिके-रे आवते-ई थाँ गोठ परी-की। बाप उवे-नाँ कयो बेटा तूँ सदा-ई माँ-जे भेळो ई अर जिको मयाली आथी-पोथी आँई ओ सोय तेआली ए। पण खुशी अर हरख करणो चाईजतो-तो क्योंके ए ता-जो भाई मो तो वळे जीवियो ई। गुँईजियो तो वळे लधो-ई ।।

संख्या १५

मारवाड़ी (थली) नमूना संख्या २ जैसलमेर राज्य

आई आई ढोला वणजारे-री पोठ।
तमाकू लायो रे माँ-जा गाढा मारू सोरठी। रे म्हाँ-रा राज।

आण उतारी बडले-रे हेठ।
बडलो छायो रे माँ-जा गाढा मारू जाभे मोतिये। रे म्हाँ-रा राज।

लेशे लेशे सिरदाराँ-रो साथ।
कायेक लेशे गाढे मारू रा बानण डाणियाँ। रे म्हाँ-रा राज।

कहे रे वाणीडा तमाकू-रो मोल।
कये-रे पारे माँ-जा गाढा मारू तमाकू चोखी। रे म्हाँ-रा राज।

रुपये-री दीनी अध टाँक रे।
म्होर-री दीनी म्हाँ-री साची सुन्दर वा-भरी। रे म्हाँ-रा राज ।।

सोने रूपे-रा चेलड्या घडाय।
रूपे-री डाँडी रे गाढा मारू भली तोले। रे म्हाँ-रा राज ।।

रातडली रे भँवर गई अँध रात।
मोडा क्याँ पधारिया रे माँ-जा गाढा मारू भँवर जी। रे म्हाँ-रा राज ।।

गया ता गया-ता गोरा दे साँईणाँ-रे साथ रे।
हुक्को हजारी छाकियो माँ-जी साची सुन्दर छाकियो। रे म्हाँ-रा राज ।।

हुक्के री आवे भुंडी बास उपरांटा पोढो रे ।
हुक्को थाँ-री तालरिये पटकाय चिलम पटकावाँ रावळे चोवटे । रे म्हाँ-रा राज ॥
आवे रे आवे गोरा दे थाँ-ई-पर रीस ।
परणीजे ले आवाँ पुगळ-गढ-री पदमणी । रे म्हाँ-रा राज ॥
परणो भवर पाँच पचीस ।
में भाभे-जी-रे बेटी लाडकी रे माँ-जा गाढा मारू । रे म्हाँ-रा राज ॥
आगे रे आगे घोडाँ री घमसाँण ।
भाँसिया रे रथ माँ-जी सोकड वेरण-रो बाजणो । रे म्हाँ-रा राज ॥
झालाँ झालाँ घुडले-री लगाम ।
कडियाँ रो झालाँ रे गाढा मारू-रो कटारो । रे म्हाँ-रा राज ॥
आँगणिये रे मुँगडला रळकाय ।
पितलक भागे रे माँ-जी सोकड वेरण सावकी । रे म्हाँ-रा राज ॥
आगणिये घरट रोपाय रे ।
काँने न सुणाँ माँ-जी सोकड नाँ बोलती । रे म्हाँ-रा राज ।
आडी आडी भीतडली चुणाय रे ।
आँखिये न देखाँ माँ–जी सोकडली नाँ मालती । रे म्हाँ रा राज ॥
हाँथड–ले रे रमाया बासँग नाग ।
बिच्छू री खाधी माँ-जी गाढा मारू हूँ तो नही डराँ । रे म्हाँ-रा राज ।
जाजमडी रे थाँ-ई-री ढलाय ।
वेळीड़ा तडावाँ रे गाढे मारू-रा साँईणा । रे म्हाँ-रा राज ॥
लाँगाँ डोडाँ-री धँयडली रे दुखाय ।
हाथाँ-सूँ चाडाँ रे भँवर-जी-रा चिलमिया । रे म्हाँ-रा राज ॥
सोने रुपे-रो हुकैयो कराय ।
मोतीडे जेडावाँ रे गाढे मारू री चिलमडी । रे म्हाँ-रा राज ॥

मिश्रित मारवाड़ी और सिन्धी

ढाट का शाब्दिक अर्थ रेगिस्तान होता है। विशेपकर नामकरण का प्रयोग सिन्ध के थर-पारकर जिलो तथा उनसे सटे हुए जैसलमेर के भाग मे फैले हुए रेगिस्तानी हिस्से के लिए होता है। स्थानीय अधिकृत सूत्रो के अनुसार इसमे नीचे लिखे शहर आ जाते है। थर-पारकर मे : उमरकोट, छोड, गढडा, मिट्टी, रगदार, चाचडा, जैसिहदार, चेलार, पारणो, नौरसर, गुदडा। जैसलमेर मे : मायाजलार, सखभा परगनास्थित खूडी।

थर-पारकर जिला तीन हिस्सो मे विभाजित होता है : १—जिले के उत्तर पश्चिम एव मध्य-पश्चिम मे स्थित पूर्वी नारा का मैदान जिसे पाट कहते है, २—दक्षिण-पूर्व मे स्थित पारकर, ३—थार या रेगिस्तान जिसे ढाट भी कहते

है। पाट की भाषा सिन्धी है। पारकर प्रदेश की भाषा भी सिन्धी है; केवल उसके सुदूर दक्षिण मे गुजराती बोली जाती है।

थर-पारकर के पूर्व मे मारवाड़ राज्य का मल्लाणी प्रदेश स्थित है। यहाँ की मुख्य भाषा तो मारवाडी ही है, पर सिन्ध मे मिली हुई सीमा के थोडे से प्रदेश में बोली जाती भाषा को 'सिन्धी' बताया जाता है। इसके कोई नमूने नही मिले, परन्तु हम इसे मारवाडी-सिन्धी का एक ऐसा मिश्रण मान ले, जिसमे सिन्धी का परिमाण अधिक है, तो कोई आपत्ति न होगी। इस प्रदेश के उत्तर-पूर्व की बोली तो दोनो बोलियो का मिश्रण मानी ही गई है। मल्लाणी के उत्तर मे जैसलमेर की सीमा तक की बोली को मारवाड़ राज्य के अधिकारी थळी-सिन्धी का मिश्रण बताते है। वास्तव मे यह प्रदेश ढाट का ही थोड़ा आगे का प्रसार माना जा सकता है. और यहाँ की बोली और ढाटकी में कोई अन्तर दृष्टिगोचर नही होता।

ढाट की बोली ढाटकी-थळी का एक ऐसा प्रकार मात्र है जिसमें सिन्धी का मिश्रण अपेक्षाकृत कुछ अधिक है। मिश्रित बोली होने के कारण इसका स्वरूप विभिन्न अचलो मे थोडा-थोडा परिवर्तित मिलता है, जो स्वाभाविक है। उदा० थर-पारकर मे जैसलमेर की अपेक्षा सिन्धी का प्रभाव अधिक दृष्टिगोचर होता है।

संक्षेप मे, दक्षिण-पश्चिमी मारवाड-मल्लाणी मे तथा जैसलमेर के ढाट क्षेत्र मे स्टैण्डर्ड मारवाडी एव थळी के साथ सिन्धी का न्यूनाधिक परिमाण मे मिश्रण होने से अनेक मिश्रित बोलियाँ पाई जाती है। इनका अलग-अलग विवेचन करना आवश्यक होगा। यहाँ उनके बोलने वालों की सख्या के आँकडे देना पर्याप्त होगा, जो ये है :

मारवाड–मल्लाणी की तथाकथित सिन्धी	४६,६६०
मारवाडी–सिन्धी मिश्रित	१५,०००
थळी–सिन्धी मिश्रित	७०,०००
	१,३१,६६०
जैसलमेर की ढाटकी	१५०
थर–पारकर की ढाटकी	७२,६३६
मारवाडी–सिन्धी मिश्रित बोलियो का योग	२,०४,७४६

उपरोक्त सब बोलियो के नमूने देना आवश्यक प्रतीत होता है। थर–पारकर और जैसलमेर की ढाटकी के दो प्रचलित लोकगीत नमूनो के रूप मे पर्याप्त होगे। ढाटकी को थरेजी या थरेली अर्थात् थर की बोली के नाम से पुकारा जाता है।

थरेली वास्तव मे सिन्धी की एक उपबोली का भी नाम है, अतएव गलतफहमी हो जाने के भय से हमने ढाटकी के अर्थ मे इस नाम का उपयोग करना ठीक नही समझा।

थर-पारकर वाला नमूना मुख्याशो मे मारवाडी या थळी होने पर भी उसमे सिन्धी की कई एक विशिष्टताएँ स्पष्ट दिखाई पडती है। यथा—

सिन्धी ध्वनियो ब, ग का व्यवहार, मारवाडी का ळ जो सिन्धी मे नही है, यहाँ नही मिलता। शरमु, विचारु इत्यादि के अन्त का उ भी विशेष द्रष्टव्य है। नाहर शब्द, छन्दानुसार नार का अर्थ राजस्थानी के अनुरूप सिंह न होकर, सिन्धी प्रयोगानुसार भेडिया होता है। भील बोलियो, पश्चिमोत्तर प्रदेश की पिशाच बोलियो एव सिन्धी समूह की बोलियो की तरह यहाँ भी दन्त्य ध्वनियो की जगह मूर्द्धन्यो का सा उच्चारण कई जगह पाया जाता है। यथा—दीजे की जगह डीजे, खेत की जगह खेट इत्यादि। मृदु व्यजनो को कई जगह कठोर बना दिया जाता है, यथा—गाव अर्थात् गाय की जगह कवली।

संख्या १६

मारवाड़ी (ढाटकी थली) जिला थर तथा पारकर

आज अवेला क्यूँ आविआ कहरो मुज-मेँ काम।
थाँ-रो मँहतो घर नहीँ इए सुगणी-रो शाम॥

शहर उजेणी हूँ फिरिओ महले आविओ आज।
तास अवेलो आविओ तुज बलावण काज।

चंदर ग्यो घर आपने राजा तूँ भी घर जा।
मैं अबला-सी-से कैमी बलणी तूँ केहिर हूँ गा॥

केहिर कवली बखे छाली बखे नाहर।
जोखो लागे जिदु-नाँ लाखोँ करे विचारु॥

अईओ शीह पचाणां हेकल गिर अबह।
घर ऊँदराँ-रा ढुण्डि तो त-नाँ शरमु न आवे शीह॥

सज सहेवी सिगार राजा करे पुकार।
जोखमु लागसी-जिअ-नाँ लाखो करे विचारु॥

वारि डीजे खेतर नाँ वारि खेट-नाँ खाइ।
राजा डण्डे रईअत-नाँ जिणे-रे कूक कणे लग जाइ॥

कूक मत कर रे सहेची कूक कैआँकि होइ।
केहर-के मुख बकरी छूटी सुणी न कोइ॥

आणि डिआँ आप-री आणि मत लोपो आप।
हूँ कवली तूँ ब्राह्मण, हूँ बटो तूँ बाप॥

नीचे दिया हुआ नमूना थाट प्रदेश मे विवाह के समय गाया जाता है। यह गीत खूडी के सोढा दौलतसिह के बेटे हाथीसिंह की प्रशस्ति है। गीत मे हाथीसिंह के सिंध-हैदराबाद जाने तथा वहाँ के मीरो द्वारा उनके स्वागत का उल्लेख है। खूडी लौटने पर थर-पारकर स्थित छोड के निवासी अण्डासिंह के बेटे भगवानसिंह से उन्हे पता चलता है कि जोधपुर-मारवाड का हाकिम-महाराजा जोधा भगवान के चाचा हेमराज को पकड ले गया है। हाथीसिंह ताकत मे जोधा से कम नही थे, और उन्होने बराबरी वाले की हैसियत से बिना झगडे के ही काम सलटा दिया। हाथीसिंह जैसलमेर के अधिपति मूलराज के समय मे विद्यमान बताते है, मूलराज की मृत्यु सन् १८२० मे हुई है।

ढाटकी के इस नमूने पर सिन्धी का प्रभाव उतना अधिक नही मालूम पडता जितना थर-पारकर वाले नमूने मे दृष्टिगोचर होता है। सिन्धी ध्वनियाँ ब, ग यहाँ नही है, एक जगह मूर्धन्य ल भी मिलता है। देना क्रिया का शब्द किन्तु डिन्हो ही है जिसमे द का मूर्द्धन्यीकरण द्रष्टव्य है। क्रिया का वर्तमान रूप बीकानेरी का छे लगाकर बनाया जाना इस बोली के मिश्रित रूप का द्योतक है। सम्बन्ध तिर्यक् रूप रा का प्रयोग यहाँ द्वितीया रूप की तरह हुआ है, यथा— मोजा-रा पावे-आनन्द को प्राप्त हो।

संख्या १७

मारवाड़ी (ढाटकी थली) जैसलमेर राज्य

१. सरसती माता तुज पाए लागाँ। जाणा घणेरी साहे बध माँगाँ॥
२. बरिओ रे सोढो देसाँ-मेँ बको। बेरी उवे-रा सूता उदरके॥
३. सिव हाथी-सिंघ-रे सदाए सुखे। रिध-सिध-री कमी न काहे॥
४. राजा माने-छे मूल-राज राजा। जीते-रा बाजा खूरो-मेँ बाजा॥
५. हाथी-सिंघ चढिया हैदराबाद जावे। जावे मीराँ-नाँ मालम किधे॥
६. मीर साहिब तूथो हुक्म डिन्हो। रूडी सिरपाव ने घोड़ो डिन्हो॥
७. सिरपाव पेहरे-ने डेरे पधार्या। डेरे-रा बेली दीसे सजोडा॥
८. हाथी-सिंघ चढिया देस-नाँ आवे। सारी ढाट-मेँ उचरंग पावे॥
९. भगवान अडे-रो छोड-सूँ आवे। काके हेमराज-रा कागद लावे॥
१०. कागद बचावे रीस चढावे। एडो नजर-माँ कोई न आवे॥
११. वळियो थो सोढो वेर घतावे। हाथी सिंघ-रा कागद जोधाँ-नाँ जावे॥
१२. हाथी-सिंघ हाकम हुवा-छे भेला। भेला हुए-ने बात बिचारी॥
१३. भलाँ दौलत-सिंघ-रे सपूत जायो। थाल भरे-ने मोतिया वधायो॥
१४ चारन भाट गुण गीत गावे। ऊँट घोड़ा न मोजाँ-रा पावे॥

उत्तरी मारवाड़ी

वीकानेरी–शेखावाटी

मारवाड़ राज्य के उत्तर मे वीकानेर राज्य एव जयपुर राज्य का शेखावाटी प्रदेश स्थित है। वीकानेर के पश्चिम मे बहावलपुर रियासत है, जहाँ की मुख्य भाषा लहदा है। उत्तर मे पजाव के फीरोजपुर एव हिसार जिले है जहाँ भाषा मुख्यत: पंजाबी है। परतु वीकानेर की उत्तर-पूर्वी सीमा से लगे हुए हिसार के भाग मे भाषा वागडी है।

वीकानेर के पश्चिमोत्तर मे वहावलपुर एव फीरोजपुर की सीमाग्रो के साथ वनते हुए त्रिकोणाकार प्रदेश मे एक मिश्रित वोली प्रचलित है जिसे भट्टियाणी कहते हैं। यह लहदा, पजावी एव वीकानेरी की खिचड़ी-सी है। इसका विवेचन पजावी के ग्रन्तर्गत किया गया है। हिसार से लगे हुए वीकानेर के पूर्वोत्तरी प्रदेश मे वागड़ी वोली जाती है। वीकानेर राज्य के वाकी सारे प्रदेश मे वीकानेरी मुख्य भाषा है। वहावलपुर एव वीकानेर के सीमास्थित ग्र चल मे वहावलपुर मे भी वीकानेरी वोली जाती है।

वीकानेर राज्य की पूर्वी सीमा से लगकर जयपुर का शेखावटी क्षेत्र वसा हुग्रा है। इसके पास के जयपुर के प्रदेश मे जयपुरी ही वोली जाती है, जिसका विवेचन हम पहले कर चुके हैं। शेखावाटी वोली का नामाकरण उसके व्यवहार-क्षेत्र के नाम पर हुग्रा है। वीकानेरी की पश्चिमी एवं शेखावाटी की पूर्वी सीमा एक तो है ही, इनके प्रसार का ग्रन्त भी एक ही जगह होता है।

वीकानेर के उत्तर-पूर्वी एवं तन्निकटस्थ भाग मे 'वागड़ी', वोली जाती है। यह वीकानेरी का पजावी तथा वागरू मे ग्रन्तर्भु क्त होता हुग्रा मिश्र रूप है, परन्तु इसकी कुछ निजी विशेषताए भी होने के कारण हम इसका विवेचन ग्रलग स करेंगे।

वीकानेरी एवं शेखावाटी दोनो एक ही भाषा है। वास्तव मे वे मारवाड़ी का ही ऐसा रूप है, जिसमे ज्यो-ज्यो पूर्व की ग्रोर वढते जाते हैं त्यो-त्यो जयपुरी का मिश्रण वढ़ता चला जाता है। वीकानेरी-शेखावटी समूह के साथ वागड़ी को

भी सम्मिलित कर लेने पर इस समूह को हम **उत्तरी मारवाड़ी** कह सकते हैं। इसके बोलने वालो के अनुमित आंकड़े लगभग ये हैं—

बीकानेरी—		
बीकानेर मे	.....	५,३३,०००
वहावलपुर मे	...	१०,७७०
		५,४३,७७०
शेखावाटी	.....	४,८८,०१७
बागड़ी	....	३,२७,३५६
	कुल	१३,५६,१४६

बीकानेरी मे बाइबल का एक सस्करण सिरामपुर के पादरियो ने १८२० ई० मे प्रकाशित किया था। उसमें भी भाषा का वही रूप मिलता है जो प्रस्तुत विवेचन के समय विद्यमान है।

बीकानेरी-शेखावाटी बोली के विषय में निम्नांकित विशेपताएँ खास द्रष्टव्य है—

नामरूप : ओ-कारान्त सबल तद्भव संज्ञा-शब्दों का तिर्यक् रूप प्राय: विशेषकर पंचमी में 'ऐकारान्त' हो जाता है, यथा, 'बीकैं-सूँ' : बीके से, प्र० बीको, नाम विशेप 'पोते-हूँ' : पोते से। पष्ठी परसर्ग बीकानेरी में मारवाड़ी का -'रो' है परन्तु शेखावाटी में जयपुरी का - को है। इन दोनों बोलियों के नाममात्र के भेद का यह विशिप्ट उदाहरण है। स्मरण रहे कि - को पूर्वी मारवाड़ी में भी मिलता है।

सर्वनाम प्रथम पुरुप में पष्ठी के विभिन्न रूप मिलते हैं। यथा **मेरा** के अर्थ में **म्हारो, म्हारलो, मेरो, मेरलो**। तेरा के अर्थ मे **थारो, थारलो, तेरो, तेरलो**। इन **म्हारलो, थारलो** आदि से पश्चिमी मारवाड़ी के **मयालो, तयालो** तुलनीय हैं। शेखावाटी मे तृतीय पुरुप के रूप प्राय: जयपुरी के मिलते हैं, यथा-**वो** · वह, **वाँ** : उसने। बीकानेरी मे ये रूप मारवाड़ी के हैं। के का 'क्या' के अर्थ मे व्यवहार होता है।

क्रियापद : उत्तरी मारवाडी के सारे प्रदेश मे अस्तिवाचक क्रिया के रूप मारवाड़ी व जयपुरी दोनो से लिये हुए मिलते हैं। यथा—हूँ और छूँ : मैं हूँ, हो और छो : था। मुख्य क्रिया का भविष्यत् रूप प्राय स-सावित होता है, यथा-

मारस्यूं : मैं मारूंगा। शेखावाटी मे यदाकदा जयपुरी - तोरावाटी - का -गो अन्तिक रूप भी मिलता है, यथा-मारूंगो। जयपुरी की तोरावाटी बोली शेखावाटी के बिल्कुल पूरब मे ही बोली जाती है। अन्य और बातो मे क्रिया-रूप मारवाडी की तरह ही चलते हैं।

आगे उत्तरी मारवाड़ी के बीकानेर एव शेखावाटी दोनो अंचलो से प्राप्त नमूने दिये गये हैं।

बीकानेर से प्राप्त नमूना राव बीका के जीवन वृत्तात एव बीकानेर के शिलान्यास से सम्बन्धित है। भाषा वही है जिसका विवेचन ऊपर किया जा चुका है। अास्तिवाचक क्रियाएँ छै एव है, ओकारान्त सबल पुंलिंग नामो के ऐ-अन्तिक तिर्यक् रूप आदि विशेषताएं यहा मिलती है। केवल एक खास भिन्नता दृष्टिगोचर होती है : भावे प्रयोग मे भी सकर्मक क्रिया के भूत कृदन्त का लिंग गुजराती प्रयोग की तरह कर्म के अनुरूप चलता है, यथा- **जाटां-री जातां नै जीती,** न कि जीतो' जाटो की जातो को जीता।

चूंकि मूल हस्तलिपि भारत के इस भाग की लिखावट का अच्छा उदाहरण है इसलिए मै इसकी अनुकृति दे रहा हूँ।[1]

सख्या १८

बीकानेरी — बीकानेर राज्य

राव बीकोजी स० १५२२ मीती आसोज सुदी १० जोधपुर सुं बहीर हुआ अर मडोर मै आयर मुकाम कीयो ओर फेर देसणोक श्रीमाताजी करणीजी-री हाजरी-मै हाजर हुवा ओर बठै-सु गाँव चाडासर-मै आयर ठेहरा ओर बठै-सु कोडमदेसर आयर तीन वरस-ताई कोडमदेसर-मै रेवा ओर कोडमदैसर-मै ऐक छोटो-सो कोट करवायो ओर कोडमदैसर-सु ऊठर गाँव जागलु-मै वरस १० ताही रहा, वै वखत भाटीया-रो राज अठै छो जीका-रा मालक सेखोजी भाटी पुगल-रा राव हा राव सेखेजी-री बेटी रग-कवरजी-सु बीकैजी-रो बीहा कीयो। कोडमदैसर मै जद राव बीकैजी कीलो करावण-री मन-मै करी-छी तो भाटीयो वणा-वण नही दीयो ओर बीकैजी ओर भाटीया-रै आपस-मे लडाई हुई ईयै लडाई मै भाटी हारा ओर राव बीकोजी जीता पण भाटी फेर-ही जणै मणै मोको पायर राव बीकेजी-सु लडता रहा ओर पछै उठै-सुं राती घाटी-मै जठै अवार बीकानेर-रो

---

१ उपर्युक्त गद्य भाग मूल हस्तलिपि का विशुद्ध नागरी रूप है। हस्तलिपि के कुछ अश की हूबहू अनुकृति नमूने के रूप मे पृथक् पत्र पर दे दी गई है—

—संपादक

नमूना संख्या १८ बीकानेरी

सेहर वसोडो छै कीलो करावण री मन-मै करी ओर सं० १५४५ मीती वेसाख वदे ३ नै कोले री नीवी घाती ओर ईयै दीन-सु राव वीकै-जी आप-री राजधांनी वीकानैर कर लीवी ऐ पछै मोको देखर सैखसर रोणीयै-रै गोदारां जाटां-नै जीत लीया ओर फैर दूसरी जाटा-री जाता-नै भी जीती ओर उवा-रै गावां-नै खोसर आप-री राजधानी वीकानैर लारै लाया ओर जाटां हार परा वीकैजी-नै आप-रा धणी कर लीया ईयै पछै राव वीकैजी कै-ई गाँव खीची राजपुता-रा जीतर आप-रै राज-मै मेल लीया ईयै-सु पचै राव वीकैजी रै छोटै भाई वीदैजी मोहलै राजपुता रो राज गाँव छापर द्रोणपुर मै छो राव वीदैजी जीतर खोसलीयो मोहलां-रो मालक अजीतमलजी मोहल छा ईयै अजीतमलजी-नै राव जोवेजी मार परो ईया मोहला-रो राज आप-रै वेटै वीदैजी-नै देय दीयो कंई दीना पछै राव वीदेजी-ने मोहलो फैर दबाया ईये-रो कारण ओ हो कै मोहलां-नै दीली-रै बादसाहा की हीमत वधाई सार खा जीको दीली रै बादसाहा-री कानी-सु हीसार रो सुवैदार छो मोहला-नै मदत ईये सारग खा दी।

मारवाड़ी–शेखावाटी

शेखावाटी बोली के विषय मे अधिक जिज्ञासु पाठक उपरोक्त सज्जन (श्री मेकेलिस्टर) की जयपुर राज्य की बोलियों के नमूने शीर्षक पुस्तक से लाभ उठा सकते है। पुस्तक में बोलियो के नमूने खड १ मे पृ० १ से लगाकर एव उनकी व्याकरण खड २ मे पृ० १ से आगे मिलेगी।

संख्या १९

शेखावाटी

पहला नमूना

जयपुर राज्य

एक जणा-कै दोय बेटा हा। वाँ-मैं-सूँ छोटक्यो आप-का बाप-नै कैयो बाबा धन-मैं-सूँ मेरा बन्ट-को आवै जको मन्नै दे-दे। वीँ आप-को धन वाँ-नै वाँट-दीयो। थोड़ा दिन पछै छोटक्यो बेटो सो सोर-समेटर परदेस-मैं घणी दूर ऊठ-ग्यो अर वठे खोटा गैलाँ चालर आप-को सो धन गमा-दीयो। ओर वीँ सोक्यूँ बिगाड़-दीयो जणाँ वीँ देस-मै जबरो काळ पड्यो अर वो कगाल हूय-ग्यो। वो जार वीँ देस का एक रैबाळा-कै रह्यो अर वो वीँ-नै आप-का खेताँ-मैं सूर चरावण-ने खिनातो। जका पातडा सूर खाय-छा वाँ-नै खार आप-को पेट भरण-नै राजी छो अर कोई आदमी बैं-ने कोनी दे-छो। अर वीँ नै ग्यान आयो जणाँ वैं कही मेरा बाप-का नोकर चाकराँ-नै रोटी घणी अर मैं भूकाँ मरूँ। मैं उठस्यूँ अर मेरै बाप-कै कनै जास्यूँ अर वैं-नै कैस्यूँ बाप मैं रामजी को पाप कर्यो अर तेरो पाप कर्यो अर अब मैं तेरो बेटो कुहवावण जोगो कोनी। तेरै नोकराँ मैं एक मन्नै वी राख-लै॥

शेखावाटी | दूसरा नमूना | जयपुर राज्य

एक तो चिडी ही ओर एक कागलो हो। दोन्यूँ धरम भाई हा। चिड़ी-नै तो लाद्यो मोती अर कागलै नै पाई लाल। कागलै कही कै देखाँ चिडी तेरो मोती। मोती लेर नीमडी पर जा बैठ्यो। चिडी कही कै नीमडी २ काग उड़ा-दे। मैं क्यूँ उडाऊँ भाई। मेरो के लीयो। जणाँ खाती कनै गई कै खाती २ तूँ नीमडी काट। कै मैं क्यूँ काटूँ भाई। मेरो के लीयो। जणाँ पछै राजा कनै गई के राजा २ तूँ खाती डड। मैं क्यूँ डडूं भाई। मेरो के लीयो। जणाँ पछै राणियाँ कनै गई कै राणियाँ २ थे राजा सूँ रूसो। म्हे क्यूँ रूसाँ भाई। म्हारो के लीयो। जणाँ पछै चूसां कनै गई कै चूसो २ थे राणियाँ का कपडा काटो। म्हे क्यूँ काटाँ भाई। म्हारो के लीयो। जणाँ पछै बिल्ली कनै गई कै बिल्ली २ थे चूमा मारो। म्हे क्यूँ माराँ भाई। म्हारो के लीयो। जणाँ पछै कुत्ते कनै गई कै कुत्तो २ थे बिल्ली मारो। कुत्ता बोल्या भाई म्हे क्यूँ माराँ। म्हारो के लीयो। जणाँ पछै डाँगाँ कनै गई कै डाँग २ थे कुत्ता मारो। म्हे क्यूँ माराँ भाई। म्हारो के लीयो। जणाँ पछै बास्ते कनै गई के बास्ते २ थे डाँग बाळो। म्हे क्यूँ बाळाँ भाई। म्हारो के लियो। जणाँ पछै जोडै कनै गई कै जोडा २ तूँ बास्ते भुजाय। मैं क्यूँ भुजाऊँ भाई। मेरो के लीयो। जणाँ पछै हात्याँ कनै गई कै हाथी २ थे जोड़ो सोसो। म्हे क्यूँ सोसाँ भाई। म्हारो के लीयो। जणाँ पछै कीडीयाँ कनै गई के कीडीयो २ थे हाथी की सूँड- मैं बडो। म्हे क्यूँ बडाँ भाई। म्हारो के लीयो। थे हाती-की सूँड- मैं नै बडोगी तो मैं थाँ-नै मारस्यूँ ॥

जणाँ कीडी बोली म्हाँ-नै क्यूँ मारै भाई। म्हे हाथी की सूँड़- मैं वड़स्याँ। जणाँ पछै हाती बोल्यो भाई मेरी सूँड-मैं क्यूँ बडो। मैं जोडो सोसस्यूँ। जोड़ै कही भाई म-नै क्यूँ सोसो। मैं बास्ते भुजास्यूँ। बास्ते कही म-नै क्यूँ भुजावो भाई। मैं डाँग बाळस्यूँ। डाँग कही म्हाँ नै क्यूँ बाळो भाई। म्हे कुत्ता मारस्याँ। कुत्ता कही म्हाँ-नै क्यूँ मारो भाई। म्हे बिल्ली मारस्याँ। बिल्लीयाँ कही म्हाँ-नै क्यूँ मारो भाई। म्हे चूसा मारस्याँ। चूसा कही म्हाँ-नै क्यूँ मारो भाई। म्हे राणियाँ का कपडा काटस्याँ। राणीयाँ कही म्हारा कपडा क्यूँ काटो भाई। म्हे राजा-सूँ रूसस्याँ। राजा कही मेरै-सूँ क्यूँ रूसो भाई। मैं खाती डडस्यूँ। खाती बोल्यो म नै क्यूँ डडो भाई। मैं नीमडी काट गेरस्यूँ। नीमडी कही म-नै क्यूँ काटो भाई। मैं काग उडास्यूँ, काग कही म-नै क्यूँ उडावो भाई। मैं चिड़ी-को मोती देस्यूँ ॥

बागड़ी

बागडी का शाब्दिक अर्थ है बागड़ प्रदेश की भाषा। जयपुर राज्य के शेखावाटी प्रदेश के क्षेत्र से होकर एक पहाड़ी शृंखला पूर्वी सीमा पर पूर्वोत्तर की

ओर चली गई है। इस शृंखला के पूर्व का प्रदेश ढूंढाड एव पश्चिम की ओर का प्रदेश बागड़ कहलाता है। वैसे तो किसी समय मे ढूंढाड़ नाम राजस्थान के एक बहुत बड़े प्रदेश का द्योतक था। बागड़ साधारणतया उस रेतीले क्षेत्र को कहा जाता है, जहाँ पानी बहुत गहराई के नीचे मिलता हो। इस बागड़ मे शेखावाटी का तो पूरा प्रदेश आ ही जाता है, उसके अतिरिक्त पश्चिमोत्तर की ओर बहुत दूर तक बागड़ का फैलाव है। शेखावाटी के बाहरवाला यह बागड़ का हिस्सा ही बागड़ी बोली का वास्तविक घर है। शेखावाटी व निकटस्थ अन्य भाग की भाषा बागड़ी की बहुत नजदीक की सम्बन्धिनी होने पर भी बागडी के अन्तर्गत नही आ सकती। अतएव शेखावाटी का विवेचन पृथक् से हम कर ही चुके है।

बागड नाम किंचित् परिवर्तित रूप में बांगर भी मिलता है। पश्चिमी हिन्दी की बोली बागरू का नामकरण इसी पर आश्रित है। बागरू मुख्यतया पूर्वी हिसार, दिल्ली एव करनाल जिलों मे बोली जाती है। इस बोली का स्वरूप बागडी से बिल्कुल भिन्न है। बागड़ी राजस्थानी बोली है।

अन्य बोलियों के साथ सीमा-स्थित बागड़ी के उत्तर मे पजाबी, पूर्व मे बांगरू, दक्षिण-पूर्व मे अहीरवाटी तथा दक्षिण और पश्चिम मे मारवाडी के बीकानेरी-शेखावाटी उपसमूह का क्षेत्र है। यह मारवाडी का पंजाबी मे अन्तर्भुक्त होता हुआ रूप है। अतएव इसमे इन दोनो भाषाओ का प्रभाव दृष्टिगोचर होना स्वाभाविक है, पर इसकी रीढ़ और ढाँचा मारवाडी का ही है।

व्यवहार-क्षेत्र—स्टैण्डर्ड बागड़ी का घर बीकानेर राज्य का उत्तर-पूर्वी कोना है। उसके ठीक पूर्व एव उत्तर में पजाब का हिसार जिला है। उत्तरी भाग मे हिसार की सिरसा तहसील है, जिसके दक्षिण मे बागड़ी बोली जाती है। सिरसा के उत्तर मे पजाबी बोली जाती है। हिसार जिले के उस भाग मे भी, जो बीकानेर के पूर्व की ओर पड़ता है, उत्तर की ओर इसका प्रसार पटियाला राज्य के थोड़े से टुकडे मे भी मिलता है। यहाँ बागड़ी की उत्तरी सीमा पर पजाबी एव पूर्वी सीमा पर बागरू का क्षेत्र है। बांगरू की पश्चिमी सीमा एक ऐसी कल्पित रेखा को मान सकते है, जो फतेहाबाद, हिसार, एव कैरू से होकर गुजरती हो। परन्तु इन दोनो बोलियो की विभाजन-रेखा स्थिर रूप से तय करना सभव नही है। उक्त कल्पित रेखा के पश्चिम मे भी काफी सारा क्षेत्र अनिश्चित है। इस क्षेत्र मे अधिकाशत: निवासी बागडी-भाषी आगन्तुक है, पर इनकी भाषा पर बागरू का प्रभाव ही अधिक दिखाई देता है, न कि यहाँ की बागरू पर उनकी बागड़ी का। बागरू से अमिश्रित शुद्ध बागड़ी बीकानेर राज्य की सीमा के आस-पास ही बोली जाती है।

हिसार जिले के दक्षिण मे लुहारू राज्य एवं जीद राज्य की निजामत दादरी स्थित हैं। लुहारू की भाषा वागडी है, और दादरी की पूर्वी छोर को छोड़कर, वागड़ी ही है। दादरी के पूर्वी छोर पर बांगरू बोली जाती है।

लुहारू एव दादरी के भी दक्षिण मे पटियाला की नारनौल निजामत है। यहाँ एक मिश्र भाषा बोली जाती है, जिसे हमने अहीरवाटी का एक रूप माना है।

वागडी फीरोजपुर जिले की फाजिलका तहसील के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से मे भी बोली जाती है, ऐसा सुना गया है। इसके नमूनो का परीक्षण करने पर यह वास्तविक वागडी नही मालूम पडी, इसे बीकानेरी और पजाबी का मिश्र रूप कहना अधिक उपयुक्त होगा। अतएव इसके नमूने पजाबी वाले खण्ड—जिल्द ६, भाग १ मे दिये गये हैं।

बागड़ी और शेखावाटी

अक्सर माना जाता है कि वागडी के दक्षिण मे व्यवहृत शेखावाटी बोली और वागडी एक ही है। परन्तु यह ठीक नही है। शेखावाटी क्षेत्र का बहुत बडा हिस्सा "वागड" अर्थात् रेगिस्तान है। उस दृष्टि से वहाँ की बोली को बागडी भले ही कहा जा सके, परन्तु वास्तव मे वागडी बोली शेखावाटी से भिन्न है। शेखावाटी से उसका बहुत नजदीक का सबध अवश्य है। शेखावाटी-बीकानेरी मारवाडी का जयपुरी मे विलुप्त होता रूप है, जब कि वागडी पजाबी और बाँगरू मे जाकर मिलता हुआ।

वागडी के बोलने वालो की सँख्या का अनुमान इस प्रकार है :—

राजपूताना		
बीकानेर		३,०००
पंजाब		
हिसार	२,७१,८२०	
अनहदगढ (पटियाला)	१३,०००	
लुहारू	२०,१३६	
दादरी (जीद)	१६,४००	३,२४,३५६
	कुल	३,२७,३५६

वागड़ी का कोई लिखित साहित्य लेखक की नज़र मे नही आया। इस बोली का एक मात्र विवरण, जहाँ तक लेखक जानता है, श्री जे. विल्सन

(Mr. J. Wilson) लिखित सिरसा जिले के पंजाब में लय होने विषयक पुनर्विचार की अन्तिम रिपोर्ट १८७९–८३ (Final Report on the revision of Settlement of the Sirsa district in the Punjab 1879–83, in section 100 (PP. 120 and ff) १०० वें परिच्छेद (पृ. १०० से आगे) मे बागड़ी बोली का साधारण विवेचन किया गया है। परिशिष्ट II में सक्षिप्त व्याकरण दी गई है और इस बोली में कुछ छोटे पद्य भी दिये गये हैं।

लेखक को बागड़ी के जो नमूने मिले उनमें कुछ तो फ़ारसी अक्षरों में लिखे हुए हैं, कुछ देव नागरी में एवं कुछ मारवाड़ मे प्रचलित नागरी के उस रूप में जिसमें 'ड' और 'ड़' के लिये अलग-अलग अक्षर हैं।

व्याकरण

बागड़ी का व्याकरण पार्श्व की पंजाबी एव बाँगरू से एक खास भिन्नता रखता है। वह है उसकी स्वर-ध्वनियो का खुलेपन की ओर झुकाव। 'आ' स्वर का उच्चारण अगरेजी 'all' मे ऑ की तरह होता है। उदा० काका=चाचा का उच्चारण लोग कॉकॉ (Cawcaw) की तरह करते हैं और लिखते वक्त भी इस ध्वनि को 'आ' न लिख कर 'ऑ' लिखते हैं। इसी प्रकार अन्य स्वरों का उच्चारण करते समय भी बागडी-भाषी उन्हें अधिकाधिक विवृत (broad) कर देता है जब कि पजाबी-भाषी उन्हें सकोच दे देता है और साथ ही पूर्वगामी व्यजन का द्वित्व कर देता है। उदा० बागड़ी– टाबर=बच्चा; पंजाबी–टब्बर=कुटुम्ब। बा० टीबा, प० टिब्बा = रेती का टीला। बा० कुट, प० कुट्ट=छोटा घाव। मारवाडी 'ए' या 'ऐ' ध्वनि का उच्चारण अगरेजी Hat (हैट) के एँ की तरह पाया जाता है, वह भी इस हद तक कि 'ए' की जगह अक्सर 'अ' ही लिखा जाता है। उदा० सश्लेषात्मक कृदन्त 'गे' बहुत बार 'ग' लिखा जाता है।

व्यजन ध्वनियो मे 'क' का उच्चारण बहुधा 'ग' की तरह होता है। सबधवाची प्रत्यय 'को' के विषय मे यह बात बहुत स्पष्ट दिखाई पड़ती है। 'को' या 'का' लिखा जाकर भी उसका उच्चारण 'गो' ही किया जाता है जिसका झुकाव aw उच्चारण की ओर ही विशेष रहता है।

स्टैन्डर्ड मारवाड़ी की तरह बागड मे भी मध्यस्थित हकार ध्वनि साधारणतया लुप्त हो जाती है। उदा० कहसूँ Kahasu की जगह क'सूँ Ka'su = मैं कहूँगा; कह्यो की जगह क'यो=कहा; चाह्यो की जगह चा'यो=चाहा।

बीकानेर की बागड़ी मे आद्य व (w,v) की जगह ब' अधिक मिलता है। उदा० वो की जगह बो= वह। श्री विलसन को भी सिरसा की बोली मे यह

विशेपता मिली थी, परन्तु बागड़ी के उस क्षेत्र, जहाँ पजावी, वाँगरू या अहीरवाटी का प्रभाव अधिक है, 'व' (w,v) ध्वनि ज्यो की त्यो पाई जाती है। हिसार से मिले नमूने मे यह विशेपता द्रष्टव्य है। वागडी के उत्तर मे पजावी तथा पूर्व मे वाँगरू एव अहीरवाटी होने के कारण इन वोलियो के कम-अधिक प्रभाव के फल-स्वरूप जगह-जगह पर उसके भिन्न-भिन्न रूप मिलते हैं। हमने दो नमूने दिये हैं। उनमे से एक तो वीकानेर का है जिसे हमने स्टैण्डर्ड वागडी माना है और दूसरा पंजाव के हिसार जिले से लिया हुआ है जो कि इस वोली के वाँगरू से प्रभावित रूप का प्रतिनिधि हैं। सम्पूर्ण व्याकरण देना अनावश्यक होगा, कारण वागडी मारवाड़ी से वहुत मिलती-जुलती वोली है। अतएव विस्तृत वर्णन के लिये मारवाडी की व्याकरण (अन्यत्र दी हुई) देखी जा सकती है। परन्तु, जैसा कहा जा चुका है, स्टैण्डर्ड वागडी हमने वीकानेर की वागड़ी को ही माना है।

नाम रूप

नामरूप वहुत कुछ मारवाड़ी की तरह ही है। सवल (Strong) अ-कारान्त संज्ञा शव्दो का कर्त्ता एकवचन रूप मारवाड़ी की भाति 'ओ'-कारान्त होता है। रूपावली इस प्रकार होगी:—

	एकवचन	वहुवचन
प्र०	घोडो	घोड़ा
प०	घोडा	घोड़ाँ
सम्वो०	घोड़ा	घोडो

प्र० एक० का 'ओ' पजावी या वाँगरू के असर के कारण कभी-कभी 'आ' भी लिखा जाता है। परन्तु उसका उच्चारण 'ओ' ही रहता है या 'ऑ' caw के aw जैसा।

तृतीया एक० रूप-ए-कारान्त एवं वहु० आँ-कारान्त होता है। उदा० घोडे, घोड़ाँ। इस रूप के साथ 'नै' या 'ने' परसर्ग का प्रयोग नही किया जाता। जहाँ कही यह मिलता है वह पडोम की वोलियो के असर के फलस्वरूप। अन्य सज्ञा शव्दो के तृतीया एक० रूप प्रथमा के जैसे ही होते हैं और वहुवचन रूप आँ-कारात्मक होते हैं। उदा० 'वाप मार्‌यो'=वाप ने मारा; वापाँ मार्‌यो=वापो ने मारा। सभी सज्ञा शव्दो का तिर्यक् वहु० रूप 'आँ'-अन्तिक होता है।

राजस्थानी का ए या आँ-सावित सप्तमी रूप यहाँ भी साधारणतया प्रचलित है। उदा० 'घरे', 'घराँ'=घर-मे।

कारक परसर्गो मे द्वि० चतुर्थी–गे, –ने और (हिसार में) –नै,–नूँ पाये जाते है। –नूँ पंजाबी से लिया हुआ है।–गे प्रायः '–ग' लिखा जाता है। परन्तु इससे उच्चारण में कोई फर्क नही पडता। (ऊपर मिलाइये) वास्तव में यह हमेशा की तरह षष्ठी परसर्ग–गो का सप्तमी रूप ही होता है।

तृ०–पं० के परसर्ग–सूँ एव–ता हैं।

सप्त० के कई परसर्ग मिलते है जिनमे प्रायः व्यवहार मे लाये गये –याँ और –यें है।

षष्ठी का परसर्ग–गो बागड़ी का अपना एक विशिष्ट रूप है। इसके रूप ये है।

तिर्यक्—गा। सप्त–तृ० पुं–गे, स्त्री०–गी। –गे का प्रयोग तृ० या सप्त० एक० के साथ होता है और अन्य तिर्यक् रूपो के साथ–गा व्यवहृत होता है। उदा० राजा–गे मन मे =राजा–के मन मे; राजा–गे आगे =राजा–के सामने; राजा–गे बाप देख्यो=राजा–के बाप–ने देखा; राजा–गा हात–सूँ = राजा के हाथ–से; राजा–गा रुपैया=राजा–के रुपये। जैसे-जैसे पजाबी और बॉगरू का असर अधिकतर होता जाता है –गे का व्यवहार भी बढ़ता जाता है। अधिकतर –गा की जगह इसका प्रयोग मिलता है और बढ़ते-बढ़ते यह पजाबी या हिन्दोस्तानी की तरह तिर्यक् ष० पु० का साधारण प्रचलित रूप बन जाता है।

लिखते समय –गो कभी-कभी '–गा' और '–गे' कभी कभी '–ग' हो जाता है, पर इससे उच्चारण मे कोई फेर नही पड़ता। वैसे ही–ग की जगह कभी-कभी क भी लिखा जाता है, उदा०–को, –का, –के, –की; परन्तु उच्चारण मे फेर नही पडता; उच्चारण '–ग' ही रहता है। यदि कही पर –क ध्वनि सुनने मे आई तो उसे बॉगरू से आई हुई मानना होगा।

कही-कही –गो, –गा, –गे. –गी की जगह शुद्ध मारवाड़ी के –रो, –रा, –रे, –री भी मिलते है पर वे भी उपरिकथित नियम के अनुसार मारवाडी से उधार लिये हुए माने जाने चाहिये। –रो कभी-कभी –रा की तरह और रे–र की तरह लिखा मिलता है।

विशेषण

विशेषणो के बारे मे अधिक कहने की जरूरत नही है। –अ कारान्त सबल (Strong) तद्भव विशेषण शब्द –ओ का न्त बन जाते है, और षष्ठी के प्रत्ययो की तरह व्यवहृत होते है।

सर्वनाम

प्र० एवं द्वि० पुरुष के सर्वनाम ये हैं:—

एकवचन	प्र०	मैं	तुम
		हूँ	तूँ
	तृ०	मैं	तैं
	ष०	मेरो	तेरो
	तिर्यक्	म	त
वहुवचन	प्र०–तृ०	म्हे	थे
	ष०	म्हारो, म्हाँ–गो	थारो, थाँ–गो
	तिर्यक्	म्हा, म्हाँ, म्हे	था, थाँ, थे

मैं और तैं का प्रयोग केवल तृतीया मे होता है, प्र० मे नही। उदा० हूँ करूँ=मैं करता हूँ; मैं कर्यो=मैंने किया। इन दोनो सर्वनामों के वहुवचन का प्राय: एकवचन के अर्थ में प्रयोग होता है।

निर्देशक (demonstrative) सर्वनाम 'यो' या 'ओ' = यह एव 'वो'= वह है। इनके स्त्री० रूप केवल प्रथमा एक० मे ही है, उदा० 'या' अथवा 'आ'=यह; 'वा'=वह। हिसार वाले रूप स्टैण्डर्ड वागड़ी से कुछ भिन्न मिलते हैं।

स्टैंडर्ड वागड़ी

		यह	वह
एक०	प्र०	यो, ओ; स्त्री० या, आ,	वो; स्त्री० वा
	तृ०	ई, अ, इया	वी, व, उवा
	ति०	ईं, इया	वीँ, उवा
वहु०	प्र०	ऐ	वै
	ति०	आँ, इन	वाँ, विन, उन

हिसार वाली वागड़ी

एक०	प्र०	येह; स्त्री० या, आ	वोह; स्त्री० वा
	तृ०	ई	वी; स्त्री० वाँ
	ति०	ईं	वीँ
वहु	प्र०	ऐ	वै
	तृ०	आँ, इन	वाँ, विन, उन

संबंधवाचक सर्वनाम जको (प० जि-गो), स्त्री० जकी है। सारे राजस्थान मे इसका व्यवहार निर्देशक सर्वनाम के अर्थ मे होता है; यहाँ भी वही प्रयोग मिलता है।

प्रश्नवाचक सर्वनाम : कुण (ष० कि-गो)=कौन; के=क्या। हिसार में किह्याँ और काँई =क्या मिलते है। कूँ ही का कुछ भी, तथा कोई (यही तिर्यक् रूप भी है)=कोई भी के अर्थ मे व्यवहृत मिलते है।

क्रिया

सहायक एवं मुख्य क्रियाएँ

वर्तमान– मैं हूँ

	एक०	बहु०
प्र०	हूँ	हाँ
द्वि०	है	हो
तृ०	है	है

मारवाडी रूपो का अनुसरण द्रष्टव्य है। तृतीय बहु० का अनुस्वाररहित होना भी विशेप ध्यान आकर्पित करता है।

सिरसा या अन्य ऐसे क्षेत्रो मे जहाँ बाँगरू या अहीरवाटी का प्रभाव स्पष्ट है, नीचे लिखे रूप मिलते है :—

	एक०	बहु०
प्र०	सूँ	साँ
द्वि०	सै, से	सो
तृ०	सै, से	सन

भूतकाल

	एक०	बहु०
पुं०	हो	हा
स्त्री०	ही	ही

हिसार तथा अन्य बाँगरू-अहीरवाटी प्रभावित्त क्षेत्रों में ये रूप थो, था, थी मिलते हैं।

मुख्य क्रिया

राजस्थानी के साधारण नियमानुसार यहाँ भी हिन्दुस्तानी का वर्तमान संभावनार्थ (subjective) रूप, वर्त० सामान्य (indicative) की तरह प्रयुक्त होता है। उदा० वर्तमान– मैं मारता हूँ इत्यादि

	एक०	बहु०
प्र०	मारूँ	मारां
द्वि०	मारे	मारो
तृ०	मारे	मारे

हिसार तृ० बहु० 'मारै' मिलता है।

निश्चयार्थ वर्तमान (Definitive Present) साधारण नियमानुसार वर्तमान कृदन्त के साथ मुख्य क्रिया के रूप चला कर बनाया जाने के बदले ऊपर दिये गए रूपो के साथ मुख्य क्रिया रूपो को चलाकर बनाया जाता है। उदा०

निश्चयार्थ वर्तमान

	एक०	बहु०
प्र०	मारूँ-हूँ	मारां–हां
द्वि०	मारे–है	मारो–हो
तृ०	मारे–है	मारे–है

अनद्यतन भूतकाल के रूप एक–एकारान्त क्रियार्थक सज्ञा के साथ सहायक क्रिया के भूत रूपो को मिला कर बनाये जाते हैं। ये रूप पुरुष के साथ नही बदलते। उदा० अनद्यतन भूत, मै मार रहा था, आदि

	एक०	बहु०
पुं०	मारे-हो	मारे-हा
स्त्री०	मारे-ही	मारे-ही

हिसार एव पडोस के क्षेत्र मे हिन्दुस्तानी का अनुसरण करते हुए वर्तमान कृदन्त का प्रयोग किया मिलता है। उदा० हूँ मारतो–थो।

भविष्यत्–के रूप बीकानेर या राजस्थान के अन्य भागो की तरह स-साधित ही मिलते है। उदा० मै मारूगा, आदि

	एक०	बहु०
प्र०	मार्स्यूँ	मार-सां
द्वि०	मार-सी	मार-सो
तृ०	मार-सी	मार-सी

हिसार मे यह 'स' ध्वनि 'श' बन जाती है। रूपावली इस प्रकार मिलती है:—

	एक०	बहु०
प्र०	मार-शूँ	मार-शां

द्वि०	मार-शी	मार-शो
तृ०	मार-शी	मार-शन

क्रियार्थक सज्ञाएँ एव कृदन्त

तुमन्त (infinitive)—मार-बो, मार-णो, मारण=मारना

वर्त० कृदन्त (Present participle)—मारतो =मारता हुआ ।

भूत० कृदन्त (Past participle) मार्यो (लिखित रूप अक्सर-'मारियो') =मारा ।

योगात्मक कृदन्त (Conjunctive Participle)—मार-गे, मार-र, मार-कर=मारकर ।

करण रूप (Noun of Agency)—मारण-आळो, मारणे-आळो = मारने वाला ।

इन उपादानो से हिन्दुस्तानी की तरह बाकी के अन्य कालरूप भी बनाये जा सकते है । सकर्मक क्रिया के भूत कृदन्त द्वारा साधित कालरूप बनाते समय, साधारण नियमानुसार कर्त्ता शब्द तृतीया रूप मे ही चलता है ।

योगान्तक कृदन्त (Conjunctive Participle) के तीन रूपो मे से मार-गे वास्तविक बागडी रूप है । मार'र मारवाड़ी है और मार-कर बाँगरू । दूसरे नमूने में आया हुआ रूप बुला-अर=बुलाकर भी द्रष्टव्य है ।

अनियमित क्रियाएँ (Irregular Verbs) जो साधारणतया पाई जाती है वे ही है, केवल करण=करना का भूत कृदन्त कर्यो मिलता है ।

'परो' तथा वरो' से युक्त मारवाडी की संयुक्त क्रियाएँ (Compound Verbs) भी बागड़ी मे मिलती है । उदा० परो-गयो=चला गया (मिला० मारवाडी की व्याकरण) ५०३० ।

मारवाड़ी के प्रत्यय-ड़ो का प्रयोग विशेषणों एव कृदन्तों के साथ प्राय: मिलता है । उदा० मोटो-डो = बड़ा लडका; बॉधो-ड़ो, स्त्री० बॉधो-डी= बाँधा हुआ या बॉधी हुई ।

नकारार्थक (Negative) को-नीं जो राजस्थान मे प्राय: सर्वत्र मिलता है, यहाँ भी प्राप्त होता है । उदा० को गयो नी=वह गया ही नही ।

शब्दावली

नीचे लिखे शब्द विशेप रूप से ध्यान आकर्षित करते है, सो या सो-कुंई= सब कोई या सब कुछ ।

कने=पास, पास-से, से । धोरो=से । गैल=साथ । अठे, इठे=यहाँ । वठे=वहाँ । कठे=कहाँ । एसो=ऐसा । हम्वे=हाँ ।

नमूना सं० २ में 'घटे ना बघे' यह वाक्य-खण्ड विशेष द्रष्टव्य है। इसमे 'न' का उपयोग 'घटे' एवं 'वघे' दोनो क्रियाओ के साथ हुआ है। इसे 'देहली-दीपक'= देहली पर रखा हुआ दीपक कहते है। क्योकि जिस प्रकार देहली पर रखा हुआ दीपक कमरे मे पीछे की ओर और आँगन मे बाहर की ओर, दोनो ओर प्रकाश फैकता है, वैसे ही यह प्रयोग आगे-पीछे आई हुई दोनो क्रियाओ से सबंधित रहता है।

संख्या २१

बागड़ी | पहला नमूना | बीकानेर राज्य

कोई माँणस-गा दोय बेटा हा। बाँ-मॉय-सूँ ल्होड़किये बाप-नें कयो क ओ बाबा घर-गे धन-माल-में-ता जतो म्हारे बँट आवे जको म-नें दे-दो। जकता बाप घर-गा धन-माल-गा बाँटा कर-गे बाँ-नें बाँट-दियो। थोड़ा-सा दिन पछे ल्होडकियो बेटो आप-गो सो धन भेळो कर-गे अलग मुलक-में परो-गयो ओर बठे कुमारग-में सो कँई खोय-दियो। सगळो बिगाडाँ पछे बीं मुलक-में जबरो भारी कूसमो हुवो ओर बो कगाळ हुय-गयो। ओर बो बीं मुलक-रे रहणे-आळे एक माँणस कने जाय-गे बीं-गे भेळे रहण लागो। ओर बीं उव-नें आप-गा खेताँ-में सूर चरावण-वेई हेड्यो। ओर बो सूराँ-गा खावण-गा छोडाँ-सूँ घणी दोरी पेट भराई करतो-हो। ओर बीं-नें कोई कूँहीं नहीं देतो। जणाँ बीं-नें चेतो हुयो ओर आप-गे मन-में कयो क म्हारे बाप-गे तो घणाई माँणस है ओर बाँ माँणसाँ-गे रोटी अगाँण-पगाँण पडी रहै-है ओर हूँ मरतो मरूँ हूँ। सूँ अठियाँ चाल-गे म्हारे बाप कने जासूँ ओर बीं नें कसूँ क ओ बाबा मैं भगवान-गे आगे ओर थारे मूँढा-गे पाप कर्या-है। जकता अब थारो बेटो कवावण जोगो नही रह्यो। पण म-नें थारे माँणसाँ में एक माँणस बणाय-ले। ओर वो उठ-गे आप-गे बाप कने आयो। बीं-नें घणी-सारी दूर-सूँ बीं-रे बाप देख्यो। जराँ दया कर-गे भाग कर साँमें जायर बीं-नें गळा गे लगायो ओर बाळा लिया। ओर बेटे कयो क ओ बाबा भगवान-गे साँमने ओर थारी आँख्याँ आगे मैं पाप कर्या-है ओर थारो बेटो बजण जोगो नहीं हूँ। पण बावे आप-गे माँणसाँ-नें कयो सगळाँ-सूँ चोखा गाभा ल्याय-गे ईं-नें पैरावो। ओर ईं-गे हात-में मूँदडी पैरावो। ओर पगाँ-में पगरखी पैरावो। ओर आपाँ जीमण जीमाँ ओर मजा कराँ ईं-वेई क म्हारे ओ बेटो मर-गयो फेरूँ जीयो-है। गूँम-गयो-हो फेरूँ लाधो है। ओर वै कोड करण लागा।

अवार-ताँई उव-रो मोटोडो बेटो खेत-में हो। जराँ वो घर-नें आयो ओर घर-गे नेडो पूगो तो बीं गीत गाँवणो ओर नाचणो सुणो। जराँ वी आप-गे माँणसाँ-मइयाँ एक जणे-नें बुलाय-गे बूझो क ओ के है।। जराँ व बीं-नें कयो

क तेरो भाई आयो-है अर तेरे बाप जीमण कर्यो है ईं-बेई बीं-नें वो राजी-खूसी मिळयो-है। जरॉं वो घणो रीसाँणो हुयो और घर-में वडणो नहीं चायो। जकता ईं-गो बाप मनावण-नें बार आयो और मँनायो। जरॉं इय बाप-नें कयो क देखो अता बरस-ताँई मं तेरो हीडो कर्यो है। और कदेई थारो अण-कयो नही कर्यो। पण तोही थे म-नें कदे-ही बकरियो-ही नहीं दियो क हूँ म्हारे मीतरॉं-गे सॉंगे खूसी करतो। पण थारो ओ बेटो जके थारो धन-माल रॉंडॉं-गे सॉंगे कुमारग-में खोय-दियो जक-रे आवतॉं पाण-बीं-गे बेई जीमण कर्यो। जरॉं बी बीं-ने कयो क अरे बेटा तूं तो सदाई म्हारे भेळो है। और सो कुंई म्हारे कने है जको तेरो-ई है। ओ तेरो भाई मर-गयो-हो जको फेरूँ जीयो-है। और गूंम-भयो-हो जको फेरूं लाभो है। जकता राजी हूणो और कोड करण चाहीजे-हो ॥

संख्या २२

बागड़ी दूसरा नमूना बीकानेर राज्य

एक राजा थो। वीं एक साहुकार कने दम पॉंच क्रोड रुपैयो देखियो और सुण्यो। वीं राजा-गे मन-में एसी-क आई कि ईं-रा रुपैया खोसण चाहीजे। एसी तजवीज सूं लेणा चाहीजे कि ईं-हूँ बुरो बी मालूम न देवे। वीं राजा वीं साहुकार-नै बुलायो। बुलाअर साहुकार-नै एसी फरमाई कि चार चीज म्हे-नूं पैदा कर-दे। एक तो घटे-ही घटे। एक वधे-ही वधे। एक घटे न वधे। एक घटे और बवे। साहुकार इकरार कर्यो कि छे महीने-में चारॉं चीज हाजिर करशूं। वीं-सूं राजा इकरार-नामा लिखवा-लीयो कि छे महीने-में हाजिर न करूं तो मेरे घर मॉंही जो धन है सो राज-रो होयो। इकरार लिख साहूकार घर-में गयो। घरॉं जा गुमास्तॉं-ने कानी-कानी कागज दीया कि किह्यॉं भाउ मिळै ऐ चाराँ चीज खरीद-कर भेज देओ। गुमाश्तॉं वुतेरी ढूंड करी लाधी नहीं। गुमाश्तॉं उलटो जवाब सेठ-नै लिख दीयो कि इठे किह्यॉं भाउ ऐ चीजॉं लाधी नही और न कोई इठे इन्हॉं चीजाँ-नूं जानै-है। साहुकार-नै वडो भारी फिकर होयो अब कॉंईं जावता करीजे। धन तो राजा ले-लेशी। भँडो ढाळो होशी ॥

तो साहुकार-गो लुगाई बोली था-नूं कॉंई एसो फिकर है सेठ-जी सो म्हॉं-नै तो बताओ। सेठ कहण लाग्यो। लुगाई-गे किह्यॉं बताऊं। लुगाई हठ पकड़ लीयो। हूँ तो पूछॉं-ही रहशूं। सेठ-जी हार-कर बतावण लाग्यो। चार चीज बादशाह मॉंगी-है। सो गुमाश्तॉं कने लिखा था। सो गुमाश्तॉं जवाब दे भेज्यो-है। चाराँ चीज न द्यॉंगा तो माल-धन सब राज ले-लेशी। साहुकारणी बोली कि आॅं चीजॉं खातर राज कॉंई म्हारो धन ले लेशी। ऐ चाराँ चीजॉं म्हे म्हारे बाप

कने ल्याई थी। म्हारा बुगचा- में बांधोडी पडी हैं। राज मांगशी दे-दे-शां। साहुकार एसी कही म्हा-नें आंख्यां दिखाओ। साहुकारणी एसी कही कि जाओ थे राज मे अरजी कर-देओ कि आप म्हारा-सूं कांईं चीजां मांगी। एसी एसी चीज तो लुगायां-रे कने लाध-जावें ॥

राज आप-रे मन-में एमी विचारी कि थे तो मोच-समझ बात कही थी। पण एसी चीज लुगायां कने लाव-जावें तो लुगाई बुलाओ। राजा साहुकार-गी लुगाई-नें हरकारो बुलावण भेज्यो। साहुकारणी कह्यो कि राजा-जी आप-री कोई मुतबर बांदी भेज-देवे तो हूं बांदी नूं दे-देशूं। बांदी रानी-नै दे-देशी। रानी राजा नै दे-देशो। राजा न मानो। ईं ढाले चार वेर हरकारो गयो अर चार हेळां आयो। पछे साहुकार-बच्ची आई। हात-में एक थाळ ल्याई। एक दूध-गो कटोरो थाळ-मांही राख्यो अार एक दाना चना-गो एक दाना मोठ गो एक दूब घास गी। एक एक दाना अहल-कारां गे आगे और घास वी अहलकारां गे आगे। दूध-गो वाटको राजा-जी-गे आगे धर-दीयो। राजा एमी फरमाई कि साहूकार बच्ची तूं म्हारी धरम-की पुत्री है। वोह चीज पछे देओ। येह कांईं कियो येह बता म्हा-नै। वां कह्यो अन्न-दाता पहलां आप-गी चीज ले-लेओ। पछे बताऊंगी। आप पूछो-थो कि एक घटे-ही घटे। वोह तो उमर है। और आप कह्यो बधे-ही बधे सो वोह तृष्णा है। बधी-ही चळी-जाए। और एक घटे न बधे सो कर्म-गी रेखा है। और घटे और बधे सो वोह सृष्टि है। राजा पूछी येह तें कांईं कर्यो। बोली आप-री कचहरी-में बैठ्यो कोई गधो है कोई घोडो है कोई डांगर है कि कोई ओ न कह्यो कि क्रोड-पती-गे घर-सूं नीरवानी कचहरी में किह्यां आ सके। और आप बच्चो हो सो दूध पीओ। दूमरां मालिक हो। हूं आप ने कह नहीं सकती। म्हारे पीहर-गे राजवाड- में पधारो। तो आप-नें वी डांगर बतावे ॥

•

मध्य-पूर्वी राजस्थानी

जयपुरी

आगे दिये हुए दोनो नमूने जयपुर शहर से लिए हुए है। (इनमे से एक तो बाइबल की Prodigal Son की कथा का रूपातर है और दूसरा एक प्रचलित लोककथा का अश) इस सर्वेक्षण के लिये ये नमूने रेव जी मैकेलिस्टर ने उपलब्ध कराये है। मैकेलिस्टर महोदय की "Specimens ...." नामक पुस्तक मे पृ० ३४ से ७४ तक पाठक को इस भाषा के और भी अनेक उत्कृष्ट नमूने मिलेगे।

संख्या २३]

जयपुरी (परिनिष्ठित) पहला नमूना जयपुर राज्य

एक जरगा-कै दो बेटा छा। वॉ-मैं-सूँ छोटक्यो आप-का बाप-नै खई दादाजी धन मैं-सूँ जो बाँटो म्हारै बाँटै आवै सो मूँ-नै द्यो। वो आप-को धन वाँ-नै बाँट दीतू। थोडा-ई दिना पाछै छोटक्यो बेटो सब सोर-समेटर दूर परदेस-मै चळ यो-गयो अर ऊँडै कुग्गैलाँ चालर आप-को धन उडा दीतू। ऊँ-नै सब-क्यूँ उडा-दीयाँ पाछै ऊँ देस मै एक वडो काळ पड्यो अर वो व्है-गो कँगाळ। वो गयो अर ऊँ देस का रैबाहाळा-मैं सूँ एक जरगा-कै रैवा लग्गो। वो ऊँ-नै सूर चराबा-नै आप-का खेताँ-मैं खिनातो। सूर जो पानडा खाय-छा वाँ सूँ वो आप-को पेट भरबा-नै राजी छो। ऊँ नै कोई-ई आदमी को-देतो-नै। अब ऊँ की अक्कल ठिकाँणै आई। जिद वो बोल्यो अक म्हारा बाप-का नरा मँजूराँ कनै अतरो छै क वै आप खा-ले अर और पाछो पटक-ले अर मैं भूकाँ मरूँ। मैं ऊठस्यूँ अर म्हारा बाप कनै जास्यूँ अर ऊँ-नै खैस्यूँ अक दादा जी मैं परमेसर-को पाप कर्यो-छै अर थाँकै आगै पाप कर्यो-छै अब ईं लायक कोनै अक थाँ-को बेटो बाजूँ। मूँ-नै भी थाँ-का मँजूराँ-मैं एक मँजूर राख-ल्यो। वो ऊठ्यो अर आप-का बाप कनै आयो। ऊँ-नै दूर-सूँ आतो देख्यो-र बाप-नै दया आ-गई। वो भागर ऊँ-नै गळै लगायो अर अँ-सूँ हेत कर्यो। बेटो बाप-नै खई दादा-जी मैं परमेसर-को पाप कर्यो-छै अर थाँकै आगे पाप कर्यो छै अर अब ईं लायक कोनै अक थाँ-को बेटो बाजूँ। परण बाप आप-का आदम्याँ-नै खई-क चोखा-सुँ-चोखा लत्ता ल्यावो अर ऊँ नै पैरावो। ऊँ-का हाताँ-मैं वींटी पैरावो अर पगाँ-मैं जूत्याँ पैरावो। अर आपाँ खाँवाँ पीवाँ अर कुसी कराँ।

क्यों'क यो म्हारो वेटो मर गयो-छो जो फेर जीयायो अर गुम-गयो-छो जो लाद्यायो। अर वै कुसी करवा लागग्या।

ऊँ-को वडो वेटो खेत-मैं छो। वो आयो अर घर-कै कनैसीक पौंछ्यो जिद नाचवो गावो अर वजावो सुण्यूँ। वो आदम्याँ-मैं-सूँ एक-नैं वुलायो अर अूँ-नै पूछी अक ये काँई वाताँ व्है-छै। वो ऊँ-नै खई-क थारो भाई आयो छै। जी-सूँ थारो वाप जीमण कर्यो छै क्योंक ऊँ-कनै वो नीकों भळाँ आ-गयो। वो रोस व्है-गयो अर माँईं-नै को-गयो-नै। ई-सूँ-ऊँ-को वाप वाराँ-नै आयो अर ऊँ-नै मनायो। वो जुवाव देर आप-का वाप-नै खई-क देख याँ अतरा वरसाँ-सूँ मैं थारी ठैळ करूँ-छूँ अर थारो खैवो कदेई को नाख्यो-नैं। तौ-वी तू मूँ-नैं तो एक वकरा-को वच्चो भी कदे को-दीनू-नैं-क मैं म्हारा साती भायळाँ-नैं लेर कुसी करतो। पण थारा ईं वेटा-नै आताँ-ईं जो थारो धन राँडाँ मैं उड़ा-दीनू तू ऊँ-कै ताँईं जीमण कर्यो। वो ऊँ-नैं खई वेटा तू सदा म्हारी साथ छै। ज्यो-क्यूँ म्हारै कनै छै सो थारो-ई छै। कुसी करवो अर राजी व्हैवो व्हैती वात-ई छी क्योंक यो थारो भाई मर-गयो छो सो फेर जीयायो अर गुम गयो छो सो लाद्यायो-छै।।

संख्या २४]

जयपुरी (परिनिष्ठित) दूसरा नमूना जयपुर राज्य

एक राजा छो। अर ऊँ-कै दो वेटा छा। भगवान-की असी मरजी हुईस वो राजा वेटा वाळक छा जिदी मर-गयो। मरती भगत आप-का छोटा भाई-नैं वुलार आप-का दोन्यूँ वाळकाँ-की अर आप-की राँणी-की सरम ऊँ-नै घाल गयो अर या खै-गयो अक ये दोन्यूँ काम-काज-मैं नै समजै जित्तै काम-काज राज-को तू करवो करजे। अर ये स्याँणा समँजणा व्है-जाय जिद याँ को राज-पाट याँ नै समळा-दीजे। सो राजा-नै मर्याँ पाछै यो-ई काम-काज करै अर सारा राजपाट-को कुलाँकुल यो-ई मालिक व्है-गो। थोड़ा-सा दिनाँ पाछै यो आप-का मन-मैं विचारी-अस ये दोन्यूँ भतीजा वडा व्है-जायला तो राज-पाट आपणा हात-सूँ खुस-जायलो। जै व्है तो याँ-नै पैली-ई मरा-नैंखावा-को उपाय कराँ। सो वो या वात विचारर घर-का नाई-नैं वुलायो अर ऊँ-नै लालच देर या खई-अस, तू याँ दोन्यूँ छोराँ-नै मार-नाँख। नाई हाँमळ तो भर-लीनी पण मन-मैं घणू-ईं पिस्तावै। अर अूँ काका-का कैवा-सूँ झैर-का राछ करार वाँ दोन्याँ-की सँवार करवा-नै रणवास-मैं गयो। वै दोन्यूँ भाई सँवार करावा-नै आया। जिद नाई राछ पेटी-मैं-सूँ काडर मेळ्या अर रोवा लाग गयो जिद राणी खई

अरे भाई खवास तू क्यों रोवै-छै। राजा-जी मर गया तो पड्या मर-जावो। नारॉण करी तो थोडा-सा दिनॉ मैं ये वी राजा व्है-जायला। नेवगी वोल्यो म्हाराज मैं ईं वात सूं कोनै रोऊँ। मैं औरी वात-सूं रोऊँ-छूं। राणी पूछी-स वा कॉई बात छै जीं-सूं तू रोवै-छै। नेवगी खई अक म्हाराज यॉ कँवरॉ-का काकाजी मूं-नै यॉ दोन्यॉ-नै मारवा-कै-तॉई भैर-का राछ दीना-छै। अर या खई छै-क तू यॉ दोन्यॉ-नै मार-नॉख। सो म्हाराज मूं-मूं तो मार्या को-जाय-नै। म्हारै तो ये-ई राजा छै। सो मैं ईं वात-सूं रोऊं-छूं। रॉणी खवास-नै तो पाँच म्हौर देर विदा-कर-दीयो अर आप विचारी-अस अब ऐंडै रैवा-को घरम कोनै। जै व्है तो यॉ दोन्यॉ-नै लेर कौड़ी-नै चळी चालूं॥

जयपुरी (तोरावाटी)

जयपुर राज्य के उत्तर का पर्वतीय प्रदेश दिल्ली के तोमर या तुअर राजपूतो का प्राचीन निवासस्थान होने के कारण तोरावाटी कहलाता है। इसके पूर्व मे अलवर है जहाँ की मुख्य भाषा मेवाती है। उत्तर में पटियाला स्टेट का एक भाग है जहॉ की भाषा भी मेवाती है। पश्चिम एव उत्तर-पश्चिम मे जयपुर का शेखावाटी जिला है जहॉ की भाषा शेखावाटी है। तोरावाटी के भाषियो की सख्या ३,४२,५५४ के लगभग अनुमान की जाती है।

स्वभावत: तोरावाटी का स्टैण्डर्ड जयपुरी से भिन्न होना उसके शेखावाटी एवं मेवाती के साथ मिश्रण पर निर्भर है। वास्तव मे यह जयपुरी का वह रूप है जो धीरे-धीरे शेखावाटी और मेवाती मे अन्तर्भुक्त हो जाता है। जयपुरी की एक विशिष्टता महाप्राण ध्वनि का लोप, उदा० मेह की जगह में, मे' यहॉ भी मिलता है। क, ग ध्वनियो का एक दूसरी की जगह प्रयोग भी यहाँ साधारणतया प्रचलित है, उदा० थाक या थाग=थकावट। यह विशिष्टता बहुत पुराने काल से कम से कम १२वी शती लगभग से, भाषा मे चली आती है।

प्र० एव द्वि० पुरुषवाची सर्वनाम शब्दो के प० एक० अनुक्रम मे 'मेरो' तथा 'तेरो' मिलते है। बहु० मारो=हमारा एव थारो=तुम्हारा हैं। प्र० पुरुष सर्वनाम का तिर्यक् बहु० रूप 'मा' मिलता है।

समीप के निर्देशक सर्वनाम (Proximate-Demonstrative) ओ, औ या यो=यह हैं। जिनका बहु० ऐ=ये है। इसका तिर्यक् एक० मूल रूप ऐं या औं है। तिर्यक् बहु० मूलरूप ऑं मिलता है।

सुदूर का निर्देशक सर्वनाम (Remote Demonstrative) 'वो'=वह है जिसके बहु० रूप वँ, वॉ या वॅ हैं। तिर्यक् एकवचन वैं, वै या वीं तथा बहु० वाँ है।

सवधवाचक (Relative) सर्वनाम जको=जो है। इसके ति० एक० जका, जैं, जीं तथा प्रथ० बहु० एव ति० बहु० जकाँ है।

प्रश्नार्थक (Interrogative) सर्वनाम 'कुण'=कौन का एक ति० एक० रूप कै मिलता है। के, तथा ति० एक० क्याँ=क्या भी द्रष्टव्य है। कोई या कयो=कोई भी के अर्थ मे मिलते है जिनका ति० एक० कैं मिलता है।

जणाँ=तब के अर्थ मे मिलता है।

क्रियारूप—करने वाले के अर्थ मे (noun of agency) वाले रूप तू-आन्तिक मिलते हैं, यथा—मारतृ=मारने वाला। भविष्यत् रूप-गो लगाकर बनते है, उदा० मारूँ-गो=मैं मारूँगा। एक अनियमित प्रेरणार्थक क्रिया० (irregular casual) रूप पायबो=पिलाना ध्यान आकर्षित करती है।

निषेधार्थक (Negative) प्रयोग कोन्यै' मिलता है। अन्य विषयो मे तोरावाटी की व्याकरण स्टैण्डर्ड जयपुरी का ही अनुसरण करती है। कही-कही ऊपर दिये हुए रूपो की जगह भी स्टैण्डर्ड जयपुरी रूपो का ही प्रयोग मिलता है। और विस्तृत विवेचन के लिये श्री मैकेलिस्टर की पुस्तक मे दी हुई व्याकरण देखी जा सकती है।

आगे दिया हुआ नमूना एक प्रचलित लोक कथा का कुछ भाग है। लेखक को यह श्री मैकेलिस्टर से प्राप्त हुआ है।

सख्या २५]

जयपुरी (तोरावाटी) जयपुर राज्य

फूलजी भाटी छो सिंदी-को राजा। सो सिंदी-का राज मैं मेडता-का पिडताँ मे बाँदियो। जद सात बरस ताँणी मे कोन्यै बरस्यो जको देस हुतळ फुतळ व्है-गयो। काळ पड़्-गयो। जद कैबाळा कह्-अस थाँ-कै तो सिंदी-का राज-मैं मेड़ता-का पिडताँ मे बाँदियो-अस। हिरणाँ-की डार छै जी-मैं किसतूर्यो हिरण छै। वीं-कै सीगडी-कै मे बादियो। जको बी हिरण-नै मारो जद थारा राज-मैं मे बरसै। सो राजा हज्जारूँ घोडा लेर हिरणाँ की गैल दिया छै। सो घोडा थागता-गया। जे घोडा रैता-गया अर हिरण बी रैता-गया। सो ओर तो रै-गया अर बो किसतूर्यो हिरण अर राजा कोई सैकडी कोस चळ्या-गया। सो हिरण थाकर ऊबो रै-गयो। जणाँ राजा हिरण नै मार-गेर्यो। सो सात बरस-को आसूदो छो सो मूसळधार मे आर पड्यो। मो राजा मे को मार्यो घोडा का हाँना-के चिप गयो। थाकगेडो तो छो ई राजा। सो राजा नै सुरत नईं अर घोडा नै सुरत। जो कोई उजाड बगान-कै माँईं

एक हीर की ढाँणी छी। सो मिनखाँ-की बोली सुणर घोडो बीं हीर-की ढाँणी कनै आर खड़ो रह्यो अर हीं स्यो। जणाँ हीर कही रै घोडो सो कांईं हीं स्यो। बारां-नै देखाँ। कँवाड खोळर देखो। सो दो च्यार जणाँ आर देखै तो घोडा-का हाँना कै एक मानवी चिप-रह्यो-छै। सो बीं-नै उतार मांईं-नै ले-गया। घोड़ा-नै घास दाणू दे-दियो। बीं-नै सुवाण दियो। रूई में डपटर सुवाण दियो। सो आदेक रात-को बीं-कै निवांच वापर्यो। सो बीं खावा-नै मांग्यो। सो जाट-की वेटी आप-की मा-कनै-सूं दूद ल्यार पायो अर पार सुवाण दियो। फेर सुँवार हुयोर वो ऊट्यो-ई। जणाँ तम्मा हम्मा सबी पूछयो। तू कुण छै। खटे आयो छै। जणाँ बीं खयो सिंदी-को तो मैं राजा छूं। फूलजी भाटी मेरो नाँव छै।।

जयपुरी (काठैड़ा)

साभर झील के दक्षिण किशनगढ रियासत के उत्तर-पूर्व मे स्थित जयपुर के प्रदेश की बोली काठैडा कहलाती है। इसके भाषियों की सख्या अन्दाजन १,२७,६५७ गिनी जाती है। इस नामकरण की उत्पत्ति के विषय मे लेखक को कोई जानकारी मिल नही सकी।

काठैडा दरअसल मे स्टैण्डर्ड जयपुरी का ही बहुत थोड़े हेर-फेर वाला एक रूप है। नमूनो मे श्री मैकेलिस्टर द्वारा दिए गए लोक कथा के अश को उद्धृत किया गया है। काठैडा मे कूं परसर्ग का द्वि०-च० के लिए और स्यूं का प० के लिए प्रयोग मिलता है। द्वि० पुरुषवाची सर्वनाम का तृ० रूप तैं एव प्र० तूं है। तिर्यक् रूप भी तैं है। समीप निर्देशक सर्वनाम ऐं या ओ (स्त्री० आ)=यह मिलते है; इनके ति० एक० ईं, प्र० बहु० ऐ तथा ति० बहु यां है। सुदूर निर्देशक सर्वनाम वैं या वो है; इनके ति० ए० बै या बी; प्र० व० बै या वै तथा ति० व० वाँ हैं।

प्र० एव द्वि० पुरुपवाची को छोडकर अन्य सब सर्वनामो का तृ० रूप-नै परसर्ग लगाकर बनाया जाता है। नै का प्रयोग सज्ञाओं के साथ नही होता। उदा० वाण्यूं (न कि वाण्यां-नै)=बनिये के द्वारा, वाण्यां-नै का अर्थ होगा 'बनिये को'। मैं=मेरे द्वारा; तैं=तेरे द्वारा; ईं-नै=इसके द्वारा; वं ने= उसके द्वारा।

क्रिया-होना क्रिया के निम्नलिखित अनियमित (irregular) रूप पाये जाते हैं। हैर=होकर; हैताँ-ई=होते ही; हैवाळो=होने वाला; कई (न कि खई)=कही; कियो=कहा हुआ, जाज्यो या जाजे=जाइयेगा। जाणूं=जानते ही हो। गियो, गयो, ग्यो=गया।

अन्य बातों मे काठैड़ा स्टैण्डर्ड जयपुरी ही है। द्रष्टव्य बातो मे इ का अ हो जाना। उदा० वकै-ली (विकैली)=बिकेगी। वचारी (विचारी) विचारा। पण्ड (पिण्ड) छूटवो=पिण्ड छूटना। जद (जिद)=जब। नियमानुसार प्राप्त महा-प्राण लोप भी यहाँ मिलता है; उदा० आदी (आधी)=आधी; बड़ (बढ़)=घुस। बगत (भगत)=वक्त।

प० के सप्तमी रूप का एक सुन्दर उदाहरण आप-कै घर-कै बारै=अपने घर के बाहर है।

आगे दिये हुए नमूने मे एक ऐसा प्रयोग भी मिला जो स्टैण्डर्ड जयपुरी मे नही है। वह है गुजराती के एक प्रयोग की तरह सकर्मक क्रिया के भूतकाल के भावे प्रयोग को इस प्रकार उलट दिया जाना कि क्रिया और कर्म का लिंग एक हो जाय। (I allude to the Gujarati way in which the impersonal construction of the past tense of a transitive verb is perverted by making the verb agree in GENDER with the object.) उदा० वाण्यूँ आप-की लुगाई-नै जगाई (न कि जगायो)=बनिये ने अपनी स्त्री को "जगाई"। ठीक नियम के अनुसार तो भावे प्रयोग होने के कारण क्रिया का लिंग नपुंसक या (नपुंसक प्रयोग न आया हो तो) पुंलिङ्ग होना चाहिये। परन्तु यहाँ जगाई स्त्रीलिंगी लुगाई के अनुसार चला है। यह गुजराती का नियमित रूप है।

संख्या २६]

जयपुरी (काठैड़ा) जयपुर राज्य

एक वाँण्यूँ छो। रात-की भगत दोन्यूँ लोग लुगाई घर-मैं सूता छा। आदी रात गियाँ एक चोर आर घर-मैं बड़-गयो। ऊँ भगत-मैं वाँण्याँ-नै नींद-सूँ चेत हो-ग्यो। वाँण्याँ-नै चोर-को ठीक पड़-ग्यो। जद वॉण्यूँ आप-की लुगाई-नै जगाई। जद लुगाई-नै कई आज सेठाँ-कै दसावराँ-सूँ चीठ्याँ लागी छै। सो राई भोत मैंगी हो-ली। तड़कै रिप्याँ बराबर वकै-ली। राई का पानाँ-नै नींकाँ जावता-सूँ मेळ-दे। जद लुगाई कई राई-का पाता बारळी तबारी-का खूँणाँ-मैं पड्या-छै। तडकै-ई नींकाँ मेळ-देस्यूँ। चोर आ बात सुणर मन-मैं वचारी राई पाताँ-मैं-सूँ वाँदर ले-चालो। और चीज-सूँ काँई काम छै। जद वो चोर राई-का पाताँ-की पोट वाँदर ले-गियो। वाँण्यूँ देखी और माल-सूँ बच्यो। राई ले ग्यो। माल-सूँ पंड छूट्यो। जद दन ऊग्याँ-ईं वो चोर राई-की झोळी भरर बेचवा-नै बजार-मैं ल्यायो। तो वजार-का पीसा-की ढाई सेर-का भाव-सूँ माँगी। जद चोर मन-मैं समझी वाँण्यूँ चालाकी करर आप-का घर को धन बचा-लियो। पण वीं

बाँण्याँ-कै तो फेर बी चालर चोरी करणी। मीँतूँ बीस दन बीच-मँ देर फेरूँ बीँ-ईँ बाँण्याँ-कै चोरी करबा चळ्यो-गियो। रात-की बगत फेर बाँण्यूँ जाग्यो। चोर बाँण्याँ-को धन माल सारो एक गाँठडी मैँ बाँदर हाँ-नै कर लियो। जद बाँण्यूँ देखी अक हेळो करस्यूँ तो न जाणाँ चोर म-नै मार नाखसी। अर हेळो नै कर्यो तो धन ले-जासी। जद बाँण्यूँ आप-की लुगाई-नै जगाई। चोर एक बखारी-पर जार चड-ग्यो। बखारी-मँ जा-बैठ्यो। जद बाँण्यूँ दीवो जोयो अर लुगाई-नै कई मैँ तो गगा-जी जास्यूँ। एक छोटी-सी गाँठ-मँ कपडा लत्ता बाँदर त्यार हुयो। जद लुगाई बोली ओ बगत गगा-जी जाबा-को काँईँ। दन्नूग्याँईँ चळ्या-जाज्यो। ऐ समाँचार चोर बैठ्यो २ सुणै। जद बा लुगाई आप-कै घर-कै बारै आर आडोसी पाडोस्याँ-नै जगाया म्हारो घर-को धणी गगा जी जाय-छै बार ईँ भगत सो थे चालर समझा-द्यो कै दन्नूग्याईँ चळयो-जाजे। जद दस बीस आदमी बाँण्याँ-का घर-मँ भेळा हो-ग्या अर सारा जणाँ बीँ बाँण्याँ नै समझायो बार तो रात छै। दन्नूग्याँ ईँ थारी खुसी छै तो चळ्यो-जाजे। जद बो बाँण्यूँ कई थे जाणूँ मैँ तो थाँ-को कियो मान जास्यूँ। पण ओ चोर गाँठ बाँद्याँ बैठ्यो। म्हारा सगळा घर-की ओ कियाँ रै-लो। असी चालाकी बाँण्यूँ करर चोर-नै पकड़ा-दियो ॥

काठैड़ा के और नमूने श्री मैकेलिस्टर की पुस्तक मे उपलब्ध हैं।

जयपुरी (चौरासी)

जयपुरी की चौरासी बोली काठैडा के ठीक दक्षिण में किशनगढ की सीमा पर, लावा की ठकुरात मे तथा टोंक के उस भाग मे जो जयपुर सीमा के भीतर है, बोली जाती है। इसके भाषियों की अनुमित सख्या इस प्रकार है :—

जयपुर मे	९८,७७३
लावा मे	३,३६०
टोक मे	८०,०००
कुल	१,८२,१३३

चौरासी और स्टैण्डर्ड जयपुरी मे नही के बराबर भेद है। केवल ये विशिष्टताएँ देखने मे आईं : द्वि०पु० सर्व० तू कीजगह तूँ; प्रश्नार्थक सर्व०कुण= कौन का एक तिर्यक् रूप कुणी। विस्तृत चर्चा श्री मैकेलिस्टर की पुस्तक में व्याकरण वाले खड में पृ० ५४–५५ पर मिलेगी।

नीचे का नमूना एक प्रचलित लोककथा का अश है जो श्री मैकेलिस्टर से मिला है।

दल्ली देखवा गियो जाट घोड़ी पर चडर। कोई दनाँ-मैं कोस तीनेक उडै पूँछ्यो। रात पड-गी। उडै-ई-रै-ग्यो। भाग-फाटीर ऊठ्यो दल्ली-कै गैलै लाग-ग्यो। कोसेक री दल्ली अर उडी-मूँ दल्ली केनी-सूँ वाँण्यूँ मळ-ग्यो। सो वाँण्याँ-कै या पगाबरत सो कोई बोल-ले दन्नूग्याँ पैली तो उँ-कै बैम पड-जाय। सो कोई-सूँ बोलै कोनै। ऊँ वगत-का सो यो जाट चालतो-ई माजन-नै कियो कै राम राम। जद ईँ गाळ काडी। जद जाट जूता-की दीनी। जद कोस ताँईँ जाट तो घोडी-सूँ उतरर जूताँ-सूँ कूटतो गियो अर यो गाळ काड्याँ गियो। जद दल्ली-कै दरूजै जाताँ जाताँ दन आँथ ग्यो। उडै सपाई बोल्या क्यो लडो-छो रै। जद वाँण्यूँ बोल्यो मा-लै जूत्याँ-की पडी। जत्ती खाँ-जी थाँ कै पडै तो का जाणाँ काँईँ व्है। जद मीयाँ बोल्यो म्हारै क्योँ पडै। थारै-ई पडै। जद मीँयाँ बोल्यो थे लडता लडता अब कडै जास्यो। जद वाँण्यूँ बोल्यो मारा कोटवाळी-मैँ ले-जास्यूँ। जद मीँयाँ बोल्यो कोटवाळी-मैँ तो मत जावो। अर वा भट्यारी छै जीँ कै तो जाट-नै कै-दे तूँ जा अर तूँ थारै घराँ चळ्यो जा अर दन्नूग्याँईँ भट्यारी-का-सूँ जाट-नै पकड् ल्याजे। अर ऊँ वगत-का-ई कोटवाळी-मैँ ले-जाजे सो न्याव हो-जासी। अर अबार थे कोटवाळी-मैँ जास्यो तो दोन्याँ-नै-ईँ बैठा देसी अर न्याव दन्नूग्याँ होसी। जद जाट तो भट्यारी-कै चळ्यो गियो अर वाँण्यूँ वाँण्याँ-कै घराँ चळ्यो-गियो। भट्यारी रात-की वगत जाट नै रोट्याँ चोखी खुवाई। रात-की रात तो रोट्याँ खार सो-गियो। दन ऊग्यो अर वाँण्यूँ आयो घराँ-सूँ। चाल ऊठ कोटवाळी मैँ चालाँ जद की रोटी खार चालस्याँ। बैठ-ग्यो वाँण्यूँ। ईँ रोटी खा-ली दारू पी-लियो। नसो घणूँ हो गियो। भटयारी-नै बुलाई। थारा दो वगत रोटी-का काँईँ दाम हुया। भट्यारी बोली कै असी चीज दरावो ऊँमर ताँईँ याद राखूँ जद जाट देखी ऊँमर याद रैवा जसी काँईँ दयाँ। झट जाट पचास रप्या काडर दीना। पछा पटक-दिया भट्यारी। मूँ-नै तो असी चीज द्यो ऊँमर-ई याद राखूँ। जद रीस आई जाट-नै पकड़ा ई-नै भट्यारी-नै नाक काट लियो॥

जयपुरी (किशनगढ़ी)

किशनगढ राज्य जयपुर रियासत एवं अजमेर जिले के बीच मे स्थित है। इसके ठीक पूर्व मे जयपुरी की काठैडा और चौरासी बोलियो वाला प्रदेश है। किशनगढ मे तथा अजमेर के उत्तर-पूर्वी उस भाग मे जो किशनगढ के भीतर तक चला गया है, उससे बहुत कुछ मिलता-जुलता जयपुरी का एक रूप बोला जाता

है। किशनगढ़ मे इसे किशनगढ़ी कहते है। अजमेर वाली जयपुरी को भी हम यही नाम दे सकते हैं।

बोलने वालो की अनुमित सख्याये इस प्रकार हैं।

किशनगढ़ मे	९३,०००
अजमेर मे	२३,७००
कुल	१,१६,७००

पूरे किशनगढ मे किशनगढी नही बोली जाती। उत्तर मे जहाँ किशनगढ की सीमा मारवाड से मिलती है वहाँ मारवाडी, और दक्षिण मे जहाँ सीमा मेवाड़ से मिलती है वहाँ मेवाडी के रूप बोले जाते है।

किशनगढ़ी मे लेखक को केवल ये विशिष्टताएँ दिखलाई पड़ी। प्र० पु० सर्वनाम का प्रथ० एक० रूप हूँ=मै तथा उसका ष० मारो=मेरा मिलता है। तू के अर्थ में तूँ का व्यवहार मिलता है। ये के अर्थ मे 'अ' का प्रयोग प्राप्त हुआ। निर्देशक सर्वनाम 'वो'=वह का तिर्यक् रूप ऊँ या उण=उसने; तथा जो=जो का रूप जिण=जिसने मिलता है। ये दोनो रूप एकवचनी है।

संख्या २८]

जयपुरी (किशनगढ़ी) **जिला अजमेर**

एक राजा की बेटी-में भूत आतो-छो। और एक आदमी रोज खातो-छो। राजा वारी बाँध-दी-छी। वारी-सूँ लोग जाता-छा। एक दिन एक खुमार-का बेटा-की वारी छी। अर ऊँ-का घर-मैं ऊँ दिन एक पावणो आयो। अ सारा रोवा लाग्या। जद ओ पूछी थे क्यूँ रोवो-छो। खुमारी बोली मारै एक-ही बेटो छै। और ईं राजा-की बाई-मैं भूत आवै-छै। सो रोजीना एक आदमी खावै-छै। सो आज मारा बेटा-की वारी छै। सो ओ ऊठै जासी। जद ओ खई तूँ रोवे मत। थारा बेटा-की बदली हूँ जाऊँ-लो। रात होताँ-ईं वो गयो। और आग-पर एक दवाई रखता-ईं भूत भागो। तडकै-ई जद भगण भुआरवा-नै गई तो बाई-नै चोखी तरह-सूँ देखी। भगण जार राजा-नै खई। राजा हरकारो भेज खुमार-नै पकडा बुलायो। राजा खई रात-नै थारा बेटा-की वारी छी। सो काँईं करो। खुमार खई माराज मारै एक पावणो आयो-छै। जीण-नै खनायो छो। राजा ऊण-नै बुलायो और सारी हगीगत पूछी। और बाई-नै ऊँ-नै परणा-दी और आधो राज-दे-दियो॥

जयपुरी (नागरचाल)

जयपुरी की नागरचाल बोली रियासत के दक्षिणी भाग के मध्य मे तथा उसके पूर्व मे लगे हुए टोक-अधिकृत प्रदेश मे बोली जाती है। इसके बोलने वालो की अनुमित सख्या इस प्रकार है .—

जयपुर मे	५३,५७५
टोक मे	१८,०००
कुल	७१,५७५

स्टैन्डर्ड जयपुरी मे और नागरचाल मे वहुत थोडा अन्तर है। प्र० पुरुष का सर्वनाम म्हूँ या मै तथा द्वि पु० का तै या तूँ है। इसके तिर्यक् रूप 'थ' या 'त' है। सबधवाचक सर्वनाम जो की जगह 'जे' मिलता है। नमूना एक प्रचलित लोककथा का अश है जो हमे श्री मैकेलिस्टर से प्राप्त हुआ है। शब्दावली एव व्याकरण के और अधिक विवेचन के लिए उन महोदय की पुस्तक देखी जा सकती है।

सख्या २९]

जयपुरी (नागरचाल) जयपुर राज्य

एक कागळो छो अर एक हरण छो। याँ दोन्याँ-के भायैळाचारो छो। दन-मैं तो आप-कै चावै जठै चेजो कर्याबो करै अर रात-नै दोन्यूँ साँमल हो जावै। कागळो तो ऊपर रोँखडा पर वैठ जावै अर हरण रोँखडा-कै नीचै वैठ जावै। याँ दोन्याँ-कै ज्यास अस्यो घणू जो केई दन वदीत हो-गीया। एक दन स्याळ-कै अर हरण-कै मळाप कठै-ई हुयो। जद स्याळ या वच्यारर बोल्यो अस यो हरण मोटो छै। ईँ-सूँ भायैळाचारो करर कठै-न-कठै ईँ-नै फँद-मैं फसार मरा-नखाँवाँ। जद ईँ-नै वोल्यो-अम आ-रै हरण आपाँ भी भायैळा मँड-जावाँ। जद हरण वोल्यो कै कागळो अर मैं भायैळो मँड-रयो-छूँ। अर तू कैऐ-छै आपाँ मँड-जावाँ। तो म्हूँ तो म्हारा भायैळा कागळा-नै पूछ्याँ वना तैँ-सूँ भायैळो नै मँडूँ। जद स्याळ वोल्यो अस तू थारा भायैळा-नै काल वूजजे। मैं थारै गोडै आऊँ-छूँ। आपाँ भायैळा मँडाँ-ला। जद हरण आँथण-का ऊ-ई रोँखडा नीचै कागळा-नै वूजी की रै भायैला म्हाँ-नै आज स्याळ मळ्यो छो। जो ऊँ या की-स आपाँ भायैळा मँड जावाँ। जो तू कै तो मँडाँ अर तू कै तो नै मँडाँ। जद कागळो वोल्यो-अस म्हारो कैबो माँनै-छै तो तू स्याळ-सूँ भायैळो मत मँडै। कोई दन स्याळ त-नै कठै-न-कठै दगो करर फँद-मैं फस्या दे-गो। जद फेर दूसरै दन ऊ स्याळर हरण मळ्यो। तो कै आज तो तू थारा भायैळा-नै वूज्यायो। अब आपाँ दोन्यूँ भायैळा मँडाँ। जद हरण वोल्यो अरै भाई स्याळ

म्हारो भायैळो तो नट-ग्यो-अस तू भायैळो मत मँडै । जद स्याळ बोल्यो-अस आपाँ तो मँडस्याँ । जद स्याळ वी आँथरण-का ऊँ की लार-लार ऊँ-ई रो ँखड़ा नीचै गीयो जठै कागळो-र हरण बैठै-छा । जद हरण कागळा-नै फेर बूजी-कै यो तो माँने कोनै भायैळो मँडबा बै-ई आग्यो । जद कागळो बोल्यो तू म्हारी माँनै-छै तो ई-सू भायैळो मत मँडै । स्याळ-की जात दगाबाज-छै । दगो करर त-नै कोई दन मरा घलासी ॥

जयपुरी (राजावाटी)

नागरचाल वाले प्रदेश के उत्तर-पूर्व एवं चौरासी के प्रदेश के पूर्व में स्थित टोक के भाग के पूर्व मे राजावाटी बोली जाती है । उत्तर की ओर इसमे स्टैण्डर्ड जयपुरी का मिश्रण अधिक मिलता है । वोलने वालो के अनुमित आँकड़े इस प्रकार हैं :—

विशुद्ध राजावाटी	१,३३,९३९
मिश्र बोली	३९,५१०
कुल	१,७३,४४९

राजावाटी के ठीक पूर्व मे डाँग बोलियाँ बोली जाती है जिन्हे हमने व्रज-भाषा के अन्तर्गत रखा है । उनके कारण कई अनियमित प्रयोग मिलते हैं । विशेषकर हैबो (जयपुरी व्हैबो) =होना क्रिया की रूपावली मे ये सब अनियमित-ताएँ लक्षित होती है । मुख्य-मुख्य रूप ये है :—

तुमन्त-हैबो या हैणू=होना

वर्तमान कृदन्त-हेतो=होता

भूत कृदन्त-होयो=हुआ । ति० पुं० हीया, स्त्री० ही ।

योगात्मक कृदन्त-(Conjunctive participle) हैर=होकर ।

क्रियाविशेषणात्मक कृदन्त- (Adverbial participle) हैताँई=होते ही ।

करणवाची सज्ञा शब्द-(Noun of Ageney) हैबाळो=होने वाला ।

वर्तमान काल

	एक०	वहु०
प्र०	हूँ	हाँ
द्वि०	है	हो
तृ०	है	है

भविष्यत रूप हूँ-लो या है-स्यूँ आदि=होऊ गा हैं ।

यहाँ भी गुजराती वाला भावे का वह प्रयोग मिलता है जिसमे क्रिया का रूप–नै वाले कर्म के अनुसार बदल जाता है। उदा० चडी बच्चाँ नैं देख्या (न कि देख्यो)=चिडिया ने बच्चो को देखा। परन्तु दूसरी जगह राजा की=राजा ने कही मे की का स्त्रीलिंग 'बात के' अनुसार है।

आगे दिया हुआ नमूना श्री मैकेलिस्टर से मिला है। इस बोली के विषय मे और अधिक जानकारी उनकी पुस्तक के व्याकरण वाले खन्ड मे पृ० ४५ से आगे मिल सकती है।

सख्या ३०]

जयपुरी (राजावाटी) जयपुर राज्य

एक तो चडो छो अर एक चडी छी। वाँ दोन्याँ को घुसाळो राजा-का मैल-कै मैं-ने छो। तो चडी कै तरळोकी-नाथ-का परताब-सूँ बच्चा हीया। तो वाँ बच्चाँ-की वाँ चडा-की अर चडी-की परीत देखर राणी भोत खुसी ही। वा राँणी चडा-चडी-की बोली समजै-छी। चडी चडा-नै कीयो अक मैं मर-जाऊँ तो म्हारा बच्चा दुख नै पावै। चड़ो बोल्यो काँईं वास्तै तो तू मरै-छै। अर काँईं वास्तै थारा बच्चा दुख पावै। तैं जसी चडी फेर मनै मळै बी तो कौनै अर जो कदात तू मर-जावै तो यो-ई म्हारो धरम छै अक मैं नै परणू अर बच्चाँ-नै परवसता कर लेस्यूँ। ये बाताँ वाँ दोन्याँ-कै करार हीया जो राणी सुण-री। दस पाँच दन तो नकळ्या अर चडी मर गई। अब चडो खुराब अर अब राँणी छै सो देख-री चडा नै अर बच्चाँ-नै। च्यार दन-कै पाछै-ई चडो छै सो दूसरी चडी लीयायो। वा चडी ऊँ चडा-का बच्चाँ नै देख्या। देखताँ-ईं चडी-कै तो तन वदन-मैं आग लाग-गी अक ये तो सौक-का छोरा छै। सो चडो तो वाँ-कै वासतै चुगो ल्यावै सो अछ्यो ल्यावै। अर वा चडी छै सो बाड-कै मैं-नै-सूँ गल्या काँटा चूँच-मैं ल्यावै। सो वाँ-नै वै काँटा ल्यार दे वाँ बच्चाँ नै। दन दो एक-कै मैं-नै वै बच्चा मर-गीया। अब ऊँ राँणी-कै ख्याल आयो अक अस्याँ ज्यो तू मर-जावै तो राजा बी दूसरो वीयाव कर-ले अर थारा बच्चाँ नै वा अस्याँ-ईं मार-नाखै। जनावराँ-ईं-कै मैं-नै यो ईरखो छै तो राँण्याँ-मैं तो पूरो ईरखो हैतो-ई आयो-छै। वाँ चडी–का बच्चाँ-को अर चड़ी-को राँणी-कै वडो एक सोच छा-रयो। जद एक दन राजा पूछी राँणी-नै अक राँणी थारै अत्तो सोच काँई-को छै। नै न्हावो नै वैठवो नै डीळ-कै उपराँ-नै खुसी। अस्यो काँईं सोच छै थारै। राँणी कीयो-क म्हाराज म-नै तो काँईं-ईं बात-को सोच कोनै। राजा की तो अत्ती उदासी काँईं-की छै थारै। जद राँणी की म्हाराज म्हारै एक कँवर छै। वरस पाँचेक-की ऊमर छै। ऊँ-को म्हारै पूरो सोच छै॥

अजमेरी

अजमेर जिले की पूर्वी एव उत्तरी सीमाओं पर किशनगढ़ रियासत है। यहाँ की भाषा किशनगढी है जो जयपुरी का एक प्रकार है। इसका विवेचन किया जा चुका है। पश्चिमी सीमा पर मारवाड है जहां की भाषा मारवाडी है; दक्षिण मे मेवाड है जहाँ मेवाडी प्रचलित है। अजमेर में यह तीनों बोलियाँ मिलती है। सुदूर उत्तर-पूर्व मे जहाँ अजमेर का इलाका किशनगढ के भीतर तक चला जाता है, किशनगढी बोली जाती है जिसे स्थानीय लोग ढूँढाड़ी कहते है। यह जयपुरी का एक नाम है। जिले के पश्चिमी हिस्से की भाषा मारवाडी का एक रूप है और दक्षिण मे मेवाड़ी का एक प्रकार। पूर्वी भाग के मध्य मे एक मिश्रित बोली मिलती है जो साधारण जयपुरी से बहुत थोडी सी भिन्न है। इसे अजमेरी कहते है। अजमेर शहर मे मुसलमान साधारण हिन्दुस्तानी बोलते है। अजमेर की बोलियो के भाषियो की अनुमित सख्याये इस प्रकार हैं :—

अजमेरी	१,११,५००
जयपुरी (किशनगढी)	२३,७००
मारवाडी	२,०८,७००
मेवाडी	२४,१००
हिन्दुस्तानी	४१,०००
अन्य बोलियाँ	१३,३५६
	कुल—४,२२,३५६

अजमेरी के नमूने के रूप मे बाइवल की उडाऊ वेटे (Prodigal Son) की कथा का अश देना पर्याप्त समझा गया। अजमेरी और स्टैण्डर्ड जयपुरी मे भिन्नता के कुछ विशेष उदाहरण केवल ये है म्ह-नै=मुझको। अन्य स्टैण्डर्ड रूपो के अतिरिक्त तृतीय पुरुषवाची सर्वनाम के प्रथमा एव तिर्यक् रूप वै एव० वा=वे भी मिलते है। निषेधार्थक रूप कोनै की जगह 'कोन' मिलता है।

सख्या ३१]

अजमेरी जिला अजमेर

कस्या आदमी-कै दो बेटा छा। वाँ दोयाँ-माँ छोटो छो वो वाप-नै कियो वाप म्हारै पाँती आवै जो धन म्ह-नै दे दे। ओर आप-को धन वाँ-नै वाँट-दियो। अर घणा दन कोन हुया कै छोटो वेटो सव धन भेळो कर दूर देस चळ्यो-गयो। ओर उँडै दाम-दाम लुच्चापणा-मैं खो-दियो। अर जद वै सगळो खरच कर-चुक्यो व मुळक-मैं जगी काळ पड्यो अर वै मुँगतो होवा लाग्यो। पर वठै-का

रहबाळा-सूँ मळ्यो अर ऊँ ऊँ-को खेत-मैं शूर चराबा भेज्यो। अर ऊँ शूर खाता-छा जीँ छोडा-सूँ पेट भरबा-को त्यार छो। पण कोई ऊँ-नै दीना नहीँ। अर जद ऊँ-नै चेत हुयो व कह्यो म्हारा बाप-कै कत्ताक चाकराँ-कै रोटी घणी छ अर मैँ तो भूकाँ मरूँ-छूँ। मैँ ऊँठर म्हारा बाप कने जाऊँ-लो अर ऊँ-नै कहस्यूँ बाप मैँ राम-जी-को अर थारो दोन्या-कै आगै पाप कर्यो छै। अर थारो बेटो कहबा जिस्यो नही रह्यो। म्ह-नै थारा नोकरा ज्यान एक नोकर राख-लै। अर वै ऊँठ्यो आर बाप कोडे आयो। वो दूर-ही छो कै ऊँ-को बाप ऊँ-नै देख-लियो अर ऊँ-पर दिया आ-गई। अर दौडर ऊँ-की गळा-सूँ मळ्यो अर बाच्यो लियो। अर बेटो बाप-नै कह्यो मैं परमेसर आरी थारी आँख्याँ-मैँ गुनो कर्यो-छै। अर थारो बेटो कहबा जिस्यो नही रह्यो। पण बाप आप-का नोकराँ-नै हुकम कियो कै आछा हूँ आछा कपडा ल्याओ आर ईँ-नै पैरा-द्यो अर हाथ मैं छलो पैरा-द्यो अर ईँ-का पग-मैँ पगरखी। आपणो खाओ अर मजा करो। क्योंकै म्हारो बेटो मर-ग्यो छो अर पाछो जी-गयो छै। ऊँ गम-गयो-छो अर पाछो लाद्यायो। अर वै खुशी करबा लाग्यो॥

•

हाड़ौती

हाडौती बूँदी एवं कोटा राज्यो मे बोली जाती है जो मुख्यतः हाड़ा राजपूतो के निवास स्थान हैं। पडोस के ग्वालियर, टोंक (छावडा) तथा भालावाड राज्यो मे भी हाडौती बोलने वाले हैं।

हम इन राज्यो को एक-एक करके लेते हैं। बूँदी की आबादी १८९१ ई० मे ३ ५६,३२१ थी। इसमे से ३,३०,००० हाडौती भाषी होने का अनुमान है। बाकी बचे हुओ में से २४००० खैराड़ी बोलते है जो खैराड या पहाडी प्रदेश मे मीणा लोगो द्वारा व्यवहृत मेवाडी का एक रूप है। बाकी के लोग भारत की अन्य भाषाएँ बोलने वाले हैं।

कोटा के भाषा-भाषियो के अनुमित आँकड़े ये हैं :—

हाड़ौती	५,५३,३९५
मालवी	८०,९७८
अन्य	८४,६८८

मालवी शाहाबाद परगने मे एव रियासत के दक्षिण-पूर्व एव दक्षिण-पश्चिम के उन भागो मे बोली जाती है जो मालवा की सीमा से सटे हुए हैं। कुछ वर्षो पहले भालावाड राज्य के कुछ हिस्से भी कोटा में मिला दिये गए थे; इसलिये ऊपर दिये गए आँकडो मे तदनुरूप परिवर्तन करना आवश्यक होगा।

ग्वालियर राज्य में हाडौती कोटा राज्य की सीमा पर एव शाहाबाद परगने व टोंक अधिकृत छावडा के बीच मे बोली जाती है। (शिवपुरी या सिपाड़ी के नाम से कुछ कम शुद्ध रूप मे) हाडौती शाहाबाद के उत्तर स्थित शिवपुर परगने मे भी बोली जाती है। टोक के छावडा परगने मे जो कि कोटा के दक्षिण-पूर्व मे स्थित है मुख्य बोली मालवी ही है; परन्तु कोटा की सीमा के आस-पास हाड़ौती मिलती है।

मौजूदा भालावाड मे हाडौती रियासत के उत्तरी भाग मे स्थित पाटन परगने मे बोली जाती है जो पूर्व, पश्चिम एव उत्तर तीनो ओर हाडौती क्षेत्र से घिरा हुआ है।

हाड़ौती भाषियों की कुल संख्याओ का अनुमान इस प्रकार माना जा सकता है :—

बूँदी (शाहपुरा की ठकुरात समेत)	२,३०,०००
कोटा	५,५३,३९५
ग्वालियर	१७,०००
„ (शिवपुर)	४८,०००
टोक (छाबडा)	१७,०००
झालावाड़	२५,७०६
कुल	९,९१,१०१

हाडौती पूर्वी राजस्थानी समूह की एक उपभाषा है जिसका स्टैण्डर्ड रूप जयपुरी माना गया है। इसके पूर्व मे पश्चिमी हिन्दी समूह की बुन्देली उपभाषा तथा दक्षिण मे राजस्थानी की उपभाषा मालवी का क्षेत्र है। अतएव हाडौती मे जो भी विशिष्टताएँ दृष्टिगोचर होती है वे इन दोनो के प्रभाव के कारण आई हुई है।

बून्दी, कोटा रियासतो तथा उत्तरी झालावाड की भाषा को हम स्टैण्डर्ड हाडौती मान सकते है। इस सारे प्रदेश मे भाषा के स्वरूप मे विभिन्नता लगभग नही के बराबर मिलती है। हाडौती की विशिष्टताएँ इस प्रकार हैं :—

ऐ ध्वनि की जगह प्राय: ए का प्रयोग—उदा० जयपुरी कै हाडौती मे के हो जाता है।

व की जगह व ध्वनि का मिलना—उदा० तुमन्त होवो=होना; असवाव= असवाव इत्यादि।

तृतीया रूप मे बुन्देली का प्रभाव बहुत स्पष्ट है। इस रूप के साथ यहाँ नियमत:—ने परसर्ग मिलता है जब कि जयपुरी मे यह कभी नही मिलता। उदा० छोटक्या-ने कही=छोटे ने कहा। साथ ही—ने का प्रयोग जयपुरी के—नै की तरह चतुर्थी-द्वितीया के परसर्ग के रूप मे भी मिलता है; उदा० कोई ऊँने कांई न्हइ दैंतो=कोई भी उसे कुछ भी नही देता था। एक जगह चतुर्थी के रूप मे—हे परसर्ग का व्यवहार मिलता है। उदा० केता-'क म्हून त्याँ हे रोटी मिळे छे=कितने ही मजदूरो को रोटी मिलती है। लगभग ऐसा ही परसर्ग भोपाल की मालवी वाले नमूने मे मिलता है (पृ० २५८ नमूना न० ४४)। कही-कही—कू का प्रयोग चतु० द्वि० के लिये भी मिलता है; उदा० एक—कू गोडे बुलार=एक (नौकर) को पास बुला कर।

'कहना' क्रिया शब्द के साथ सम्बोधित व्यक्तिवाचक शब्द नै-युक्त चतुर्थ मे नही रखा जाता, जैसा कि जयपुरी मे मिलता है; इसकी जगह पश्चिमी हिन्दी के अनुसार-सूँ युक्त पंचमी रूप मिलता है। उदा० बाप-सूँ कही=बाप-से कहा।

सर्वनामो में जयपुरी से भिन्नता अधिक दिखलाई पडती है। जयपुरी के सब रूपो के साथ-साथ अन्य रूप भी मिलते है जो ये हैं: म्हूँ या मूँ=मैं; म्हाँ=हम; मूईं, म्हाईं या मेईं=मुझको; वाई या ऊँईं=उसको; वाँईं=या ऊँईं उनको। 'इम'-के अर्थ मे 'यो' (स्त्री-'या') का प्रयोग तो है ही; साथ मे 'ईं' का प्रयोग प्रथमा एव तिर्यक् दोनो के अर्थ मे मिलता है। उसी तरह ऊँ= वह दोनो, प्र० एवं ति० रूप मे व्यवहृत होता है।

आत्मवाची सर्वनाम (Refictive Pronoun) के षष्ठी रूप 'आपरणो' एव 'आपको' दोनो मिलते है पर 'आपरणो' का अर्थ 'हमारा' भी होता है जिसमे सम्बोधित व्यक्ति शामिल होता है।

शब्दावली मे कुछ अपने विशिष्ट शब्दो को छोडकर हाडौती और स्टैण्डर्ड जयपुरी मे कोई खास अन्तर नही मिलता; केवल ऐ ध्वनि की जगह प्राय॰ ए का पाया जाना साधारण मान लिया जाना चाहिये।

नमूनो मे एक तो 'उडाऊ बेटे की कथा' का अनुवाद एवं एक कोटा मे प्रचलित लोक कथा दी गई है। 'कथा' की हस्तलिखित लिपि का प्रतिरूप छाप दिया गया है।[1] यह पूर्वी राजपूताना मे प्रचलित मारवाडी लिपि का एक उत्कृष्ट नमूना है। अक्षर बहुत तोडे-मरोडे नजर आते है। जोडनी (spelling) जगह जगह पर भिन्न भिन्न है और स्वरो की मात्राएँ अनेक जगह प्रायः छोड दी गई है। राजपूताना की इस 'महाजनी' लिपि की यह खासियत है। यह सारे भारत मे फैल गई है। दरअसल यह मारवाडी व्यापारियो द्वारा व्यवहृत उनकी देशी लिपि है। छापने के पहले हमने कही-कही जोडनी (Spelling) की वे गलतियाँ सुधार दी है जो लिखने वाले की लापरवाही के कारण आ गई थी (उदा० 'गोडे' की जगह 'गोढे') एव कुछ जगह छूटी हुई मात्राएँ लगा दी है।

संख्या ३२

हाड़ौती | पहला नमूना | कोटा राज्य

एक आसामी-के दो बेटा छा। वाँ-मे-सूँ छोट्क्या-ने बाप-सूँ कही दाजी म्हारी पाँती-को धन जो मूईं पुगै-छै म-नै दे-रवाडो। सो ऊँ-नै आप-नोँ धँन वैँ

---

१. गद्य भाग मूल हस्तलिपि का विशुद्ध नागरी रूप है। हस्तलिपि के कुछ अश की हूबहू अनुकृति नमूने के रूप मे पृथक् पत्र पर दे दी गई है।

—सपादक

वांट-दियो। घणा दिन नैं होवा पाया-छा कै छोट्क्यो बेटो सारो माल-असबाब सहोरर दूर देसां चालो-गियो। अर उठै कुचलण रहर आप-को सारो धँन विगाड नांख्यो। जब गोडे कांईं बी न र्‌हियो अर उठै काळ बी पडयो। तो घणो नादार हो-गियो। फेर वाहाँ—ऊँ देस-का एक आसामी गोडे र्‌हैवा लाग्यो। ऊँ-नै ऊँ-ही आपणा खेतां-में सूर चरावा-वेई मेळ्यो। अर ऊँ नै वाहाँ नालें-सूं पेट भरवो वचार्यो कै जें सूर खावा-करै-छा। अर कोई ऊँ-नैं कांईं न्है देनो। जद ऊँ-नै याद पड़ी तो वचारी कै म्हारा बाप-का केता-क म्हानत्यां है। इतरी रोटी मिलै छै कै वां-कू खावा पछै भी वच रहै-छै। अर मूं भूकां मरूं-छूं। अब म्हारा बाप गोडे-ही जाऊँगो। अर ऊँ-सूं क्हूँगो कै हे दाजी म-नै परमेसुर-के सनमुख अर आप-कै मूंडा आगे पाप कर्यो-छै। ईं कारण आपको बेटो बागवा जोग न्है छूं। परन्तु अब मैं आप-को एक म्हानत्या जूं राख लो। जब ऊँ ऊठर आप-का बाप गोडै गियो। अर दूर-ही छो के ऊँ-का पिता-नै ऊँ-ईं देखर दिया करी अर भागर ऊँ-का गळै जा-लाग्यो अर चूमो। लडका-नै ऊँ-से कही कै हे दाजी परमेसुर-के सनमुख अर आप-के मूंडा आगे म-नै घणो पाप कर्यो अर मूं आप-को बेटो बागवा जोग न्हैं छूं। तो फेर पिता-ने आपणा चाकरां-मूं कही कै घणा भारी वडकी पोसाख खाडर ऊँ-ई फैरावो अर ऊँ का हात-मैं मुंदडी अर पगां-मैं जूत्यां फैरावो। म्हाँ जीमांगा अर आणँद करांगा। क्यूं-कै यो म्हारो बेटो मर-गियो-छो फेरूं जियो छै। अर गम-गियो छो फेरूं पायो छै। जद वे खुसी करवा लाग्या।

ऊँ-को वडो बेटो माल-मैं छो। अर जद ऊँ आती वगत जाग गोडे पोंच्यो तो बाजो अर नाच सुण्यो। अर ऊँ-नै आप-का चाकरां-मैं सूं एक-कू गोडे बुलार पूछ्‌यो कै यो कांईं हो-र्‌ह्यो-छै। ऊँ-नै ऊँ-मूं कियो कै था-कों भाई आयो-छै जीं-की था-का बाप-नैं गोठ करी-छै। क्यूं-कै वा-नें आप-को बेटो जीवतो-जागतो पायो-छे। परन्तु ऊँ-नैं रोस कर्यो अर मेहलादी नैं जावो चायो। जद ऊँ-को बाप ऊँ-ईं अर मनावा लाग्यो। तो ऊँ-नै बाप-सूं कही-कै देखो मूं अतरा बरसां-मूं था-की सेवा कर-र्‌हियो छूं अर था-को क्यियो म-नैं कदी नैं टाल्यो। फेर भी था-नैं म्है ईं एक उरणो भी न्ही दियो कै म्हूँ म्हारा भाइलूं-नैं गोठ तो देतो। परन्तु यो था-को बेटो जो भगतणां गोडे रहर आप-को सारो धन वगाड-नांख्यो। ऊँ-का आता-ही था-नैं रसोई करी। जिन-पे बाप बोल्यो कै अरे बेटा तू-तो म्हारे गोडे सदीव र्‌हियो-छै, अर जो-कुछ म्हारै गोडे छै सो थारो-ई जाण। परन्तु कुसी करवो अर राजी होवो जोग छै कारण यो थारो भाई मर-गियो-छो सो फेरूं जियो-छै अर गम-गियो-छो सो फेरूं पायो-छै॥

नमूना संख्या ३२ हाड़ोती

एक सहर-में दुरबळ बरामण छो। वो रोजीना कण भिगश्या कर-के आप-का उदर-पुरणा करे-छो। एक गाँव-मे जावे तो-भी तीन सेर बेकरडी आवे। दो गाँव जावे जब-भी वो-ही आवे। ओर ऊँ बरामण-के एक लडकी कुँवारी-छी। जब बरामण-की अस्त्री-ने कही के म्हाराज आपणो भाग-तो ईं मुजब-छे ओर ईं कन्या-का पेळा हात काँई-सूँ कराँगा। जब बरामण बोल्यो अब मू काँईं करूँ। एक गाँव जाऊँ तो-भी तीन सेर बेकरडी मिळे ओर दो गाँव जाऊ तो-भी वो-ही मिळे। म्हारा सारा-की काँईं बात छै। बरामण-की अस्त्री बोली म्हाराज याँ-सूँ काँईं भी उद्दम न होवे। ओर उपाइ करणो चाहिये। म्हनत करो जब सब कुछ हो। रगर म्हनत कुछ न्ही हो। भोत झगड़ो मचो। भोत दगो कर्यो। जब बरामण-के-ताँईं गुस्सो आयो। बरामण घर-सूँ नीकळ-कर परदेस-मे चाल्यो। बीस कोस-पर जार बचारी के कठी चालाँ। पाछे गेळा-मे बग्ड आई। वाहाँ एक सुन्दर बगीचो ओर बावरी देखी। वाहाँ एक जोगी-राज तपस्या कर रिहृया छा। अर वा-ने समाद चडा-रखी-छी। बरामण-ने बचारी के अब कठी चालाँ। अब तो सत-जन मिळ-गिया। याँ-की सेवा कराँगा। भगवान खाबाई भी देगो। जब या बचारी बरामण असतान बुहार-कर सादू-की सेवा-में बेठ-गियो। जब सेवा करता भोत रोज हो-गिया जब सादु-जी-की पळक ऊगड़ी। जब बरामण-सूँ कही के बरामण तू माँग। म्हा-की सेवा करता तेइँ घणा दन हो-गिया। जब बरामण-ने कही म्हाराज काँइँ माँगूँ। म्हारे एक कुँवारी लडकी छै अठारा बीस बरस-की जी-का पेळा हाथ न्ही हुवा। सो म्हारा घरवाळी-के ओर म्हारे लडाई हो-गई। जब म्हूँ चळ्यो आयो। क्ँकी म्हारे पास काँईं भी सरतन ने छो। जब संत-जन-ने फरमाई के ये चुंथी कागद-की तू ले-जा ओर सहर-मे जार बेच-दीजे। जादा लोभ तो कग्जे मती। अर कन्या-का पेळा हो-जा वे उतना-सा रूप्या ले-काडजे। अर ऊँ चुँथी-मे या बात लिखी छी के

होत-की बेण कु होत-को भाई।
पीर बेटी नार पराई॥
जागे सो नर जीवे।
सोवे सो नर मरे।
राम राखे सो आनद करे॥

जब यो चुंथी लेर बरामण सहर में गियौ। एक साहुकार-का लड़का-सूँ जार कही के ये चुंथी आप ले-खाड़ो ओर मेइँ दो सो रूप्या दे-खाडो। सो

साहुकार-का कुँवर-ने ऊँ चुँथी-मे सीख-की वार्ता मँडी देखर दो सो रूप्या तुरत दे-खाड्या । ओर चुँथी ले-खाड़ी । ओर बरामण रूप्या लेर कन्या-को व्याव वाँ रूप्या-से कर-दीनो ।।

हाड़ौती (सिपाड़ी)

कोटा के पश्चिम भाग मे शाहाबाद का परगना स्थित है जो हाल ही मे झालावाड से कोटा मे मिला दिया गया है । शाहावाद एव उसके पूर्व स्थित दक्षिण स्थित ग्वालियर के प्रदेश मे भाषा ऐसी मालवी है, जिसमे पडोस की हाड़ौती एव बुन्देली का मिश्रण होया हुआ है । शाहाबाद के दक्षिण मे थोडी सी दूर टोंक अधिकृत छावडा परगना है जहाँ की भाषा भी उसके पश्चिम मे स्थित कोटा की हाडौती से मिश्रित मालवी ही है । दरअसल ग्वालियर के उपरोक्त भाग और छावडा के २४००० लोक की भाषा हाडौती ही मानी जानी चाहिये ।

शाहाबाद अधिकाशत: पहाडी प्रदेश है इसलिये वहाँ की मिश्रित मालवी-हाडौती स्थानीय अचलो मे डगियाई या ढडेरी कही जाती है ।

शाहावाद के उत्तर मे ग्वालियर राज्य का शिवपुरी परगना है । यहाँ की भाषा भी सन्निकटस्थ कोटा की तरह हाडौती ही है परन्तु उसमे पडौस की बुन्देली और डाँगी का मिश्रण है । ग्वागियर के लोग इस प्रकार की हाडौती को 'श्योपुरी' कहते है; कौर कोटा वाले इसे 'सिपाडी' नाम से पुकारते है । सभवत: यह नामकरण पास के प्रदेश मे वहती चबल की एक शाखा सिप' नदी के कारण हो सकता हे ।

'सिपाडी' या 'श्योपुरी' के नमूने मे ग्वालियर राज्य से प्राप्त एक छोटी सी लोककथा दी गई है । नमूने को दखने से पता चलेगा कि भाषा का कलेवर मुख्यत: हाडौती का है । बुन्देली से लिये हुए रूप भी मिलते है, यथा, हो या छो=था; हूँ या छूँ=मैं हूँ । बच्चन-कूँ'=वच्चो को । का तिर्यक् वहुवचन रूप और परसर्ग-कूँ दोनो डाँगी से लिये हुए है ।

संख्या ३४

हाड़ौती (सिपाड़ी) ग्वालियर राज्य

एक सुआड्यो और एक मुआडी एक ठोर रहवो करै-हा । एक दिन वाँ-कूँ प्यास लागी । जद सुआडी-ने सुआड्या-सूँ कही पाणी पीवा चालाँ । तू कहाण्याँ भी जाणै-है । वहाँ एक नाहर-की आँदर है । तू कोई कहाणी जाणतो-होवे तो आपण पाणी पियाँ । हूँ प्यासी मरूँ-छूँ । या कहर वे पाणी-की ठोर पै गया । वहाँ-जार सुआड़ी-ने पूछो तू कोई कहाणी जाणै-है । ज्यूँ-ही वे पास आया

नाहर-ने वाँ-कूँ देखि-लिया। जद सुग्राड्या-ने कह्यो हूँ तो सारी बाताँ भूल-गयो। सुग्राड़ी-ने कह्यो ऐ सुग्राळ्या यहाँ ऊभो क्यूँ रह-गियो। पाणी पीर लायक काका कूँ सलाम कर। सुग्राड़्यो झट पाणी पीवा-लाग्यो अर जद पाणी पीर वाय-गियो ऊँ-ने नाहर-कूँ सलाम करी। फेर सुग्राडी-की ग्राड़ी देखर ऊँ-ने ऊँ-सूँ कही कि तूँ कई झाँकै है। तू-भी पाणी पीर आपणा काका-कूँ सलाम कर। जद सुग्राडी पाणी पी-चुकी ऊँ-ने नाहर-सूँ कही के म्हाँ-की जाग-ने चालो। वहाँ म्हारे दो वच्चाँ है। यो सुग्राड़्यो तो कहै-है ये म्हारा-है। अर मै कहूँ-हूँ ये म्हारा है। जी-सूँ थे चाल-कर वाँ-की दो पाँती पाड़-दो। जद नाहर-ने ग्राप-का मन-में वचारी कै हूँ याँ चाराँ-ने खा-जाऊँगो। अब वे वहाँ-सूँ उलटा वावड्या अर घर-ने ग्राया। तो सुग्राडी-ने ग्राप-का सुग्राड़्या सूँ कही कि तू भीतर जार दोतूँ बच्चान-कूँ वारे ले-ग्रा। नाहर पाँती पाड़-देगो। सुग्राड्यो डर-की मारी वारे नही कड्यो। मैं ने-ही रियो। जद सुग्राड़ी वोली मैं बच्चान-कूँ लाऊँ-हूँ। या कहर वा-भी जा-घुसी। वारे ग्रकेलो नाहर ही ऊभो रहवो कर्यो। पाछै सुग्राडी-ने ग्राप-की नाड ग्राँदर-मे सूँ वारे काडर नाहर-सूँ वोली बावा म्हाँ-को राजी-नामो हो-गियो। एक बच्चो तो सुग्राड्या-ने ले-लीनो ग्रौर एक म-ने। नाहर उलटो डाँग-मैं चळो-गयो। ईं तरह वे बच-गिया। ग्रौर नाहर-कूँ वाताँ-मे लगार वाँ-ने पाणी पी-लियो॥

मेवाती

मेवाती के दो नमूने काफी हैं। एक तो 'उडाऊ वेटे की कथा' का अनुवाद ग्रौर दूसरा एक लोककथा का ग्रश। दोनो जयपुर राज्य के कोटकासिम स्थान से लिये हुए हैं ग्रौर लेखक को श्री० जी० मैकेलिस्टर के सौजन्य से प्राप्त हुए है।

संख्या ३५

मेवाती | पहला नमूना | जयपुर राज्य

कही ग्रादमी-कै दो वेटा हा। उन-मैं-नैं छोटा-नैं ग्रपणा वाप-तैं कही बावा धन-मैं-तैं मेरा बट-को ग्रावै सो मूँ-नै वाँट-दे। वैं ह-नै ग्रपणाँ धन उन-नै वाँट-दीयो। घणा दिन जाँह हुया जब छोटो वेटो सब धन ले-कर पर-देस-मैं चळ्यो-गयो। ग्रर उत जा-कर सब धन कुगैलै चळ-कर बिगाड-दीयो। जब वैं ह-नै सारो धन बिगाड-दीयो जब वैं ह देस-मैं भौत भार्यो काळ पड्यो ग्रर वो कंगाळ हो-गयो। वो गयो ग्रर वैं ह देस-का रहण-वाळा था उन-मैं-तैं एक-कै रह्यो। वो वैं ह-नै ग्रपणा खेताँ- मैं सूर चरावण-नै खँदायो। जो वरछा सूर खाय-हा उन-तैं वो ग्रपणाँ पेट भरण-नै राजो थो। कोई ग्रादमी वैं ह-मैं नै कि वी नाँयें

देतो । जब वैंह-नै सुरत आई उन कही मेरा बाप-का नौकराँ-नै रोटी घणी अर मैं भूको मरूँ हूँ । मैं उठूँगो अपणा बाप-कै कनै जाऊँगो अर वैंह-नै कहूँगो बाबा मैं ईसुर-को पाप कर्यो अर तेरो पाप कर्यो अर तेरो बेटो कहण लायक नायँ । तेरा नौकराँ-मैं मूँ-नै बी राख-ले । वो ऊठ्यो अर अपणा बाप कनै आयो । वैंह को बाप वैंह-नै दूर-ही तैं आवतो देख्यो । जब वैंह-नै दया आई । जब दौड-कर गळै लगायो अर वैंह-नै चूमण चाटण लागयो । बेटै वैंह-नै कही बाबा मैं ईसुर-को पाप कर्यो अर तेरो पाप कर्यो अर तेरो बेटो कहण लायक नायँ । पर बाप नौकराँ-तैं कही आछ्या-तैं आछ्या कपडा ल्यावो अर वैंह-नै पहरावो । वैंह-का हाताँ-मैं गूँठी पहरावो अर पागाँ-मैं जोडो पहरावो । हम खाँ पीवाँ अर खुसी कराँ । क्यूँ यो मेरो बेटो मर-गयो थो जो फिर कै जीयायो है । जातो-रह्यो थो सो पा-गयो । अर वै खुसी करण लागया ।

वैंह-को बडो बेटो खेत-मैं हो । वो आयो अर घर-कै नीडै आयो जब वो गावणू, बजावणू और नाचणू सुण्यूँ । वैंह नौकराँ-मैं-तैं एक बुलायो अर वैंह-नै पूछो यो के बात हो-रही है । उन वैंह-तैं कह्यो तेरो भाई आयो है अर तेरै बाप-नै जाफत दई-है क्यूँ वो वह-नै राजी खुसी आँण मिळ्यो । वोह छोय हो गयो । अर भीतर नाँह गयो । जब वैंह को बाप बाहर आयो अर वोह मनायो । उन जुवाब कह-कर अपणा बाप-नै कह्यो देख इतना बरसाँ-तैं मैं तेरी सेवा करूँ-हूँ कदै मैं तेरो कहणू नाँह मेर्यो । तो-बी तैं मूँ-नै कदै एक बकरी-को बच्चो बी ना दियो अक मैं अपणा सायळाँ-की साथ खुसी करतो । पर तैं तेरो यो बेटो आवतैं-हीं जहैं तेरो धन रंडाँ-मैं उडा-दियो वैंह-नै जाफत दई । वोह वैंह-नै कही बेटा तू सदा मेरै साथै-है । जो किमैं मेरै कनै है सो तेरो-ही है । राजी होणू अर खुसी करणू आछो बात है । क्यूँ यो तेरो भाई मर-गयो थो सो फिर-कै जीयायो है । जातो रह्यो थो सो पा-गयो है ।।

संख्या ३६

मेवाती — दूसरा नमूना — जयपुर राज्य

एक हीर हो अर एक कागळो अर एक नाहर अर एक चौंपो ये च्यारूँ अन्ध कूवा-मैं पड्या था । एक राजा सिकार खेलतो डोलै-थो । वैंह-नै लागयाई पिस । वैंही कूवा-पर आयो । कूवा-मैं देख्यो तो च्यार जानवर पड्या-हैं । फेर कागळो बोल्यो कै तू मूँ-नै काढ-ले तो तेरै मांय भीड पडैगी जब मैं तेरै काम आऊँगो । जब राजा-नै वो काढ-लीयो । जब कागळो बोल्यो अक सब नै काढीयो । हीर-नै मत काढीयो । कागळा-नै काढ-लीयो जब-चौंपो बोल्यो कै मूँ-नै बी काढ-ले । मैं तेरै भीड पड्याँ-मैं काम आऊँगो । वैंह नै बी काढ-लीयो । वो बोल्यो हीर-नै

मत काढीयो । नाहार-नै काढ-ले । जब वो वी काढ-लीयो । चौपो वी काढ-लीयो । फेर नाहार बोल्यो मँ-नै बी काढ-ले । कै मैं तो तू-नै ना काढूँ । तू तो मूँ-नै खा-जा । फेर बोल्यो नाहार अक मैं तू-नै ना खाऊँ । तू मूँ-नै काढ-ले । तू-मैं भीड़ पड़ैगी जब मैं तेरै काम आऊँगो । जब तेरै माँयँ भीड पड़ै जब तू मेरै कनै आ जैयो । जब राजा-नै वो काढ-लीयो । जब नाहार बोल्यो अक हीर-नै मत काढीयो । जब हीर बी बोल्यो कै मूँ-नै बी काढ-ले । जब राजा-नै दया आ-गई । वो बी काढ-लीयो । हीर बोल्यो अक भीड पड़ै जब मेरै कनै आ-जैयो तू । च्यारूँ अपणा अपणा घर-नै चळ्या-गया । राजा सिकार खेलर अपणै घर आयो ।

कोईक दिन राजा-नै हो-गया । जब राजा-मैं भीड़ पड़ी । तो राजा नाहार कनै गयो । नाहार पा-गयो वैंह-नै । जब वैंह-नै कडूला तागडी चाँदी का डोरा सोना-का मुरकी सोना-की दई । माल भौत-सो दियो । जब वैंह-नै पोट बाँध दई नाहार-नै । फेर राजा बोल्यो मुज-सैं तो यो बोझ नाँह चळै । नाहार बोल्यो मेरै ऊपर पोट धर-ले । तू बी चढ-ले । थारै गाँव पौंहचा-द्यूँगो । फेर पोट बी धर-लई नाहार ऊपर । अर राजा बी चढ-लीयो । फेर उन-का गाँव-मैं ल्या उतार्यो । जब राजा पोट अपणा घर-नै लीयायो अर नाहार जगळ-मैं गयो ।

फेर दूसरै दिन राजा कागळा कनै गयो । जब कागळो बोल्यो बैठ-जा । मैं तेरै आटैं किमैं ल्याऊँ-हूँ । राजा बैठ-गयो । कागळो गाँव-मैं उड-गयो । एक बैरबानी-नै नथ काढ-कर अर बोरळो सोना-को धर राख्या-था । वो उन-नै ले-कर उडियायो । फेर राजा-नै दे-दई । राजा घर लीयायो ।

दूसरै दिन राजा हीर-कै गयो । हीर-नै बैठा-लीयो । वैंह गाँव मैं रोजीना आदमी-की बळ लीयो-करतो भैयों घर गैल । जैंह दिन वैंह-हीं-को ओसरो थो हीर-को वळ-को । राजा-नैं रसोई जिमाई अर किंवाडाँ भीतर कोठा-मैं मूँद-दीयो अर साँकळ लगा-दई । फेर हीर गाँव-मैं गयो कै जलदी चालो म्हारै एक आदमी आ-गयो है वळ मैं द्यांगा । जब सब आ-गया । मैंयाँ-पर जोत कर दई । कढाँयँ लीयाया अर वैंह राजा-नैं वी पकड ल्याया । हात-पाँव बाँध-कर पटक-दीयो अर भाटा-कै छुरी पैनाँवण लाग-गया ।

जो वो कागळो वैंह-को भायळो थो वो उड-रह्यो थो । वैंह-नै देख्यो तो उड-कर नाहार कनै गयो । नाहार-नै बोल्यो कै राजा तो हीर कनै चळ्यो-गयो । वैंह-नै तो भैंया-की ब्ळ-मैं दैंगा । त्यारी हो-रई है । जलदी चाल अर चौपा-नै वी ले-चाल । फेर चळ-दीया अर चौपा-नै साथ ले-लीयो । तो तीनू मनसूबो करण लाग्या कै कागळा तू के करागो । कै मैं मैंयाँ-की जोत-का-माँयँ-तैं बाती ले-कर गाँव-मे पूर द्यूँगो । सगळा आदमी गाँव-में भाग-जाँयँगा । कोई पान च्यार

डटैंगा । कागळो नाहार-नै बोल्यो तू के करागो । कै पान च्यार रहैंगा उन-नै मैं खा-ल्यूंगो । मैं बी भूको मरूं हूं । फेर नाहार-चौपा-नै बोल्यो तू के करागो । कै मेरे ऊपर तम चढा-दीयो । मैं ले-कर भाग-जाऊंगो । कनै-ही जा पौंहच्या । जब राजा-की नाड-पर छुरी धरी अर कागळो बाती ले-कर गाँव-में पूर दई । जब गाँव-में आदमी भाज-गा आग-नै देख-कर । तीन आदमी रह्या । जिन-नै नाहार खा-गयो । चौपा-पर चढा-दीयो । चौपो ले-कर भाग्यायो । फेर नाहार अर कागळो बी भाग्याया । राजा-नै राजा-कै घर घाल्यो । वै अपणे घर गया ।

अहीरवाटी

अहीरवाटी के दो नमूने दिये गये है । एक देवनागरी लिपि मे है जो उडाऊ बेटे की कथा का अनुवाद है और गुडगाँव से मिला है । दूसरा फारसी अक्षरो मे लिखा है (फारसी का हिन्दी रूपातर ही दिया है); वह रोहतक की भज्जर तहसील की मिश्रित बोली का उदाहरण है ।

संख्या ३७

अहीरवाटी पहला नमूना जिला गुड़गांव

एक सकस-के दो बेटा था । उन-माँह तैं छोटनो बाप-तैं बोल्यो अक बाबा-जी माल-को बट जो मूं-नैं दीगू होय सो दे-दो । जब ऊ-नें वो माल-को बट जिस तरह कह्यो थो उसी तरह बाँट-दियो । थोडा दिन पीछे छोटो बेटो मगळो माल जमा कर-के पर-देसाँ-नें चळो-गयो अर उठै अपणू धन बद-चळनी-में खो-दियो । जब सब खरच कर-चुक्यो और वँह देस-में बडो काळ पड-गयो अर वोह कगाल हो-गयो तो वठै-ही वँहीं देस-का भागवान जिमीदार-के जा लग्यो । उन वोह अपणा खेत-में सूर चरावणा-नें भेजो । अर उन चाही के उन छोळकाँ-तैं जो सूर खाय-था उन-तैं अपणो पेट भरै । क्यूंके वँह-नें कोई किमैं नाह दे-थो । जब सुरत सभार-के कही अक म्हारे घरी कितनाँ-ही मिहिनतियाँ-नें रोटी सै अर मैं भूखो मरता डोळूं सूं । मैं उठ-के अपणा बाबा-जी कनै जाऊंगो अर उन-तैं कहूंगो कि म-नें धणी-को और तुम्हारो अलबत खोट कर्यो सै अर इब मैं इसो ना रह्यो कि फिर तेरो बेटो कहाऊं । अर इब तू मूं-नें अपणा मिहिनतियाँ-की तरह-ही राख-ले । जब उठ्या-तैं अपणा बाप पाहने चळ दियो । और वो अभी दूर थो अक देखताँ-ही वँह-का बाप-नें महर आ-गई । और भाज-के अपणे गले लगा-लियो और वोहत प्यार कियो । बेटा-नें कही अक बाबा-जी हमीं धणी-को और तेरो अलबत खोट कर्यो-सै । इब मैं तेरो बेटो कहावणा लायक ना रह्यो । वँह-को बाप अपणा मिहिनतियाँ नें बोल्यो अक अच्छा-तैं अच्छा कपडा अँह-नें पहराय-दो । अर अँह-का हाथ-में गूंठी और पावाँ-में जोडी

पहराय-दो। अर हम खाँह अर खुमी करांगा। क्यूँके मेरे लेखे मेरे बेटा-नें फिर-के जन्म लियो-सैं। खूयो पायो-सैं। जब वो चाव-चोचळा करण लग्यो।

वँह को वडो बेटो खेत-में थो। जब घर-के बीडे आयो गाजा वाजा नें सुण-के अपणा एक मिहिनती-नें बोल्यो कि, यो के सैं। उन कही के तेरो भाई आयो-सैं और तेरा बाबाजी-नें बडी खातर-दारी करी-सैं न्यूँ-अक वँह-तैं राजी-खुसी आ मिळ्यो। वोह छोह हो-कर भीतर नाह गयो। वँह-का बाप-नें वां बाहर आ-कर-के मनायो। उन अपणा बाप-तैं कही अक देख मैं इतना बरस-तैं तेरी टहल करूँ-सूँ अर कदी तेरो कह्यो ना गेर्यो-सैं मल तैं कदी मूँ नें एक बकरी को बच्चो ना दियो जँह तैं मैं भी अपणा पिआरा ढब्बियाँ की खातर करतो। इब जब-तैं तेरो यो बेटो आयो अर इन तेरो सगळो घन किसबणाँ ने खुवा-लुटा दियो तम्ही-नें वँह-की बोहत खातर करी। उन वँह-नें कही बेटा तू सदा-तैं मेरे धोरे सा। किमैं मेरो तेरो दो नाही सैं। तू-नें बी चाव करणो थो अक तेरा इन भाई-नें फिर-के जन्म लियो-सैं। अक खूयो और फिर मिळ्यो सै-गो।

आगे दिया हुआ नमूना रोहतक के दक्षिण स्थित झज्जर तहसील से लिया हुआ है। यह एक लोककथा है जिसमे अहीर (प्राय: 'हीर' कहे जाते) लोगो के प्रसिद्ध लालची एव स्वार्थी स्वभाव का दिग्दर्शन कराया गया है। एक अहीर अपने दामाद को मुँहमाँगी वस्तु देने का वचन देता है पर जब दामाद एक बहुत क्षुद्र सी वस्तु माँगता है तब अहीर दुनिया भर के मिस निकाल कर टालमटोल कर जाता है।

रोहतक वाला नमूना फारसी लिपि मे लिखा हुआ है।[1] नमूने से रोहतक जिले मे प्रचलित अहीरवाटी बोली के मिश्रित रूप का आभास मिलता है। पहला वाक्य 'एक अहीर दूरवाळो पडो थो', शुद्ध अहीरवाटी मे है परन्तु दूसरा ही वाक्य 'उस-का जमाई बेरे-नै आया' उतनी ही शुद्ध बाँगरू मे है। इसी प्रकार सारे नमूने मे बाँगरू और अहीरवाटी के रूप अगल-बगल मे, प्राय: एक ही वाक्य मे मिलते हैं। कही-कही अहीरवाटी रूप 'बोल्यो' की जगह 'बोलो' मिलता है तो कभी-कभी 'बोला' की तरह के बाँगरू रूप मिल जाते हैं। स्थानीय विशिष्टताओ मे केवल भूत-कृदन्त रूप मे से य-कार का लोप (उदा० 'बोल्यो' के बदले 'बोलो') देखने मे आता है। यह विशिष्टता पूरे रोहतक जिले मे मिलती है। एक जगह प्रथमारूप 'यो'=यह की जगह तिर्यक् 'ऐह' का प्रयोग मिलता है।

---

१. मूल फारसी मे लिखे हुए नमूने का देवनागरी रूप यहाँ दिया गया है।

—सपादक

एक अहीर दुरवाळो पड़ो थो। उस-का जमाई बेरे-नै आया। जिस दिन वोह आया अहीर-कै माडी-माडी ओत हो-रही-थी। हीर अपने भाई-से बोलो कि ऐंह लाल-पगडी वाळो कौसा वैठो सै। वोह बोलो तेरो मेहमान सै। कि कौण-सो सै। यो सै जै-काळी-कै घर-वाळो। वोह हीर बोला कि तू जै-काळी-कै घर-वाळो सै। कि हाँजी। तो वीरा मेरै आज ओत हुई-मै। त कुछ माँग। हीर-का जमाई बोलो कि बीरा तू जी-को कड्डो सै। मैं माँगूँगा सो ना देगो। वोह बोला कि नाह कै-तराह दूँगो। मेरे मरते-के मुँह-तईं निकळ-गई। हीर-के जमाई-नै कहा कि जी तम दो तो मैं-ने वोह चौसँग जेळी लटक-रही वोह दे-दो। हीर बोला कि तू बडो सोहन्नो कि या जेळी तीन तीन चन्द-कै पोरी गैल जैंह-ने इकीस बरस घरे-घरे हो-गयो मेरे काका हुकमला-के हाथ-की मेरे कालजे-की कोर जैंह-पर तीन तीन बियाँह बिगडाँ-सै। तैं-नै कै-तरह दे-दूँ। •

मालवी

हमने दो नमूने स्टैण्डर्ड मालवी के और दो रॉंगडी के उद्धृत किये है। ये मध्यभारत के इन्दौर राज्यान्तर्गत देवास रियासत मे मिले हुए है। इनमे से दो 'उडाऊ बेटे को कथा' के अनुवाद है। रॉंगडी का दूसरा नमूना राजपूत वीरता की परिचायक एक वार्त्ता है और मालवी वाला दूमरा नमूना विवाह के अवसर पर गाया जाता लोकगीत है।

संख्या ३९

मालवी | पहला नमूना | देवास राज्य छोटी पांती

कोई आदमी-के दो छोरा था। उन-मे-से छोटा छोरा-ने ओ-का बाप-से कियो के दाय जी म्ह-के म्हारो धन-को हिस्सो दे-लाख। ओर ओ-ने उन-मे अपना माल-ताल को वॉंटो कर-दियो। फिर थोडा-ई दिन में ऊ छोटो छोरो सब अपनी माल-मत्ता एकट्ठी करी-ने कोई एक दूर देस-में चळ्यो-गयो। ओर वॉं चेन-में रै-ने ओ-ने सब अपनो धन उडै-दियो। सब खरच हुआ-पर उना देम-में भोत बडो काळ पड्यो। ओर ओ-के खावा पीवा-की भोत अडचन पडवा लागी। जदे उना देस-में कोई-एक आदमी-के पास जै-ने रियो। ऊ आदमी ओ-के सूडला चरावा-के अपना खेत-में भेज्या करे। ओर सूडला जो काई फोतरा खाता-था ओ-के उपर-ज ऊ खुमी-से रेतो। पन ऊ-बी ओ-के कोई-ने दियो-नी। जदे ऊ सूद-में आयो तो केन लग्यो म्हारा बाप-के घरे तो मुकता-ज मेनत मजूरी करवा-वाळा-के बी पेट भरी-ने बचे इतरो खावा-के मिळे। ओर हूँ यॉं भूक-से मरूँ। अब यॉं-से हु उठी-ने बाप-के वॉं जै-ने कूँगा के दाय-जी हूँ तमारो ओर भगवान-को गुनागार हूँ ओर ए-के उपरॉंत हूँ थारो छोरो केवावा-के लायक नी रियो। म्हारी गिनती तूँ अपनो नोकर-में कर। फिर ऊ वॉं-से उठी-ने अपना बाप-के पास आयो। ओ-का बाप-ने ऊ दूर छेटीये होते-ज ओ-के देख्यो ओर ओ-के दया आई ओर भाग्यो ओर ओ-के गळा-से चोटाई-लियो ओर ओ-के मट्टी दी। फिर उवा छोरा-ने ओ-का बाप-से कियो के दाय-जी हूँ भगवान-को ओर तमारो गुनागार हूँ ओर हूँ तमारो छोरो केवावा-के लायक नी हूँ। पन बाप-ने ओ-का नोकर-होन-मे कियो के एक भोत अच्छो अगो लाव ओर ए-के पेराव ओर ए-का हाथ-में अँगूठी पेराव ओर पग-में जूतो पेराव। ओर आज जीमी-चूठी-ने बडो हरक अपन मनावागा।

वोयके म्हारो यो मर्यो हुश्रो छोरो आज जीवतो हुश्रो। यो खोवई गयो-थो पन फिर मिळ्यो। जदे वी वडो हरक मनावा लाग्या।

अब ओ-को वडो छोरो खेत-में थो। और जदे ऊ चळयो और घर के पास आयो ओ-के नाचवा-को और गावा-को आवाज सुनानो। फिर ओ-ने नोकर-होन-मे-से एक-के बुलै-ने पूछ्यो इन बात-को अरथ कैं है। फिर ओ-ने कियो-के थारो भाई आयो-हे और थारा बाप-से ऊ खुसी-मजा-में मिळ्यो जे-से ओ-ने मेल दीवी-है। फिर ओ-के घुस्सो आयो। और घर-में जावे-नी। जे-ते ओ-को बाप बाहेर ऐ-ने ओ-के समजावा लाग्यो। पन ओ-ने औ-का बाप-से कियो के देख हूँ थारी इतरा वरस-से सेवा करूँ हूँ और थारो म-ने कोनो कदी बी उलाँग्यो-नी। ऐसो होते बी थ-ने म्ह-के म्हारा मितर बरावेर चेन करवा-के वास्ते कदी बी बकरी-को बच्चो दियो नी। और जे-ने थारो माल रामजनी-के साथ उडा-दियो उवा छोरा-के वास्ते सेल दीवी। फिर ओ-ने ओ-से कियो के बेटा तू हमेशा म्हारे-ज पासे रे-हे। और जो कईं म्हारे पास हे ऊ सब थारो-ज है। यो थारो भाई मर्यो थो और पाछो जीवतो हुश्रो। खोवाई-गयो-थो और पीछो पायो। ए-के वास्ते अपन-ने हरक वतानो यो जोग है।

सख्या ४०

मालवी दूसरा नमूना देवास राज्य, छोटीपाती

पेलो पेर मन्ने न्हावत धोवत लाग्यो वो मारू-जी।
कैं दुसरो कैं दुसरो सीस गुथाँवताँ मारू-जी।
कैं तीसरो कैं तीसरो वालू-डा समजावताँ मारू-जी।
चोथो पेर रसोइ निपाताँ लाग्यो वो मारू-जी।
पाँचमो पेर नाथ जिमावताँ लाग्यो वो मारू-जी।
छट्टो पेर मन्ने सेज बिछाताँ लाग्यो वो मारू-जी।
सातमो पेर मन्ने सार खेलताँ लाग्यो वो मारू-जी।
कैं आठमे के आठमे बोल्यो वेरी कूँकडो मारू-जी।
कैं तो-ने सोक सताप्यो रे कूँकड-ला।
कैं म्हारी कैं म्हारी रत मे बोल्यो रे कूँकड-ला।
डाल डाल मिनकी फिरे मारू-जी
कैं पत्ते कैं पत्ते वेरी कूकडो मारू-जी
कच्चो दूद पिलाऊँ वो मिनक-डो
कैं कूँकड कैं कूँकड मार भगाव वो मिनक-डी।
आँगन ढोल वजाव वो मारू-जी
आँगन गोद गवाव वो मारूजी
कैं कूँकड कैं कूँकड मार हुवा वदावना मारू-जी।

मालवी (राँगड़ी) पहला नमूना देवास राज्य, छोटी पाँती

कोई एक आदमी-के दो कवर था। वरा-मे-सूँ छोटा लडकाए वरगी-का पिता-ने कयो के भाभा-जी म्ह-ने म्हारा धन-को बाँटो दे-काडो। फेर वणीएँ वरगाँ-का धन-को बाँटो वरगाँ-मे कर दियो। फेर थोडा-ज दना-मे वरगी छोटा लडकाएँ सब आपणो धन एकट्ठो कर-ने कठेक दूर देस-मे चळ्यो गयो और वठे चेन-सूँ रै-ने वणीएँ सब आपणो धन उडाय दियो। फेर जो ई-के पास थो ऊ सब खरच कर-दियो फेर वरगी देस-मे एक बडो भारी काळ पड्यो और वरगी-के खावा-पीवा की बडी अडचन पडवा लागी। जद ऊ वरगी देस-मे कोई एक आदमी के पास जाय-ने रह्यो। वरगी आदमीएँ वी-ने सूर चरावा-के वास्ते आपणा खेत पर भेज्यो। और सूर जो कोई छोतरा खाता-था वरगी-रे ऊपर-ज ऊ खुसी-सूँ रेतो। परग वी-भी वी-ने कणीएँ नही दिया। जद वी-ने सुद्ध आवी वरगीएँ कयो के म्हारा पिता-रे घरे तो म्हेनत मजूरी करवा-वाला-के-ई पेट भरी-ने बचे इतरो खावा-ने मिळे-हे। और हूँ भूखा मरूँ हूँ। अबे अठा-सूँ उठी-ने हूँ पिता-के वठे जाऊँ ने कहूँगा के भाभा-सा हूँ आप-को ने भगवान-को अपराधी हूँ और आप को लडको बाजवा-के लायक नी रह्यो। म्हारी गिणती आप आप-रा नोकराँ-मे करो। और ऊ वठा-से उठी-ने आपणे पिता-के पास आयो। परग वी-का बापें वी-न दूर-से आवतो दीख-ने वी-ने वरगी-की दया आयी और दोडतो हुओ जाय-ने ऊ वरगी-क गळा लाग्यो। और वरगी रो मूँह चूम्यो। और वरगी लडकाएँ आपणा पिता-ने कही के भाभा-सा हूँ भगवान-को ने आप-को अपराधी हूँ और हूँ आप-को लडको केवावा-के लायक नी हूँ। तो-भी वरा-का पिताएँ आपणा नोकराँ-ने कह्यो के आछी अ गरखी लाव और ई-ने पहेराव। ई-का हात-मे बींठी पहेराव और ई-का पग-मे पगरखी पहेराव। आज जीमी चुठी-ने आछी हरख खुसी कराँगा। कारण के म्हारो यो मर्यो-थको लडको जीवतो व्हयो। खोवाई-गयो थो परग पाछो मळ्यो। जदी वी बडो हरख मनावा लागा।

अब वरगी-को बडो लडको खेत-पर थो। चळता-चळता ऊ घर-के नजीक आयो तो वीने वठे नाचवा गावा-को अवाज सुणाणो। और वरगीएँ एक नोकर ने बुलाय-ने पूछ्यो के आज यो काँई है। जद वरगीएँ वरा-के कयो के थारो भाई आयो-है। और थारा बाप-ने ऊ खुसी-मजा सूँ मळ्यो अरगी-के वास्ते या मिजमानी दिवी-हे। जद वी-ने रीस आवी और घर-मे जावे नही। ऊ-सूँ वरगी-को बाप बाहर आवी-ने वी ने समजावा लाग्यो। परग वरगीएँ वी-का बाप-ने कियो के देखो हूँ थाँ-की इतरा बरस-सूँ सेवा करूँ-हूँ। और थाँ-को केणो म्हें कदी भी लोप्यो नहीं। असी व्हेता भी थाँएँ म्ह-ने म्हारा हेतू-सोवत्या-के बरोबर

आराम-चेन करवा-के वास्ते कदो बकरी-को बच्चो भी दीधो नहीं । पण जणीए थाँ-को वन रामजण्याँ-की गेल-मे रै-ने उडाय दिया वणी लडका-के वास्ते लोकाँ-ने जीमाडो-हो । जद वणीए वणी-ने कयो के बेटा तूँ सदा म्हारे पास रेवे-है । ओर जो काँई म्हारे पाम हे ऊ सब थारो हे । यो थारो मर्यो-थको भाई आज तने जीवतो मळ्यो । ओर गम गयो-थो ऊ पीछो पायो । अणी-के वास्ते आपा-ने हरख सुमी करणो जोग्य है ।

सख्या ४२

मालती (राँगडी) दूसरा नमूना देवास राज्य, छोटी पाँती

आडावल-का पहाड-में श्री दरबार-के इलाके जूडामेरपुर नामक-ने हजार २०/२५-की पेदाम-को ठकाणो है । जठे एक चारण आय-ने हजार दो अडाई-की दातारी पाय-ने पाछो जावा लागो । जद गेला-मे गिरासियाँ मेर मीणा ओर भीलाँ-का डर-सूँ ठाकर-ने अरज करवा-सूँ एक पडियार सरदार-ने ठाकर ई-की लार दीनो । आगे गिरासाये या-ने लूटवा-के वास्ते घेर्या ।

चारण राव सावू आम्हण लुगाई ओर एकना दोकला दिवाली-बन्द-ने राजपूत गिरामियो लूटे नहीं । परत गिरामिया भील मीणा था । ये-भी चारण राव-ने लूटवा-को विचार राखे-हे । परत आप खास राजपूत व्हे-ने दुसमना-के आगे डर-ने आपणी जात चारण बताय-ने लडाई-सूँ बच-ने जीवा-को लोभ करणो या वात निंदित समज-ने जो जाप्ता-के वास्ते आयो-थो वो सरदार भी या वात आरी करी नही । आखर झगडो हुओ । पडियार सरदार-का हात-सूँ बारा आदमी खेत पड्या । एक-रा हात-री तरवार-वार लागवा-सूँ पडियार-रो मायो भी घड-सूँ अलग हुओ । पर कवच रण-में रूप-रयो । ओर सत्रू पर प्रहार करवा-सूँ अबकी वार तरवार भी टूट पडी । तो कटार खेच-ने कवधए दोड-ने कुछ दूर जाय आपणा दुसमना-ने मार नाख्यो । ओर फेर उठा-सूँ पलट-ने जठे आप-को मायो कट पड्यो थो वटे आय-ने गोडी गाल-ने वेठ गयो । कटारी-ने अ गरखी-की चालके पल्ले बाहरी बगले पूँछ-ने म्यान-मे कीवी । ओर फेर आप-रा तुरत-रा निकल्या हुआ रक्त प्रवाह-सूँ मृत्तिका-रा पिंड कर-ने आप भी माथा रे पास सरीर छोड्यो । या सब वात ऊ चारण अलग ऊभो ऊभो देख-रह्यो-थो । राजपूत मार्यो गयो परत चारण-रो माल बच-गयो ।

यो अठा-सूँ चाल-ने आगे सिरोही इलाके खींवज नामक देवडा चाहुवाण सरदार-के ठकाणे जाय-ने जो हुई थी मो सारी वात कही । तो ठाकर हर-बम-जीए या वात सुण-ने उण मरदार-का घणा वाखाण कीधा ।

या वात कवर नरपाल-देव-जी मुण-ने आप ऊँ-ज वखत पिना-की कचेरी-में आया ओर पूछी । तो चारण फेर सब वात कही । मो मुण-ने कवर-जीए

कही के माथो कट्या केडे कवंध सत्रू-ने मार-ने पाछे माथा नखे आय-ने अजाबी-की चाल-सूँ कटारी माँज-ने म्यान-मे कीधी सो तो ठीक। परतु कटार अंगरखी की चाल-के भीतर-के पल्ले माँजी के बाहर-के पल्ले। जो बाहर-के पल्ले पूँछी तो फेर ऊँ-मे काँई है। या बात कवर-जी-की सुण-ने नादानी जाण-ने सब हसवा लाग्या। एक सूर बीर सरदार-की बहादुरी-में कोई तरे-सूँ आप पंडे बीरताई-को घमंड राख-ने कुटिलता-सूँ न्यूनता बतावणी या वात ठाकर-साब-ने भी आछी नी लागी। आप कह्यो की सुणो-जी कवर-जी बाहर भीतर-को पल्लो काँईं करे। ऊँ राजपूत तो जो करी सो घणी-ज आछी करी। ओर मायले पल्ले कटारी माँजवा-की या बताई तो अब थाँ कोई रजपूती करो। जद करजो जद जाणाँगा की ठीक है। ऊँ-सूँ तो जो वणी सो कर दिखाई। कवरजीए पिता-का मूँडा-सूँ असा करडा वचन सुण-ने वणी-ज वखत पिता-के रूबरू इसो पण कर्यो की तीस बरस-की उमर हुआ केडे एक महीनो भी आगे नही जीवणो। ओर उण पडियार सरदार-की तरह-सूँ झगडो कर-ने माथो कट्या पाछे तरवार चलाय-ने माथा-रे पास आय-कर मायेला पल्ला-सूँ कटार म्यान-में कर-ने पाछे खेत पडणो।

कोटा एवं ग्वालियर की मालवी

मालवी इन स्थानो मे बोली जाती है: कोटा राज्य के दक्षिण-पूर्व एवं पूर्व मे (शाहाबाद परगना मे); टोंक अधिकृत कोटा के पड़ौस के छाबडा परगना में, कोटा की पूर्वी सीमा पर भोपाल राज्य के उत्तरस्थित ग्वालियर के प्रदेश में।

झालावाड के उस हिस्से को छोडकर जो हाल ही मे कोटा में मिला दिया गया है, मालवी बोलने वालों के अनुमित आँकडे इस प्रकार हैं—

कोटा—	८०,६७८
टोंक (छाबडा)	२०,०००

(यह एक बहुत ही धुंधला सा अन्दाज है। छाबड़ा से मालवी के बोलने वालो की सख्या अलग से प्राप्त नही हुई।)

ग्वालियर—	३,६५,०००
कुल	४,६५,६७८

विभिन्न प्रदेशो मे इसके अलग-अलग नाम मिलते है। ग्वालियर के दक्षिण-पश्चिमी वन प्रदेश मे तथा उसके पडौस के कोटा अधिकृत शाहाबाद परगने के अचल मे जिसे डाँग कहते है, भाषा डगिहाई, डगेसरा या ढंडेरी के नाम से पुकारी जाती है। इसके बोलने वालो का अनुमान इस प्रकार है:—

ग्वालियर में	६५,०००
कोटा (शाहाबाद) मे	६,०००
कुल	१,०१,००००

अधिक छानबीन करने पर पता चलता है कि यह बोली पडौस के प्रदेश मे बोली जाती साधारण मालवी से भिन्न नही है, इसलिये हमने ऊपर के आँकड़ो मे कोटा एवं ग्वालियर की मालवी की सख्याओ को भी शामिल कर लिया है। कोटा के स्थानीय अचल मे मालवी कुंडली के नाम से प्रचलित है।

इस प्रदेश की मालवी के ठीक उत्तर-पूर्व एवं पूर्व मे बुन्देली का क्षेत्र, तथा उत्तर-पश्चिम व पश्चिम मे जयपुरी की उपभाषा हाडौती का क्षेत्र स्थित है। अतएव यहाँ की मालवी पर इन दोनो उपभाषाओ का प्रभाव पाया जाना स्वाभाविक है। इस भाषा के नमूने के रूप में कोटा राज्य से मिली हुई एक लोक-कथा दी गई है (आलिफ-लैला हजार दास्तान के पाठक इससे सुपरिचित होगे)। ग्वालियर राज्य मे भी बोली एतादृश ही मिलती है, केवल बुन्देली का प्रभाव अधिक दीखता है। इसका नमूना देना अनावश्यक है।

नमूने मे उपलब्ध स्टैण्डर्ड मालवी से पाई जाती विभिन्नताएँ ये है: इनमे विवेचित बोली की कुछ खास विशिण्टताएँ भी दी गई है।

हकार या महाप्राणत्व के लोप की ओर साधारणतया झुकाव परिलक्षित होता है। स्वर के व्यवहार (Vowel scale) के विषय मे भी ढिलाई या अनियमितता मिलती है। उदा० बूझी=पूछा की जगह 'बूजो'; साथी के अर्थ मे 'साथ' की जगह 'सात'; रियो=रहा। 'कहकर' के अर्थ मे 'कह'र' की जगह 'खेर' द्रष्टव्य है। स्वरो के उदाहरण· 'गिरना' के अर्थ मे 'गिरणो' की जगह 'गरणो'; 'दिन'=दिन की जगह 'दन'; 'गयो'=गया की जगह 'गियो'; 'रहो-हो'=तुम रहो की जनह 'रोहो-हो'।

स्टैण्डर्ड मालवी की अपेक्षा यहाँ 'ण' ध्वनि विशेष प्रचलित है। उदा० 'मारनो'=मारना की जगह 'मारणो' मिलता है।

नामरूप—हें लगा कर बनाया हुआ एक सप्त० रूप मिलता है; उदा० छोरी-हें=लड़की मे। यह रूप पडोस की हाडौती एव भोपाल की मालवी मे भी मिलता है। (दे० "हाडौती" एव "भोपाल की मालवी" शीर्षक विवेचन।)

सर्वनाम-म्हें=मुझको, म्हाँ=हम-यह बहुवचन रूप नियमित रूप से एक वचन की जगह ('मैं' के अर्थ मे) व्यवहृत पाया जाता है।

क्रियारूप—सहायक क्रिया का भूतरूप हो (हा, ही) है न कि 'थो'। यह बुन्देली का असर है। मुख्य क्रिया (Finite Verb) की अनद्यतन भूत (Imperfect) रूपावली मध्य राजस्थानी (Central Rajasthani) के ढाँचे पर मिलती है। यह-एकारान्त क्रियासाधित सज्ञा शब्द (Vrebal noun in–e) के सहारे चलती है न कि स्टैण्डर्ड मालवी की तरह वर्तमान कृदन्त के सहारे। उदा० 'रहे हो' न कि

रहतो-हो=रहता था। 'आवणो'=आना जोड़ कर बनी हुई जयपुरी की संयोजित क्रिया, जिसको संयुक्त करने के पहले 'य' लगाया जाता है, यहाँ बराबर व्यवहृत देखी जाती है। उदा० लग+य+आई=लाग्याई=लग आई।

संख्या ४३

मालवा

कोटा राज्य

एक भलो मानस गाँव-नें जावे-हो। मारग-में ऊ-के-ताँई एक दुसरो आदमी मिळ्यो। ऊँ-ने ऊँ-से की कै थारो काँई नाँव है। तो ऊँ-ने नेक नाँव बतायो। अर ऊँ-ने दूजी-कै थारो काँई नाँव हे। ऊँ-ने ऊँ-को बद नाँव बतायो। अर की कै चाल म्हारे सात-ही होयो। थोड़ा साक गिया अर ऊँ बद-ने की कै मैं तस लाग्याई। कूडा-पर पानी पीवा चालाँ। तो कूड़ा पर जार ऊँ नैक-ने लोटो कूड़ा-मे पानी भरवा-सारु पटक्यो। पछाड़ी-सूँ ऊँ बद-ने ऊँ-के धक्को दे-खाड्यो। ऊ कूडा-मे गर पड़्यो।

कूडा-के बीचे एक रूँख पीपली-को हो। सो ऊँ पीपली-मे उलज-गियो। ओर रात-भर ऊ कूडा-मे रियो। ऊ कूडा-मे दो जंद रहे-हा। रात-मे वे दोनू बतलाया। एक-ने की कै को भाई-साब थाँ आज-कल काहा रोहो-हो। तो ऊँ-ने की कै मूँ बादस्या-की छोरी-का डील-में हूँ। दूसरा-ने की कै मूँ ईं कूडा का डाणा-के नीचे धन भोत-सोक है। ईं-की रुखाळी करूँ-हूँ। या खेर पहला-से पूछी कै याँ-ने कोई ऊँ छोरी-का डील-में-सूँ छुडावे तो छूटो कै न्हीं। जबाब दियो-कै यूँ-तो कदी-बी न छूटाँ परंत कोई ईं कूडा को जल ले-जार ऊँ-के छाँटा दे-खाड तो छूट-जावाँ। दुसरा-ने की कै म्हाँ-को धन बी म्हाँ कोई-ने ने ले-जावा दाँ। परंत कोई ईं कूडा-को जल खाड़र ऊँ ठाम-पर छड़के तो म्हाँ ऊँ-सूँ काँई-बी खेंचल न्हे कराँ। धन ऊ-ई ले-जावे। या बात ऊँ नेक-ने सुण-लीनो।

दूजे दन वणजारा कूड़ा-पर पाणी भरवा आया। ओर ऊँ नेक-ने कूडा-में-सूँ बारे खाड्यो। दो च्यार घड़ी-मे साँस लेर ऊँ-ने पहली एक लोटो जल-को भरर बाईं गियो कै जाहाँ ऊ जंद बादस्या-के छोरी-हें लाग-रिया-हो। बादस्या-के यो नीम हो कै ऊँ-का डील-मे बड़ो जंद है। जो ईं-ने छुड़ा-देगो ऊँ-ईं-ने परणा-दूँगो। तो ईं-ने जार ऊँ-को उपाइ यो-ही कर्यो कै ऊँ-की आँख-पर ऊँ कूडा-का जल-का छाँटा दिया। जद जंद छूट-गियो। ऊँ-के नीराँत हो-गयी। बादस्या-ने वा छोरी ऊँके ताँईं परणा-दी। अस्याँ-ई वो डाणा-के नीचे-सूँ ऊँ धन-पर जल छडकर वो धन बी खाड़-लियो। ओर लुगाई अर धन लेर आनंद करवा लाग-गियो।

भोपाल राज्य की मालवी

भोपाल राज्य की मालवी के बोलने वालों की संख्या करीब १८ लाख है। इस प्रदेश की यही मुख्य भाषा है। इसमे और इन्दौर राज्य की स्टैण्डर्ड मालवी मे नाम मात्र की सी भिन्नता है। नमूने के रूप मे नरसिहगढ़ रियासत से प्राप्त एक लोक-कथा दी गई है। नीचे लिखी विशेषताएं द्रष्टव्य है:—

महाप्राणत्व का लोप साधारणतया मिलता है, उदा० 'ऊभो'=खड़ा की जगह 'ऊबो'। दूसरी ओर 'पे'=पर की जगह 'फे' मिलता है। स्वरो की अदल-बदल साधारणतया मिलती है, उदा० नजर (नज़र)=भेट, सौगात की जगह 'निजर'; कुँवर=शाहजादा की जगह कँवर'। नमूनो मे स्वर अनेक जगह दीर्घ लिखे गए है, पर उनका उच्चारण ह्रस्व है, अनुस्वार प्राय. छोड दिये मिलते है। बहुधा यह लिखने वाले की लापरवाही के फलस्वरूप ही हुआ है, इसलिये हमने उन्हे सुधार लिया है।

क्रिया के तुमन्त रूपो मे व की जगह ब मिलता है, उदा० पूजबो=पूजा करना, कूदबो=कूदना, छोडबो=छोडना।

नामरूपो मे हे विभक्ति मिलती है जिसका व्यवहार द्वितीया-चतुर्थी एव सप्तमी के लिये भी हुआ है। यह विभक्ति कोटा वाले नमूने मे एव हाडौती मे भी मिलती है। यहाँ के उदाहरण है. भैसाहे॑=भैस को, खाल्हे॑=नदी मे, घोडाहे॑=घोडे को।

उपलब्ध नमूने की लिखावट मालवा मे प्रचलित हस्तलिपि का एक सुन्दर उदाहरण होने के कारण हमने उसे हूबहू छाप दिया है। लेखन मे कई जगह शिथिलता पाई जाती है। कभी-कभी–ओ विभक्ति-आ की जगह गलती से लिखी मिलती है, उदा० खुसी-का (को) अमल-पाणी होया (होयो)=खुशी का अमल-पानी हुआ=खुशी के उपलक्ष्य मे अफीम घोल कर पिया गया।

संख्या ४४

मालवी — नरसिहगढ राज्य

तीस चालीस वरस होया जद कँवर भवानी सिह-जी राजगढ पदार्या। जद रावत-जी-साब-के पास-का आदमिन-ने विचारी के कँवर भवानी सिँह-जी-की चडेती पाटी-फे देखांगा। ओर या विचार-के भेँसो चरायो। जद पडवा पाटी आई ओर सवारी खेर वोर पूजवा पदारी। जद भेँसो आयो। जे-की गोडी वन्दी थी। जो गोड्याँ काटी जद रावत-जी-साब-ने वरछा-की दी। अब भेँसो चाल्यो सो अतरो भाग्यो के जलपाजी-की डूँगरी-के नीचे गयो। जद रावत-जी-साब ने कँवर भवानी-सिह-जी-से कई के हूँ जाने-थो के तम दीठ-फे-ई गया-हो। जद कँवर-जी-ने घोडा-की लगाम खेँच-के दो तीन कोड्डा-की दई। जद घोडो भाग्यो

नमूना संख्या ४४ मालवी

तो भैंसाहें जा-लियो । जद भैंसा-को तो खालहें कूदबो होयो ओर कँवर भवानी सिंह-जी-को तरवार-को हात छोडबो होयो । भैंसा-का ढोल सरीका पुड़ा अलग अलग हो-गया । आदो अनॉग ओर आदो उनॉग हो-गयो । ओर आप लगाम पकड़-के ऊबा हो-गया । हम खेर-बोर में ढूडता-होया ऊनॉग गया ओर हेला पाड्या । जद कँवर-साब-ने जुवाप दियो के हूँ यो ऊबो हूँ । जद हम सब कँवर-जी-साब-के पास गया । जद बकरा मँगा-के उन-का माथ काट्या ओर लोई हेड़-के कूडान-में झेल्यो ओर घोडा-के लगायो चार चरवादार ओर दो मसाल-ची ओर दो सिपाही घोडा-के साते कर दिया के घोडाहें धीराँ धीराँ ठान-में लेआ-जो । आप ओर रावत-जी-साब दोई सरदार डेरा-फे पदार्यो । ओर रावत जी-साब-ने ओर कँवर भवानी-सिंह-जी-ने काँसो आरोग्यो । काँसो आरोग-के रावत-जी-साब मेल-में पदार्या ओर कँवर-जी साव डेरा-में पोड-गया । दूसरा दिन खुसी-का अमल पानी होया निजर निछरावल होई । इनाम बाँटी कँवर-जी-साब-की भैंसा मारबा-की बड़ाई होई ।[1]

भोपावाड़ की मालवी

मध्यभारत की भोपावाड रियासत के उत्तर-पूर्वी भाग मे लगभग १,४७,००० लोग मालवी बोलते है। रियासत के बाकी हिस्से की भाषा या तो भीली मिलती है या नीमाडी।

भोपावाड की मालवी और इन्दौर की मालवी लगभग एक ही सी है। नमूने के रूप मे रॉगडी मे भगवान् रामचन्द्र के पिता दशरथ एव श्रवण की प्रसिद्ध कथा दी गई है। दशरथजी ने श्रवण को भूल से मार दिया था। लडके के माँ-बाप ने उन्हें शाप दिया कि वे पुत्र वियोग मे मरेगे। इस शाप के फल को चरितार्थ करना ही रामायण की कथा की आधारशिला है।

नमूना झाबुआ रियासत से मिला है। भाषा की नीचे लिखी विशिष्टताएँ द्रष्टव्य हैः—

महाप्राणत्व का नियमित लोप : उदा० आँधो=अन्धा की जगह 'आँदो'। स्वरों की आपस मे फेरबदल : उदा० फिरतो=फिरता की जगह 'फरतो', लिखणो=लिखना की जगह 'लखणो'। कुछ अन्य राजस्थानी बोलियों की तरह आद्य स का ह हो जाना : उदा० सराप=शाप की जगह 'हराप'; सुणणो=सुनना की जगह 'हुणणो' आदि।

नामरूप—राजस्थानी मे अन्यत्र उपलब्ध चतुर्थी रूप के लिये षष्ठी की सप्तमी का प्रयोग : उदा० सरवण-रे=सरवण को; थाणे=तुमको।

---

[1] उपर्युक्त गद्यभाग मूल हस्तलिपि का विशुद्ध नागरी रूप है। हस्तलिपि के कुछ अंश की हूबहू अनुकृति नमूने के रूप मे पृथक् पृष्ठ पर दी गई है।

क्रिया–जी या जे–साधित आज्ञार्थ रूप : यह आदरार्थ नही भी हो सकता है। उदा० पावजो=पिलाओ; मरजे=तू मरना; कहणो या कैणो=करना का भूत कृदन्त 'कीदो' मिलता है। पीणो=पीना का प्रेरणार्थक (Casual) रूप पावणो=पिलाना मिलता है।

संख्या ४५

मालवी (रॉंगड़ी) झाबुआ राज्य

एक सरवण नाम करी-ने आदमी-थो। वणी-रा मा-बाप आँखा-ऊँ आँदा था। सरवण वणाँ-ने तोक्याँ फरतो-थो। चालताँ चालताँ आदा-आँदी-ने रस्ता-मे तरस लागी। जदी सरवण-ने कीदो के बेटा पाणी पाव। म्हाँ-ने तरस लागी। जदी ऊ वणा-ने वठे बेठाइ-ने पाणी भरवा-ने तळाव उपर गियो। वणी तळाव उपर राजा दशरथ-की चोकी थी। जणी वखत सरवण पाणी भरवा लागो। जदी राजा दशरथे दूरा-ऊँ देख्यो। तो जाण्यो के कोई हरण्यो पाणी पीवे-हे। एसो जाणी-ने राजा-ए बाण मार्यो। जो सरवण-रे छाती-मे लागो। जो सरवण वणी वखत राम राम करवा लागो। जदी राजा-ए जाण्यो के यो तो कोई मनख हे। एसो जाणी-ने राजा दशरथ सरवण कने गियो। तो देखे तो आपणो भाणेज। राजा सोच करवा मड्यो। जद सरवण बोल्यो के खेर मारी मोत थाणा हात-से-ज लखी-थी। अवे मारा मा-बाप-ने पाणी पावजो। अतरो केइ-ने सरवण तो मरि-गियो। ने राजा दशरथ पाणी भरी-ने वेन वेनोइ ने पावा-ने आयो। जद आँदा आँदी बोल्या के तूँ कूँण हे। दशरथ बोल्यो के थाँणे काँई काम हे। थें पाणी पीयो। जदी वेन बोली में तो सरवण सिवाय दूसरा-का-हात-को पाणी नी पीयाँ। दशरथ बोल्यो के हूँ दशरथ हूँ। ने मारा हातें अजाण-मे सरवण मरि-गियो। आँदा-आँदी सरवण-को मरण हुणी-ने हा! हा! करी-ने राजा दशरथ-ने हराप दीदो के जणी बाणूँ मारो बेटो मार्यो वणा-ज बाणू तूँ मरजे। एसो हराप देइ-ने आँदा आँदी बी मरि-गिया॥

पश्चिमी मालवा एजेन्सी की मालवी

१८९१ ई० पश्चिमी मालवा एजेन्सी की आबादी १६,१६,३६८ गिनी गई थी। यहाँ के मुसलमान हिन्दुस्तानी बोलते है। भील भीली बोलते है। बाकी सारा जन-समुदाय मालवी बोलता है। पड़ौस मे ही राजपूताना की टोक [1] और झालावाड रियासते है। इन दोनों के मालवा सीमा पर के भागो मे मालवी बोली जाती है। राजपूताना की टोक रियासत-अधिकृत निम्बाहेडा मे जो कि मेवाड की दक्षिण-पूर्वी सीमा पर स्थित है, मालवी बोली जाती है। झालावाड़ मे

१ टोक अधिकृत कुछ टुकड़े राजपूताना मे हैं, जहां मालवी बोली जाती है। पर उनके आँकडे मध्यभारत के आँकडो मे ही सम्मिलित कर लिये गये है।

(हाल मे कोटा मे मिलाये हुए प्रदेश को ध्यान में रखते हुए) मालवी चौमहला अचल मे बोली जाती है जो रियासत के दक्षिण-पश्चिम मे स्थित है।

चौमहला सोडवाड प्रदेश का भाग है। सोडवाड प्रदेश पश्चिमी मालवा एजेन्सी के भीतर से लेकर पडौस के भोपाल के कुछ भाग तक फैला हुआ है। पश्चिमी मालवा एजेन्सी मे हम इसका क्षेत्र टोक-अधिकृत पिडावा परगना एवं इन्दौर के सातखेडा व गरोट परगनो को मान सकते है। सोडवाड में मालवी का एक विशेष रूप प्रचलित है जिसे सोडवाडी कहते है। इसका स्वतत्र विवेचन आगे किया जायगा। पश्चिमी मालवा एजेन्सी के बाकी सारे भाग मे साधारण मालवी ही बोली जाती है।

पश्चिमी मालवा एजेन्सी एव पडौस की राजपूताना रियासतो मे मालवी बोलने वालो के अनुमित आँकडे इस प्रकार हैं:—

मालवी— पश्चिम मालवा	१२,४१,५००	
टोक अधिकृत निम्बाहेडा	४,०००	कुल १२,४५,५००
मालवी (सोडवाडी)—		
पश्चिम मालवा	१,१५,०००	
झालावाड अधिकृत चौमहला	८६,५५६	
भोपाल	२,०००	कुल २,०३,५५६
भीली (पश्चिमी मालवा)		५६,०००
हिन्दुस्तानी ,,		१,९०,०००
पश्चिमी मालवा मे बोली जाती अन्य बोलियाँ		१६,८६८
		कुल १७,११,९२४

अब हम पश्चिमी मालवा (टोक-अधिकृत निम्बाहेड़ा समेत) की स्टैण्डर्ड मालवी का विवेचन करते है, जिसके भाषियो की संख्या १२,४५,५०० है। नमूनो मे रतलाम से प्राप्त हुई एक राँगडी लोक-कथा दी गई है। प० मालवा की भौगोलिक स्थिति के कारण मध्यवर्त्ती राजस्थानी का प्रभाव होना स्वाभाविक एव अपेक्षित ही है।

भाषा की विशिष्टताएँ : महाप्राणत्व का लोप, उदा० ह्वयो-हुआ की जगह 'वयो'। पूर्वी मारवाड़ी मे आद्य स का ह करने की ओर झुकाव मिलता है। यह सोडवाडी की भी एक विशिष्टता है, जैसा कि हम आगे देखेगे। यही बात पश्चिमी मालवा की मालवी मे भी मिलती है उदा० साँझे-शाम को की जगह 'हाँजे'; सुणणो=हुणणो=सुनना; समझाडीने=हमजाड़ीने=समझाकर। मध्यवर्ती राजस्थानी की तरह मूर्धन्य 'ण' ध्वनि की ओर भी विशेष झुकाव

दिखलाई पडता है, उदा० सुणणो। स्टैण्डर्ड मालवी की तरह व की जगह 'व' की ओर झुकाव मिलता है; उदा० वात=बात की जगह 'वात'।

सर्वनाम—मध्य राजस्थानी का 'आपाँ'=हम (संबोधित व्यक्ति शामिल) यहाँ मिलता है।

क्रिया—भोपावाड की मालवी के विवेचन मे चर्चित-जे साधित आज्ञार्थ रूप यहाँ भी मिलता है। उदा० कहीजे→कीजे=कहिये। एक जगह मेवाडी का ह-साधित भविष्यत् भी देखने को मिला, यथा बताइहूँ=बतलाऊँगा। मारवाड़ी का-ड युक्त प्रेरणार्थक रूप भी यहाँ मिलता है; उदा० हमजाडी ने=समझाकर; रोवाडीजे = (तुम) रुलवाना (आज्ञार्थ प्रेरणार्थक)।

भावे गठन (Impersonal Construction) मे सकर्मक क्रिया भूतरूप के लिंग एव वचन को कर्म के अनुरूप बनाने की गुजराती की प्रवृत्ति का एक उदाहरण यहाँ भी मिला। उदा० छोरा-ने रोवाड्या (न कि रोवाड्यो)=उसने बच्चो को रुलवाया।

संख्या ४६

मालवी (रांगड़ी) रतलाम राज्य

एक ग्यावरा स्याळणीए आपणा धणी स्याळ्या-ने कह्यो के अवर-के म्हारी हुवावड कठे करोगा। तो वणीए कह्यो के नाहार-की गुफा-माँय। जदी नाहार आवेगा तो आपाँ-ने खाइ जायगा। तो स्याळ्याए कह्यो के जदी मूँ खूँखारूँ तो तूँ टाबर्या-टूबरी-ने चूँटक्या भरी-ने रोवाडजे ने हूँ पूछूँ के ई क्यूँ रोवे-हे। तो तूँ कीजे के ई नाहार-रो कालजो माँगे-हे॥

थोडा दन पछे ये दोई जणा जाई-ने नाहार-री गुफा-माँही हुवावड कीदी। वणी दन जद हाँजे नाहार आयो ने सनेर-लेवा लाग्यो के म्हारा घर-में कोई न कोई हे। तो जदी स्याळ्या-ने हूँ कीदी। या वात हुणता-ज स्याळणीए छोरा-छोरियाँ ने चूँटक्या भरी-ने रोवाड्या। तो स्याळ्यो बोल्यो के अय कनक-सुन्दरी टाबर्या-टूबरी क्यूँ रोवे-हे। तो स्याळणी बोली के ओ डर-भजन-राजा छोरा-छोरी नाहार-रो कालजो माँगे-हे। या बात हुणता-ज नाहर-रो जी उड-गयो ने पीछे पाँव भाग्यो ने विचार करवा लाग्यो के म्हारा घर-में म्हा-ने खावावारो कोई-न-कोई म्हारा-ऊँ मोटो जानवर हे। असा विचार-माँही वा रात काटि-दीदी ने दुसरे दन आव्यो तो वी या-की या-ज वात हुणी-ने पाछो भाग्यो। अतरा-क-में एक बाँदरो अणी-ने मिळ्यो ओर बाँदराए पूछ्यो के क्यूँ नाहार राजा आज क्यूँ भाग्या-भाग्या फिरो हो। जदी नाहार बोल्यो के म्हारा घर-माँही म्हारो खावावारो कोई न कोई हे। या वात हुणी-ने बाँदरो अणी वात-री चोकसी करवा नाहार-री गुफा कने गयो ने पाछो आव्यो ने केवा लाग्यो के ए म्हारा शाह

एक स्याळ्यो वठे हे ने वणी-सूँ हूँ हूँ काँई डरे-है। या बात हुणी-ने नाहार-ने भरोसो नी वयो। तो बाँदराए कह्यो के आपाँ-री पूँछड़ी बाँधि मेरी बाँधि ने-ने चालाँ ने हूँ थाने स्याळ्यो वठे बताउ हूँ। या बात हुणी-ने बोई पूँछड़ियाँ मेरी बाँद-ने अबे ये नाहार री गुफा आडी चाल्या। स्याळ्या-ने अणा-ने देख हूँकारो कीदो। ने स्याळणीए छोरा-ने रोवाड्या तो स्याळ्याए पूछ्यो के टाबर्या-टूबरो क्यूँ रोवे-है तो स्याळणीए कह्यो के छोरा-छोरी नाहार-रो कालजो माँगे-है। स्याळ्यो बोल्यो कै अणा-ने रोवा मत दो। छानाँ राखो। अबार धीरे-धीरे बाँदरो मामो नाहार-ने हुमताडी ने लावे है। या बात हुणता-हीज नाहर-ए जाण्यो के बाँदरा-रे मन-मे कपट है ने गया फलाँग मारतो-मारतो भाग-गयो ने बाँदरो पूँछड़ी-सूँ बंधो-थो सो भड़िकाड-भड़िकाड-ने मरि गयो। ने स्याळ्यो वठे मजा-ने रेवा लाग्यो॥

सोंडवाड़ी

सोंडवाड़ी सोंडवाड़ के नाम से प्रसिद्ध प्रदेश में रहने वाले जंगली फिरकों की बोली है। यह प्रदेश पश्चिमी मालवा एजेन्सी के उत्तर-पूर्वी भाग में चौमहला में तथा झालावाड़ राज्य के दक्षिणी भाग में फैला हुआ है। पश्चिमी मालवा एजेन्सी वाले भाग में इसमें टोंक-अधिकृत पिड़ावा परगना एवं इन्दौर के मानपुरा व गरोट परगने भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त निकटस्थ भोपाल के भाग में भी करीब दो हजार सोंडवाड़ी भाषी होने का अनुमान है। ये सोंडवाड़ से ही वहाँ गए हुए हैं। इस प्रकार सोंडवाड़ी के भाषियों की संख्या के अनुमित आँकड़े यों हो जाते हैं—

पश्चिमी मालवा एजेन्सी—

टोंक व इन्दौर में	१,१५,०००
चौमहला (झालावाड़) में	८६,५५६
भोपाल में	२,०००
कुल	२,०३,५५६

सोंडिया लोगों का नीचे दिया गया वृत्तान्त राजपूताना गैजेटियर से उद्धृत किया हुआ है (जिल्द II पृष्ठ २०० से——)।

इनके मुख्य गोत्र राठोर, तवर, जादों, सिसोदिया, गहलोत, चौहान और सोलंकी हैं। चौहान ग्वालियर या अजमेर से, राठोर मारवाड़ स्थित नागोर से तथा सिसोदिया एवं अन्य मेवाड़ से करीब ७ से ८ सदी पहले आए हुए माने जाते हैं। चौमहला के सोंडिया अपने को विभिन्न राजपूत कुलों के वंशज बतलाते हैं और उनका कथन है कि उनके पूर्वजों के वंशज अब भी उनके आने के स्थानों में बड़े-बड़े प्रभावशाली जागीरदार हैं। एक किंवदन्ती के अनुसार सोंडिया नाम की

उत्पत्ति सिदवाडा नाम के प्रदेश से है जो सिंद नाम की दो नदियो के बीच मे है। यह सिंदवाडा बिगडते-बिगड़ते सोडवाड़ा हो गया जिससे सोडिया शब्द निकला, ऐसा कहा जाता है। दूसरा सुझाव यह है : सोडिया शब्द हिन्दी 'सन्धिया' से निकला है, जिसका अर्थ 'मिश्रित' (न इधर न उधर) होता है; और सोडवाडा प्रदेश का नाम जाति के नाम पर पडा है। औरो की तुलना में साधारणतया गौरवर्ण, गोल मुखाकृति, साफ घुटी हुई ठुड्डी एव एक विचित्र तरह की बड़ी सफेद पगडी वाला सोडिया तुरन्त अन्य लोगो मे बिल्कुल पृथक दिखाई पड जाता है। साधारणतया जमीन के मामलों पर ये आपस मे बराबर झगडते हुए पाये जाते हैं, पर कभी-कभी जाति के मानापमान के प्रश्न पर बडी जल्दी एक हो जाते है। जैसा कि अभी हाल मे हुआ था। किसी सिपाही ने एक सोडिया की पगडी उतार कर फैंक दी। इससे क्रुद्ध होकर कई सौ लोग एकत्रित होकर परगने मे फरियाद करने आए क्योकि यह सारी जाति का अपमान समझा गया। वैसे ये सीधे-सादे और बडे अज्ञान होते है, पर अन्य किसी का माल-मत्ता, ढोर आदि उठा ले जाना इनका सहज स्वभाव है। अब ये खेती करने लगे हैं। चौमहला मे कुछ पटेल समृद्ध भी हो गए हैं, परन्तु इनकी जाति मितव्ययी नही है। गाँव मे इनका खर्च बहुत भारी पाया जाता है। इनके कुछ गाँव जागीर मे मिले बताते है और बाकी की बहुत सी भूमि सुना जाता है, मुसलमान बादशाहो द्वारा इन्हे दी हुई है ताकि वे बसी हुई जाति बन जायँ। मालकम (Malcom) ने अपनी 'मध्य-भारत' (Central India) शीर्षक पुस्तक मे सोडियो का निम्नलिखित वर्णन दिया है:—

